सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 5:12
अधिकतम तापमान : 25.0
न्यूनतम : 12.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-169 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 10 दिसम्बर 2024
07 जमादिउस्सानी 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### पीएम मोदी ने महिलाओं को दिया बीमा सखी योजना का बड़ा तोहफा

# नारी शक्ति की अब बदल जाएगी तकदीर

- एलआईसी की बीमा सखी योजना का किया उद्घाटन
- दो लाख महिलाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर



**पानीपत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हरियाणा के पानीपत में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की 'बीमा सखी योजना का उद्घाटन किया।

इस मौके पर उन्होंने इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया और कहा कि यह योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी। बीमा सखी योजना का उद्देश्य महिलाओं को रोजगार प्रदान करना और उन्हें बीमा क्षेत्र में सशक्त बनाना है। इस योजना के तहत 2 लाख महिलाओं को रोजगार के अवसर दिए जाएंगे। बीमा सखी ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा जागरुकता बढ़ाने के साथ बीमा सेवाएं प्रदान करेंगी. यह योजना महिलाओं को आय अर्जित करने का जरिया ही नहीं, बल्कि उनके आत्मनिर्भरता के सपने को भी साकार करेगी। पीएम ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 10 करोड़ महिलाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बदलने में भूमिका निभा रही हैं। पीएम मोदी ने हरियाणा के नारी सशक्तिकरण मॉडल की सराहना की. पीएम मोदी ने कहा कि हरियाणा में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत हुई, जिसके सकारात्मक परिणाम पूरे देश में देखने को मिले. उन्होंने कहा कि पानीपत एक बार फिर नारी शक्ति की प्रतीक भूमि बन गया है। प्रधानमंत्री ने बताया कि महिलाओं के लिए भाजपा सरकार ने कई नई राहें खोली हैं। इसकी वजह से आज महिलाएं सेना की अग्रिम पंक्तियों में तैनात की जा रही हैं।

फाइटर पायलट और पुलिस भर्ती में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। साथ ही 1,200 दुग्ध उत्पादक संघ महिलाओं के नेतृत्व में कार्य कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य में महिलाओं की भूमिका अहम होगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं केवल परिवार और समाज की शक्ति नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रमुख आधारशिला हैं।

### महिला सशक्तिकरण पर पीएम का संदेश

महिला सशक्तिकरण पर बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि नारी शक्ति हमारे देश की सबसे बड़ी ऊर्जा है. हमारी महिलाएं विकसित भारत का आधार बनेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि जब महिलाओं को अवसर दिया जाता है, तो वे देश के विकास के लिए नए रास्ते खोलती हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की पिछले 10 वर्षों की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जनधन खातों के जरिए 30 करोड़ महिलाओं को बैंकिंग से जोड़ा गया। आज महिलाएं बैंक सखी, कृषि सखी, और पशु सखी जैसे पहलुओं में नेतृत्व कर रही हैं।

# देवेंद्र फडणवीस सरकार ने सदन में हासिल किया विश्वास मत

- राहुल नार्वेकर निर्विरोध चुने गए अध्यक्ष





**मुंबई।** देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार ने सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। शिवसेना विधायक उदय सामंत और अन्य द्वारा पेश किए गए विश्वास प्रस्ताव को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। साथ ही पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को एक बार फिर विधान अध्यक्ष चुन लिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने घोषणा की कि सदन ने विश्वास प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

'महायुति' गठबंधन के पास 288 सदस्यीय राज्य विधानसभा में 230 सीटों का बहुमत है। नार्वेकर ने विधानसभा में कहा, ''विश्वास मत बहुमत से पारित हो गया है। विधानसभा की कार्यवाही अब स्थगित की जाती है और आज महाराष्ट्र के राज्यपाल के अभिभाषण के बाद फिर से शुरू होगी।

पांच दिसंबर को मुंबई में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आयोजित समारोह में फडणवीस ने तीसरी बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। महाराष्ट्र की 15वीं विधानसभा का कार्यकाल आधिकारिक तौर पर सात दिसंबर को शुरू हुआ। 288 सदस्यीय निचले सदन में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 230 सीटें हासिल कीं, इसलिए बहुमत साबित करना महज औपचारिकता थी। शिवसेना नेता और पूर्व मंत्री उदय सामंत, भाजपा विधायक संजय कुटे, वरिष्ठ राकांपा नेता और पूर्व मंत्री दिलीप वल्से पाटिल और निर्दलीय विधायक रवि राणा ने निचले सदन में विश्वास मत का प्रस्ताव पेश किया।

## न्यूज डायरी

### नौ जिलों में हटा इंटरनेट बैन

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने चुराचांदपुर और



थौबल सहित नौ जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं के अस्थायी निलंबन को वापस ले लिया। राज्य के गृह विभाग द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया। आयुक्त (गृह) एन अशोक कुमार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य सरकार ने राज्य में मौजूदा कानून और व्यवस्था की स्थिति और इंटरनेट सेवाओं के सामान्य संचालन के साथ इसके संभावित सह-संबंध की समीक्षा करने के बाद सभी प्रकार के अस्थायी निलंबन को हटाने का फैसला किया है।

### 14 को जवाब देंगे पीएम नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली।** भारतीय संविधान को अपनाने की



75वीं वर्षगांठ पर 13 और 14 दिसंबर को लोकसभा में चर्चा होगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 दिसंबर को बहस का जवाब देंगे। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। लोकसभा में 13 और 14 दिसंबर को और राज्यसभा में 16 और 17 दिसंबर को बहस होगी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 16 दिसंबर को उच्च सदन में चर्चा का नेतृत्व करेंगे। संसदीय गतिरोध का अंत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा पिछले सप्ताह एक सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता के बाद हुआ।

### अविश्वास प्रस्ताव लाएगा विपक्ष

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र का सोमवार को 10वां दिन रहा। बांग्लादेश हिंसा समेत तमाम मुद्दों को लेकर संसद के दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। इस बीच विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर ली है। कांग्रेस के नेतृत्व में तैयार किए गए इस प्रस्ताव को समाजवादी पार्टी (सपा) और तृणमूल कांग्रेस का भी समर्थन प्राप्त है। इस दौरान सभापति जगदीप धनखड़ के कार्यशैली और फैसलों को लेकर विपक्षी दलों ने नाराजगी जताई। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह और राजीव शुक्ला जैसे वरिष्ठ नेताओं ने सभापति पर पक्षपात का आरोप लगाया।

# धार्मिक स्थलों और हिंदुओं पर हमले बर्दाश्त नहीं : विक्रम मिसरी

- ढाका में भारत के विदेश सचिव ने की उच्च स्तरीय बैठक
- बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कल्याण पर हुई चर्चा



**ढाका।** भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी सोमवार को बांग्लादेश के दौरे पर आए। विदेश सचिव ने यहां मोहम्मद जशीमुद्दीन के साथ व्यापक वार्ता की। जिसमें उन्होंने हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर हमले का मुद्दा उठाया। इसके बाद उन्होंने मीडिया से भी बातचीत की। उन्होंने बांग्लादेश में धार्मिक स्थलों पर हो रहे हमलों को लेकर भी चिंता जताई। बांग्लादेश के विदेश सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन से मुलाकात के बाद विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि हमने हाल के घटनाक्रमों पर भी चर्चा की और मैंने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कल्याण से संबंधित चिंताओं से भी अवगत कराया। हमने सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों पर हमलों की चिंताजनक घटनाओं पर भी चर्चा की। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि मैंने इस बात पर जोर दिया कि भारत बांग्लादेश के साथ सकारात्मक, रचनात्मक और पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंध चाहता है। मैंने आज बांग्लादेश प्राधिकरण की अंतरिम सरकार के साथ मिलकर काम करने की भारत की इच्छा को रेखांकित किया है। उन्होंने बांग्लादेश के विदेश सचिव जशीमुद्दीन के साथ व्यापार, वीजा पॉलिसी, सीमा पर तनाव, जल-बंटवारा और आपसी हित समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की।

# किसान किसी के सामने हाथ न फैलाएं: योगी

### 'कृषिका- खेती से समृद्धि की ओर' कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

- मुख्यमंत्री ने 11 किसानों को किया सम्मानित
- 14 लाख से अधिक किसानों के निजी ट्यूबवेल की बिजली माफ




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आजादी के बाद किसानों के नाम पर राजनीति बहुत लोगों ने की, लेकिन किसान राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बन सके, 2014 में ईमानदारी से यह प्रयास पीएम मोदी ने किया। पीएम मोदी ने मृदा परीक्षण कार्ड जारी किया। पीएम कृषि बीमा योजना, पीएम कृषि सिंचाई जैसी योजनाएं चलाई गईं।

यूपी में सात वर्ष में 23 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई की अतिरिक्त सुविधा देकर किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाया गया। 2021 में पीएम ने बुंदेलखंड में अर्जुन सहायक परियोजना का लोकार्पण किया। इसके पहले यहां के किसानों को प्रति बीघा पांच हजार रुपये सालाना मिलता था, लेकिन लोकार्पण के दो वर्ष बाद वहां के किसानों ने बताया कि उन लोगों ने उन्हीं क्षेत्रों में प्रति बीघा 50 हजार रुपये की आमदनी की। पीएम कुसुम योजना के तहत एक लाख किसान को सोलर पैनल देने का कार्य निरंतर प्रगति पर है। 14 लाख से अधिक किसानों के निजी ट्यूबवेल की बिजली माफ की गई। यूपी में 2017 में सरकार आते ही 86 लाख किसानों का 36 हजार करोड़ रुपये का ऋण माफ किया गया। पीएम मोदी के नेतृत्व में किसानों को लागत का डेढ़ गुना दाम मिला। अन्नदाता किसानों को हाथ न फैलाना पड़े। इस उद्देश्य से देश में 12 करोड़ और यूपी में 2.62 करोड़ कृषकों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने एक समाचार पत्र समूह की तरफ से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 'कृषिका-खेती से समृद्धि की ओर' कार्यक्रम में सोमवार को अपनी बातें रखीं। सीएम ने समाचार पत्र के रचनात्मक कार्यक्रमों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने 11 किसानों को चेक, अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न प्रदान किया। सीएम योगी ने कहा कि भारत पहले से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था का देश माना जाता था। उत्तर प्रदेश में आज भी लगभग 30 फीसदी शहरीकरणों को छोड़ दें तो 70 फीसदी भूभाग ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर आधारित है।

### केंद्रीय कैबिनेट कमेटी की गवर्नर की नियुक्ति पर मुहर

# आरबीआई के नए गवर्नर होंगे संजय मल्होत्रा

- संजय मल्होत्रा होंगे भारतीय रिजर्व बैंक के 26वें गवर्नर
- शक्तिकांत दास की लेंगे जगह
- आईएएस टॉपर रहे थे संजय मल्होत्रा



**नई दिल्ली।** राजस्थान कैडर के आईएएस संजय मल्होत्रा को केंद्रीय कैबिनेट कमेटी ने भारतीय रिजर्व बैंक का गवर्नर नियुक्त कर दिया है। संजय मल्होत्रा राजस्थान कैडर के आईएएस होने के साथ राजस्थान के ही रहने वाले भी हैं। उनका होम टाउन बीकानेर है। राजस्थान से वे जनवरी 2020 में प्रतिनियुक्ति पर केंद्र में चले गए थे। यहां पहले ऊर्जा मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर तैनाती मिली। इसके बाद उनकी एंट्री सीधे वित्त मंत्रालय में हो गई। यहां वे राजस्व विभाग में सचिव के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। संजय मल्होत्रा 1990 बैच के आईएएस हैं और वरिष्ठता में राजस्थान के मौजूद आईएएस अफसरों में चौथे नंबर पर आते हैं। सुधांश पंत से पहले राजस्थान में संजय मल्होत्रा का नाम ही चीफ सेक्रेट्री के लिए चर्चाओं में था, लेकिन जानकारी के मुताबिक केंद्र सरकार उनके टैलेंट को देखते हुए उन्हें वापस राजस्थान नहीं भेजना चाहती थी।

संजय मल्होत्रा की सेवानिवृत्ति में भी अभी 2 साल से ज्यादा का समय शेष है। इसलिए आरबीआई में गवर्नर के तौर पर भी उनका कार्यकाल काफी लंबा रहने वाला है। अनुभवी नौकरशाह मल्होत्रा शीर्ष बैंक के 26वें गवर्नर होंगे, जो दास का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल मंगलवार को समाप्त होने वाला है। संजय मल्होत्रा ने आईआईटी कानपुर से पढ़ाई की है। उन्होंने प्रिंसटन यूनिवर्सिटी से पब्लिक पॉलिसी में मास्टर डिग्री भी हासिल की है।

संजय मल्होत्रा अपने बैच के टॉपर रहे थे। इसलिए उन्हें होम स्टेट राजस्थान का कैडर भी मिला। राजस्थान में वे राजस्व, वित्त, स्वास्थ्य, ऊर्जा और कृषि जैसे विभागों से जुड़े। वर्ष 2006 में उन्हें दोबारा प्रदेश में वित्त और राजस्व का विशेष सचिव और वर्ष 2007 में राजस्थान का कार्मिक सचिव बनाया गया।

### राजे के पसंदीदा अफसर रहे

जब 1999 में राजस्थान से तत्कालीन सांसद वसुंधरा राजे को वाजपेयी मंत्रिमंडल में जगह मिली तो उन्होंने इस डायनैमिक अधिकारी को दिल्ली बुलाकर अपने मंत्रालय में कार्यभार दिया। वर्ष 2003 में संजय मल्होत्रा को संयुक्त राष्ट्र डेवलपमेंट प्रोग्राम का प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर बनाया गया।

# धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता : सुप्रीम कोर्ट

### याचिका

- बंगाल के ओबीसी मामले में सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने की टिप्पणी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता। शीर्ष अदालत ने कलकत्ता हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह बात कही, जिसमें बंगाल में




2010 से कई जातियों को दिया गया ओबीसी का दर्जा रद कर दिया गया था।

हाई कोर्ट के 22 मई के फैसले को चुनौती देने वाली बंगाल सरकार की याचिका सहित सभी याचिकाएं जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आईं। जस्टिस गवई ने कहा कि आरक्षण धर्म के आधार पर नहीं हो सकता। राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि यह धर्म के आधार पर नहीं है। यह पिछड़ेपन के आधार पर है। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह सात जनवरी को विस्तृत दलीलें सुनेगी। बता दें कि हाई कोर्ट ने बंगाल में 2010 से कई जातियों को दिया गया ओबीसी का दर्जा रद कर दिया था और सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों और सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में उनके लिए आरक्षण को अवैध ठहराया था। हाई कोर्ट ने कहा था कि वास्तव में इन समुदायों को ओबीसी घोषित करने के लिए धर्म ही एकमात्र मानदंड प्रतीत हो रहा है।

## संसद सत्र

### संसद परिसर में कांग्रेस के सांसदों ने किया प्रदर्शन

# अदाणी मुद्दे पर आक्रामक कांग्रेस बैकफुट पर दिखी

- अदाणी मुद्दे पर नहीं मिला सपा व टीएमसी का साथ
- जार्ज सोरोस व कांग्रेस के संबंधों पर संसद में हंगामा



**नई दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों में सोमवार को अमेरिकी कारोबारी जार्ज सोरोस और कांग्रेस के साथ संबंधों को लेकर सामने आए नए गठजोड़ को लेकर सत्ता पक्ष ने जमकर हंगामा किया। साथ ही दोनों सदनों में देश की संप्रभुता और सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा की मांग की। हालांकि इस मांग का कांग्रेस ने विरोध किया और कहा कि अदाणी मुद्दे पर ध्यान भटकाने के लिए सत्ता पक्ष यह झूठ फैला रहा है।

राज्यसभा में इस मुद्दे पर सबसे अधिक हंगामा हुआ। वहीं अब तक हंगामे आगे दिखने वाली कांग्रेस इस दौरान बैकफुट पर दिखी। उसके नेता सदन की कार्यवाही चलाने की मांग करते दिखे। इस पर सत्ता पक्ष ने उन्हें आड़े हाथ लिए और कहा कि जब वह हंगामा कर रहे थे तो ठीक था और अब खराब है। यानी अनुकूल मुद्दा है तो हंगामा ठीक, अपने प्रतिकूल मुद्दा है तो गलत। यह दोहरा रवैया ठीक नहीं है। इस दौरान हंगामे के चलते दोनों सदन की कार्यवाही पहले 12 बजे, फिर दो बजे, तीन बजे तक और बाद में पूरे दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। इस बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने हस्तक्षेप करते हुए सत्ता पक्ष व कांग्रेस पार्टी के सदस्यों को शांत कराने की कोशिश की। मगर जब बात नहीं बनी तो सभापति ने कहा कि जब सभी सदस्यों ने देश की संप्रभुता और सुरक्षा की शपथ ली है तो फिर इस मुद्दे पर चर्चा कराने से किसी को आपत्ति क्यों? लोकसभा में कांग्रेस ने अदाणी के साथ राहुल गांधी को देशद्रोही कहे जाने पर माफी के मुद्दे पर हंगामा जारी रखा। हालांकि दोनों ही सदनों में कांग्रेस को इस मुद्दे पर टीएमसी और सपा जैसे विपक्षी दलों का साथ नहीं मिला। सदन के नेता जेपी नड्डा ने कांग्रेस के इस रवैए की तीखी आलोचना की और कहा कि जब विषय अनुकूल तो हंगामा जब विषय प्रतिकूल को सदन चलाने की मांग की है।

शिवसेना-यूटीबी उसके साथ खड़ी दिखी। कांग्रेसी सांसदों ने इस दौरान संसद परिसर के बाहर राहुल गांधी की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन भी किया। कांग्रेस ने इस बीच सभापति पर भेदभाव का आरोप लगाया है। भाजपा की ओर से जैसे ही जार्ज सोरोस और कांग्रेस का मुद्दा उछाला गया वैसे ही कांग्रेस ने विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद पर जनवरी तक टली सुनवाई

**नई दिल्ली।** मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की एकल पीठ के फैसले के खिलाफ मुस्लिम पक्ष के सीधे सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल करने पर मंदिर पक्ष के एक पक्षकार ने सोमवार को आपत्ति उठाई। कहा कि एकल पीठ के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट की ही खंडपीठ में अपील दाखिल करनी चाहिए थी। मंदिर पक्ष की ओर से बहस अभी जारी है और अब मामले में अगली सुनवाई सर्दी की छुट्टियों के बाद जनवरी में होगी। मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल कर इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें हाई कोर्ट की एकलपीठ ने मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से जुड़े 15 मूल मुकदमों को सुनवाई योग्य माना था। उन मुकदमों में मंदिर पक्ष की ओर से शाही ईदगाह मस्जिद को कृष्ण जन्मस्थान बताते हुए दावा किया गया है।

### अदालत ने दोनों पक्षों से मांगी लिखित दलील



# एक देश-एक चुनाव संसद सत्र में विधेयक पेश कर सकती है सरकार

- मीडिया रिपोर्ट्स में दावा
- विधेयक पास कराने में केंद्र को करनी होगी कड़ी मशक्कत



**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार एक देश एक चुनाव को लेकर तैयारियों में जुटी है और मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इसी संसद सत्र में एक देश-एक चुनाव विधेयक पेश किया जा सकता है। विधेयक पर विस्तृत चर्चा के लिए इसे संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने की बात भी कही जा रही है। गौरतलब है कि एक देश, एक चुनाव पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट को कैबिनेट से पहले ही मंजूरी मिल चुकी है।

एक देश एक चुनाव प्रस्ताव का उद्देश्य देश में एक साथ चुनाव कराना है, जिससे संसाधन, समय और लागत की बचत होगी। अभी राज्यों में अलग-अलग और लोकसभा चुनाव अलग होते हैं। यह एक बड़ी पहल है, जिसे लेकर केंद्र सरकार ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। हालांकि केंद्र की इस पहल को विपक्ष के विरोध का सामना करना पड़ रहा है, जिससे साफ है कि केंद्र सरकार को इस विधेयक पर आम सहमति बनाने में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि राजनीतिक पार्टियों में सहमति बनाने के लिए केंद्र सरकार इस विधेयक को संसद में पेश करने के बाद संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज सकती है। एक देश एक चुनाव को हकीकत में बदलने के लिए सरकार को संविधान में भी संशोधन करना होगा, जिसके लिए छह विधेयक दोनों सदनों के दो तिहाई बहुमत से पास होने जरूरी हैं।

# स्काउट एंड गाइड से होता है अनुशासन की भावना का विकासः एसपी सिटी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था खलासा पब्लिक स्कूल में आयोजित स्काउड गाइड शिविर में स्काउट एंड गाइड से पूरी लगन व मेहनत के साथ प्रशिक्षण हासिल करने का आह्वान किया गया। स्थानीय नुमाइश कैम्प शक्ति नगर स्थित खालसा पब्लिक स्कूल में आयोजित स्काउट एंड गाइड शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक, प्रोग्रेसिव स्कूल सोसायटी के संयोजक व वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र चौहान व स्कूल प्रधानाचार्य गोविंदर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में स्काउट एंड गाइड को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि स्काउट एंड गाइड शिविरों में छात्र-छात्राओं को अनुशासन में रहने की सीख मिलती है। उन्होंने छात्र-



छात्राओं को आह्वान किया कि वह अपने जीवन में जो भी कुछ करें, पूरी मेहनत, लगन के साथ करें, ताकि उन्हें सफ्लता हासिल हो सकें। उन्होंने कहा कि जीवन में सोच समझकर ही निर्णय लें, ताकि अफ्सोस न रहें कि मैं यह कर लेता, तो शायद ज्यादा अच्छा होता। उन्होंने कहा कि कारपोरेट के साथ सिविल सर्विसेज में भी अपार संभावनाएं है, परन्तु जिस भी क्षेत्र में जाना चाहे, तो अपनी लगन मेहनत व काबलियत के आधार पर ही चयन करें। उन्होंने कहा कि जिस समय वह भारतीय पुलिस सेवा में भर्ती हुए थे, उसके मुकाबले अब उप्र पुलिस में ज्यादा बदलाव आया है। पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी और अधिक सेवा भाव से जनता की सेवा कर रहे है। इस बदलाव में सभी का सामुहिक प्रयास है। प्रोग्रेसिव स्कूल सोसायटी के संयोजक व वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र चौहान ने कहा कि छात्र-छात्राएं लक्ष्य हासिल कर शिक्षा हासिल करें, ताकि वह अपने व अपने माता पिता के सपनों को साकार कर सकें। उन्होंने स्काउट एंड गाइड से छात्र-छात्राओं को अनुशासन में रहने की सीख के साथ-साथ सेवा भावना भी पनपती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से लगन के साथ प्रशिक्षण हासिल करने का आह्वान किया। स्कूल के प्रधानाचार्य गोविंदर सिंह ने कहा कि स्काउट एंड गाइड शिविर मे छात्र-छात्राओं को अनुशासन के साथ-साथ समाज सेवा की भावना विकसित करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्काउट प्रशिक्षण प्रभारी सोनिया धीमान, विधालय अध्यापक सुषमा पूरी, अनिल कुमार, संजीव सिंघल, विवेक धीमान, सुमन चावला, कविता फुट्टेला, दीपाली, मुस्कान, सीमा कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## प्रदेशीय सब जूनियर जूडों प्रतियोगिता के विजेताओं का किया स्वागत



**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय व उत्तर प्रदेश जूडो संघ के समन्वय से आयोजित प्रदेशीय सब जूनियर जूडो बालक-बालिका प्रतियोगिता में पदक जीतकर सहारनपुर मण्डल के खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में आयोजित प्रदेशीय सब जूनियर जूडो बालक-बालिका प्रतियोगिता में मनजोत ने 52 से कम किलो भार वर्ग तथा अविश कुमार ने 66 से अधिक किग्रा. में स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि 48 किग्रा से कम में वंशिका व 50 से कम भार वर्ग में शिवांशपाल तथा 40 से कम किलोग्राभार वर्ग में शिवम ने रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा सिमरन, अभय प्रताप सिंह वनोरा, आकांक्षी एवं आदित्य कौशिक ने अपने-अपने वजन वर्गो में कांस्य पदक अर्जित कर जनपद को गौरवान्वित किया। पदक विजेता खिलाड़ियों का आज सहारनपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर अंतर्राष्ट्रीय जूडो रेफ्री दीपक गुप्ता, गौरव वर्मा, देवेंद्र सिंह, दीपक जैन, जूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष अर्जुन, डॉ.एसके शर्मा, उपाध्यक्ष पंकज बंसल, पंकज मल्होत्रा, संजय गुप्ता, संजीव गुप्ता, विवेक गर्ग, प्रदीप कुमार, कमलकांत पंवार, मानिक त्यागी व जिला क्रीड़ाधिकारी अनिमेष सक्सेना ने जोरदार स्वागत किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर

**लखीमपुर-खीरी।** नीमगांव थाना क्षेत्र में अमेठी मोड के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर घायल हो गया। जिसे अस्पताल ले जाया गया। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बघेल निवासी अशोक यादव का पुत्र रघुवीर यादव किसी काम से गया था कि अमेठी के पास उसे किसी अज्ञात बहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गया।

## ग्राम विकास अधिकारी व एडीओ पर प्रधान के परिजनों ने हमला किया

**लखीमपुर-खीरी।** धौरहरा ब्लॉक के रामलोक ढखिनिया गांव में दैवीय आपदा के लाभार्थियों की सूची की जांच व सत्यापन करने गए ग्राम विकास अधिकारी व एडीओ पर प्रधान के परिजनों ने हमला कर दिया। ग्राम विकास अधिकारी ने ईसानगर थाने में 3 ज्ञात और 12 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम विकास अधिकारी का आरोप है कि हमलावरों ने बंधक बनाकर मारा पीटा और 18,500 रुपए की नकदी एक खाते में ट्रांसफर करा ली। धौरहरा ब्लॉक में तैनात ग्राम विकास अधिकारी बन्धुराम राना ब्लॉक के एडीओ के साथ रामलोक ढखिनिया में दैवीय आपदा के लाभार्थियों की सूची का सत्यापन करने बीडीओ के निर्देश पर गए थे। ग्राम विकास अधिकारी का आरोप है कि जिस वक्त वे शासकीय कार्य कर रहे थे। उसी समय ग्राम प्रधान के घर के पपिल,जसवंत और राजेश करीब दर्जन भर लोगों के साथ आये। सबने ग्राम विकास अधिकारी व एडीओ को बंधक बना लिया। हमलावरों ने ग्राम विकास अधिकारी की पिटाई कर दी। साथ ही ग्राम विकास अधिकारी पर दबाव बनाकर 18,500 रुपयों की नकदी भी ट्रांसफर करा ली।

## छात्र संदिग्ध अवस्था में लापता

**लखीमपुर-खीरी।** गोला गोकर्णनाथ बरेली में किराये पर रहकर बीटेक कर रहा एक छात्र संदिग्ध अवस्था में लापता हो गया। जिसके फुफेरे भाई ने तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है। गोला निवासी निश्चल वर्मा पुत्र आलोक वर्मा ने बरेली जिले फरीदपुर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह अपने ममरे भाई आशू वर्मा पुत्र मिथलेश वर्मा के साथ ओम रेजीडेंसी में रहकर बीएससी की पढाई कर रहा है। 6 दिसम्बर को उसका भाई ममेरा भाई आशू वर्मा अचानक लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका सुराग नहीं लगा।

## अवैध असलहा के अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना शारदानगर पुलिस बल द्वारा 01 नफर अभियुक्त समीर शेख पुत्र बब्लू शेख निवासी वारिन टोला बाजार कस्बा व थाना धौरहरा जनपद खीरी को 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ बहद ग्राम जटपुरवा मूड़ी तिराहा मोड़ से गिरफ्तार किया गया जिसके संबंध में अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत करके अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है समीर शेख पुत्र बब्लू शेख निवासी वारिन टोला बाजार कस्बा व थाना धौरहरा मु0अ0सं0 55/2023 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना धौरहरा मु0अ0सं0 264/2024 धारा 392/411/506 भादवि थाना धौरहरा मु0अ0सं0 265/2024 धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट थाना धौरहरा

## दहेज हत्या में वांछित महिला अभियुक्ता गिरफ्तार

**सहारनपुर।** देवबंद कोतवाली पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रही एक महिला को गिरफ्तार कर लिया। देवबंद कोतवाली प्रभारी सुनील नागर ने बताया कि विगत् 29 नवम्बर को वादी शाहरूख पुत्र स्व.शब्बीर निवासी ग्राम खामपुर थाना छपार जिला मुजफ्फर नगर की तहरीर पर वादी की बहन सादिया पत्नी सउद के साथ घरेलू हिंसा करते हुए दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताडित करने व दहेज की मांग पूरी न होने पर विपक्षीगण द्वारा वादी की बहन की हत्या कर देने के सम्बन्ध में थाना देवबंद पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री नागर ने बताया कि आज उनके व महिला उपनिरीक्षक सविता त्यागी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर गांव गोपाली से वांछित महिला आरोपी श्रीमती गुलशाना पत्नी इन्तसार निवासी ग्राम गोपाली थाना देवबन्द को गिरफ्तार कर लिया।

# सोनिया गांधी के जन्म दिन पर कांग्रेसियों ने किया रक्तदान

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला व महानगर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद श्रीमती सोनिया गांधी का 78वां जन्म दिन सद्भावना दिवस के रूप में मनाया तथा जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान कर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई।

रक्तदान शिविर का शुभारंभ पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल ने किया। इस दौरान कांग्रेसजनो को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा ने कहा कि सोनिया गांधी ने लंबे समय तक कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर रहकर देश के नागरिकों के हितों में कार्य करते हुए उनके जीवन उत्थान के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी की दूरदर्शिता का ही नतीजा है कि हमारे देश के नागरिकों को विभिन्न अधिकारों के कानूनों के माध्यम से संवैधानिक सुरक्षा प्रदान



हुई। इनमें सूचना का अधिकार, भोजन का अधिकार, स्वास्थ्य का अधिकार, रोजगार का अधिकार आदि कानून प्रमुख है। पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल व पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी व वरिष्ठ कांग्रेस नेता हमजा मसूद ने कहा कि सोनिया गांधी ने अपना संपूर्ण जीवन लोगों की भलाई एवं नागरिकों के जीवन को सुगम बनाने के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने जहां एक ओर कांग्रेस संगठन को मजबूत किया वहीं दूसरी ओर यूपीए की चेयरपर्सन के रूप में जनहित में कानून बनाए जाने के लिए सरकार के साथ सहयोग किया। उन्होंने कहा कि आज की भाजपा सरकार देश में जिस तरह धर्म और जातियों के नाम पर जहर घोलने का काम कर रही है और यह लोकतंत्र के लिए एक बड़ा खतरा है। शिविर में गणेश दत्त शर्मा, आदित्य राणा, रफ्त अब्बास जैदी, रवि कुमार, श्याम बिहारी शर्मा, कार्तिक राणा, विशाल राणा, मनीष कुमार सहगल, विक्की कुमार आदि कांग्रेसजनों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य धर्मवीर जैन धर्मपाल जोशी, गौरव वर्मा, सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, अनुज शर्मा, प्रभजीत सिंह, नसीब खान, गुलशेर अल्वी, विनय राणा, सतपाल बर्मन, मोहम्मद यूनुस, अविनाश कुमार, अनिरुद्ध गुरुंग, मयंक शर्मा, विपिन कांत शर्मा, मोहम्मद इस्लाम, बरकत अंसारी आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## पंजाब से चोरी की गई बाईक समेत दो शातिर वाहन चोर दबोचे

**सहारनपुर।** थाना गागलहेडी पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को दबोचकर उनके कब्जे से पंजाब से की गयी चोरी की बाईक बरामद कर ली। जबकि उनका एक साथी चोरी की दूसरी बाईक लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना गागलहेड़ी प्रभारी धर्मेन्द्र गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके व उपनिरीक्षक राशिद खा व शहनवाज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान भगवानपुर तिराहे से दो शातिर वाहन चोरों सागर पुत्र रफ्ल सिंह पाल निवासी ग्राम कोलकी कला थाना गागलहेडी व बादल यादव पुत्र अनिल यादव निवासी ग्राम भाभरी थाना गागलहेडी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उनका एक अन्य साथी चोरी की बाईक लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों के कजे से करीब एक वर्ष पहले लुधियाना (पंजाब) से चोरी की गयी बाईक बरामद कर ली।

## कप्तान ने दिए निर्देश, रात में गरीब-बेसहारा लोगों को रैन बसेरे तक पहुंचाएगी पुलिस

**बरेली।** ठंड से बचाव के लिए नगर निगम ने सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने के लिए जिम्मेदारियां तय कर दी हैं। इसके लिए नगर आयुक्त की ओर से अपने कर्मचारियों की एक लिस्ट जारी की गई है। इसी क्रम में एसएसपी अनुराग आर्य ने भी अनूठी पहल की है।

एसएसपी ने जिले के सभी थानेदारों और यूपी 112 स्टाफ को सर्दी में गरीब असहाय लोगों की मदद के निर्देश दिए हैं। इसके लिए पुलिसकर्मियों की बाकायदा ड्यूटी भी तय की है कि कहीं भी ठंड से परेशान लाचार व्यक्ति दिखे तो पुलिस अपनी गाड़ी से उसे नजदीकी रैन बसेरे तक पहुंचाए। जरूरत के मुताबिक उसके लिए कपड़े आदि की व्यवस्था भी कर दी जाए, जिससे सर्दी से बचाव हो सके। बरेली में रात का पारा गलन का अहसास कराने लगा है। दिन में सर्द हवा के चलते धूप बेअसर साबित हो रही है। जबकि, रविवार को न्यूनतम पारा छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दिन का तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने आगे भी तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी रहने का पूर्वानुमान जताया है। रात में बूंदाबांदी होने से गलन बढ़ गई है।

# बरेली में पलटने से बची आगरा फोर्ट रामनगर एक्सप्रेस, पटरी पर दिखा कुछ ऐसा, ट्रैकमैन ने रुकवाई ट्रेन

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** बरेली में इज्जतनगर और भोजीपुरा के बीच रामनगर आगरा फोर्ट एक्सप्रेस पलटने से बची। यह मामला सोमवार सुबह तड़के 4~58 बजे का है। ट्रैक मेंटेनर की सूझबूझ से हादसा टला।

बरेली में रेल पटरी चटकी होने के कारण सोमवार तड़के 15055-56 आगरा फोर्ट-रामनगर एक्सप्रेस पलटने से बची। सूचना मिलने के बाद कंट्रोल रूम ने ट्रेन को इज्जतनगर में रोक दिया। इंजीनियरिंग टीम ने 45 मिनट में ट्रैक को दुरुस्त किया। इसके बाद ट्रैक पर 20 किमी प्रति घंटा के कॉशन के बाद ट्रेन को इज्जतनगर से आगे रवाना किया गया।

आगरा फोर्ट-रामनगर-आगरा फोर्ट एक्सप्रेस का सप्ताह में अप-डाउन तीन-तीन दिन संचालन होता है। रविवार राम 8:53 बजे आगरा फोर्ट से चलने के बाद यह ट्रेन सोमवार तड़के 4:04 बजे इज्जतनगर पहुंची थी। इज्जतनगर-भोजीपुरा के बीच रेलवे क्रॉसिंग संख्या 236 बी के पास ट्रैकमैन प्रेमपाल और हरीबाबू पेट्रोलिंग कर रहे थे।

उन्होंने देखा कि रेल पटरी चटकी



हुई है। पटरी में करीब एक इंच की दरार थी। अगर ट्रेन यहां से गुजरती है तो हादसा हो सकता है। प्रेमपाल ने तुरंत की इसकी सूचना गेटमैन को दी। गेटमैन ने कंट्रोल रूम को अलर्ट कर दिया। इस दौरान ट्रेन इज्जतनगर स्टेशन छोड़ रही थी। रेल लाइन में फैक्चर की सूचना पर ट्रेन को रोक दिया गया।

कुछ ही देर में रेलवे की इंजीनियरिंग टीम मौके पर पहुंच गई। 45 मिनट में ट्रैक की मरम्मत करने के बाद 20 किलोमीटर प्रति घंटा के कॉशन के साथ 15055 आगरा फोर्ट-रामनगर एक्सप्रेस को इज्जतनगर से रवाना किया गया। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि तापमान में गिरावट आने पर रेल पटरियां सिकुड़ने से इस तरह के फैक्चर होते हैं। सभी रेलवे सेक्शन में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है।

**खुल गया था पटरी का ज्वाइंट, एक इंच से ज्यादा गैप**

इज्जतनगर-भोजीपुरा के बीच पटरी सिकुड़ने के कारण ज्वाइंट खुल गया था। इससे पटरी में एक इंच से ज्यादा की दरार आ गई थी। जिस स्थान पर यह ट्रैक फैक्चर हुआ वहां ट्रेन की औसतन रफ्तार 60-70 किमी प्रति घंटा की रहती है। अगर फैक्चर के समय आगरा फोर्ट-रामनगर एक्सप्रेस यहां से गुजरती तो हादसा हो सकता था। फिलहाल इंजीनियरिंग टीम ने रेलवे क्रॉसिंग संख्या 236 बी के पास 20 किमी प्रति घंटा का अस्थाई कॉशन दे दिया है।

इज्जतनगर मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि इज्जतनगर-भोजीपुरा के बीच क्रॉसिंग संख्या 236 बी के पास रेल लाइन फैक्चर हुई थी। ट्रैकमैन की सूझबूझ से आगरा फोर्ट-रामनगर एक्सप्रेस को इज्जतनगर में कंट्रोल कर लिया गया। 45 मिनट में ट्रैक दुरुस्त करने के बाद 20 किमी प्रति घंटा के कॉशन के साथ ट्रेन को आगे रवाना किया गया।

## छात्र-छात्राओं को दी शेयर मार्केट से संबंधित जानकारी



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जेवी जैन कॉलेज में शेयर मार्केट विषय पर आयोजित कार्यशाला में छात्राओं को शेयर मार्केट से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।

जेवी जैन कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रोफेसर डीके सिंघल ने बताया कि आज का समय शेयर मार्केट का है। बाजार के प्रकार, स्टॉक एक्सचेंज, प्राथमिक बाजार, द्वितीय बाजार, डिमैट अकाउंट आदि के बारे में समझाते हुए डॉ. सिंघल ने बताया कि छात्रों को शेयर मार्केट के गुण भी अच्छे ढंग से आने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्राओं को समझना चाहिए कि पैसा सबसे ज्यादा तेजी से किस क्षेत्र में बढ़ता है। जिनमें शेयर मार्केट, प्रॉपर्टी अथवा गोल्ड है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों का आह्वान किया कि पहले वे शेयर मार्केट के बारे में अधिक से अधिक सीखे फिर इसमें अपना पैसा लगाए, क्योंकि अधिक लाभ कमाने का सबसे अच्छा तरीका शेयर मार्केट है। इस दौरान कार्यशाला में प्राचार्य प्रो.हरिओम गुप्ता, आईएआईएसडीसी की संयोजका प्रोफेसर ममता सिंघल, डॉक्टर आरती, मिस अरुण शर्मा, कीर्ति अरोड़ा, साक्षी आहूजा, नारायण शर्मा व विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

## वाहन चोर दबोचा, चोरी की बाईक बरामद

**सहारनपुर।** थाना फ्तेहपुर पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को दबोचकर उसके कब्जे से चोरी की बाईक बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना फतेहपुर प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि विगत् 8 दिसम्बर को वादी आशु सैनी पुत्र नीरज सैनी निवासी कमालपुर रोड कस्बा छुटमलपुर थाना फ्तेहपुर की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफवादी की बाईक चोरी कर ले जाने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक प्रवीन कुमार व पंकज मिश्रा के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर बडकला फ्लाई ओवर के पास से एक वाहन चोर विकास पुत्र मोतीलाल निवासी ग्राम सालियर थाना गंगनहर रुड़की जनपद हरिद्वार उत्तराखण्ड को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से चोरी की बाईक बरामद कर ली। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में दबोचे गये आरोपी विकास ने बताया कि विगत् दिवस उसने कमालपुर रोड कस्बा छुटमलपुर से एक घर के सामने से बाईक चोरी की थी। आज वह उसको बेचने जा रहा था कि पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### 12 दिसंबर को जनसुनवाई करेंगी महिला आयोग की सदस्य

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सपना कश्यप द्वारा आगामी 12 दिसंबर को सर्किट हाउस सभागार में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं के त्वरित न्याय दिलाने व आवेदक आवेदिकाओं की सुगमता के मद्देनजर महिला जनसुनवाई की जाएगी।

# डीएम ने किया प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूँ।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने सोमवार को प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर



वहां शिक्षा के स्तर को जाना, साफ सफाई की व्यवस्था को जांचा, मध्यान्ह भोजन को चेक किया। बच्चों से किताब पढवाई व शिक्षा संबंधी सवाल पूछे। अध्यापकों व बच्चों की उपस्थिति का भौतिक सत्यापन किया। जिलाधिकारी ने शिक्षा के स्तर को ऊंचा करने के लिए अध्यापकों को निर्देशित किया तथा मध्यान्ह भोजन मेनू के अनुसार ना बनने होने पर अपनी नाराजगी व्यक्ति।

जिलाधिकारी ने सोमवार को प्राथमिक विद्यालय सराय नाहर खा नंबर एक का निरीक्षण किया। जिसमें पंजीकृत 52 बच्चों में से 32 बच्चे उपस्थित पाए गए। प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। शिक्षामित्र आकस्मिक अवकाश पर थी। उन्होंने सराय नाहर खान नंबर 2 का निरीक्षण किया। जिसमें पंजीकृत 25 बच्चों के सापेक्ष 14 उपस्थित पाए गए। प्रधान अध्यापिका चिकित्सा अवकाश पर थी। वहीं ऊपर पारा नगर क्षेत्र प्राथमिक विद्यालय में पंजीकृत 50 बच्चों के सापेक्ष 19 उपस्थित पाए गए तथा प्रधानाध्यापिका उपस्थित मिली। लालपुल नगर क्षेत्र बदायूं में पंजीकृत 43 बच्चों के सापेक्ष 24 उपस्थित पाए गए तथा प्रधानाध्यापिका उपस्थित मिली।

जिलाधिकारी ने बच्चों की कम उपस्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्ति की। उन्होंने उपस्थिति अध्यापकों से कहा कि बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए यूनिफॉर्म व अन्य निशुल्क सामान बच्चों के पास उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विद्यालयों में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था करने के लिए कहा तथा मध्यान्ह भोजन को मेनू के अनुसार बनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है, इनकी स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के संसाधनों पर बच्चों का सर्वप्रथम अधिकार है। उन्होंने बच्चों से शिक्षा संबंधी सवाल पूछे व किताब पढवाई। उन्हें शिक्षा का स्तर अपेक्षाकृत कम नजर आया। जिस पर उन्होंने अध्यापकों से मन लगाकर बच्चों को पढ़ाने के लिए कहा। इस अवसर पर अध्यापक व बच्चे मौजूद रहे।

## खेरिया एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, जांच में जुटी एजेंसियां




**आगरा।** ताजमहल के बाद अब सोमवार को आगरा के खेरिया एयरपोर्ट को बम से उड़ने की धमकी मिली तो सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं। एयरपोर्ट की सुरक्षा को तत्काल बढ़ा दिया गया। इसके साथ ही एयरपोर्ट पर चेकिंग शुरू करा दी गई। थाना शाहगंज समेत फोर्स को हवाई अड्डे भेजा गया। फिलहाल कोई संदिग्ध वस्तु पुलिस को नहीं मिली है, ऐसा बताया जा रहा है। आगरा का खेरिया स्थित एयरपोर्ट बेहद महत्वपूर्ण है। यह भारतीय वायुसेना का सबसे अहम एयरपोर्ट है।

खेरिया के सिविल हवाई अड्डे से हर दिन तीन शहर मुंबई, हैदराबाद और बेंगलुरु फ्लाइट का संचालन होता है। सोमवार को सीआईएसएफ को ईमेल भेजकर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। सूचना मिलने के बाद बम निरोधक दस्ता एयरपोर्ट परिसर में चेकिंग करने पहुंच गया। सेना की इंटेलिजेंस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी सक्रिय हो गई हैं।

बता दें कि दो माह पहले भी आगरा के खेरिया समेत 100 हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। सभी जगह सीआईएसएफ को एक ही पैटर्न का मेल भेजा गया था। सुरक्षा व्यवस्था की जांच के बाद सीआईएसफ ने सभी जगह मुकदमा दर्ज कराया था।

# आगरा में पति और बेटा बना हैवान, महिला की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या तो पड़ोसी बने तमाशबीन

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** महानगर में बढ़ते अपराध तो देख लग रहा है कि मानों अपराध करने वालों में पुलिस और कानून व्यवस्था का खौफ ही न हो। ताजा मामले में ताजनगरी के ट्रांसयमुना थाना क्षेत्र स्थित शंभू नगर में मकान बेचने से इनकार करने पर पति ने है पत्नी की डंडे से पीट-पीटकर मार डाला। रिश्तेदार गंभीर हालत में महिला को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। पति की पिटाई की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। हैरान करने वाली बात यह है कि पति जब बेहरमी से पत्नी की पिटाई कर रहा था तो पड़ोसी तमाशबीन बने देखते रहे। किसी ने उसे बचाया नहीं। घटना के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची तो सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग देखकर दंग रह गई। आरोपी ने 18 सेकेंड में 11 बार पत्नी पर डंडे से प्रहार किए। इसके बाद अधमरा करके अपने छोटे बेटे और बहू के साथ घर पर ताला लगाकर फरार हो गया।



जानकारी अनुसार शंभू नगर निवासी 50 वर्षीय रामा देवी के नाम 250 गज का मकान है। इस मकान में बड़ा बेटा कौशल, बहू मंजू, छोटा बेटा मनोज उर्फ वासु, उसकी पत्नी रिंकी और पति दधीचि रहते थे। रामा देवी की तीन बेटियां हैं। जिनकी शादी हो चुकी है। रामा देवी की बेटी राखी ने पुलिस को बताया कि पिता दधीचि, भाई मनोज उर्फ वासु और उसकी पत्नी रिंकी काफी समय से मां रामा देवी पर मकान बेचने का दबाव बना रहे थे। लेकिन, वो मकान नहीं बेचना चाहती थी। इसकी वजह से आए दिन घर में विवाद होता था। जिस पर कौशल अपने साथ मां रामा देवी को लेकर मथुरा में किराए पर रह रहा था। शनिवार को भाई कौशल, भाभी मंजू और मां आगरा में घर पर आए। मां ने पिता से कहा कि जब बड़ा बेटा किराए पर रह रहा है तो छोटा भी इस घर में नहीं रहेगा। जिस पर विवाद हुआ था। पिता दधीचि ने कहा कि छोटा बेटा मकान से नहीं जाएगा।मंजू ने पुलिस को बताया कि शनिवार को ससुर दधीचि का सास रामा देवी, देवर और देवरानी से विवाद हुआ था। जैसे-तैसे मामला शांत हुआ। मुझे लगा कि ससुर नशे में हैं। ऐसे में सास के साथ कुछ गलत ना कर दें। इसलिए, उन्हें रात में एक पड़ोसी के यहां पर सुलाकर घर आ गई।

रविवार सुबह 10 बजे सास जब घर आईं तो ससुर दधीचि, देवर मनोज और देवरानी रिंकी की रामा देवी से उनकी मकान बेचने को लेकर बहस हो गई। ससुर कमरे से डंडा लेकर आए और सास पर ताबड़तोड़ डंडे से प्रहार किए। पीट-पीट कर गंभीर घायल कर दीं। उन्हें पास के अस्पताल ले गए। जहां से एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भेज दिया। जहां पर सास रामा देवी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

# अमटौरा में पुलिस के कड़े पहरे के बीच पहुंचा सपा का प्रतिनिधिमंडल जमकर हुई नोंकझोंक

## करीब तीन दर्जन सपाईयों को गिरफ्तार कर पुलिस लाई गीडा थाने

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के अमटौरा में शिवधनी निषाद की दबंगों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दिए जाने को लेकर राजनैतिक गलियारे में

**मुचलके पर पुलिस ने सभी को किया रिहा**

सरगर्मियां तेज हो गई थी। विपक्षी पार्टियों के नेताओं का पीड़ित परिवार से मिलने की कोशिश किया जा रहा था। जिसको लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद था। किसी भी पार्टी के विपक्षी नेताओं को पीड़ित परिवार से मिलने नहीं दिया जा था।

नीयत तिथि पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का नौ सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार गौतम,सपा प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग डा राजपाल कश्यप,पूर्व विधायक यशपाल राव, पूर्व विधायक विजय



बहादुर यादव, सुनील सिंह वरिष्ठ नेता, पूर्व जिलाध्यक्ष नगीना प्रसाद साहनी, महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अमरेंद्र निषाद, विधान सभा अध्यक्ष मनीष कमांडो के नेतृत्व में पुलिस के कड़े पहरे को देखते हुए खेत के रास्ते सैकड़ों की संख्या में सपा कार्यकर्ता अमटौरा गांव में पहुंच गए। जिसे कर मौके पर मौजूद एसपी नार्थ और भारी पुलिस बल पीएसी के जवानों ने सपा के प्रतिनिधि मंडल सहित कार्यकर्ताओं को बीच रास्ते में रोक लिया। सपाई पीड़ित परिवार से मिलना चाह रहे थे। लेकिन उन्हें प्रशासन किसी भी कीमत पर पीड़ित के घर नहीं जाने दे रहा था। इस दौरान सपाईयों और पुलिस के बीच जमकर बहस होने के साथ धक्का मुक्की चली। और पुलिस ने करीब तीन दर्जन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लाई और सभी को गीडा थाने से 500 मीटर दूर ले जाकर छोड़ दिया।

# सांसद ने ट्रेनों के ठहराव के लिए रेल मंत्री को सौंपा पत्रक

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** राज्यसभा सांसद डा. संगीता बलवंत ने सोमवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर उन्हें पत्रक दिया। राज्यसभा सांसद ने बताया कि दानापुर मंडल में स्थित जनपद गाजीपुर के रेलवे जक्शन दिलदारनगर, रेलवे स्टेशन जमानिया एवं रेलवे स्टेशन गहमर से रोजाना हजारो की संख्या में लोग विभिन्न स्थानों के लिए यात्रा करते है और इन रेलवे स्टेशनों का रेल राजस्व वसूली भी अधिक है। गहमर एशिया का सबसे बड़ा गांव है और यहाँ से हजारो की संख्या में भारतीय सेना में देश की सेवा करने वाले जवान एवं विभिन्न पुलिस बलों में सेवा देने वाले नागरिक गण है। जिन्हें ट्रेन पकड़ने के लिए गैर रेलवे स्टेशनों का रुख करना पड़ता है। सांसद द्वारा दिलदारनगर जक्शन पर- हिमगिरी एक्सप्रेस, जनसाधारण एक्सप्रेस, पूर्वा एक्सप्रेस, पाटलिपुत्र लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस, जियारत एक्सप्रेस, पटना लखनऊ नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव की माँग की। जमानिया रेलवे स्टेशन पर- ब्रह्मपुत्र मेल, पटना इंदौर एक्सप्रेस, जनशताब्दी एक्सप्रेस, एवं



संघमित्रा एक्सप्रेस के ठहराव की माँग की एवं गहमर रेलवे स्टेशन पर मगध एक्सप्रेस के ठहराव की माँग की है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि इन ट्रेनों के ठहराव से क्षेत्रीय लोगों को बड़े महानगरों तक आवागमन करने में सुविधा होगी और क्षेत्र के लोगों को आवागमन करने के लिए बिहार प्रांत के बक्सर या पंडित दीनदायल उपाध्याय जंक्शन नहीं जाना पड़ेगा।

# नौ लोगों को घायल करने वाला पकड़ा गया आदमखोर भेड़िया

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद के थाना मऊ दरवाजा क्षेत्र के ग्राम जसमई के पास स्थित बघार नाले के पास तेंदुआ के हमले से घायल चार वन विभाग कर्मियों सहित कुल 9 लोगों को किया घायल घायलों को लोहिया अस्पताल में किया गया। भर्ती जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल पर पहुंचकर संभाला मोर्चा इसके अलावा जिलाधिकारी डॉक्टर बी के सिंह एवं पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने घायलों का अस्पताल पहुंच कर जाना हाल घायलों का उपचार चल रहा है।

तेंदुए के हमले में घायल हुए 45 वर्षीय जितेन्द्र पुत्र नेकराम पुत्र रघुलाल के साथ ही जितेन्द्र के भतीजे 16 वर्षीय छात्र सुखदेव पुत्र देवेन्द्र सिंह व भांजे 13 वर्षीय शिवम पुत्र जय चन्द्र निवासी परपरागंज थाना मऊदरवाजा, वन दरोगा ताबीज अहमद, राहुल कुमार, वन रक्षक सचिन कुमार व सिद्धार्थ नाथ दुबे, ग्रामीण पवन कुमार पुत्र रामौतार निवासी परपरागंज मऊदरवाजा, 27 वर्षीय अजित पुत्र रूप राम व शैलेश पुत्र वीरेंद्र निवासी मदनापुर मोहम्मदाबाद को बुरी तरह घायल किया।

सभी घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। वन विभाग की टीम नें आठ घंटे बाद आखिर तेंदुए को बेहोश करके पकड़ लिया। उसको वन विभाग की टीम नें पिजड़े में बंद कर लिया। घायल तेंदुए को भी उपचार के लिए कानपुर ले जाया जायेगा। थाना मऊदरवाजा के ग्राम नूरपुर जसमई में तेंदुआ सुबह लगभग आठ बजे आ गया था। उसके बाद दरअसल तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम कानपुर से आयी थी। जिसमे वन विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सक मो. नासिर व उनके सहयोगी वन दरोगा समीर सिंह सेंगर नें पहले जेसीबी पर बैठकर तेंदुए को बेहोश किया। उसके बाद उसे जाल में बंद कर पिंजड़े में बंद कर दिया। मौके पर तेंदुए को देखने के लिए हजारों की संख्या में भीड़ एकत्रित हो गयी।

# बारह हजार बच्चों को पिलाया गया ड्रॉप

**उरई (जालौन)।** पल्स पोलियो अभियान के तहत विकासखंड रामपुरा में बारह हजार बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया गया। विकासखंड रामपुरा की 44 ग्राम पंचायतों में एक साथ पोलियो की दवा पिलाए जाने के अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा व शिक्षा विभाग के सहयोग से 298 कर्मचारियों की सहायता से बारह हजार बच्चों को एक साथ पोलियो की दवा पिलाई गई । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रदीप सिंह नोडल अधिकारी एवं ब्लाक कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार सिंह ने बताया कि सरकार के इस कार्यक्रम को फलीभूत करने हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देशन मे संपूर्ण रामपुरा ब्लाक क्षेत्र को चार सेक्टर में बांटकर 99 बूथ बनाई गए थे। जिसमें 11 सुपरवाइजर एवं 298 कर्मचारियों की सहायता से 17500 बच्चों के सापेक्ष 12 हजार बच्चों को पल्स पोलियो ड्राप पिलाया गया। शेष साढे पांच हजार बच्चों को ड्रॉप पिलाने के लिए 39 टीम में बनाई गई है।

# विधायक ने सामूहिक विवाह समारोह में नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** विधायक इगलास राजकुमार सहयोगी द्वारा इगलास के श्री बालाजी फार्म हाउस में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित हुए सामूहिक विवाह समारोह में नव दंपतियों को सुखी वैवाहिक जीवन की ईश्वर से कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।

विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा समाज कल्याण विभाग माध्यम से आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम एक तरफ सामाजिक समता के प्रतीक हैं तो वहीं दूसरी तरफ यह समाज की बड़ी विकृति दहेज प्रथा पर तेज प्रहार भी हैं। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जाति, सम्प्रदाय, धर्म, क्षेत्र, भाषा का कोई बंधन नहीं है। हिंदू-मुस्लिम सभी अपनी-अपनी परंपरा के तहत विवाह के पवित्र बंधन में बंध रहे हैं। सामूहिक विवाह आयोजन बाल विवाह, दहेज प्रथा के खिलाफ सरकार द्वारा शुरू की गई लड़ाई को भी मजबूत कर रहे हैं। सहयोगी ने कहा कि कई बार दहेज के कारण योग्य कन्याएं विवाह बंधन में नहीं जुड़ पाती थीं, ऐसे में सामूहिक विवाह कार्यक्रम से जुड़ने वाले सभी युवक-युवतियों ने दहेज न ले-दे कर समाज में आदर्श प्रस्तुत किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अब तक लगभग 3.84 लाख विवाह करा चुकी है। जल्द ही यह आंकड़ा 4 लाख पहुंच जाएगा। प्रदेश सरकार की मंशा है कि कोई बेटी दहेज के कारण कुँआरी न रहे, इसके लिए ही सामूहिक विवाह कार्यक्रम को अभियान रूप में चलाया जा रहा है। एडीएम प्रशासन पंकज कुमार ने बताया कि सोमवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत इगलास, गोंडा एवं बेसवां के 38 चिन्हित पात्र जोड़ों का सामूहिक विवाह आयोजित किया गया, जिसमें 32 वर-वधुओं ने हिंदू रीति-रिवाज एवं 06 जोड़ों ने मुस्लिम धर्म के अनुसार एक-दूसरे के साथ जीवन पर्यन्त रहने का निर्णय लिया।

# पानी के तीव्र प्रवाह से बीस फुट गहरी सड़क धसकी, बड़ा हादसा होते-होते बचा

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** लोक निर्माण विभाग द्वारा लाखों रुपया खर्च कर मिट्टी भराव करवाकर बनवाया गया रास्ता पानी के तेज बहाव में धसक जाने से सैकडों गांव का आवागमन वाधित हो गया है। वहीं एक प्राइवेट विद्यालय भवन का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है।

विकासखंड रामपुरा अंतर्गत ग्राम लिडऊपुर विलोहा गेट के बीच एसएसबी शिक्षा निकेतन विद्यालय के पास नहर के अतिरिक्त पानी की निकासी के लिए जमीन में सीमेंट के ढोल दबाकर मिट्टी का भराव करके बनाया गया रास्ता रात लगभग 11 बजे तेज आवाज के साथ पानी में बह गया। जिससे सड़क पर 20 फुट गहरा एवं 30 फीट लंबा चौड़ा गड्ढा हो गया है जिस समय यह घटना घटित हुई उसी समय सुदूर क्षेत्र की एक चार पहिया कार 30 सेकेंड पहले इसी स्थान से गुजरी थी। यदि 30 सेकंड पहले सड़क धसकने व मिट्टी कटाव की घटना घटित होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

ग्राम प्रधान संतोष सिंह सेंगर ने इस घटना की सूचना तत्काल डायल 112 एवं रामपुरा थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर इस सड़क कटान के दोनो ओर कटे हुए पेड़ों की लकड़ी व झाड़ियां डालकर रास्ता बंद करवाया एवं पूरी रात पुलिस के सिपाही तैनात रहे ताकि यात्रियों को रास्ते के कटाव व मार्ग डायवर्सन की जानकारी दी जा सके । इस घटना में सबसे गंभीर विषय यह है कि जहां रास्ते का कटाव एवं मिट्टी धसकने की घटना घटित हुई है उसके ठीक 7-8 फुट पूर्व दिशा में एसएसबी शिक्षा निकेतन विद्यालय है। जिसमें लगभग 700 छात्र-छात्रायें शिक्षारत हैं। यदि शीघ्र ही इस कटाव को रोकने के समुचित प्रबंध न किए गए तो लगभग एक करोड़ की लागत से बना यह शिक्षा का भवन भी पानी के कटाव में जमीदोज हो जाएगा।सड़क कटाव की घटना के 20 घंटे बीत जाने के बाद भी लोनिवि का कोई अधिकारी कर्मचारी मौके पर नही पहुंचा है।

# केक काटकर मनाया गया सोनिया का जन्मदिन



**नजीबाबाद अवधनामा संवाददाता।** कांग्रेस कमेटी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी का जन्मदिन हर्ष उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने केक काटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। कांग्रेसियों ने माननीय सोनिया गांधी जी के स्वस्थ जीवन एवं दीर्घायु की कामना की। कांग्रेसियों ने कहा कि सोनिया गांधी महिला सशक्तिकरण, त्याग, तपस्या और बलिदान की प्रतिमूर्ति है। वरिष्ठ कांग्रेसी सलाउद्दीन सैफी की अध्यक्षता एवं हिफजुर्रहमान फरीदी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में एम अकरम खा, रईस कुरैशी, युवा अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, अमजद सिद्दीकी, नईमूल अख्तर, नदीम फारुकी, वसीम अख्तर, मोहम्मद फैज एडवोकेट, शाहबाज अख्तर, इमरान, शारिब, रिहान, फ़राज़, दानिश, वसीम आदि रहे।

# बु. आ. आदिवासी लोगों ने ली सु.भा.स. की सदस्यता



**नगीना अवधनामा संवाददाता।** नगीना विधानसभा के अंतर्गत आने वाले बॉक्सा आदिम आदिवासी जनजाति के ग्राम ढकिया बावन सराय में अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बलवंत सिंह पवार के नेतृत्व में सुहेलदेव पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री उप्र सरकार व फायर ब्रांड नेता ओमप्रकाश राजभर के विचारों को मध्य नज़र रखते हुए सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की सदस्यता ली। पार्टी के जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला ने सैकड़ो लोगों को प्राथमिक रसीद काटकर एवं पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया और कहा हम सब नेताजी ओमप्रकाश राजभर के विचारों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे समाज में जागरूकता लाएंगे। कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ ने जिलाअध्यक्ष बलवंत सिंह, पवार सिंह, हुकम सिंह, सतीश कुमार, कमल सिंह, विजेंद्र कुमार, चतर सिंह, गजेंद्र सिंह, अजय कुमार, राजू सिंह, क्षितिज कुमार, रोशन कुमार, छोटे सिंह, शोभन सिंह, योगेश विनय, टीकम सिंह, बलबीर सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# सेहत का उत्सव : वृद्धावस्था स्वास्थ्य जागरूकता शिविर एवं संगोष्ठी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** आस्था सेंटर फॉर जेरियाट्रिक मेडिसिन, पैलिएटिव केयर हॉस्पिटल, हॉस्पिस एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति (भावना), लेट एस.सी. त्रिवेदी मेमोरियल ट्रस्ट, और साउथ एशियन जर्नल ऑफ जेरियाट्रिक मेडिसिन, पालीएटिव केयर एंड हॉस्पिस के साथ मिलकर सेहत का उत्सव नामक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। यह शिविर 8 दिसंबर को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक महानगर स्थित विदिशा पार्क में आयोजित हुआ। शिविर को शानदार प्रतिक्रिया मिली, जिसमें 740 से अधिक लोग उपस्थित हुए जिसमें हर आयु वर्ग के लोग मौजूद थे और यह शिविर वरिष्ठ नागरिकों की जरूरतों के अनुसार स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित था। इस कार्यक्रम में मुख्य



अतिथि न्यायमूर्ति श्री राजीव सिंह एवं श्री असीम अरुण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण और एससी/एसटी कल्याण ने इस शिविर की शुरुआत अपने आशीर्वाद से की और अपनी उपस्थिति से इसे सम्मानित किया। न्यायमूर्ति श्री राजीव सिंह जी ने आस्था सेंटर और भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति के संयुक्त प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, ÷सेहत का उत्सव यह दिखाने का उत्कृष्ट उदाहरण है कि कैसे सामुदायिक भागीदारी वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य के अंतर को भर सकती है, उन्हें स्वस्थ और गरिमापूर्ण जीवन जीने में सक्षम बना सकती है। श्री। असीम अरुण जी ने सेहत का उत्सव शिविर के बारे में कहा कि यह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक प्रेरणादायक प्रयास है। यह न केवल बुजुर्गों की स्वास्थ्य देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाता है, बल्कि उन्हें सम्मान और गरिमा के साथ जीवन जीने के लिए सशक्त भी करता है। आस्था जेरियाट्रिक सेंटर की यह पहल सराहनीय है और दूसरों के लिए एक मिसाल है।

# जिला कारागार फतेहगढ़ से 1000 काऊ कोट से भरे वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया




**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिला मुख्यालय स्थित जिला कारागार फतेहगढ़ में जिलाधिकारी डॉक्टर वीके सिंह के आदेश पर जेल में कटे फटे पुराने कंबलों एवं जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई जूट की बोरियों से निर्मित 1000 एक हजार काऊ कोट जनपद की विभिन्न गौशालाओं में रह रहे निराश्रित गौवंशों को सर्दी से बचाव हेतु डॉ नीरज गौतम मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, डॉ मनोज शर्मा उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं डॉ भूपेंद्र उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को उपलब्ध कराए गए। इस संदर्भ में जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय के आदेश पर जेल में बंदियों द्वारा युद्ध स्तर पर गौवंशों को सर्दी से बचाने के लिए श्रम करके काऊ कोट बनाए जा रहे। काऊ कोट को बनाने में जूट बोरी के अतिरिक्त अन्य सभी व्यय जिला प्रशासन द्वारा वहन किया जा रहे है । डॉ नीरज गौतम मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि निराश्रित गौ वंशों के लिए इतनी अच्छी व्यवस्था जेल और जिला प्रशासन के सहयोग से केवल जनपद फर्रुखाबाद में ही की गई है अन्य किसी जनपद में ऐसी व्यवस्था अभी तक नहीं हुई है। आज एक कार्यक्रम में जेल से 1000 एक हजार काऊ कोट की पहली खेप को जिला पशुधन विभाग की गाड़ियों के माध्यम से विभिन्न गौ शालाओं में भेजा गया गया । जेल से आज काऊ कोट लदी गाड़ियों के काफिले को भीमसैन मुकुंद जेल अधीक्षक और डॉ नीरज गौतम मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जनपद की गौशालाओं को रवाना किया। इस अवसर पर सीवीओ ने जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद के ऐसे पुण्य कार्य की प्रशंसा की गई।


# मनबुद्धि किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर निवासी एक 16 वर्षीय किशोरी सिवान के बाहर बकरी चरा रही थी। अकेला देखकर दो मनबढ़ उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगे। शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गए। पीड़िता के पिता ने आरोपियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी से मोहम्मदपुर निवासी एक 16 वर्षीय मनबुद्धि की किशोरी गांव के सीवान के बाहर बकरी चरा रही थी। उसी दौरान गांव के दो मनचले उसे अकेला देखकर उसके साथ छेड़छाड़ करने के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगे थे। किशोरी द्वारा शोर करने पर दोनों आरोपी फरार हो गए। घटना 26 नवंबर को शाम 4.30 बजे की थी। पीड़ित द्वारा 27 नवंबर को थाने पर शिकायत दर्ज कराया था। लेकिन एक पुलिस कर्मी पीड़ित के स्वजन को कारवाई करने का आश्वासन देते हुए घुमा रहा था। पीड़ित द्वारा तीसरी बार थाने में शिकायत दर्ज कराया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी राकेश सिंह ने कहा की तहरीर मिली है।

# अधिवक्ता के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रामकेर सिंह का रविवार की देर शाम एम्स गोरखपुर में निधन हो गया है। वे करीब तीन महीने से बीमार थे। सोमवार को उनका दाह संस्कार कालेसर स्थित मोक्षधाम पर किया गया। तहसील बार एसोसिएशन सभागार में एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार त्रिपाठी की अध्क्षयता में एक शोक सभा आयोजित की गयी जिसमे अधिवक्ताओं ने उनके निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजंलि दी। संचालन मंत्री राघवेंद्र सिंह ने किया। शोक सभा मे वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश चंद गौड़, संतोष केसरी, जितेंद्र पाल गुप्ता,इंद्रेश प्रसाद, बलिकरन प्रसाद,सतीश कन्नौजिया, अभिषेक कन्नौजिया, रामशीष सिंह, रणंजय यादव सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# निःशुल्क मेडिकल कैंप एवं भंडारा कार्यक्रम का आयोजन



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** मान्यवर कांशीराम कॉलोनी लौलाई चिनहट लखनऊ में खाटू श्याम बेलफेयर फाउंडेशन की तरफ से निःशुल्क मेडिकल कैंप एवं भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रबंधन निदेशक- संजय रामरायका जी डायरेक्टर- डा ज्ञानेन्द्र सिंह, डा एम के शर्मा, विनोद प्रजापति जी अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। कालोनी के सम्मानित समाज सेवक- सरोज कुमार पासवान, बृजकिशोर वर्मा, अमरजीत, संजय यादव उर्फ अन्ना, मोश्र राशिद, विनोद, रामफेर पासवान, नगीना देवी, लालमनी देवी अन्य हज़ारों की संख्या मे कॉलोनी वासी लोग उपस्थिति रहे। उत्साह का माहौल रहा हैं।

# पण्डित बेअदब लखनवी व आनन्द श्रीवास्तव को मिली विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ की सुप्रसिद्ध भास्कर साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था के तत्वावधान में अलीनगर सुनहरा, कृष्णानगर, लखनऊ स्थित एस एस डी पब्लिक स्कूल के मानव धर्म मन्दिर प्रांगण में संस्था के पांचवें स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार यदुनाथ सुमन ने की।

अमलेश अमल मुख्य अतिथि, शिवनाथ सिंह शिव विशिष्ट अतिथि, वरिष्ठ शायर डॉ एल पी गुर्जर व कवयित्री डॉ कुसुम चौधरी अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ मंचस्थ अतिथियों द्वारा सुरसति माँ के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर डॉ प्रेस शंकर शास्त्री बेताब के कुशल संचालन एवं सुमधुर वाणी वन्दना से हुआ। प्रेम शंकर शास्त्री



बेताब ने पढ़ा -पकड़कर हाथ की चलना जो सिखाता है। पण्डित बेअदब लखनवी ने पुलिस विभाग के जांबाजों पर फख्र जताते हुए पढ़ा - निकलते रातों में काली, जो सीना तानकर यारों। है उनकी बात मतवाली, जो जीना जानते यारों।। शिवनाथ सिंह शिव ने पढ़ा - सबको मिले सम्मान, ऐसा मंत्र चाहिए। होवे नहीं अन्याय, ऐसा तंत्र चाहिए।। न धर्म भाषा की हो बंदिशें। जनतंत्र की सेवा का मूल मंत्र चाहिए।। श्रीमती शोभा सहज ने पढ़ा - कभी तेरी आँखों में सपने नहीं आते हैं। डॉ राम राज भारती ने पढ़ा - सज्जनों के साथ मीठे, दो बोल जिन्दगी है। कुंवर आनन्द श्रीवास्तव ने पढ़ा - यूँ वक्त बेवक्त मेरे घर पर मत आइयेगा। नीतू आनन्द श्रीवास्तव ने पढ़ा - वक्त रहते स़ज़र इक लगा लीजिए, हो कड़ी धूप पर छांव मिलती रहे। अशोक विश्वकर्मा गुंजन ने पढ़ा -सबको जाना एक दिन, पहले या फिर बाद। ऐसा कर लो कार्य तुम, याद करे संसार। कन्हैया लाल जायसवाल ने पढ़ा -बात का कितना पड़े प्रभाव, स्वजन का लगता नहीं अभाव। चन्द पल हो या लम्बी भेंट, बना लेती है दिल में डाँव। शायर अनिल चौधरी ने पढ़ा - वक्त बदलेगा ये हालत बदल जाएंगे। लोग बदलेंगे ख़यालात बदल जाएंगे।। कृष्ण कुमार मौर्य सरल ने पढ़ा - गंगा जमुना की रवानी नहीं बचा पाए। अपने पुरखों की निशानी नहीं बचा पाए।। चांद पर पानी ढूंढ़ने की होड़ है लेकिन। हम अपनी आँखों का पानी नहीं बचा पाए।। अमलेश अमल ने पढ़ा - दर्द हो जाता है दूर जब भी वो हुआ करती है, मर के भी जो जीवन दे दे, वो माँ ही हुआ करती है।

इनके अतिरिक्त मंचस्थ डॉ एल पी गुर्जर, डॉ कुसुम चौधरी, यदुनाथ सुमन, व लखनऊ शहर के डॉ गोबर गणेश, डॉ अरविंद रस्तोगी, डॉ अर्श लखनवी, देवेंद्र पाण्डेय, ज्ञान प्रकाश रावत, मुकेशानन्द, डॉ शरद पाण्डेय शशांक, डॉ अल्का अस्थाना, पवन कुमार जैन, रामानन्द सैनी, डॉ राकेश प्रताप सिंह, डॉ साहब दीन दीन, श्रीमती मंजू सैनी आदि ने भी सुन्दर काव्य पाठ किया।

# भारतीय किसान यूनियन की मासिक मीटिंग का आयोजन



**नजीबाबाद अवधनामा संवाददाता।** नजीबाबाद गन्ना समिति में भारतीय किसान यूनियन की मासिक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसमें किसानों द्वारा कहा गया कि एम एसपी सरकार द्वारा शीघ्र शुरू की जाए, नलकूपों के बिल बिना किसी शर्त के माफ किए जाएं। भारतीय किसान यूनियन विद्युत विभाग के निजीकरण का पुरजोर विरोध करती है। अगर सरकार द्वारा विद्युत विभाग का निजीकरण किया गया तो किसान यूनियन बड़ा आंदोलन करने पर बाध्य होगी। टूटी फुटी खस्ताहाल सड़कों की जल्द से जल्द मरम्मत की जाए, सैदपुरी से चमरौली तक की नई सड़क का शीघ्र निर्माण कराया जाए। गन्ना घटतोली पर रोक लगे, संबंधित अधिकारी क्रय केंद्रों पर छापेमारी करे, गन्ना बीज कुंतल के भाव दिया जाए। ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार ने कहा कि भ्रष्ट और रिश्वतखोर अधिकारियों पर कार्रवाई हो, तथा किसानो की समस्या का गहनता से ससमय निस्तारण किया जाए। मीटिंग की अध्यक्षता अवनीश कुमार तथा संचालन संजीव कुमार ने किया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार, मदन सिंह जिला उपाध्यक्ष, सुनील कुमार उपाध्याय, महेंद्र सिंह, अजय सिंह, सोमवीर, राम अवतार, रोहित, दुष्यंत, रजत, डोरी सिंह पहलवान, विजय पहलवान, मो इकराम, सरफराज़ अहमद मीडिया प्रभारी एवं तमाम यूनियन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला ने दरोगा अन्य पुलिस कर्मियों के विरुद्ध एसपी को सौंपा प्राथना पत्र, लगाए गम्भीर आरोप

**नजीबाबाद अवधनामा संवाददाता।** एक महिला द्वारा थाना नजीबाबाद में तैनात एक दरोगा और पुलिसकर्मियों पर उसके घर में जबरन घुसकर स्नानगृह का दरवाज़ा तोड़ने और महिला को बेपर्दा करने और न्यायालय के आदेशों को अवहेलना करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की। महिला ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा से न्याय की गुहार लगाई। नजीबाबाद थाना के मौहल्ला जाब्तागंज चारबाग निवासी नफीस की पत्नी ने बिजनौर पहुंच कर पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में कहा कि एक मामले को लेकर उसके पति की गिरफ्तारी के लिए बीते 20 सितंबर को थाना नजीबाबाद में तैनात दरोगा सुभाष यादव और तीन चार पुलिसकर्मी उसके घर में जबरन घुस आए, उस समय प्रार्थनी स्नानगृह में स्नान कर रही थी, आरोप है कि पति को पकड़ने के चक्कर में पुलिस टीम ने स्नानगृह का दरवाजा जबरन तोड़ दिया, जिससे वह बेपर्दा हो गई, महिला के शोर मचाने पर उसके पति नफीस छत से आ गए, पति ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद से एन्टी सिपटरी बेल आदेश दिखाया, जिसमें न्यायालय ने आदेश में लिखा था कि पुलिस उसे न पकडे, लेकिन उसके बाद भी पुलिस ने उसके पति को हिरासत में ले लिया।

# सोलर लाइट की दूधिया रोशनी से जगमग होगा नगर निगम विस्तारित क्षेत्र की सड़कें



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** नगर निगम के विस्तारित क्षेत्र की सड़कें सोलर लाइट की सफेद रोशनी से चमकेंगी। इसके लिए नगर निगम द्वारा विस्तारित क्षेत्र के 42 गावों में 4500 सोलर लाइटें लगाने जा रहा है। महानगर के नया पुरवा रामचन्द्र दास परमहंस वार्ड में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने भूमि पूजन कर सोलर लाइटें लगने का शुभारंभ किया। कार्यदायी संस्था यूपी नेडा द्वारा लाइटों को लगवाने का कार्य किया जा रहा है। नगर निगम लगातार विस्तारित क्षेत्र में महानगर स्तर की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। नगर निगम द्वारा मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंर्तगत विस्तारित क्षेत्र की 62 सड़कों का विकास किया जा रहा है।

इस दौरान महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि रामनगरी पीएम नरेन्द्र मोदी तथा सीएम योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं में है। महानगर में विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। रामनगरी सूर्यवंश के राजाओं के राजधानी है। इसे सोलर सिटी के रूप विकसित किया जा है। जिसके तहत नगर निगम के विस्तारित क्षेत्र के 42 गावों में 4500 सोलर लाइटें लगाई जाएंगी। स्वच्छ और सुन्दर अयोध्या की परिकल्पना के आधार पर सफाई व्यवस्था को उच्चकोटि का बनाया जा रहा। महानगर वासियों की अपेक्षा पर खरा उतरने के लिए नगर निगम कृत संकल्पित है।

इस दौरान पार्षद कृष्ण गोपाल, यदुनाथ यादव, प्रवीण नाथ पांडेय, अनिल, यूपीनेडा के अधिकारी प्रवीण नाथ पाण्डेय सहित नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में कोरी समाज निर्णायक भूमिका में

अवधनामा संवाददाता

**बीकापुर -अयोध्या।** विधानसभा मिल्कीपुर में आसन्न विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर बसपा द्वारा अपना उम्मीदवार वापस लेने के बाद सभी राजनीतिक गुणा गणित गड़बड़ा गए हैं। कोरी दलित वर्ग की खासी तादाद के चलते आरक्षित वर्ग की इस विधानसभा सीट में कोरी दलित मतदाता निर्णायक मोड़ में आ गए हैं। बसपा द्वारा पूर्व में कोरी दलित समाज से उम्मीदवार घोषित करने के बाद बसपा की स्थिति मजबूत बनी हुई थी। लेकिन नौ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे से हताश बसपा प्रमुख मायावती द्वारा उम्मीदवार न उतरने के ऐलान के बाद अब भाजपा से टिकट मांग रहें कोरी समाज के उम्मीदवार के



अलावा सपा में उम्मीदवारी की ताल ठोक रहे एक अन्य उम्मीदवार अपनी मजबूत दावेदारी के बल पर भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर रावण के संपर्क में हैं।

सूत्रों की माने तो मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में कोरी दलित समाज की मतदाताओं की तादाद पर आधारित शक्ति को भापते हुए भीम आर्मी इसी समाज के उम्मीदवार को उतारने की रणनीति पर विचार कर रही है। फिलहाल आने वाले उप चुनाव में कोरी कोरी दलित समाज की भूमिका महत्वपूर्ण होने के आसार दिखाई दे रहे हैं। बदले हुए राजनीतिक परिदृश्य में भारतीय जनता पार्टी से दावा करने वाले कोरी समाज के उम्मीदवार मुकुल आनंद तथा राधेश्याम त्यागी के मध्य जोर आजमाइश स्वाभाविक रूप से दिखाई पड़ने लगी है। मुकुल आनंद का युवा चेहरा तथा उनका परास्नातक डिप्लोमा शैक्षिक व्यक्तित्व उनकी दावेदारी को मजबूत बना रहा है तो वहीं दूसरी ओर राधेश्याम त्यागी के पास भी वर्षों का संगठन अनुभव उनकी ढाल बना है। फिलहाल भाजपा को अभी तक अपनी रणनीति पर कोरी समाज को ध्यान में रखते हुए नए सिरे से मंथन करने को मजबूर होना पड़ रहा है। जिसमें आने वाले समय में भाजपा इसी वर्ग के प्रत्याशी को उम्मीदवार बनाकर सबको चौंका सकती है।

## 14 दिसम्बर को श्रीराम विवाह महोत्सव का आयोजन होगा संपन्न

**अयोध्या।** ऐहार रुदौली क्षेत्र में 14 दिसंबर को होने वाले श्रीराम विवाह महोत्सव को लेकर तैयारियां की जा रही है, कार्यक्रम स्थल पर समिति के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह व अन्य पदाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया।श्रीराम विवाह महोत्सव समिति के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि श्री राम विवाह महोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है, जिसमें आसपास व दूर दराज से बड़ी संख्या में लोग पहुंच कर शामिल होते हैं।

## अधिवक्ता हित के लिए संकल्पित है गिरीश चंद्र तिवारी

**अयोध्या।** अधिवक्ता संघ फैजाबाद अयोध्या में चुनावी प्रक्रिया के तीसरे दिन दो सेट में महामंत्री पद के लिए गिरीश चंद्र तिवारी ने अपना नामांकन भरा इसमें उनके प्रस्तावक वर्तमान रिज्यूम के संयुक्त मंत्री राजेश श्रीवास्तव वह धर्मेंद्र राव रहे वर्ष 2024 के रनर रहे महामंत्री पद के प्रत्याशी गिरीश चंद्र तिवारी ने अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए वर्ष 2025 का पूर्ण आशा एवं विश्वास के साथ पर्चा दाखिल किया। जिसमें अधिवक्ताओं के हित के लिए वर्तमान संघ द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संचालन में आ रही दिक्कतों का निस्तारण संघ की अस्मिता बचाए रखना और अधिवक्ताओं के हित की लड़ाई लड़ने के साथ महिलाओं के बैठने और वॉशरूम की व्यवस्था बुजुर्ग अधिवक्ताओं के पेंशन कन्या धन मेडिकल के साथ अन्य लाभ की योजनाओं का संचालन संघ के अनुमति से करने के लिए कृत संकल्पित है।

## विद्युत भोक्ताओ को एक मुश्त समाधान योजना के तहत लगाया शिविर



**जैदपुर बाराबंकी।** तमाम बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा व छूट हेतु विद्युत वितरण उपखंड जैदपुर में एक मुश्त समाधान योजना पर दिया जा रहा है जमकर जोर, लोगों की जानकारी हेतु लगातार प्रचार होने के साथ अधीकारी भी कर रहे हैं आम जनता से अपील। जानकारी के अनुसार विद्युत वितरण उपखंड 33/11 जैदपुर पर एक मुश्त समाधान योजना के संबंध में लगातार प्रचार प्रसार जारी है कार्यकर्ता हर मोहल्ला में घर घर जाकर जहां एक तरफ इस बड़ी योजना में सामिल होकर लाभ उठाने की बात बताकर लोगों को जागरूप कर रहे हैं वहीं एस डी संदीप सिंह भी तमाम विघुत उपभोक्ताओं से इस योजना का लाभ उठाने की अपील करते नजर आ रहे हैं। जबकि जूनियर इंजीनियर मिर्जा प्रवेज हुसैन भी एक मुश्त योजना के लाभ हेतु लोगों को सुझाव देते देखें जा रहे है । एस डी ओ संदीप सिंह ने बताया कि एक मुश्त समाधान योजना (ओ,टी,एस) के बारे में बताया और निर्देश दिए कि प्रत्येक कर्मचारी एक मुक्त समाधान योजना (ओ,टी,एस का प्रचार प्रसार अपने-अपने फीडर पर करें और बकायेदारों को एक मुफ्त समाधान योजना (ओ,टी,एस) के बारे में बताएं और ज्यादा से ज्यादा बकायेदारों का बिल जमा करा कर इस योजना का लाभ दिलाए।

# पब्लिक स्कूल के प्रबंधक ने छात्र को पीटा शिकायत करने पर छात्र के चाचा से की अभ्रदता

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धौर बाराबंकी।** सिद्धौर ब्लॉक के कोठी थाना क्षेत्र के पंडित ब्रह्मदत्त मेमोरियल पब्लिक स्कूल मानस विहार उचिटा में सोमवार को कक्षा दो के छात्र को प्रबंधक ने पीट दिया इसकी शिकायत लेकर उसका चाचा स्कूल पहुंचा प्रबंधक ने उससे भी अभ्रदता करते हुए जमीन पर धकेल दिया इसकी शिकायत पर पुलिस ने प्रबंधक को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज किया है उधर, सूचना पर बीईओ सिद्धौर ने भी स्कूल पहुंचकर जांच की है मान्यता व भवन नक्शा आदि संबंधित अभिलेख तलब किए हैं। जानकारी के अनुसार आपको बता दें कि सिद्धौर ब्लॉक के कोठी थाना क्षेत्र के अरूई गांव स्थित पंडित ब्रह्म दत्त मेमोरियल पब्लिक स्कूल



मानस विहार उचिटा है। यहां सैदपुर पोराई गांव निवासी शिवदीप वर्मा पुत्र फतेह बहादुर का पुत्र आर्यन वर्मा कक्षा दो का छात्र है जो सोमवार को वह स्कूल गया था। पढ़ाई को लेकर प्रबंधक शैलेश तिवारी ने उसे पीटकर स्कूल से खदेड़ दिया वह रोते हुए घर पहुंचा उसके चाचा कुलदीप वर्मा ने देखा कि उसकी आंख पर गंभीर चोट लगी थी तत्काल कुलदीप स्कूल पहुंचे इस बाबत में पूछताछ में प्रबंधक आग बबूला होते हुए अभ्रदता कर उसे धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया पिता की शिकायत पर इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह ने प्रबंधक को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज किया है। उधर, सूचना पर पहुंचे बीईओ सिद्धौर प्रमोद कुमार उपाध्याय भी विद्यालय पहुंचकर जांच पड़ताल की है। उन्होंने बताया कि विद्यालय भवन के नक्शा व मान्यता आदि संबंधित दस्तावेज तलब किए गए। यदि मान्यता से अधिक कक्षाएं संचालित होना प्रकाश में आया तो विद्यालय सीज कर दिया जाएगा। वही क्षेत्र में सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है की शिक्षा ग्रहण करने को लेकर?250 से लेकर ?500 तक वसूली की जाती है और इतना ही नहीं जो बच्चों को ले जाने वाली वैन गाड़ी का किराया?300प्रति बच्चों से महीने वार लिया जाता है जो की 1 किलोमीटर के अंदर वसूली कि जाती है।

## रामनाथ बने उपनिरिक्षक

जैदपुर बाराबंकी। थाना में तैनात हेड कांस्टेबल से उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति होने पर थाना प्रभारी ने स्टार लगाकर दी शुभकामनाएं। बाराबंकी जिले के जैदपुर थाना में तैनात हेड कांस्टेबल रामनाथ प्रसाद को उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति होने पर सोमवार करीब 1 बजे थाना प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह व वरिष्ठ उप निरीक्षक योगेंद्र मिश्रा द्वारा कंधे पर स्टार लगाकर शुभकामनाएं दी गई है।


# सड़क हादसे में बाइक सवार दो की मौत

अवधनामा संवाददाता

**रामनगर बाराबंकी।** थाना रामनगर क्षेत्र के लखनऊ गोंडा हाईवे पर हुए सड़क हादसे में लखनऊ के बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा। रामनगर थाना क्षेत्र के लखनऊ गोंडा राष्ट्रीय राजमार्ग-बहराइच पर दुर्गापुर मोड़ के पास बीती रात करीब 11 बजे गोण्डा की तरफ से अपने घर लखनऊ लौट रहे बाइक सवार सद्दाम (25)व मोहम्मद जैद(28)निवासी खुशहाल गंज लखनऊ जब दुर्गापुर मोड़ पंहुचे तो बाइक अन्यत्रित होकर आगे चल रही ट्रक में जा घुसी जिससे उस पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से दोनो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र रामनगर पहुंचाया जहाँ डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। घटना से रोड पर लगा जाम ~ सड़क हादसे से पूरे हाइवे पर दोनो तरफ जाम लग गया जिससे यात्री परेशान रहे। करीब दो किलोमीटर लगे लम्बे जाम में सैकड़ो वाहन फंसे रहे।बड़ी मशक्कत के बाद पुलिस जाम हटवाकर यातायात सामान्य कर सकी।एसएचओ अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया की ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।बाइक के नंबर के आधार पर युवकों का पता लखनऊ का निकला जिससे परिजनों को सूचना दे दी गई थी।

# डबल कांटे का कमाल बिचौलिया हो रहे मालामाल

## योगी सरकार की जीरो टॉयलेट्स नीति धान खरीद में रह गई धरी की धरी



खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश
खरीद सारांश
क्रय केंद्र का नाम : PCU एस०एस० लि० भावलखेड़ा शाखा रौजा मण्डी - रेलवे सेटलमेंट रोजा नगर पंचायत
जनपद : शाहजहाँपुर
क्रय एजेंसी : उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव यूनियन (UPCU)
केंद्र का प्रकार : क्रय केंद्र
खरीफ विपणन वर्ष :
फसल :
(दर्शाया गया डाटा दिनांक 09/12/2024 समय 04:30 AM तक का है)

| क्र० सं० | तिथि | किसान की संख्या | कुल खरीद(मी०टन०) | कुल भुगतान हेतु धनराशि(रु०) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 07/12/2024 | 5 | 59.200000 | ₹13,73,440.0 |
| 2 | 06/12/2024 | 7 | 58.320000 | ₹13,53,024.0 |
| 3 | 05/12/2024 | 5 | 55.680000 | ₹12,91,776.0 |
| 4 | 04/12/2024 | 4 | 58.600000 | ₹13,59,520.0 |
| 5 | 03/12/2024 | 4 | 59.880000 | ₹13,89,216.0 |
| 6 | 02/12/2024 | 8 | 50.760000 | ₹11,77,632.0 |
| 7 | 30/11/2024 | 8 | 58.040000 | ₹13,43,696.0 |
| 8 | 29/11/2024 | 5 | 55.160000 | ₹12,79,712.0 |
| 9 | 28/11/2024 | 7 | 59.960000 | ₹13,91,072.0 |
| 10 | 27/11/2024 | 5 | 60.000000 | ₹13,92,000.0 |
| 11 | 26/11/2024 | 8 | 60.000000 | ₹13,92,000.0 |

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर** फर्जी सत्यापन पर हो रही धान खरीद में रोजा मंडी के अंदर लगे धान खरीद केंद्र पूरे जनपद में तहलका मचाए हुए हैं, यहां पर पूरे जनपद के फर्जी किसान फर्जी कागज बनवाकर सरकार को बड़ा चूना लगा रहे हैं। मंडी के अंदर लगा PC स्स लिमिटेड भांवलखेड़ा शाखा रौजा मंडी पर बड़ा फर्जी वाड़े का खेल खेला जा रहा है। 26 नवंबर से इस केंद्र का डबल कांटा कर दिया गया डबल काटा जब किया गया जब आवक ना के बराबर हो गई यह जिम्मेदारों के लिए बड़ा प्रश्न है। डबल कांटा होते ही भ्रष्टाचार इस केंद्र के साथ-साथ मंडी में लगे डबल कांटे वाले सभी केंद्रों पर जमकर होने लगा।यहां पर शैलेंद्र सिंह निवासी ढकिया तिवारी तहसील तिलहर के नाम 140 कुंतल धान खरीद दर्शीई गई खाता संख्या 253 सत्यापन कराया गया खतौनी के अनुसार जिस खाता संख्या पर सत्यापन होकर खरीद दर्शीई गई वह खाता संख्या निलेश त्रिपाठी नवीन त्रिपाठी निवासी ढकिया तिवारी के नाम खतौनी में दर्ज है, यहां पर राजविंदर कौर से 174 कुंतल धान 7 दिसंबर को खरीद दर्शीई गई जिसमें पता के जगह पर मंदिर लिखा हुआ है। यहीं पर हबीबुल्लाह मस्जिद वाली गली से भी 108 कुंतल 40 किलो 26 नवंबर को खरीदा गया सुमित मिश्रा आदर्श नगर कॉलोनी से 99 कुंतल 60 किलो 27 नवंबर तो वही 95 कुंतल 60 किलो 6 दिसंबर को खरीदा गया यहां पर संजय कुमार पता बहादुरपुर डालकर 119 कुंतल 20 किलो 29 नवंबर को खरीदा तो वही इन्हीं से 112 कुंतल 80 किलो 3 दिसंबर को भी खरीद लिया गया यहां पर भानु प्रताप पता जमुई से 132 कुंतल खरीदा गया तो वही रघुवीर सिंह मुजफ्फरपुर से 30 नवंबर को 100 कुंतल 6 दिसंबर को 100 कुंतल खरीदा गया यहीं पर आशु सिंह जमुई से 161 कुंतल 60 किलो 2 दिसंबर तो वही पिया अल्लाह नाम के किसान से खाता संख्या 379 ऊन कला निगोही के नाम से 161 कुंतल 20 किलो 7 दिसंबर को खरीदा गया लेकिन खाता संख्या 379 पर अकबरी बेगम का नाम खतौनी में दर्ज है।

धान खरीद में जनपद में बड़े भ्रष्टाचार को इल्जाम दिया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार आखिर क्यों आंख कानो को बंद किए हुए हैं।सबसे ज्यादा फर्जी सत्यापन तहसील तिलहर में किया जा रहा है, क्योंकि जनपद का शायद ही ऐसा कोई धान खरीद केंद्र होगा जिस पर तिलहर तहसील के किसानों के नाम खरीद दर्ज न हुई हो।

## चड्ढा ग्रुप के जीएम अशोक तिवारी के ठेंगे पर सरकारी आदेश



अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में रात दस बजे के बाद शराब की दुकान खोले जाने की मनाही है, ऐसा करने पर ठेका निरस्त करने के निर्देश हैं, लेकिन शाहजहांपुर में चड्ढा ग्रुप के जीएम अशोक तिवारी के छत्र छाया में आधी रात तक में ग्रुप की दुकानों में आप शराब खरीद सकते हो, लेकिन इसके लिए आपको कीमत ज्यादा चुकानी पड़ेगी। शाहजहांपुर महानगर के मोहल्ला बहादुरगंज की लोहा मार्केट का है, जहां चड्ढा ग्रुप की बियर, अंग्रेजी और देशी शराब की दुकानें हैं। यह दुकानों अपने निर्धारित समय से पहले खुलती हैं और रात जब तक सेल्समैन की इच्छा होती है शराब बिकती रहती है। रात 10 बजे दुकान बंद करने के निर्देश हैं, दुकान बाकायदा अपने टाइम पर बंद हो जाती है लेकिन असली खेल इसके बाद शुरू होता है। जो लोग शराब लेने से छूट जाते हैं वह यहां आकर शटर के नीचे से बियर, अंग्रेजी या देशी शराब खरीद लेते हैं। इसके लिए उन्हें ज्यादा कीमत चुकानी पड़ती है। बाकायदा दुकान के अंदर बैठकर सेल्समैन बाहर खड़े लोगो को शराब मुहैया करवाता रहता है। बीती रात किसी ने इस खेल का वीडियो बना लिया। वीडियो में कुछ लोग दुकान पर खट खट करते हैं अंदर से आवाज आती है, जिसे जो चाहिए होता है उसे अंदर से दे दिया जाता है। कीमत पहले देनी होती है फिर माल बाहर देते दिखाई पड़ रहा है।

वीडियो सोशल मीडिया मे वायरल हो रहा है।ऐसा नहीं कि यह खेल पुलिस या आबकारी विभाग से छुपा हो लेकिन मिलीभगत के कारण यह खेल हर रोज बेखौफ होकर चलता है। इन शराब की दुकानों पर कभी कोई कार्यवाही नहीं की है इसका एक बड़ा कारण भी है, क्योंकि इन शराब की दुकानों में से एक पर चड्ढा ग्रुप के जीएम अशोक तिवारी का साला काम करता है।

इसी तरह अशोक तिवारी का एक भाई कांट में दुकान पर सेल्समैन बना बैठा है। अब देखने वाली बात होगी आधी रात में चोरी से ओवर रेट शराब बेचने वालों के खिलाफ आबकारी विभाग क्या कार्यवाही करता है? क्या आबकारी अधिकारी इस ठेके को निरस्त करने की कार्यवाही करेंगे या फिर हर बार की तरह इन्हें भी अभयदान दिया जाएगा

## लक्ष्मीपुर खुर्द गांव में बच्चों में पल्स पोलियो खुराक दी

**निचलौल (महराजगंज)।** निचलौल तहसील अंतर्गत के लक्ष्मीपुर खुर्द में पल्स पोलियो अभियान के तहत आशा कार्यकर्त्रियों द्वारा बूथ लेबल पर स्कूल, मदरसा व गांव में घर घर पहुंच कर शून्य से पांच साल के बच्चों में दो बूंद जिंदगी की पिलाई गई। इस दौरान सभी परिवार के लोगों को इस अभियान में सहभागिता देकर सफल बनाने का आह्वान किया गया। आशा कार्यकत्री जन्नतुन निशा, रीमा मोदनवाल, मीरा रौनियार ने बताया कि आठ दिसंबर को गांव के प्राइमरी स्कूल में शून्य से पांच साल की उम्र के 162 बच्चे व मदरसा अरबिया अहले सुन्नत अजीजुल उलूम में कुल 36 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई है। वहीं नौ दिसंबर को गांव में घर घर पहुंच कर बूथ लेबल पर कुल 142 बच्चों में खुराक दी गई।

# ध्रुव नारायण पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना बाल मेला



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** ध्रुव नारायण पब्लिक स्कूल में सोमवार को धूमधाम से बाल मेला व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने भव्य रूप से स्टाल लगाएं। साथ ही समारोह में प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में निर्भय सिंह कक्षा में अच्छे प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया और संबोधन में कहा कि इस विद्यालय के बच्चों में प्रतिभा कूट-कूट कर भरी हुई है ,उन्होंने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की चतुर्मुखी विकास के लिए यह विद्यालय ऐसे आयोजनों से उनको उचित मंच प्रदान करता है, महानगरों में जो शिक्षा का स्तर है उस स्तर की उच्च शिक्षा व्यवस्था इस ग्रामीण अंचल में यह विद्यालय देने का कार्य कर रहा है यह पूरे पनियरा विधानसभा के लिए गौरव की बात है। विशिष्ट अतिथि के रूप में पनियरा चेयरमैन उमेश चंद्र जायसवाल व पनियरा ब्लॉक प्रमुख वेद प्रकाश शुक्ला जी उपस्थित रहे। ध्रुव नारायण पीजी कॉलेज के प्रबंधक डॉ आशीष मिश्रा ने विद्यालय परिवार के लक्ष्य के बारे में बताया और कहा कि यह पांचवीं पीढ़ी है जो शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है । उन्होंने सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के निदेशक जीवेश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के सह निदेशक आशुतोष मिश्र, उषा मिश्र, ध्रुव नारायण महिला महाविद्यालय के प्रबंधक अमृत मिश्रा, सीमा मिश्रा, उप प्रधानाचार्य बलराम पटेल, प्रतिभा त्रिपाठी, काजल मद्धेशिया, वंदना राव, अमृता,चंदा, खुशबू, बलराम सिंह ,ओमप्रकाश यादव, अरविंद पाण्डे, आकाश गुप्ता, प्रमोद ,सत्यम गुप्ता, शिवाकान्त दुबे सहित आदि लोगो का योगदान सराहनीय रहा ।

## एसपी ने सीसीटीएनएस ऑफिस व हेल्प डेस्क का किया उद्घाटन



**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने पनियरा थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने पनियरा सम्पूर्ण परिसर का भ्रमण करते हुए शस्त्रागार के शस्त्रों, हवालात, मेस, आरक्षी बैरक, तथा समस्त रजिस्टरों का अवलोकन करते हुये उनके रखरखाव की स्थिति का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय को चेक करते हुए साफ-सफाई रखने तथा राजकीय कार्यों को समय से पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया। उच्च गुणवत्तापूर्ण भोजन के साथ साथ स्वच्छ पर्यावरण व शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने राजकीय कार्यो को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु नव निर्मित सीसीटीएनएस कक्ष व महिला हेल्प डेस्क का फीता काटकर उद्घाटन किया गया । साथ ही उन्होंने थानो पर नियुक्त चौकीदारो से बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं को सुना गया व निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए ठंड के दृष्टिगत उनको कम्बल वितरण की गयी ।

## लापरवाही की भेट चढ़ी हर घर जल योजना

अवधनामा संवाददाता

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** केंद्र और प्रदेश सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना में से एक हर घर जल योजना के अंतर्गत गांव में पाइप लाइन बिछा कर और उसे टंकी से जोड़ कर गांव के लोगों को स्वच्छ पेय जल की आपूर्ति होनी है पर सिसवा विकास खंड के ग्राम पंचायत बढैयपुरवा उर्फ गौरी में उल्लेखित योजना के क्रियान्वयन से संबंधित धीमी रफ्तार से हो रहे कार्य विभागीय जिम्मेदार लोगों के लापरवाही की भेट चढ़ गई जिसका संबंधित के ऊपर कोई प्रभाव नहीं दिख रहा है। सिसवा विकासखंड के ग्राम सभा बढैयपुरवा उर्फ गौरी गांव में हर घर जल योजना के तहत मुख्य मार्ग पर लाखो रूपये की लागत से पानी की टंकी का निर्माण कार्य का 5 सितंबर 2022 में आरम्भ हुआ। इस कार्य को 18 माह में पूरा कर लेना था परंतु निर्धारित समय सीमा के बीत जाने के पश्चात करीब 27 माह के बाद भी अभी कार्य पूर्ण नहीं हो



सका । इस संबंध में पूछ ताछ के दौरान गांव के प्रधान दीनानाथ सिंह ने बताया कि ठेकेदार द्वारा न ही गांव में जलापूर्ति के लिये पाइप लाइन का कार्य पूरा किया गया है और न ही पानी की टंकी का ही निर्माण पूर्ण कराया गया है। एक से अधीक बार शिकायत करने के बाद भी किसी जिम्मेदार के कान पर जू नहीं रेंगता नजर आ रहा है। न ही कोई जिम्मेदार अधिकारी द्वारा आज तक कराए गए कार्य का स्थलीय सत्यापन ही किया गया है । जिसके कारण कार्य अधर में लटका हुआ है।

### सड़क हादसे में युवक की मृत्यु, अन्य दो गंभीर

**चिउटहां(महराजगंज)।** कोठीभार थानाक्षेत्र के सिसवा नगर स्थित सिसवा निचलौल मार्ग पर रविवार की देर रात्रि में एक मैरेज हाल के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दोनों की स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन परिजनों ने बेहतर इलाज कराने के लिए गोरखपुर लेकर चले गए। घटना की सूचना पर कोठीभार पुलिस मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली तथा शव का कब्जे में लिया।

## पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा के लिए जिले में नौ कॉलेजों को परीक्षा केंद्र हेतु अनुमोदन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की ओर से 22 दिसंबर को एक दिवसीय होने वाली पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा के लिए जिले में नौ कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाने के लिए अनुमोदन हुआ है। इनमें बुद्ध विद्यपीठ पीजी कॉलेज नौगढ़, रतनसेन डिग्री कॉलेज बांसी, तिलक इंटर कॉलेज बांसी, रतनसेन इंटर कॉलेज बांसी, बाबा हरिदास इंटर कॉलेज हनुमानगढ़ी उस्का बाजार, श्री सिहेंश्वरी इंटर कॉलेज तेतरी बाजार, बुद्ध विद्यापीठ इंटर कॉलेज बर्डपुर, जवाहर लाल नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज नौगढ़, किसान इंटर कॉलेज उस्का बाजार शामिल हैं। शासन के साथ ही जिलाधिकारी के निर्देशन में माध्यमिक शिक्षा विभाग परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष और नकल विहीन कराने के लिए कक्षा निरीक्षकों समेत जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के लिए सोमवार को डीआईओएस समर बहादुर सिंह की अगुवाई में मंथन हुआ। प्रस्ताव तैयार कर डीएम के समक्ष प्रस्तुत करेंगे, अनुमोदन उपरांत सभी को अधिकृत रूप से दायित्व सौंपे जाएंगे। इस दौरान राजकीय इंटर कॉलेज नौगढ़ के प्रधानाचार्य दयाशंकर यादव, राजकीय इंटर कॉलेज पचमोहनी के प्रधानाचार्य करूणाकांत, कार्यालय के लिपिकीय संवर्ग शामिल था। बताते चले कि पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा के लिए पहले 20 कॉलेजों के नाम को परीक्षा केंद्र बनाने के लिए मांगा गया था, पर शासन से सिर्फ नौ विद्यालयों को केंद्र के रूप में अनुमोदित किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक समर बहादुर सिंह ने बताया कि निर्देश के क्रम में जिले में नौ परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा कराने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है।

## समाजसेवी के निधन पर उमड़ा जनसैलाब



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र के खखरा बुर्जुग के हाजी करम हुसैन सल्फिया पब्लिक स्कूल व सोहास बाजार के हाजी करम हुसैन सल्फिया हास्पिटल के प्रबंधक डा फरीद अहमद सल्फी का लम्बी बिमारी के कारण रविवार देर मे उनके आवास पर निधन हो गया जिसकी जानकारी होते ही अगल बगल के लोग उनके आवास पर पहुंचने लगे। नेपाल राष्ट्रीय से भी सुबह होते ही उनके चाहने वाले घर पहुंचे हर व्यक्ति को डा फरीद अहमद सल्फी के निधन से आंखें नम दिखाई दे रही थी। क्यों की हर क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ रही चाहे वह राजनीति हो या खेल की दुनिया हो गरीबो व जरूरतमंद की भी मदद किया करते थे क्षेत्र के गरीब बच्चों को मुफ्त में शिक्षा भी अपने स्कूल में देते थे। उनके नमाजे जनाजा मे काफी संख्या में लोग महराजगंज, सन्त कबीर नगर व नेपाल देश से भी लोग आये।

## एसएसबी और पुलिस की संयुक्त टीम ने 10.20 ग्राम स्मैक किया बरामद



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** एसएसबी और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक आरोपित को 10.20 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए पकड़े गए आरोपित को न्यायालय भेज दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक एसएसबी और चौकी बढ़नी पुलिस टीम ने अर्जुन पुत्र जगप्रसाद निवासी वार्ड नं 3 लोहिया नगर बढ़नी को रेलवे क्रॉसिंग कल्लूनडिहवा से गिरफ्तार कर जामा तलाशी के दौरान सुरक्षा एजेंसियों की टीम ने पकड़े गए आरोपित के पास से 10.20 ग्राम स्मैक बरामद किया है। पकड़े गए आरोपित पर एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिक कार्यवाही करते हुए पकड़े गए आरोपित को माननीय न्यायालय भेज दिया गया। पकड़े गए आरोपित को गिरफ्तार करने वाली सुरक्षा एजेंसियों की टीम में चौकी प्रभारी बढ़नी अमला यादव, एसएसबी के सहायक उप निरीक्षक सुरजित कुमार, हे0 का0 धर्मेन्द्र मौर्या, हे0 का0 विजय गुप्ता, का0 साहिल यादव, समन्य सिम्मा दमादोर राव, श्याम राव चवान, जितेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## महिला को मोबाइल व पर्स दिलाने मे पुलिस ने दिखायी ततपरता



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जलालपुर कोतवाली पुलिस जनता के कार्य के प्रति समर्पित है। दूसरे प्रांत से आई महिला की मोबाइल व उसका पर्स कहीं रास्ते में गुम हो गया जिसे पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसका पर्स व मोबाइल ढूंढ निकाल कर पीड़ित महिला तक पहुंचाया। स्थानीय कोतवाली में मध्यप्रदेश राज्य से आई महिला आराधना धनमेरिया पुत्री सोहनलाल धनमेरिया उम्र 22 वर्ष निवासी मकान नंबर 18 कैलाश नगर गोविंदपुर भेल क्षेत्र जनपद भोपाल मध्यप्रदेश ने आकर सूचना दी कि वह अपने 03 वर्षीय पुत्र के साथ अपने ससुराल रमेश यादव पुत्र हरीराम यादव निवासी ग्राम कुलहिया पट्टी थाना मालीपुर जनपद अंबेडकर नगर जा रही थी तभी उसकी मोबाइल और मोबाइल के कवर के पीछे रखे कुछ पैसे कहीं गिर गए जिससे वह अपने ससुराल जाने में असमर्थ थी इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक जलालपुर द्वारा उप निरीक्षक योगेंद्र विक्रम सिंह, का. धनंजय यादव एवम म.का. स्मिता सिंह की एक टीम बनाकर सर्विलांस टीम की मदद से महिला का मोबाइल एवम उस कवर में रखा पैसा दिलवाया गया जिससे वह हंसी खुशी से अपने घर गई एवम जलालपुर पुलिस को धन्यवाद प्रकट की।

## पांच दिवसीय मजलिस का टांडा में हुआ समापन

**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर के मीरानपुरा स्थित हुसैनी हाल मे हज़रत फ़ात्मा ज़हरा सअ की शहादत पर आयोजित खमसा मजलिस का मौलाना नज़र मोहम्मद ज़ैनबी की मजलिस से समापन हुआ मजलिस को सम्बोधित करते हुए श्री ज़ैनबी ने कहा की हज़रत फ़ात्मा ज़हरा सअ दुनिया की औरतों की आदर्श है यही नहीं दुनिया की औरतों की खातूने जन्नत है जिनका मर्तबा पैगमबरे इस्लाम ने दिखाया और बताया है जिनकी ताज़ीम मे रसूले खुदा खुद उठ जाते थे मजलिस के अन्त मे रसूले ख़ुदा की बेटी पर पड़ने वाले मसायब को अपने मख़सूस अंदाज़ मे बयान कर सभी की ऑखें अश्क़बार कर दी मजलिस की शुरुआत तिलावते कलाम पाक से हुआ मजलिस के ततपश्चात नौहाख्वानी कामरान अशरफ़ ने की मजलिस मे बड़ी संख्या मे लोगों ने भाग लिया ख़ादिमाने ज़हरा की जानिब से आयोजित पांच दिवसीय मजलिस को सफ़ल बनाने के लिये सफी हसन फरमान हुसैन अलीशान आब्दी रेहान आदि सदस्यों की अहम भूमिका रही मजलिस का सीधा प्रसारण टांडा अज़ादारी यूट्यूब चैनल के माध्यम से आबिद हुसैन द्वारा लगातार दिखाया गया।

# नायब तहसीलदार के नेतृत्व में हुआ प्रस्तावित पार्क की जमीन का सीमांकन

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर विकास खण्ड अंतर्गत अमौली एकडेंगा गांव में जिलाधिकारी के निर्देश पर मनरेगा पार्क बनाना सुनिश्चित हुआ था। पार्क की प्रस्तावित जमीन पर

**अमौली एकडेंगा में बनेगा 50 लाख के लागत से मनरेगा पार्क**

फसल लगा रहने के कारण जमीन का सीमांकन नहीं हो पाया था जिसके कारण पार्क निर्माण शुरू नहीं हो पाया था। सोमवार को नायब तहसीलदार महबूब आलम के साथ पंहुची राजस्व टीम ने पार्क के जमीन का सीमांकन कर पार्क के निर्माण की समस्या समाप्त कराया।

भनवापुर के खण्ड विकास अधिकारी आलोक दत्त उपाध्याय ने बताया कि अमौली एकडेंगा गांव में लगभग 50 लाख रूपए की लागत से पार्क बनना है। प्रस्तावित जमीन पर गांव के लोग अतिक्रमण कर फसल लगा लिया था, जिसके कारण पार्क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया था। सोमवार को दिन में लगभग 3 बजे नायब तहसीलदार महबूब आलम की मौजूदगी में जमीन का सीमांकन कर कर कार्य शुरू कर दिया गया है। पार्क बन जाने से गांव के बच्चों और युवाओं के लिए खेलकूद के लिए बढ़िया जगह मिल जाएगा। उन्होंने बताया कि मनरेगा योजना के द्वारा मनरेगा पार्क का निर्माण कराया जाएगा। भूमि सीमांकन के दौरान राजस्व निरीक्षक इंसाफ अली, जेई सुधाकर मद्धेशिया, ग्राम प्रधान राम पुजारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## विभागीय अधिकारियों की लापरवाही का खमियाज़ा भुगत रहे शिक्षामित्र

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** शिक्षामित्र शिक्षक संघ अंबेडकर नगर के जिला अध्यक्ष व शिक्षामित्र केयर समिति अंबेडकर नगर के जिला संयोजक राम चन्दर मौर्य ने आरोप लगाते हुए कहा कि विभागीय अधिकारियों की लापरवाही व उदासीनता के चलते शिक्षामित्रों का मानदेय समय से भुगतान नहीं हो पाता है। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा समय से शिक्षामित्रों के मानदेय से संबंधित बिल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को न भेजने के कारण शिक्षामित्र के मानदेय भुगतान में प्रत्येक महीने विलंब होता है। जबकि शिक्षामित्र अल्प मानदेय में शिक्षकों के समान कार्य करते हैं। वहीं शिक्षकों का वेतन तो महीने के प्रथम सप्ताह में ही भुगतान हो जाता है। लेकिन विभागीय अधिकारियों की उदासीनता व लापरवाही के चलते शिक्षामित्र के मानदेय की बिल समय से न भेजे जाने के कारण शिक्षामित्रों का मानदेय समय से नहीं मिल पाता है। जिसके कारण शिक्षामित्र को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिला अध्यक्ष, जिला संयोजक राम चन्दर मौर्य ने कहा कि यदि शिक्षामित्रों के मानदेय का भुगतान शीघ्र नहीं किया गया तो शिक्षामित्रों द्वारा जिला मुख्यालय पर मानदेय समय से न दिए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की होगी। जिलाध्यक्ष, जिला संयोजक राम चन्दर मौर्य ने कहा कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से शिक्षामित्रों के मानदेय भुगतान से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त करने पर पता चला कि अभी तक सभी ब्लाकों से शिक्षामित्र मानदेय से संबंधित बिल जिले स्तर पर प्राप्त नहीं हुई है। सभी ब्लाकों से शिक्षामित्र मानदेय से संबंधित बिल प्राप्त होते ही शिक्षामित्रों के मानदेय का भुगतान कर दिया जाएगा। वहीं शिक्षामित्र समय से मानदेय न मिलने के कारण आर्थिक तंगी से परेशान व भुखमरी के कगार पर है। अल्प मानदेय वह भी समय से न मिलने के कारण जनपद के शिक्षामित्रों में रोष व्याप्त है।

## पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

### 83 गर्भवती महिलाओं का हुआ जांच, 17 उच्च जोखिम वाली महिलाएं चिन्हित



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र सीएचसी सिरसिया में सोमवार को अधीक्षक डॉ.शैलेन्द्र मणि ओझा की अगुवाई में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए ) के तहत गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 83 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई , जिसमें से 17 जोखिम वाली महिलाएं पाई गई,जिन्हे जरूरी सुझाव के साथ ही उपचार किया गया। एचआरपी डे प्रत्येक माह के 1, 9, 16 व 24 तारीख को सीएचसी पर पीएमएसएमए का आयोजन किया जाता है।डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने बताया कि आयोजन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं में गर्भावस्था के दौरान होने वाली जटिलताओं का गर्भावस्था की शुरुआती दिनो में चिन्हीकरण करते हुए समय रहते चिकित्सीय परामर्श व इलाज तथा संस्थागत प्रसव की सुविधा देते हुए जच्चा और बच्चा को सुरक्षित किया जाता है। गर्भवती महिलाओं को चिन्हित प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेंटर पर निःशुल्क में अल्ट्रासाउंड की सुविधा दी जाती है, लेकिन इसके लिए गर्भवती महिला को पीएमएसएमए दिवस में प्रतिभाग करना जरूरी होता है। इस अभियान में डॉ.सिद्धार्थ, डॉ आशीष, डॉ श्रेया चौधरी, मेराज अहमद, विनय कुमार भारती, कृष्ण गोपाल पाणडेय, रविंद्र कुमार,अमित कुमार , रूपम पाठक, वर्षा सागर, रेखा पांडे, शीला आदि का विशेष योगदान रहा।

## केऔसुब इकाई टांडा परिसर में मिलेट मेला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** केऔसुब इकाई एनटीपीसी टांडा इकाई परिसर में मिलेट मेला का आयोजन केऔसुब इकाई एनटीपीसी टाण्डा में दिनांक 08.12.2024 को केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइ एसएफ) की इकाई ने अनोखी पहल करते हुए आम अवाम को ''श्री अन्न'' (मिलेट्स) के इस्तेमाल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भव्य ''मिलेट्स मेला'' का आयोजन किया गया। जिसमें मेले का उद्घाटन एनटीपीसी टाण्डा परियोजना के (महाप्रबंधक),नील कुमार शर्मा महाप्रबंधक अभय कुमार मिश्रा ,सीआईएसएफ के उप कमाण्डेन्ट एम0 आर0 रागुल ने संयुक्त रूप से किया। मेले में एनटीपीसी परियोजना, सीआईएसएफ, स्थानीय पुलिस के अधिकारीगण तथा मुख्य चिकित्साधिकारी एनटीपीसी टाण्डा एवं केऔसुब इकाई एनटीपीसी टाण्डा में कार्यरत बल सदस्य एवं उनके परिवारजन सम्मलित हुए। मेले में सम्मलित सभी लोगों को मिलेट्स के इस्तेमाल से होने वाले फायदे के बारे में बताया गया।मेले में मोटे अनाज से बने स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए गए। स्टॉल में मिलेट्स से बने इडली, डोसा, रागी के बर्फी, बाजरे की रोटी, चूरमा, मिलेट्स के गुलाब जामुन, कचैड़ी एवं सांवा के खीर आदि आकर्षण के केंद्र रहे। मेले में आए एनटीपीसी प्रबंधन, सीआईएसएफ एवं स्थानीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इन व्यंजनों के स्वाद का भरपूर लुत्फ उठाया।केऔसुब इकाई एनटीपीसी टाण्डा के इकाई प्रभारी एम0 आर0 रागुल (उप कमाण्डेन्ट) ने बताया कि ज्वार, बाजरा, रागी, सांवा, कुटकी आदि ''श्री अन्न'' मानव जाति को ज्ञात सबसे पुराने खाद्य पदार्थो में से है। श्री अन्न कम अवधि में, कम पानी, कम उपजाउ मिट्टी में न्यूनतम देखभाल में होने वाली जलवायु की फसलें हैं।

## अजीत श्रीवास्तव कृत गजल संग्रह 'शब्दों को जोड़ जोड़ के' का हुआ लोकार्पण



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** प्रेस क्लब सभागार में वरिष्ठ कवि डा. अजीत कुमार श्रीवास्तव 'राज' कृत गजल संग्रह ''शब्दों को जोड़ जोड़ के'' का लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर अनेक वरिष्ठ रचनाकारों ने अपनी रचनायें पढ़ी और ग़जल संग्रह की समीक्षा की। कार्यक्रम का संचालन प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय ने किया। डा. अजीत श्रीवास्तव ने ''शब्दों को जोड़ जोड़ के'' को सम्मानित पाठकों के बीच लाने में मिले सहयोग व अपनी गजल यात्रा पर विस्तार से अपने अनुभव साझा किये। डा. अजीत ने सलीम बस्तवी व हरीश दरवेश को अपना प्रेरणास्त्रोत बताया। अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर रघुवंश मणि ने कहा कि ग़ज़ल लिखना कठिन कार्य है, किंतु अजीत श्रीवास्तव ने यह जोखिम उठाया है। उन्होंने अरबी फारसी को संदर्भित करते हुये हिंदी ग़ज़ल की यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अजीत की अधिकांश ग़ज़लें रोमान और यथार्थ के टकराव का नतीजा है तथा ग़ज़ल संग्रह के कुछ ग़ज़लों का उद्धरण देकर इस पुस्तक की सार्थकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने अजीत श्रीवास्तव की कविता को संभावना से परिपूर्ण बताया। मुख्य अतिथि साहित्य भूषण डॉ राम नरेश सिंह 'मंजुल' ने कहा यह रचना ग़ज़ल की कसौटी को परिभाषित करती है। ग़ज़लकार की पहली शर्त भोगकर लिखना है, वह अजीत ग़ज़ल में देखने को मिलता है। उनका दर्द कल्पना नहीं बल्कि यथार्थ का है। विशिष्ट अतिथि डॉ मुकेश मिश्र ने कहा अजीत के ग़ज़लों में एहसास, संवेदना, प्रेम का भाव भरा पड़ा है।

## नेपाल राष्ट्र के पूर्व सांसद अभिषेक प्रताप शाह ने नेपाल को भारतीय रेल मार्ग से जोड़ने की उठाई मांग

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** पड़ोसी देश नेपाल के पूर्व सांसद अभिषेक प्रताप शाह ने बढ़नी रेलवे स्टेशन पर पहुंचे रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री रवनीत सिंह (बिट्टू) को नेपाल में राष्ट्रीय शस्त्र के रूप में प्रसिद्ध खुकुरी भेंट किया। पूर्व सांसद अभिषेक प्रताप शाह ने कहा कि खुकरी वीरता का प्रतीक है।

वहीं नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद अभिषेक प्रताप शाह ने कहा कि भारत सरकार को चाहिए नेपाल को रेल मार्ग से जोड़ने के लिए प्रयास करें। नेपाल की राजधानी काठमांडू तक रेल लाइन बिछने से बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी से बाबा पशुपतिनाथ की नगरी काठमांडू तक आवागमन के लिए तीर्थ यात्रियों को सुविधा होगी, साथ ही दोनों देशों के बीच के रोटी-बेटी के सम्बन्धों में और प्रगाढ़ता आयेगी। उन्होंने कहा की नेपाल में रेलवे लाइन के बिछने से भारत के साथ व्यापारिक गतिविधियों में भी तेजी होगी तथा नेपाल तरक्की की राह पर दौड़ेगा। उन्होंने भारत के रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू से इस तरफ गम्भीरता से कदम उठाने की मांग की है। पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष श्रीमती साधना चौधरी ने रेल राज्यमंत्री को सिद्धि विनायक का मोमेंटो भेट किया और जिले को रेल से जम्मू कश्मीर, कोलकाता आदि प्रमुख स्थानों से जोड़ने के लिए रेल मंत्री से आग्रह किया। कहा कि रेलवे की कनेक्टिविटी बढ़ने से हम लोगों को देश के विभिन्न महानगरों को जाने के लिए आवागमन सुगम हो गया है। चौरी चौरा एक्सप्रेस बढ़नी से चलाए जाने की घोषणा के उपरांत उन्होंने रेलराज्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि अब हमारे क्षेत्र के विद्यार्थियों, तीर्थ यात्रियों आदि को प्रयागराज जाने में काफी सहज होगा ये हमारे क्षेत्र के लोगों के लिए सौभाग्य की बात है।

## बस्ती में होगी उप्र एसोसियेशन ऑफ जर्नलिस्ट की प्रज्ञनतीय बैठक

**बस्ती।** उ.प्र. एसोसियेशन ऑफ जर्नलिस्ट (उपज) की राजधानी के दारूलशफा में हुई बैठक से वापस लौटे वरिष्ठ पत्रकार एवं एसोसियेशन के प्रदेश सचिव जयंत कुमार मिश्र ने बताया कि मखौड़ा में एसोसियेशन की प्रदेश स्तरीय बैठक कराने का फैसला हुआ है। बैठक फरवरी माह में संभावित है। इसमें प्रदेश स्तर के तमाम वरिष्ठ पत्रकारों का जमावड़ा होगा। बैठक में जिला स्तर पर नवोदित पत्रकारों के लिये प्रशिक्षण सत्र का प्रस्ताव रखा गया। उन्होने कहा प्रदेश महामंत्री रहे स्व. राधेश्याम लाल कर्ण ने पूर्व में हुई रायबरेली की बैठक में आगामी प्रान्तीय बैठक मखौड़ा में आयोजित किये जाने की इच्छा जाहिर की थी। उनका सम्मान करते हुये मखौड़ा में बैठक की तैयारियां शुरू की गई हैं। उन्होने कहा संगठन और मजबूत बनाकर हमें स्व. राधेश्याम लाल कर्ण को श्रद्धांजलि देनी होगी। इसके लिये सभी स्तर पर पत्रकारों को तैयार रहना होगा।

## दिव्यांग बच्चों को डीएम ने निःशुल्क उपकरण वितरित किया

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** ब्लाक संसाधन केंद्र, टाण्डा, फत्तेपुर के प्रांगण में समग्र शिक्षा अभियान (समेकित शिक्षा) के अंतर्गत एलिम्का कानपुर के सहयोग से 6 से 14 आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों हेतु निःशुल्क उपकरण वितरण समारोह अयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अविनाश सिंह जिलाधिकारी एंव भेलेन्द्र प्रताप सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहें।

इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों के साथ आये उनके अभिभावक भी उपस्थित रहें। सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि को बुके एंव अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया एंव सभी दिव्यांग बच्चों के अभिभवकों एंव उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिलाधिकारी के कर कमलों द्वारा कुल 179 उपकरण जिसमें ट्राई साइकिल 8, व्हील चेयर 34, सीपी चेयर 9, क्रंच वैशाखी 2, वाकिंग स्टिक 5, रोलेटर 18, ब्रेलकिट 6, टी0एल0एम0 किट प्राथमिक ग्रुप 31, टी0एल0एम0 किट सेकेंड्री ग्रुप 16, सुगम्य केन 5, हियरिंग एड 24 एवं कैलीपर 21 वितरित किया गया, साथ ही अपने सारगर्भित सम्बोधन में दिव्यांग बच्चों व उनके अभिभावकों को ज्ञानवर्धन एवं प्रेणाप्रद उद्बोधन के माध्यम से प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया।

उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न होने पाये, यदि किसी भी बच्चे को किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो जिला प्रशासन हर सम्भव मदद के लिए तैयार है। उनके द्वारा एक वृतांत का वर्णन करते हुए कहा गया कि एक व्यक्ति÷ द्वारा मेरी शिकायत की गयी कि जिला अधिकारी अविनाश सिंह क्षत्रिय नहीं हैं बल्कि मुसहर समुदाय के हैं। जिस पर उनके द्वारा प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा गया कि मैं दबे कुचले समाज के साथ कार्य करते हुए उनके बीच अधिक से अधिक समय बिताना चाहता हूँ, साथ उन्होंने यह भी बताया कि तहसील भीटी के ग्राम पंचायत चाचिकपुर एंव अन्य क्षेत्रों में निवासित मुसहर बस्तियों में यह प्रयास किया गया कि वे अपने बच्चों को अच्छा संस्कार दे सकें एंव उनके रोजगार हेतु मशीनों की भी व्यवस्था की गयी है, जिससे वह दोनाङ्पत्तल इत्यादि बना कर अपनी आजीविका चला रहें हैं। इस अवसर पर जिला अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी लागों से निवेदन किया गया कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न होने पाये।यहाँ पर उपस्थित लोगों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि जिस के0जी0बी0वी0 की छात्रा दिव्या भारती कक्षा 8 को मिशन शक्ति के अंतर्गत एक दिन का जिला अधिकारी बनाया गया था, उसके पिता द्वारा उसको आगे पढ़ने से रोका जा रहा है तो उनके द्वारा तत्काल उसके माता-पिता को बुला कर सख्त निर्देश दिया कि बच्ची की शिक्षा किसी भी प्रकार से बाधित नहीं होनी चाहिए यदि ऐसा होता है तो सख्त पुलिस कार्यवाही की जाएगी साथ ही उन्होनें इस बच्ची को हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा जनपद में इस वर्ष हाई स्कूल एंव इण्टर परीक्षा में पास हाने वाले टाप 5 छात्राओं को स्कूटी देने की भी घोषणा गई।

## अतिक्रमण हटाने गयी टीम को झेलना पड़ा आक्रोश

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** नगर पालिका द्वारा नगर में अवैध अतिक्रमण हटाने का कार्य प्रारंभ करते ही भाजपा नेताओं का आक्रोश उभर कर सामने आ गया जिसके चलते पुलिस प्रशासन को बैरंग वापस लौटना पड़ा। बताते चलें कि जलालपुर नगर में सड़क के किनारे अतिक्रमण होने के चलते प्रतिदिन लोगों को भयंकर जाम से गुजरना पड़ता है यहां तक की यह जाम घंटो तक लगा रहता है जिसे छुड़ाने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। इसी के मद्दे नजर नगर पालिका प्रशासन द्वारा सोमवार को थाने के सामने से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। यह अभियान शुरू होते ही भाजपा नेताओं ने बखेड़ा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे भाजपा नगर अध्यक्ष देवेश कुमार मिश्रा भाजपा नेता कृष्ण गोपाल कसौधन तथा आनंद जायसवाल समेत तमाम लोग पहुंच गए और उप जिलाधिकारी पवन जायसवाल व नगर पालिका ईओ से तकरार शुरू हो गया। जिसके चलते प्रशासन को झुकना पड़ा और अतिक्रमण अभियान को बंद कर दिया गया। भाजपा नेताओं द्वारा आरोप लगाया गया कि बिना अलाउंस व किसी सूचना के अचानक अतिक्रमण शुरू कर दिया गया गलत है इसकी सूचना पहले ही देनी चाहिए थी। जबकि ईओ अजय कुमार सिंह ने कहा कि इसकी सूचना पहले दे दी गई थी ततपश्चात कार्य शुरू कराया जा रहा है । लेकिन भाजपा नेता अपनी बात पर अडे रहे अंततः कार्य को रुकवा दिया गया। अजय कुमार सिंह ने कहा कि अब फिर से अलाउंस कर गुरुवार से अतिक्रमण अभियान शुरू किया जाएगा। इस अभियान में क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह, तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव, कोतवाल संतोष कुमार सिंह समेत नगर पालिका के तमाम कर्मी मौजूद रहे।

## पाकिस्तान में अस्थिरता

पाकिस्तान की सबसे बड़ी समस्या वहां की सेना है जो वहां की राजनीति के पीछे रह कर हांकती है। पाकिस्तान को मिलने वाली वित्तीय सहायता पर खुद तो मौज करती है आम जनता पिसती है। पाकिस्तान के हर चुनाव में सेना अपने पक्ष में घुसपैठ करती है। जब तक वह इमरान को समर्थन दे रही थी सब चल रहा था। जिस दिन से समर्थन वापस लिया देश भंवर जाल में फंस गया है। पूरा शहर छावनी में बदल गया है देखते ही गोली मारने के तर्ज पर गोलियां चल रही है, हत्यायें हो रही है।

2022 में धोखा दे इमरान को सत्ता से बाहर कर दिया गया। अविश्वास प्रस्ताव पास कर उन्हें हटा गया और सेकेड़ों को केस में फंसा कर जेल के अन्दर कर दिया गया। पाकिस्तान के इतिहास के अनुसार पुराना है। इसी वजह से पाकिस्तान फेल देशों की श्रेणी में आता है। कर्ज और गरीबी से दबी जनता भूखों मर रही है। कश्मीर अधिकृत हिस्से से आजादी की गुहार शुरू हो गई है। ह्यूमन राइटस आर्गनाईजेशन अमनेस्टी इन्टरनेशनल और अमेरिकी ने मानवाधिकार उलघंन पर चिन्ता व्यक्त की है। इतिहास बताता है ताकत के बल पर दबाया गया जनमत कभी सफ्ल नहीं होता है वही पाकिस्तान में हो रहा है। पाकिस्तान में हालात बदतर होते जा रहे है। सुरक्षा कर्मियो, चाइनीज, गैरबलोच पर हमले हुये है।

बटवारे के समय से ही ब्लोच आजादी मांग रहे है उसका समाधान पाक नहीं कर सका है अब राजधानी में नया मोर्चा खुलना पाक के लिये मुश्किलों का पहाड़ बनता जा रहा है। पाकिस्तान के वित्तमंत्री औरनजेब के अनुसार विरोध प्रदर्शन की वजह से हर दिन लगभग 518 मिलियन डालर का नुकसान हो रहा है। कर्जा के सहारे चल रहे देश के लिये यह बहुत बड़ी मुसीबत है। आईएमएफ ने सात बिलियन डालर नया कर्ज देने का वादा किया है। साथ में कड़े आर्थिक सुधार के कड़ी शर्ते लगा दी है। सरकार के लिये मुशकित यह है कि पहले से त्रस्त देश और जनता पर यह बोझ कैसे लादे। लोन के बोझ से जनता और त्रस्त होगी और राजनैतिक आस्थिरता और बढ़ेगी। सत्ता और इस्टैब्लिशमेन्ट के बीच जनता कब से पिस रही है यह अब बढ़ जायेगी आर्थिक कठिनायो के मेल से जनता के सामने मूलभूत सुविधाओं का भारी संवाल है। जनता जब सारी उम्मीदे खो देती है तो मजबूरन टकराव का रास्ता अपना लेती है वही पाकिस्तान में हो रहा है। जनता बेकाबू होती जा रही है सेना और इस्टैब्लिशमेन्ट भी बेकाबू होते जा रहे है। होने सीधे टकराव के रास्ते पर बढ़ रहे है। दोनो सीधे टकराव के रास्ते पर बढ़ रहे इसमें अहित पाकिस्तान का हो रहा है। ताकत के बल पर अस्थायी समाधान होता है जो पाक में हो रहा है समस्या का हल नहीं है। इसी वजह से जनता सीधे टकराव का रास्ता पकड़ लिया है। सन्तोष और इन्तजार का एक हद होता है। पाकिस्तान के पुराने इतिहास के साथ नये हालात की घटनायें पाकिस्तान को कहां ले जा के डुबेयेगी सभी समझ रहे है पर अपनी अपनी वजहों से मजबूर है।

**तकनीकी वस्त्रों की यात्रा में राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है। हमारे सुरक्षा कर्मियों को अपने साहसपूर्ण कर्तव्य को पूर्ण करने में स्वदेशी ढाल का लाभ मिलता है। एनआईटीआरए के शोध के माध्यम से विकसित उन्नत सुरक्षात्मक वस्त्र 449 डिग्री तक के तापमान को झेल सकता है। यह उपलब्धि केवल तकनीकी उन्नति के बारे में नहीं है, बल्कि यह उन लोगों की सुरक्षा के बारे में है जो हमारी रक्षा करते हैं। भारत का ऑटोमोटिव क्षेत्र फल-फूल रहा है, वित्त वर्ष 2023-24 में वाहनों की बिक्री 40 लाख यूनिट को पार कर गई है, जिससे एयरबैग की मांग बढ़ रही है।**

# टेक्निकल टैक्सटाइल : नवाचार व स्थिरता के साथ भारत के भविष्य का निर्माण


गिरिराज सिंह

परिवर्तन ही संसार का नियम है- परिवर्तन ब्रह्मांड का नियम है। इस सशक्त संदेश के अनुरूप, भारत की वस्त्र विरासत बदलती दुनिया की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बदल रही है। तकनीकी वस्त्रों के बारे में हमारी यात्रा सिर्फ वस्त्र के संदर्भ में नहीं है, अपितु यह सपने बुनने, भविष्य को सुरक्षित करने और 1.4 बिलियन भारतीयों के लिए एक दीर्घकालिक कल तैयार करने के बारे में है। आज, मैं यह साझा करने में गर्व का अनुभव करता हूं कि कैसे भारत का तकनीकी वस्त्र क्षेत्र हमारे पूरे देश के जीवन में क्रांति ला रहा है। पैकटेक, इंडुटेक, मोबिलटेक, क्लॉथटेक, होमटेक, मेडिटेक, एग्रोटेक, बिल्डटेक, प्रोटेक, जियोटेक, स्पोर्टेक और ओकोटेक जैसे 12 विशेष खंडों के साथ यह हर तरह के उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है। दुनिया के पांचवें सबसे बड़े तकनीकी वस्त्र बाजार के रूप में, जिसका मूल्य 25 बिलियन डॉलर है और 2030 तक इसके 40 बिलियन डॉलर को पार करने का अनुमान है, भारत ने उल्लेखनीय निर्यात वृद्धि देखी है। वर्ष 2014 में शून्य से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 3 बिलियन डॉलर हो चुका है, जिसका लक्ष्य 2030 तक 10 बिलियन डॉलर है। पैकटेक, इंडुटेक और मोबिलटेक का निर्यात में 70 प्रतिशत की सहभागिता है, जो भारत की विनिर्माण क्षमता को उजागर करता है, जबकि बिल्डटेक क्षेत्र में 229 प्रतिशत की वृद्धि विशेष क्षेत्रों में विशेषज्ञता को दर्शाती है। इसके अलावा भारत ने अनुसंधान और विकास, उद्यमिता और स्थायी कार्य प्रणालियों के माध्यम से घरेलू मांग को प्रोत्साहित करते हुए बिल्डटेक, मेडिटेक, एग्रोटेक और अन्य उभरते क्षेत्रों सहित अन्य तकनीकी वस्त्र क्षेत्रों में निर्यात का विस्तार करने की योजना बनाई है।

अपने देश के आत्मनिर्भरता लक्ष्य का समर्थन करने के लिए, हम नायलॉन, कार्बन फाइबर, हाई-स्पेशलिटी फाइबर और अल्ट्रा-हाई-मॉलिक्यूलर-वेट पॉलीइथिलीन (यूएचएमडब्ल्यूपीई) जैसे महत्वपूर्ण कच्चे माल पर आयात निर्भरता को कम करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। जिस तरह भारत अपने रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए सेमीकंडक्टर में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कार्य कर रहा है, उसी तरह हम तकनीकी वस्त्रों के क्षेत्र में भी ऐसा ही करने की आकांक्षा रखते हैं। इसे हासिल करने के लिए, मोदी सरकार ने 1,480 करोड़ रुपए के समर्थन से राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) का शुभारंभ किया। इस पहल ने पहले ही 509 करोड़ रुपए की 168 परियोजनाओं को स्वीकृति दे दी है और 5.79 करोड़ रुपए के साथ 12 स्टार्टअप को वित्त पोषित किया है। हम केवल वैश्विक प्रगति में योगदान नहीं दे रहे हैं, अपितु इसे आकार भी



दे रहे हैं। हमारा विजन संख्याओं से परे है, जिसका लक्ष्य एक आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना है जो अपनी सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करते हुए नवाचार के माध्यम से आगे बढ़ता है। 2.5 वर्षों के भीतर टी100 कार्बन फाइबर के घरेलू उत्पादन के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हमारी प्रतीक्षा कर रही है, जो महत्वपूर्ण रक्षा और एयरोस्पेस अनुप्रयोगों में हमारी आयात निर्भरता को काफी हद तक कम कर देगा। जबकि हम आयातित गैर-बुने हुए पदार्थों, कार्बन फाइबर, उच्च-विशिष्ट फाइबर, नायलॉन और यूएचएमडब्ल्यूपीई पर अपनी निर्भरता को कम करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि भारत वित्त वर्ष 2025-26 तक घरेलू कार्बन फाइबर उत्पादन का शुभारंभ कर देगा, जो आत्मनिर्भरता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम होगा। हमारा कृषि क्षेत्र तकनीकी वस्त्रों की परिवर्तनकारी क्षमता को प्रदर्शित करता है। नवोन्मेषी एग्रोटेक्सटाइल्स पिछले छह वर्षों में 5 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के साथ 567 मिलियन डॉलर से अधिक के निर्यात को बढ़ावा दे रहे है। ग्रामीण भारत में एक किसान की कल्पना करें जो छाया के लिए जाल और गीली घास की चटाई का उपयोग कर रहा है और 40 प्रतिशत कम पानी का उपयोग करते हुए फसल की पैदावार में 30-40 प्रतिशत की वृद्धि का साक्षी बन रहा है। एनटीटीएम के अंतर्गत ग्यारह अभूतपूर्व परियोजनाओं के माध्यम से, जिसमें उत्तरी भारत वस्त्र अनुसंधान संघ (एनआईटीआरए) द्वारा सन हेम्प फसल कवर और दक्षिण भारत वस्त्र अनुसंधान संघ (एसआईटीआरए) द्वारा हर्बल-लेपित बीज बैग शामिल हैं, हम किसानों की आय में महत्वपूर्ण रूप से 67-75 प्रतिशत की वृद्धि देख रहे हैं। यह सही मायने में सतत विकास है।

हमारे तकनीकी वस्त्रों की यात्रा में राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है। हमारे सुरक्षा कर्मियों को अपने साहसपूर्ण कर्तव्य को पूर्ण करने में स्वदेशी ढाल का लाभ मिलता है। एनआईटीआरए के शोध के माध्यम से विकसित उन्नत सुरक्षात्मक वस्त्र 449 डिग्री तक के तापमान को झेल सकता है। यह उपलब्धि केवल तकनीकी उन्नति के बारे में नहीं है, बल्कि यह उन लोगों की सुरक्षा के बारे में है जो हमारी रक्षा करते हैं। भारत का ऑटोमोटिव क्षेत्र फल-फूल रहा है, वित्त वर्ष 2023-24 में वाहनों की बिक्री 40 लाख यूनिट को पार कर गई है, जिससे एयरबैग की मांग बढ़ रही है और ऑटोलिव, जेडएफ और जॉयसन जैसे वैश्विक प्रमुखों को स्थानीय स्तर पर परिचालन का विस्तार करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ऑटोकॉप और मारुति सुजुकी द्वारा समर्थित 9.2 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ सीट बेल्ट वेबिंग के लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजार के रूप में, भारत सुरक्षा और नवाचार में आगे बढ़ रहा है। पैकेजिंग में, उदार इंटरमीडिएट बल्क कंटेनर (एफआईबीसी) कांच, धातु और कार्डबोर्ड कंटेनर जैसी पारंपरिक सामग्रियों की जगह ले रहे हैं, जो स्थायित्व, बहुआयामी और पुनः प्रयोज्यता प्रदान करते हैं। हल्के और अधिक पर्यावरण के अनुकूल एफआईबीसी बैग कम परिवहन लागत प्रदान करते हैं और संधारणीय कार्य प्रणालियों का समर्थन करते हैं। इसके अलावा, एआई और ब्लॉकचेन वस्त्र उत्पादन को अधिक स्मार्ट और पारदर्शी बनाने के लिए आवश्यक हैं। एआई प्रक्रियाओं को स्वचालित करके, त्रुटियों को कम करके और वास्तविक समय की निगरानी को सक्षम करके दक्षता में सुधार करता है और यह उत्पाद की गुणवत्ता को बढ़ाता है। ब्लॉकचेन आपूर्ति श्रृंखला में प्रत्येक चरण को सुरक्षित रूप से रिकॉर्ड करके जवाबदेही भी रखती है, जिससे ग्राहकों और निर्माताओं को सामग्री के निर्माण, प्रामाणिकता और गुणवत्ता को सत्यापित करने की सुविधा मिलती है और इससे उद्योग में विश्वास और पारदर्शिता का निर्माण होता है। अमेरिका, जापान, यूके, जर्मनी और इज़राइल जैसे वैश्विक प्रमुखों से प्रेरणा लेते हुए, हम अत्याधुनिक अनुसंधान और विकास एवं उच्च तकनीक समाधानों के माध्यम से तकनीकी वस्त्रों को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## मानव हैं तो मानवता का हमेशा ध्यान रखें

**सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

सभी मनुष्यों में समानता हो, सबको अपने मानव और मानव होने का अधिकार समरूप से प्राप्त हो। मात्र यही मूलमंत्र मानवता के पृष्ठभूमि में कार्य करती है। इसके लिये मनसा, वाचा, कर्मणा की भावना ही अपनी मुख्य भूमिका निभा सकती है। मनुष्य में मानवता के प्रति उक्त भावना रही तो कोई औचित्य नहीं कि मानवता और मानवीयता अपनी चरम स्थिति पर पहुँच जायेगी। मानवता व जिसे हम भिन्न रुप से परिमार्जित रूप से कह सकते हैं कि समग्र समभाव अर्थात सभी को समानता की दृष्टि से देखकर अपना काम करो। वैसे तो इसके विस्तृत स्वरुप को देखने पर कई अहम तथ्यों की ओर भी ध्यान जा सकता है, पर हम इसके इस पक्ष को ही लेकर चलते हैं।

मनुष्य में आधारभूत गुण या कह सकते हैं प्रकृत्ति प्रदत्त. विशेषतः मनुष्यों को सामान्य रुप से एक जैसे ही गुण सभी को ईश्वर ने समानता की पृष्ठभूमि में ही प्रदत्त किये हैं। जैसे मनुष्यों में भौतिक रूप से दो हाथ, दो पैर, दो आँख, दो कान, एक नाक, मुँह आदि समान रूप से पाये जाते हैं। लेकिन प्रकृत्ति की सबसे बड़ी इनायत तो मनुष्य को दिमाग के रूप में प्राप्त हुई हैं। यह उसकी सबसे बड़ी, और इस पूरे पृथ्वी के चराचर जगत में अनूठी मिल्कियत है। यह भी कहा जा सकता है। कि यह ईश्वरीय कृत देन किसी अन्य जीवधारी को नहीं प्राप्त हो सकी है अपवाद स्वरुप कुछ जीव जंतु अवश्य हैं, लेकिन उन्हें भी अपेक्षाकृत अल्प बुद्धि ही प्राप्त हो पाई हैं, जो किसी तरह मनुष्य की बुद्धि के आगे नहीं ठहर सकती है।

उक्त संदर्भ से तो हम यहीं कह सकते हैं कि सभी मनुष्य प्रायः एक. जैसी ही समानता लिये हुए गुणों के आधारपर समान अथवा समकक्ष है। आपस में कोई वैशिष्टयता नहीं है, तब यह सवाल उठता है कि फिर मनुष्य भूतकाल से वर्तमान तक ऊंच नीच, छोटा, बडा, अमीर, गरीब, आदि संकीर्ण विचारों के वशीभूत होकर मनुष्य एवं मनुष्यता दोनों का ही विनाश करता चला आ रहा है.....? मनुष्य सर्वशक्तिमान व श्रेष्ठता की भावना के वशीभूत होकर महज अपने अल्प जीवन की श्रेष्ठता और शक्ति के झूठे मकड़जाल में फंसकर ही मनुष्य और मनुष्यता की भावना को गहरा आघात पहुँचाता चला आ रहा है। एक मनुष्य के मौलिक अधिकारों का हनन करने में उसे आनंदातिरेक का अनुभव मिलता है। किसी को तकलीफ पहुंचाने में वह बड़ा शक्तिशाली होने का गुमान रखने लगता है। यह वह नहीं समझ पाता कि सभी मनुष्यों को यहाँ पूरी स्वतंत्रता एवं समानता के अधिकारों के साथ जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है। उसे भी तो कभी इन्ही तकलीफों का अन्य मनुष्य द्वारा किये गये अन्यायपूर्ण कार्यो के फलस्वरूप सामना करना पड़ सकता है, मनुष्य यह क्यों भूल जाता है।

इस प्रकार की जहरीली आत्मघाती मानसिकता इतनी बलवती कैसे हो गई इसके विकास को प्रश्रय कैसे मिला, इसे जानने के लिये हमें अतीत में जाना होगा। उस काल में जबकि इस भूमि पर (अखंड भारत भूमि) सिर्फ यहाँ के मूल निवासियों का निवास था, तो उस माहौल परिवेश में उंच नीच, छोटा बड़ा, उच्च जाति, नीच जाति आदि अपभ्रंश परंपरा जो मानव और मानवता में भेदभाव रखते हों, ऐसे सभी तत्वों का सर्वथा अभाव था। इस प्रारंभिक काल में भी एक सा समानता एवं भाईचारे के साथ स्वच्छ और समान भाव से सभी रहते थे। परंतु इस अनवरत सदाचार समानता का भंग किया आर्यो के आगमन ने, आर्यो द्वारा इस भूमि जिसमें आज वर्तमान में भारत, पाकिस्तान, तिब्बत, भूटान, बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका, वियतनाम, मलेशिया, बाली सिंगापुर, अफगानिस्तान, सहित चीन का कुछ भाग भी समाहित है। इस क्षेत्र में आर्यो द्वारा अपने आगमन के साथ भेदभाव की अपनी परम्परागत भावना को भी लाया गया। उनमें स्वयं में ही जातिक्रम का पहले ही स्तर उच्च कुल. मध्यम कुल, व निम्न कुल का वर्ग बना हुआ था। आर्यो ने यहाँ अपने पैर मजबूती से जमाने प्रारंभ कर दिये। यहाँ के मूल निवासियों को दूर जंगलों में खदेड दिया। वे ही आज वनवासी आदिवासी कहलाने को, सुनने को मजबूर हैं। मानवता के भेदभाव की भावना का गुण आर्यो के आगमन के साथ ही शुरू हुआ और अब वर्तमान परिवेश में वही भावना अपने चरमोत्कर्ष पर पहुंचकर विस्फोटक स्वरूप के साथ सामने खड़ी हैं। इस बिगड़े माहौल को सुधारने का हर प्रयास अब कुंद साबित हो रहा है। समाज का स्वरूप अब विकृत हो चुका है। मनुष्य अब मनुष्य के अधिकारों का हनन करने में ही अपने जीवन का ध्येय मान बैठा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

# इंडिया गठबंधन में बढ़ती दरारें एवं मुश्किलें

**महाराष्ट्र चुनाव में भी विपक्षी गठबंधन इंडिया बिखरा हुआ ही प्रतीत हुआ, सपा ने शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट से नाराजगी की बात कहते हुए महाविकास अघाड़ी गुट से नाता तोड़ा, भले इससे राज्य की सियासत पर असर न पड़ा हो, लेकिन इसके गहरे राजनीतिक मायने हैं। इसी तरह, तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का इंडिया को लीड करने की इच्छा जाहिर करना भी बहुत कुछ कहता है।**


ललित गर्ग

विपक्षी गठबंधन इंडिया की उलटी गिनती का क्रम रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। दिल्ली, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल से आ रही खबरों से साफ होता है कि इंडिया गठबंधन इंडिया में सब कुछ सही नहीं चल रहा। लगातार चुनावी नाकामियों से पैदा हुई बेचैनी गठजोड़ पर भारी पड़ रही है। एक-दूसरे के खिलाफ असंतोष, दोषारोपण और बयानबाजी विपक्ष एकता के लिए बिल्कुल भी शुभ संकेत नहीं, जो गठबंधन की मुश्किलें बढ़ाने का ही सबब है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रभावी प्रदर्शन एवं परिणामों के कारण ही वह अधिकारपूर्वक इंडिया का नेतृत्व अपने हाथों में लेकर गठबंधन की अगुआई करने में सक्षम हो पायी। लेकिन कांग्रेस की ओर से ऐसी कोई मजबूत एवं प्रभावी पहल बाद में हुए हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखण्ड, जम्मू-कश्मीर आदि प्रांतों के चुनावों में देखने को नहीं मिली, राज्यों के विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन का हिस्सा होते हुए भी पार्टियों ने अपनी क्षेत्रीय जरूरत को सर्वोपरि रखते हुए फैसले लिए जो गठबंधन की प्रतिबद्धताओं पर प्रश्न लगाती है। अडाणी मुद्दे को लेकर शीतकालीन संसद सत्र में इंडिया गठबंधन में दरार दिखने लगी है। अडानी के मुद्दें पर कांग्रेस और राहुल गांधी लगातार संसद में हंगामा कर रहे हैं, सदन की कार्यवाही नहीं चल पाई है। वहीं, अडानी के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के घटक दल समाजवादी पार्टी और टीएमसी कांग्रेस से अलग अपना रुख दिखाते हुए आम सहमति नहीं बना पा रहे हैं। वैसे भी ये दोनों दल ही 66 सांसदों के साथ गठबंधन के मजबूत आधार है।

निश्चित रूप से कांग्रेस के मुद्दों से इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल ही कांग्रेस से दूरी बना रहे हैं। भाजपा जब कांग्रेस से मुकाबले में होती है तब उसका प्रदर्शन सबसे अच्छा रहता है। जबकि क्षेत्रीय नेताओं के मुकाबले राहुल का जादू फीका पड़ता है। इसके उदाहरण हैं झारखंड के हेमंत सोरेन का शानदार प्रदर्शन और बंगाल की ममता बनर्जी जिन्होंने उपचुनाव में सारी सीटें जीत ली। हरियाणा विधानसभा चुनावों में हमने देखा कि इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद से कांग्रेस के जीत के सपनों को सेंध लगी थी और वहां भाजपा ने शानदार जीत हासिल करते हुए सरकार बनाने में कामयाब रही। महाराष्ट्र में भी इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। आप ने तो कांग्रेस से दूरी बनायी ही है, अन्य दल भी दूरियां बना रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस एवं आप के बीच सहमति नहीं पायी है। आप ने समझ लिया है कि गठबंधन से कांग्रेस को ही फायदा अधिक होता है। इस तरह गठबंधन के टूटन से भाजपा की निराशा के बादल कुछ सीमा तक पहले भी छंटते हुए दिखाई दिये हैं और दिल्ली में ही ऐसा होता हुआ दिख रहा है। कांग्रेस, आप एवं भाजपा के त्रिकोणीय संघर्ष का फायदा भाजपा को ही मिला



है और आगे भी ऐसा ही होने की संभावनाएं है।

महाराष्ट्र चुनाव में भी विपक्षी गठबंधन इंडिया बिखरा हुआ ही प्रतीत हुआ, सपा ने शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट से नाराजगी की बात कहते हुए महाविकास अघाड़ी गुट से नाता तोड़ा, भले इससे राज्य की सियासत पर असर न पड़ा हो, लेकिन इसके गहरे राजनीतिक मायने हैं। इसी तरह, तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का इंडिया को लीड करने की इच्छा जाहिर करना भी बहुत कुछ कहता है। इन दोनों की नाराजगी गठबंधन के नेतृत्व और इस तरह से सीधे कांग्रेस को लेकर है। विभिन्न राज्यों में जहां-जहां इंडिया गठबंधन दलों की सरकारें हैं, वे अडाणी जैसे मुद्दों से दूरी बनाना चाहते हैं। ममता बनर्जी ने जिस तरह यह कहा कि उनका दल कांग्रेस की ओर से उठाए गए किसी एक मुद्दे को प्राथमिकता नहीं देगा, उससे यही संकेत मिला कि वह नहीं चाहतीं कि अदाणी मामले को तूल दिया जाए। कांग्रेस को इसकी भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि गत दिवस ही माकपा के नेतृत्व वाली केरल सरकार ने बंदरगाह के विकास के लिए अदाणी समूह के साथ एक पूरक समझौते को अंतिम रूप दिया। साफ है कि माकपा भी अदाणी मामले में कांग्रेस के रुख से सहमत नहीं। तेलंगाना सरकार ने अदाणी समूह के साथ एक समझौता कर रखा है और अतीत में राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने भी राज्य में इस समूह के निवेश को हरी झंडी दी थी। आखिर राहुल गांधी इन स्थितियों को क्यों नहीं समझ एवं देख रहे हैं?

विपक्ष गठबंधन इंडिया में सबसे ज्यादा कमी आम सहमति की दिखाई देती है। सीटों से लेकर मुद्दों तक, सहयोगी दलों के बीच कहीं एकजुटता एवं आम सहमति नहीं दिखती। इसी शीतकालीन सत्र में अदाणी मामले पर कांग्रेस और टीएमसी ने अलग राह पकड़ ली। दरअसल, यह टकराव राष्ट्रीय राजनीति में फिर से मजबूत होने की कोशिश कर रही कांग्रेस और अपनी खोयी राजनीतिक जमीन को पाने के लिए लड़ रहीं क्षेत्रीय राजनीति की धुरंधर पार्टियों के बीच का ज्यादा है। देखा जाए तो समय-समय पर इस तरह की खबरें आती रही हैं, जो विपक्षी एकता के लिए चुनौती खड़ी कर देती हैं। कुछ अरसा पहले ही यूपी में उपचुनाव को लेकर कांग्रेस और सपा के बीच जैसी असहज स्थिति बनी थी, वैसा सहयोगियों के बीच तो नहीं होता। महाराष्ट्र चुनाव के दौरान भी सहयोगी दलों में तालमेल की कमी होने की बात सामने आई थी। बंगाल में पहले ही कांग्रेस और टीएमसी एक-दूसरे के विरुद्ध हैं। इसी तरह, दिल्ली में आप और कांग्रेस में गठजोड़ नहीं है। यह कैसा गठबंधन है, जिसमें इतने अंतर्विरोध एवं असहमतियां हों। जहां पार्टियां आम चुनाव में साथ हों, लेकिन राज्यों के चुनाव में आमने-सामने। ऐसे में इन दलों के समर्थकों की उलझन की सहज की कल्पना की जा सकती है और इससे गठबंधन की मूल विचारधारा पर प्रश्न खड़े होने भी स्वाभाविक है। गठबंधन की सफलता के लिये नीति एवं नियत में एकजुटता जरूरी है। गठबंधन तभी सफलता से चलता है, जब सारे पक्ष थोड़ा-थोड़ा त्याग करें और किसी बड़े लक्ष्य को सामने रखे। क्षेत्रीय पार्टियों की बहुलता और अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग क्षेत्रीय पार्टियों की प्रधानता के चलते भी इस तरह के गठबंधन को लंबे समय तक चला पाना मुश्किल हो जाता है। चुनावी हार और सत्ता से बाहर होने की स्थिति में तो ऐसे गठबंधन को संभालना लगभग असंभव ही हो जाता है। ऐसी स्थितियों में क्या इंडिया गठबंधन के भविष्य पर धुंधलके छाने लगे है। क्या वह अंतिम सांसें गिन रहा है। विपक्ष के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि आम चुनाव के बाद वह जितना एकजुट और मजबूत नजर आ रहा था, अब उतना ही बिखरा एवं अलग-थलग होता हुआ दिख रहा है। जम्मू-कश्मीर और झारखंड की जीत इतनी बड़ी नहीं है, जो बाकी हार को छुपा सके। इन दोनों राज्यों में भी विपक्षी गठबंधन इंडिया की जीत में क्षेत्रीय दलों की बड़ी भूमिका रही और कांग्रेस की कम। इसलिए अब विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व को लेकर भी उसे चुनौतियां मिल रही हैं। आने वाले चुनाव विपक्षी गठबंधन के भविष्य के लिए भी अहम और निर्णायक होंगे।

# हमारे अधिकार हमारा भविष्य मानवाधिकार दिवस की थीम

**भारत में मानवाधिकारों की रक्षा के लिए 28 सितंबर 1993 से मानवाधिकार कानून लागू किया गया था। इसके बाद 12 अक्टूबर 1993 में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का गठन किया गया। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एक बहु सदस्यीय संस्था है जिसमें एक अध्यक्ष, 5 पूर्णकालिक सदस्य होते हैं इसमें 2 डीम्ड सदस्य होते हैं अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय कमेटी की सिफारिशों के आधार पर की जाती है।**


ओमप्रकाश

विश्व मानवाधिकार दिवस मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र संघ ने 10 दिसंबर 1948 को की थी। उस समय संयुक्त राष्ट्र संघ के 56 देश सदस्य थे वर्तमान में विश्व के 193 देश सदस्य हैं। यह घोषणा संयुक्त राष्ट्र संघ की सामान्य महासभा ने की थी पर आधिकारिक तौर पर इसके बारे में घोषणा 1950 में की गयी थी।

मानवाधिकार का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके मूलभूत अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। लोगों के सामाजिक सांस्कृतिक और शारीरिक अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सभी का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। इस दिन संयुक्त राष्ट्र सभी के लिए समान अवसर पैदा करने और असमानता का बहिष्कार और भेदभाव के मुद्दों को संबोधित करने के लिए प्रोत्साहित करता है। एक सर्वे के अनुसार लगभग 80 फीसदी लोग अपने अधिकारों की पूर्ण जानकारी नहीं रखते हैं। मानवाधिकार में मनुष्य को नस्ल, रंग, धर्म, लिंग, भाषा, राष्ट्रीयता और विचारधारा आदि के आधार पर प्रताड़ित नहीं किया जा सकता है। मानवाधिकार में स्वास्थ्य, आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक अधिकार भी शामिल हैं। भारत में शिक्षा का अधिकार इसी गारंटी के तहत आता है। मानवाधिकार दिवस की हर वर्ष अलग अलग थीम होती है 2019 में इसकी थीम थी यूथ इन स्टैंडिंग अप फॉर ह्यूमन राइट्स इस थीम में माना गया था कि युवाओं की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होती है। 2020 की थीम महिलाओं के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय उन्मूलन में अरेंज द वर्ल्डः फंड प्रिवेन्ट कलेक्ट है। 2021 की थीम समानता , आसमानता को कम करना मानव, अधिकारों को बेहतर करना थी। वर्ष 2022 में मानवाधिकार की थीम है गरिमा स्वतंत्रता और सभी के लिए न्याय (डिगनिटी फ्रीडम और जस्टिस फार आल) 2023 की मानवाधिकार की थीम सभी के लिए स्वतंत्रता, समानता न्याय थी? यह थीम मानवाधिकारों के तीन मूलभूत स्तंभों पर जोर देती है। भारत में मानवाधिकारों की रक्षा के लिए 28 सितंबर 1993 से मानवाधिकार कानून लागू किया गया था । इसके बाद 12 अक्टूबर 1993 में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का गठन किया गया। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एक बहु सदस्यीय संस्था है जिसमें एक अध्यक्ष, 5 पूर्णकालिक सदस्य होते हैं इसमें 2 डीम्ड सदस्य होते हैं अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय कमेटी की सिफारिशों के आधार पर की जाती है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के कार्य क्षेत्र में बाल विवाह, स्वास्थ्य, भोजन, बाल मजदूरी, महिला अधिकार, हिरासत और मुठभेड़ से होने वाली मौत, अल्पसंख्यकों



और अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकार भी आते हैं। मनुष्यों को अधिकारों की पहचान देने और उनके हक की लड़ाई को ताकत देने के लिए ही मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। विश्व में मानवता के खिलाफ हो रहे अत्याचारों को रोकने और उनके खिलाफ आवाज उठाने की ही मानवाधिकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि हम निश्चित रूप से विचार करते हैं तो निम्न बातें आती हैं। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन की आजादी एवं सुरक्षा का अधिकार है गुलामी व दासता से आजादी का अधिकार है। किसी भी व्यक्ति को गुलामी या दासता की हालत में नहीं रखा जा सकता है। गुलामी प्रथा व्यापार पूरी तरह से निषिद्ध हो गयी है। यातना, प्रताड़ना, क्रूरता से आजादी का अधिकार - अर्थात किसी को शारीरिक यातना नहीं दी जा सकती और न किसी के भी प्रति निर्दय अमानवीय या अपमान जनक व्यवहार किया जा सकता है। कानून के सामने समानता का अधिकार अर्थात हर किसी को हर जगह कानून की निगाह में व्यक्ति के रूप में स्वीकृत प्राप्ति का अधिकार है। कानून सभी को समान संरक्षण का अधिकार देता है अर्थात कानून की निगाह में सभी समान हैं। और सभी को भेदभाव के बिना समानता है और सभी को कानूनी सुरक्षा का अधिकार है। हर व्यक्ति को न्याय के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाने का अधिकार है। सभी को संविधान या कानून द्वारा प्राप्त बुनियादी अधिकारों पर किसी के द्वारा अतिक्रमण किए जाने पर समुचित राष्ट्रीय अदालतों की सहायता पाने का अधिकार है। मनमाने ढंग से की गई गिरफ्तारी हिरासत में रखने में या निर्वसन से आजादी का अधिकार है अर्थात किसी को भी मनमाने ढंग से गिरफ्तार ,नजरबंद या देश से निष्कासित नहीं किया जा सकता है। जब तक अदालत किसी भी व्यक्ति को दोषी करार नहीं देती है उस वक्त तक उसे निर्दोष होने का अधिकार है । अर्थात किसी भी व्यक्ति जिस पर अपराध का आरोप चल रहा है वह तब तक निर्दोष माना जाएगा जब तक उसे खुली अदालत ने कानून के अनुसार अपराधी सिद्ध न कर दिया जाए । साथ ही उसे अपनी सफाई देने व सभी आवश्यक सुविधाएं प्राप्ति का अधिकार है । मानवाधिकार में अपने देश में भ्रमण और किसी दूसरे देश में आने -जाने का अधिकार भी है प्रत्येक व्यक्ति को अपने देश की सीमाओं के अंदर स्वतंत्रता पूर्वक आने-जाने, रहने एवं अपने या दूसरे देश को छोड़ने तथा अपने देश में वापस आने का अधिकार है। किसी भी व्यक्ति को देश में राजनीतिक शरण मांगने का अधिकार भी है। अर्थात किसी व्यक्ति को सताए जाने पर उसे दूसरे देशों में शरण लेने और रहने का अधिकार है परंतु इस अधिकार का लाभ ऐसे मामले में नहीं मिलेगा जो वास्तव में गैर राजनीतिक अपराधों से संबंधित है या संयुक्त राष्ट्र संघ के उद्देश्य और सिद्धांतों के खिलाफ है। घर परिवार और पत्राचार में निजता का अधिकार ,-अर्थात किसी व्यक्ति को एकांतता ,परिवार, घर या पत्र व्यवहार के प्रति कोई भी कोई मनमाना हस्तक्षेप न किया जाए न ही किसी के सम्मान और ख्याति पर कोई आक्षेप हो ।ऐसा आक्षेपों के विरुद्ध प्रत्येक को कानूनी सुरक्षा का अधिकार प्राप्त है। विश्व में कुछ देश ऐसे भी हैं जहां मानवाधिकार नहीं मिल रहे हैं। और अनेक प्रकार की प्रताड़नाएं भी शामिल हैं।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद का एक संगठन बनाया गया है अर्थात संयुक्त राष्ट्र निकाय है परिषद का उद्देश्य है कि दुनिया भर में मानवाधिकारों को बढ़ावा दिया जाए इनकी रक्षा की जाए। इसकी स्थापना 15 मार्च 2006 में की गई थी इसका मुख्यालय जिनेवा स्विट्जरलैंड में है संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 47 देश सदस्य होते हैं इनका चुनाव 3 साल के लिए किया जाता है कोई भी देश 2 बार से अधिक सदस्य नहीं हो सकता है।

# पिंपल्स को करता है दूर अनार का छिलका

लगातार बढ़ते धूल और प्रदूषण की वजह से चेहरे पर पिंपल्स की समस्या तो जैसे बेहद आम हो गई है। ऐसे में आप अनार के छिलकों का इस्तेमाल करके इस समस्या से राहत पा सकते हैं। पिंपल्स को दूर करने के लिए आपको सबसे पहले अनार के छिलकों को सुखा लेना है। इसके बाद इन सूखे हुए अनार के छिलकों को एक पैन में अच्छे से भून लें। छिलकों को भून कर ठंडा करें और मिक्सी में पीस लें। इस मिक्सचर में नींबू का रस या गुलाब जल डालकर पेस्ट बनाएं और चेहरे पर लगाएं। कुछ ही दिनों में आपको असर दिखने लगेगा। शरीर में जब भी खून की कमी होती है तो डॉक्टर्स ज्यादा से ज्यादा अनार खाने की सलाह देते हैं। अनार खाने में तो स्वादिष्ट होता ही है, साथ में इसमें कई ऐसे गुण पाए जाते हैं, जिनकी वजह से शरीर की कई परेशानियां दूर होती हैं। अनार के सेवन से त्वचा के साथ-साथ बाल भी काफी मजबूत बन जाते हैं। अनार को सभी जगह छील कर ही खाया जाता है। जूस निकालते वक्त भी इसका छिलका उतार कर फेंक दिया जाता है। अगर आप भी अनार का छिलका ऐसे ही फेंक देते हैं तो ये लेख आपके लिए है। आज के इस लेख में हम आपको खूबसूरत त्वचा के लिए अनार के छिलकों का इस्तेमाल करना बताएंगे। दरअसल, अनार के छिलके में प्रोटीन, मिनरल्स, पोटैशियम, कैल्शियम, फेनोलिक एसिड, फ्लेवेनोइड्स, टैनिन और एंटीऑक्सीडेंट जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं। ऐसे में आप इन छिलकों का इस्तेमाल करके दमकती हुई त्वचा पा सकते हैं।

लगातार बढ़ते धूल और प्रदूषण की वजह से चेहरे पर पिंपल्स की समस्या तो जैसे बेहद आम हो गई है। ऐसे में आप अनार के छिलकों का इस्तेमाल करके इस समस्या से राहत पा सकते हैं। पिंपल्स को दूर करने के लिए आपको सबसे पहले अनार के छिलकों को सुखा लेना है। इसके बाद इन सूखे हुए अनार के छिलकों को एक पैन में अच्छे से भून लें। छिलकों को भून कर ठंडा करें और मिक्सी में पीस लें। इस मिक्सचर में नींबू का रस या गुलाब जल डालकर पेस्ट बनाएं और चेहरे पर लगाएं। कुछ ही दिनों में आपको असर दिखने लगेगा।

### डैंड्रफ से दिलाए राहत

अगर आप रूसी से काफी परेशान हैं तो इससे अनार के छिलके आपको राहत दिला सकते हैं। इसका इस्तेमाल आप आसानी से घर पर ही कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आपको अनार के छिलकों के पाउडर को अपने किसी भी तेल के साथ अच्छे से मिक्स करना है। इसके बाद इस तेल को बालों में रात भर के लिए लगाकर छोड़ दें। कुछ ही दिन में आप देखेंगे कि रूसी खत्म हो रही है।



### सनस्क्रीन की तरह करता है काम

सनस्क्रीन काफी महंगी आती है। ऐसे में अगर आप चाहें तो अनार के छिलकों का इस्तेमाल सनस्क्रीन की तरह कर सकते हैं। इसके लिए आपको बस अनार के छिलकों का पाउडर किसी भी मॉइस्चराइजर में मिलाना है और इसे अपने शरीर पर अप्लाई करना है। इसके इस्तेमाल से आपको टैनिंग से छुटकारा मिलेगा।

## आसानी से माफ कर देना, पीठ पीछे बुराई न करना जैसी आदतें बनाती हैं पुरुषों को महिलाओं के मुकाबले बेहतर दोस्त

हाल ही में ऑफिस में मेरी टीम में कुछ लोगों की ज्वॉइनिंग हुई। जिसमें दो लड़कियां और चार लड़के थे। ज्वॉइनिंग के पहले दिन तो उन सबमें आपस में कुछ खास बातचीत नहीं हुई, लेकिन अगले ही दिन से दोनों लड़के ऐसे बात कर रहे थे, जैसे दो बिछड़े यार मिल गए हों। वहीं दूसरी ओर चार लड़कियां थी, लेकिन उनका आपस में कोई हाय-हैलो नहीं था। दिन, हफ्ते, महीने भर बाद उनकी दोस्ती यहां तक पहुंची थी कि वो साथ में बैठकर लंच करती थीं। उनकी ये दोस्ती ऑफिस तक ही सीमित थी, वहीं लड़के ऑफिस के बाद कभी पार्टी की, तो वीकेंड में ट्रिप का स्टेटस लगाते रहते थे। इस सिचुएशन को देखते हुए मैंने गौर करना शुरू किया कि आखिर क्यों महिलाओं के मुकाबले पुरुषों की दोस्ती जल्दी हो जाती है और लंबी भी चलती है। इसे लेकर मैंने अपने मेल फ्रेंड्स से भी बात की और उन्होंने भी कई सारे कारण बताएं, जो काफी हद तक मुझे सही लगे।

### बिंदास रहने की आदत

जहां महिलाएं किसी से दोस्ती करने से पहले उसका नेचर, मूड, बात करने का तरीका जैसी कई सारी चीजों पर गौर करती हैं, वहीं पुरुषों के लिए ये सारी चीजें मायने नहीं रखती। उनके लिए दोस्ती का मतलब बस विचार मिलना है।

### भूलने की आदत

दोस्ती के रिश्ते में छोटी-मोटी बातों को भूलना, माफ करके आगे बढ़ना अच्छी बात होती है, जो पुरुषों के लिए बड़ा टास्क नहीं होता, लेकिन महिलाओं के लिए ऐसा करना मुश्किल होता है। जिस वजह से कई बार अच्छी-खासी दोस्ती टूट भी जाती है।

### बातों को दिल से न लगाना

दोस्ती को बेफिक्री का रिश्ता है। तोल-मोल कर तो हम रिश्तेदारों के सामने बोलते हैं, दोस्तों के सामने तो जो मुंह में आया बोल देते हैं। दोस्त ने दिल को दुखाने वाली कोई बात कहीं, तो पुरुष रिएक्ट करके भूल जाते हैं और इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचते, वहीं महिलाएं ऐसा नहीं कर पातीं। इसकी एक वजह उनका सेंसिटिव नेचर भी होता है। जो गलत नहीं है, लेकिन दोस्ती के मामले में कई बार इससे परेशानी हो जाती है।

## गर्म पानी में नींबू का रस मिलाकर नेल पॉलिश को छुड़ा सकती है

**महिलाएं अपनी खूबसूरती बढ़ाने के लिए अक्सर कई चीजों का इस्तेमाल करती हैं। चाहे कपड़ों की बात हो या फिर मेकअप की, महिलाएं हर उम्र में अलग-अलग चीजों का इस्तेमाल करके स्टाइलिश दिखना चाहती हैं। आजकल तो कपड़ों के साथ मैचिंग की नेल पॉलिश लगाने का भी काफी ज्यादा ट्रेंड है।**

नेल पॉलिश लगाना तो काफी आसान होता है लेकिन इसे हटाते वक्त काफी मुश्किल होती है। कई बार दिक्कत तब सामने आती है जब हम पुरानी नेल पॉलिश हटाना चाहते हैं लेकिन हमारे पास नेल रिमूवर नहीं होता।

ऐसे में महिलाएं पुरानी नेल पॉलिश के ऊपर ही नई नेल पॉलिश लगा लेती हैं। इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू तरीके बताने जा रहे हैं, जिसके इस्तेमाल से आप बिना नेल रिमूवर के भी नेल पॉलिश हटा सकते हैं। इन तरीकों को इस्तेमाल करने के लिए आपको ज्यादा कुछ मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### टूथपेस्ट

जिस तरह से दातों को चमकाने के लिए टूथपेस्ट का इस्तेमाल होता है, ठीक उसी तरह से इसकी मदद से नाखूनों को भी चमका सकते हैं। इसके लिए नाखूनों पर टूथपेस्ट लगाएं और नाखूनों को हल्के ब्रश की मदद से हल्का सा रगड़े। ऐसा करने से नेल पॉलिश छुट जाएगी।

### टूथपेस्ट और बेकिंग सोडा


अगर आप टूथपेस्ट में बेकिंग सोडा मिलाकर इसे नाखूनों पर लगाएंगी तो इससे भी पुरानी नेल पॉलिश छुट जाएगी।

### गर्म पानी

अगर आप गर्म पानी की मदद से नेल पॉलिश हटाना चाहते हैं तो इसके लिए थोड़ा सा पानी गर्म कर लें। इसके बाद नाखूनों को 25-30 मिनट तक गर्म पानी में भिगोकर रखें। धीरे-धीरे नेल पेंट अपने आप छूट जाएगी।

### नींबू

आप गर्म पानी में नींबू का रस मिलाकर भी नेल पॉलिश को छुड़ा सकती हैं। इसकी मदद से आपके नाखून एक दम साफ हो जाएंगे।



### हाइड्रोजन पेरॉक्साइड

गर्म पानी में हाइड्रोजन पेरॉक्साइड को मिलाकर आप पुरानी नेल पॉलिश को हटा सकते हैं। हाइड्रोजन पेरॉक्साइड में नाखूनों में मिलाने के बाद नेल फाइलर से रब करने पर नेल पॉलिश रिमूव हो जाएगी। नेल पॉलिश हटाने के लिए आप सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए सिरके में नींबू का रस मिलाकर हाथों पर लगाएं और फिर 10 मिनट बाद गर्म पानी से धोने पर नेल पॉलिश अपने आप हट जाएगी।

## बेहद फायदेमंद होता है सिर पर मेहंदी लगाना

अगर आप नियमित रूप से बालों में मेहंदी लगाएंगे तो इससे आपके बाल स्वस्थ बनेगें। बालों को मजबूत बनाने के लिए आप आराम से महीने में दो बार मेहंदी का इस्तेमाल बालों में कर सकते हैं। अगर आप बेहतर रिजल्ट पाना चाहते हैं तो मेहंदी को आंवला-पीसे हुए पानी में दो घंटे तक भिगोकर रखें और स्कैल्प के साथ बालों पर लगाएं। ये आपको जरूर फायदा पहुंचाएगा। ये बात किसी से छिपी नहीं हैं कि भारत देश में मेहंदी का कितना महत्व है। जब भी कोई शुभ काम होता है तो महिलाएं अपने हाथों में मेहंदी लगाती हैं। मेहंदी हाथों के अलावा बालों में भी लगाई जाती है। वैसे तो बालों में मेहंदी वो लोग लगाते हैं, जिनके बाल सफेद हो गए हैं। बालों में सफेदी को छिपाने के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है, पर क्या आप जानते हैं कि बालों का रंग बदलने के साथ-साथ ये बालों से संबंधित कई परेशानियों में लाभदायक है। अगर बात करें इसके फायदे की तो मेहंदी बालों को मजबूत, घना बनाने के साथ-साथ चमकदार भी बनाती है। कई लोग बालों में मेहंदी लगवाने से घबराते भी हैं। ऐसे में आपके इस डर को हम खत्म करने जा रहे हैं। आज के लेख में हम आपको बताने जा रहे हैं बालों में मेहंदी लगाने के क्या-क्या फायदे हो सकते हैं। अगर आप मेहंदी अपने बालों में नियमित रूप से लगाएंगे तो आपको इसका फायदा जरूर मिलेगा।

### बालों को करता है कंडीशनर

बालों के लिए मेहंदी एक नेचुरल कंडीशनर की तरह काम करता है। मेहंदी के रेगुलर इस्तेमाल से बालों में जरूरी मॉइश्चराइजर बना रहता है। इससे बाल काफी सिल्की बने रहते हैं। इसके इस्तेमाल के बाद आपको ज्यादा केमिकल वाले कंडीशनर की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### सफेद बालों को छिपाता है

अगर आप बालों में नियमित रूप से मेहंदी का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपके सफेद बाल छिप जाएंगे। सफेद बालों पर मेहंदी लगाने के लिए आपको बस मेहंदी का पेस्ट बनाकर बालों में लगाना है। कुछ देर मेहंदी लगाने के बाद बालों को धो दें। इससे सफेद बाल छिप जाएंगे।

### डैंड्रफ करे ठीक

अगर आप सिर पर होने वाले डैंड्रफ से छुटकारा पाना चाहते हैं तो इसमें मेहंदी आपकी मदद कर सकती है। इसके लिए आपको बस मेथी के दानों को रात भर भिगो कर रखना है। सुबह इसको पीस कर गुनगने सरसों के तेल में मेहंदी की पत्तियों के साथ मिलाएं। इसे ठंडा होने के बाद छान लें और अपने बालों में लगाएं।



# झुमके पहनने से घायल हो गए हैं तो एलोवेरा जेल से कानों का घाव जल्दी ठीक होगा

कई बार स्टाइलिश और फैशनेबल दिखने के चक्कर में लोग कुछ ऐसा कर बैठते हैं, जिसकी वजह से उनके साथ ही परेशानी खड़ी हो जाती है। खासकर जब कोई कार्यक्रम होता है तो महिलाएं उसमें सबसे खूबसूरत दिखने के लिए काफी समय पहले से ही तैयारी शुरू कर देती हैं। कपड़ों के साथ-साथ ज्वेलरी भी उन्हें खूबसूरत दिखाने में काफी मदद करती है। शादियों में पहने जाने वाले भारी-भारी झुमकों की वजह से कान काफी घायल होने लगते हैं। जब ये परेशानी ज्यादा बढ़ जाती है तो कई बार इसकी वजह से कानों में दर्द होने लगता है। इसके साथ ही ये घाव पकने भी लगता है। ऐसे में जैसे ही कान में झुमकों की वजह से दर्द शुरू हो, वैसे ही इसको ठीक करने के लिए आप कुछ घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं। आज के लेख में हम आपको इन्हीं चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल आप घायल कान को ठीक करने में कर सकती हैं। एलोवेरा जेल त्वचा की कई परेशानियों को दूर करने में लाभदायक होता है। इसके इस्तेमाल से आपके कानों का घाव ना सिर्फ जल्दी ठीक होगा, बल्कि इसके साथ ही घाव को ठंडक मिलेगी। अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहती हैं तो कोशिश करें कि ताजा एलोवेरा जेल निकाल कर ही लगाएं। ये आपके कान के घाव को जल्द ठीक करने का काम करता है। इसके लिए



आपको बस प्रभावित हिस्से पर बादाम का तेल लगाना है। बादाम का तेल आपकी त्वचा में नमी बनाकर रखता है और कटे-फटे घाव को भी हील कर सकता है। अगर भारी झुमके पहनने से आपके कान भी पकने लगे हैं तो आप पके हुए कान पर आप हल्दी और सरसों का मिश्रण लगाएं। इस मिश्रण को लगाने से आपको राहत जरूर मिलेगी। हैवी झुमकों की वजह से कान के पास जो घाव हो जाते हैं उन पर बर्फ लगाने से आपको आराम मिलेगा। अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहती हैं तो एक कपड़े में बर्फ के कुछ टुकड़े लपेटें और प्रभावित जगह पर कम से कम 20 मिनट लगाएं। सुबह उठ कर जब आप पत्तियों को देखेंगी तो उस पर ओस की बूंदें दिखाई देंगी। इसे आप कानों के घाव पर लगा सकती हैं।

# हौसलों की मिसाल बनीं अंशु

राजस्थान की सीमा से सटे राजगढ़ जिले में आज भी नातरा-झगड़ा जैसी कुप्रथाएं आज भी प्रचलित हैं, जिससे पीड़ित कई महिलाएं आज भी संघर्ष कर रही हैं। ऐसे जिले में कुछ कर दिखाना काफी मुश्किल लगता था, लेकिन अंशु ने अपने दृढ़ निश्चय और हौसले से इस नामुमकिन काम को मुमकिन कर दिखाया है। आज वे न सिर्फ खुद आत्मनिर्भर हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें भी आत्मनिर्भर बना रही हैं। राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर की अंशु सेन अपने छह भाई बहनों में घर की सबसे बड़ी बेटी हैं, जिन्होंने शुरुआत से ही अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए पिता की नाई की दुकान पर उनका हाथ बटाया। 2002 में खिलचीपुर तहसील के सैदरा गांव निवासी दीपक सेन के साथ उनकी सगाई तय हो गई, सगाई के बाद अंशु के ससुराल वालों को उनकी होने वाली बहु का दुकान पर बैठकर बाल काटने वाला काम रास नहीं आया और वे उनके इस काम का विरोध करने लगे।

2004 में 13 वर्ष की उम्र में अंशु का विवाह हो गया और वे अपने ससुराल चली गई। 2008 में अंशु ने एक बेटी को जन्म दिया और उस समय अंशु की उम्र 17 वर्ष थी। बिटिया पैदा होने के बाद उसकी अच्छी परवरिश और पढ़ाई लिखाई की फिक्र अंशु को सताने लगी और उन्हें फिक्र होने लगी कि जिस तरह से दूसरों के कपड़े पहनकर उन्होंने अपना बचपन गुजारा है, उनकी बिटिया ऐसे जीवन न गुजारे। ऐसे में बचपन से ही कैंची से लगाव रखने वाली अंशु ने पार्लर का कोर्स करने का विचार किया और अपने पति से इस बारे में बात की। पति अपनी पत्नी की भावनाओ की कद्र करते हुए उनकी पत्नी को भोपाल में एक माह का कोर्स कराने के लिए राजी हो गए। लेकिन उस समय पति की हैसियत कोर्स कराने के लायक नहीं थी। जैसे तैसे शासकीय योजना के माध्यम से भोपाल में उन्होंने एक माह की ट्रेनिंग की और उस काम में लगाव होने के चलते वे 15 दिनों में ही परफेक्ट हो गईं और भोपाल में ही किसी पार्लर



पर उन्होंने काम करना शुरू कर दिया और वापस लौटकर अपने ही क्षेत्र में सैलून व पार्लर डालने की सोची, लेकिन ससुराल पक्ष का विरोध जारी था और उन्हें उनके पति व एक छोटी बिटिया के साथ ससुराल से भी बेदखल कर दिया गया। 2009 में अंशु अपने पति व एक छोटी बिटिया के साथ ससुराल से निकल आईं और अपनी मेहनत लगन व पति के समर्थन के साथ उन्होंने नई ऊंचाइयां और बुलंदियों को छुआ और भोपाल इंदौर और पुणे जैसे महानगरों में काम करने के बाद अंशु राजगढ़ में अपना खुद का सैलून संचालित करती हैं। उन्होंने अन्य बेरोजगार युवतियों को भी रोजगार से जोड़ा है। उनके सैलून में उनके देवर भी काम करते है, जिनका परिवार पहले अंशु के सैलून चलाने का विरोध किया करता था। अंशु अपनी बेटी दीपांशी बेटा अथर्व व पति दीपक सेन के साथ बेहतर तरीके से अपना जीवन यापन कर रही हैं और आत्मनिर्भर महिलाओ की फेहरिस्त में शामिल हैं। अंशु एक मिसाल भी हैं, जिन्होंने इतने संघर्ष और अपनी मेहनत से मुकाम हासिल किया है।

# शरीर को स्वस्थ बनाने के साथ-साथ त्वचा को चमकदार बनाता है गिलोय

चाहे महिला हो या पुरुष, आज के दौर में हर कोई अपने चेहरे पर निखार लाने के लिए कुछ ना कुछ काम करता रहता है। चेहरे का ग्लो बरकरार रखने के लिए लोग कई बार तो पार्लर जाकर हजारों रुपये खर्च करके स्किन ट्रीटमेंट लेते हैं, तो कई लोग आज भी ऐसे हैं, जिन्हें घरेलू नुस्खों पर ज्यादा भरोसा है। बाजार में कई क्रीम, मॉइश्चराइजर और अन्य केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट मिलते हैं, जो स्किन टाइप के हिसाब से ही होते हैं लेकिन कई बार ये फायदा पहुंचाने की बजाए नुकसान पहुंचा देते हैं। ऐसे में आज हम आपको चेहरे पर चमकदार बनाने के लिए गिलोए का इस्तेमाल करना सिखाएंगे। दरअसल, गिलोय एक प्रकार की बेल है जिसका इस्तेमाल औषधी के रूप में आयुर्वेद में प्राचीन काल से किया जा रहा। लोग इसका जूस बनाकर भी पीते हैं। इसके साथ ही आज के लेख में हम आपको चेहरे पर इसका इस्तेमाल करना सिखाएंगे, ताकि आप भी चमकदार त्वचा पा सकें।

### गिलोए का मास्क

इस मास्क को बनाने के लिए सबसे पहले गिलोए के पत्ते या फिर उसका तना लेकर इसे अच्छे से पीस लें। अब इस पेस्ट को 20 मिनट के लिए अपने चेहरे पर लगाएं। 20 मिनट के बाद चेहरे को सादे पानी से धो दें। इस मास्क के इस्तेमाल से आपके



फेस की स्किन ग्लो करने लगेगी और आप फ्रेश फील करेंगे। आप इसका इस्तेमाल हफ्ते में दो बार आसानी से कर सकते हैं।

### आंवला और गिलोय मास्क

आंवला और गिलोय का मास्क बनाने के लिए आपको 1 आंवले का टुकड़ा लेकर उस में गिलोय की कुछ पत्तियां पीसकर मास्क तैयार करना है। इस मास्क को 15 मिनट के लिए अपने चेहरे पर लगाएं और फिर चेहरा धो लें।

### मिलेगा ये फायेदा

इस मास्क के इस्तेमाल से आपकी त्वचा को हील होने में मदद मिलेगी। दरअसल, गिलोय में हीलिंग पावर होती है जो स्किन को हील करने में मदद करती है। कुछ ही समय में आपका चेहरा चमकदार बनेगा और आपको इसका असर खुद से दिखने लगेगा।



## बेजान दिखने लगी है हाथ पैर की त्वचा तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

अगस्त का महीना चल रहा है। इस महीने में कभी तो तेज धूप निकल रही है, कभी तेज बारिश हो रही है। बारिश के बाद होने वाली उमस की वजह से लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

इस परेशानी का सीधा असर लोगों की त्वचा पर दिखाई दे रहा है। बदलते मौसम की वजह से ही त्वचा पर रूखापन नजर आने लगा है।

इसके साथ ही चेहरा काफी डल लगने लगा है। ऐसे में वापस से ग्लो पाने के लिए आप या तो पार्लर जाकर स्किन ट्रीटमेंट करा सकते हैं या फिर कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर वापस निखरती हुई त्वचा पा सकते हैं। बहुत से लोग पार्लर जाकर पैसे खर्च करने से कतराते हैं। ऐसे में आज के लेख में हम आपको त्वचा की डलनेस कम करने के लिए कुछ घरेलू तरीके बताने जा रहे हैं ताकि आपको निखरती हुई त्वचा पाने के लिए ज्यादा रुपये खर्च करने की जरूरत ना पड़े।

इस पैक से आपकी त्वचा में निखार दिखने लगेगा। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस एक कटोरी में एक चम्मच ताजा नींबू का रस निचोड़ना है और उसमें बराबर मात्रा में शहद डालकर मिलाना है। इस पेस्ट को आधे घंटे के लिए त्वचा पर लगाएं और फिर चेहरा धो लें। इससे चेहरे पर ब्राइटनेस आती है।

### दही और टमाटर

इन चीजों के इस्तेमाल से त्वचा की डलनेस काफी हद तक कम हो जाती है। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक टमाटर लें और उसका छिलका निकाल दें।

अब इसमें 1-2 टेबलस्पून ताजा दही डालकर इसका पेस्ट बनाएं। इसको आप प्रभावित जगहों पर लगाकर निखरती त्वचा पा सकते हैं।

### हल्दी और बेसन

हल्दी और बेसन दोनों ही चीजें त्वचा के लिए काफी लाभदायक होती हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आप एक कटोरी में 1 चम्मच हल्दी लें और इसमें 1 कप बेसन मिला लें।

अब इसमें पानी मिलाकर इसका पेस्ट बना लें। इस पेस्ट से अपने चेहरे पर 15 मिनट के लिए स्क्रब करें और फिर चेहरा धो लें।

### आलू का रस

आलू में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो त्वचा के लिए काफी लाभदायक होते हैं।

इसके लिए आपको बस एक कच्चे आलू का रस निकालना है। रस निकालकर इसे रुई की मदद से चेहरे पर लगाएं और कुछ समय बाद चेहरे को धो लें।

# रहे वफा (काव्य संग्रह) के रश्मे इजरा (विमोचन)

अवधनामा संवाददाता



**बिलग्राम हरदोई।** क्षेत्र के मारूफ शायर असग़र बिलग्रामी के शेअरी मजमुआ ÷रहे वफा÷(काव्य संग्रह) के रश्मे इजरा (विमोचन) के मौके पर बिलग्राम के गांधी मैरिज हॉल में शनिवार शाम को एक कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शिवकुमार बिलग्रामी संयुक्त निदेशक पार्लियामेंट ऑफ़ इंडिया विशिष्ट अतिथि रवि शर्मा इंग्लिश डिपार्मेंट लखनऊ यूनिवर्सिटी व विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार राठौड़ अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बिलग्राम मौजूद रहे। आयोजन के मुख्य वक्ता फरीद बिलग्रामी ने नगर से संबंधित तारीखी मकाला पेश किया जिसमें उन्होंने असगर बिलग्रामी के द्वारा लिखी गयी किताब राहे वफा को सराहा और उनके कार्य की बहुत प्रशंसा की साथ नगर के संभ्रांत व्यक्तियों ने भी असगर बिलग्रामी को मुबारकबाद पेश की जनाब शिव कुमार बिलग्रामी व नगर के वरिष्ठ पत्रकार आरिफ नवाब ने असगर बिलग्रामी को अंग वस्त्र पहना कर सम्मानित किया रश्मे इजरा के फौरन बाद मुशायरा शुरू हुआ जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर मखमूर काकोरवी ने की मंच के संचालन का कार्य आसिम काकोरवी ने निभाया कर्रार हैदर बिस्मिल बिलग्रामी जयनारायण अवस्थी हुजूर बिलग्रामी डॉक्टर जुबेर सिद्दीकी संदीलवी डॉक्टर मखमूर काकोरवी अली बाराबंकवी सलमान जफर सना महमूदाबाद नूरी परवीन कानपुरी इरशाद कानपुरी गौहर मल्लानवी डॉक्टर रियाज बरहक मल्लानवी खलील फरीदी रायबरेली दावर रजा संदीलवी असगर बिलग्रामी कमर बिलग्रामी इमरान बिलग्रामी तालिब बिलग्रामी आदि ने अपने-अपने कलाम पेश किए और खूब वाहवाही लूटी, देर रात तक मुशायरे और कवि सम्मेलन के शौकीन गांधी मैरिज हाल में डटे रहे रात दो बजे मुशायरे का समापन हुआ।

# चरण पादुका रथ यात्रा का किया भव्य स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** सन्त शिरोमणिश्री नामदेवजी महाराज की पंजाब से महाराष्ट्र तक निकली चरण पादुका रथ यात्रा ललितपुर पहुँची, जिसकी अगुवाई महेश नामदेव गोल्डी पूर्व अध्यक्ष नामदेव समाज, दीपक नामदेव अध्यक्ष नामदेव समाज के साथ विनोद नामदेव धौर्रा, श्रीराम नामदेव नाराहट, अशोक नामदेव मसौरा, दीपक नामदेव के साथ कई समाज साथ थे।

नामदेव समाज के अध्यक्ष दीपक नामदेव ने कहा कि यह पहला अवसर है जब महाराष्ट्र के पंढरपुर से चलकर संत शिरोमणि भगवान श्री नामदेव जी महाराज की चरण पादुका व रथ यात्रा ललितपुर जनपद मे पधारी है। इस अवसर पर नामदेव समाज के सभी स्वजातीय बंधु इसे अपना सौभाग्य समझते है और संत शिरोमणि के चरणों मे श्रद्धा सुमन अर्पित करते है। इस चरण पादुका रथ यात्रा में दीपक नामदेव अध्यक्ष श्रीनामदेव समाज, महेश नामदेव गोल्डी पूर्व अध्यक्ष श्रीनामदेव समाज, कृष्ण कुमार नामदेव युवा जिलाध्यक्ष, बिनोद नामदेव धौर्रा, श्रीराम नामदेव नाराहट, हरिश्चंद नामदेव अध्यापक, कन्हैया नामदेव, प्रेम नामदेव, अशोक नामदेव, बिजय गोल्डी, निर्मल नामदेव, मुकेश गोल्डी, रोहित नामदेव, शशांक नामदेव, विनोद मसौरा, मनोज नामदेव, राकेश नामदेव अध्यापक, मधु नामदेव गोल्डी, रजनी नामदेव गोल्डी, विनीता नामदेव, सुनीता नामदेव के साथ कई समाज बन्धु जन शामिल थे।

# पुलिस अधीक्षक ने सराहनीय कार्य के लिए कर्मचारियों को पुलिस प्रशास्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** पुलिस अधीक्षक संभल श्री कृष्ण कुमार द्वारा यूपी 112 के निम्न कर्मचारी गण को उनके द्वारा किए गए सराहनीयकार्य के लिये प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले कर्मचारी गण- पीआरवी 1426-1. उपनिरीक्षक टीकम सिंह, 2. महिला कांस्टेबल अंजलि यादव, 3. आरक्षी सौरभ राघव। पीआरवी 1434- 1.मुख्य आरक्षी चंद्रशेखर, 2. मुख्य आरक्षी नेमचंद शर्मा, 3.होमगार्ड चालक धान सिंह। 1. यूपी 112 की पीआरवी 1426 द्वारा दिनांक 02.12.2024 को एक गुमशुदा अबोध बच्ची रोड के किनारे खड़ी जोर-जोर से रो रही है, जो अपने घर का रास्ता भूल गई है, पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर यह पाते हुए कि उक्त बच्ची, उम्र लगभग 02 वर्ष अपना नाम व घर की पता नहीं बता पा रही है, तत्काल सम्बन्धित थाना चन्दौसी को अवगत कराते हुए बच्ची को अपने साथ लेकर मौहल्ले-गौहल्ले जाकर पता लगाने हेतु परिजनों की तलाश करने के दौरान गुमशुदा अबोध बच्ची की माता को ढूंढ कर उन्हें सुपूर्द किया गया। 2. यूपी 112 की पीआरवी 1434 द्वारा दिनाक 23.11.2024 को प्राप्त इवेंट पर कुछ अज्ञात लोगों इनके चालक से एक ट्रैक्टर मय ट्रॉली छीन कर ले गये है. पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए मात्र 07 मिनट में घटनास्थल पर पहुंचकर तत्काल सम्बन्धित थाना कुढ्ढफतेहगढ को अवगत कराते हुए ट्रैक्टर गय ट्रॉली को तलाश किया गया, जिसके दौरान ग्राम कुढ्ढमनगर की तरफ जाते समय सामने से तेज गति से आते हुए संदिग्ध ट्रैक्टर गय ट्रॉली को रोकने का प्रयास किया, नहीं रूकने और तेज गति से भागने पर आपके द्वारा पीआरवी कर्मियों के साथ बहादुरी का परिचय देते हुए पीछा कर लूट गये ट्रैक्टर मय ट्रॉली के चालक को हिरासत में लेकर ट्रैक्टर मय ट्रॉली बरामद कर थाना कुढ्ढफतेहगढ़ पर दाखिल किया गया।

# जब तक जीवन में प्राण, नहीं छूटे भक्ताम्मर



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** अभिनंदनोदय तीर्थ पर संतशिरोमणि आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के प्रभावक शिष्य निर्यापक मुनि सुधासागर महाराज की प्रेरणा से प्रारम्भ हुए अनंतकालीन भक्ताम्मर की 13वी वर्षगांठ मुनि अविचल सागर महाराज के सानिध्य में धर्मालुजनों ने प्रभावना पूर्वक पूजन विधान के साथ प्रारम्भ की। विधान अभिनंदननाथ प्रभु के सम्मुख शान्तिधारा का पुण्यलाभ लिया। जैन पंचायत से डा.अक्षय टडैया ने अनंतकालीन भक्ताम्मर पाठ की महिमा का उल्लेख करते हुए इसे जैन समाज के लिए असीम पुण्य का संचय बताया। उन्होंने मुनिपुंगव सुधासागर महाराज द्वारा समाज को दी गई इस प्रेरणा के लिए साधुवाद दिया। अभिनंदनोदय तीर्थ प्रांगण में दिगम्बर जैन पंचायत समिति के तत्वावधान में अखण्ड भक्ताम्मर पाठ में श्रृद्धालुओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम शुभारम्भ में अभिनंदनोदय तीर्थ पाठशाला के बच्चों ने रोचक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। संचालन आकाश जैन ने किया। इस दौरान मंदिर प्रबंधक मोदी पंकज जैन, अशोक जैन, कैप्टन राजकुमार जैन, सनत जैन, सीए सौरभ जैन, मीडिया प्रभारी अक्षय अलया, प्रतीक इमलिया, राकेश जैन, पारस जैन, वीणा जैन, अनीता मोदी मौजद रहे। निर्यापक मुनि योगसागर महाराज के संघस्थ ऐलकश्री भारत सागर महाराज के समाधिस्थ होने पर जैन समाज ने विन्यांजली अर्पित कर प्रभु के चरणों में अपनी भावान्जलि अर्पित की। बताया गया कि सन् 2022 में अतिशय क्षेत्र सिरपुर में आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज ने सिलवानी निवासी ब्रह्मचारी सौरभ को क्षुल्लक दीक्षा प्रदान की इसके उपरान्त निर्यापक मुनि योगसागर महाराज ने सन् 2024 को अतिशय क्षेत्र पटना गंज में रक्षाबंधन पर क्षुल्लक महाराज को ऐलक दीक्षा प्रदान की थी। मप्र के महाराजपुर ग्राम में 27 वर्ष की अवस्था में ऐलक जी की समाधि हुई।

## शादी की दावत में खाई रसमलाई, पांच सौ बीमार

**मथुरा।** शादी का सीजन चालू है लोग लगातार शादियों का आनंद ले रहे है उसी मै से एक शादी मै रसमलाई खाने से रंग में भंग पड़ गया,मथुरा के मांट में आयोजित शादी समारोह में रसलमलाई खाने से घराती और बराती सहित 400 से अधिक महिला और पुरुषों की तबीयत बिगड़ गई। कुछ का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है, तो कुछ लोग घर पर ही उपचार करा रहे हैं। इसमें से 10 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। थाना मांट के गांव जाबरा निवासी केवल सिंह की दो बेटी हेमतला की शादी बाघई निवासी सुमित कुमार के साथ हुई, जबकि दूसरी बेटी प्रेमलता को शादी हसनपुर निवासी नेपाल के साथ तय थी। 6 दिसंबर को शादी राया में अर्श ग्रीन गार्डन में हुई। सभी घराती और बरातियों ने शादी में खाना खाया। इस समारोह में जिस-जिसने रसमलाई खाई उसकी हालत बिगड़ गई। बताया गया है कि शादी समारोह में आए जाबरा, हसनपुर और बाघई के 400 से अधिक लोगों की तबीयत बिगड़ गई है। केवल सिंह ने बताया कि दावत के रसममलाई खाने से तबीयत बिगड़ी है, जिसमे 10 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। दूल्हा नेपाल सिंह के जीजा अमित चौधरी निवासी सरकोरिया थाना गौड़ा जनपद अलीगढ़ ने बताया की उनकी भी रसमलाई खाने से तबीयत बिगड़ी, जिसमें हलवाई द्वारा खाने में कुछ मिलाया गया है।

# जिला प्रशासन के तत्वावधान मे महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** बहजोई महाविद्यालय में महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली एवं जिला प्रशासन सम्भल के संयुक्त तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान सम्भल जिले की 200 आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए प्री स्कूल किट वितरित की गई। कार्यक्रम में महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के कुलपति प्रो. के. पी. सिंह, निदेशक प्रो. संजय कुमार गर्ग, कुलसचिव श्री संजीव कुमार, प्रो. अमित सिंह, जिलाधिकारी सम्भल डॉ. राजेंद्र पैंसिया, मुख्य विकास अधिकारी गोरख नाथ भट्ट, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र पाण्डेय और जिला कार्यक्रम अधिकारी महेश कुमार के साथ महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष लव कुमार सर्राफ, सचिव अजय कुमार आयरन, उपाध्यक्ष विपिन कुमार गुप्ता, सदस्य यश कठेरिया, सदस्य सूर्य प्रकाश राजू और मनीष कुमार एवं प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार गुप्ता आदि ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को शोभायमान किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी सम्भल डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने कहा, ÷अगर हमें समाज को सशक्त करना है तो शिक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। शिक्षित समाज ही प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। विश्वविद्यालय के माध्यम से इस कार्यक्रम को प्रदेश के नौ जनपदों में आयोजित किया जा रहा है, ताकि शिक्षा और सशक्तिकरण का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके।÷ कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी गोरख नाथ भट्ट ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को सुदृढ़ करने के लिए एक सूक्ष्म किट प्रदान की। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ये केंद्र शिक्षा और पोषण का आधार हैं और इन्हें सशक्त करना समाज की प्रगति के लिए आवश्यक है। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के कुलपति प्रो. के. पी. सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा, ÷शिक्षा को मजबूत करना हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को दी गई किट उनके कार्य को और अधिक प्रभावी बनाएगी। यह कदम महिलाओं के सशक्तिकरण और बच्चों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।÷ इस कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को आवश्यक संसाधन प्रदान कर उनके कार्य को सशक्त बनाना और समाज के सभी वर्गों तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाना है। ताकि शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को मजबूत किया जा सके। आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए वितरित की किट में बच्चों के शिक्षण और खेल-कूद से संबंधित सामग्री शामिल थी। यह कार्यक्रम शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा और आने वाले समय में समाज के विकास में इसकी प्रभावी भूमिका देखने को मिलेगी। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ के संजय कुमार, डॉ. गीता, गौरव वार्ष्णेय, दीप्ति रानी, तृप्ति आर्य, पूजा शर्मा, प्रीती शर्मा, श्रीनिवास सिंह यादव, मनोज कुमार यादव, डॉ. बलवीर, गीता रानी, नेमपाल सिंह यादव, रामतीरथ, भगवान सिंह चौहान, भुवनेश कुमार, राजीव कुमार, हीरालाल, ब्रजेश, देव, तेजपाल, पन्नालाल आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन में महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली की प्रो. ज्योति पाण्डेय ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन रोज़ा उर्स नसीरी का हुआ समापन



**हरदोई।** बिलग्राम का इतिहासिक उर्स नसीरी रोशनी से नहाया बिलग्राम महान सुफी सन्त हज़रत सरकार सैय्यद नसीरुद्दीन शाह सानी बिलग्रामी रहमतुल्लाह अलैह के उर्स में मिलाद शरीफ़ कुल शरीफ व महफ़िल ए समा कव्वाली का पोरोगराम हुआ। महफ़िल ए समा में जलवा अफरोज पीरे तारिकत रहबरे शरीयत हज़रत सैय्यद अफसर मियां साहब क़िब्ला सज्जादानशीन खानकाहे नसीरीया चिश्तिया बिलग्राम शरीफ़ सरपरस्ती सैय्यद करम अली नसीरी। उर्स में मखदूम शाह मीना लखनऊ के गद्दी नशीन हज़रत राशिद अली मिनाई संडीला जनाब मुईज़ सागरी ने शिरकत की कव्वाल शबी नसीरी गुफरान खैराबादी कमर वारसी राजू मुरली ने समा बांधा। सैय्यद काशिफ अली नसीरी सैय्यद औसाफ अली नसीरी सैय्यद नदीम अली नसीरी सैय्यद बासिर मियां। काशिफ मियां हारुन नसीरी नूर नसीरी व कानपुर फरुखाबाद शाहाबाद शाहजहांपुर चंडीगढ़ पंजाब दिल्ली जयपुर राजस्थान बैंगलौर से वा तमाम जगह से हज़ारों लोगों ने शिरकत की उर्स में सैय्यद शाह मोहम्मद अफसर मियां ने दुआ की परशान का शुक्रिया अदा किया सभी को मोहब्बत का पैगाम दिया।

### छात्रोंओ को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया



**चन्दौसी (संभल)** जिलाधिकारी के दिशानिर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी बचाओ योजना के अंतर्गत चंदौसी के रामप्यारी आर्य कन्या इंटर कॉलेज व बीएमजी पीजी डिग्री कॉलेज में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, ताकि वह विपरीत परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकें, सुरेश कुमार व ब्लैक बेल्ट होल्डर महिला कोच गरिमा तोमर ने सभी छात्राओं को फ्रंट किक, फ्रंट पंच, वन हैंड सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी, सभी छात्राएं आत्मरक्षा शिविर में काफी उत्सुक दिखाई दीं। महिला खिलाड़ी काजल, श्रष्टि, ज्योति ने सहयोग किया। इसके साथ-साथ सरकार और महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। इस मौके पर कॉलेज का समस्त स्टाफ और अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### सद्भावना दिवस पर कांग्रेसियों ने किया रक्तदान

**ललितपुर।** कांग्रेस पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर कांग्रेस परिवार के सदस्यों द्वारा जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान कर सोनिया गांधी के जन्मदिन को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान ब्लड बैंक के सामने हुई एक संगोष्ठी में बोलते हुए मनीष श्रीमाली ने जहां सोनिया गांधी के त्याग के बारे में विस्तार से बताया, वहीं मकरंद किलेदार ने उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। नेहा तिवारी ने यूपीए सरकार के द्वारा आमजन एवं महिलाओं को दिए गए अधिकारियों के बारे में उपस्थित समूह को बताया। संगोष्ठी में डा.सुनील जैन, दीपक, बहादुर सिंह एड., जिमी खान, पंकज हुण्डैत, राकेश रजक, रफीक खान आदि मौजूद रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया सीसी सड़क और ईंट खड़ंजा का लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष ने आज लगभग एक करोड़ 15 लाख की लागत से सीसी सड़क, ईट खडंजा विकास कार्यो का लोकार्पण जिला पंचायत निधि से किया है। इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधान सहित सम्मानित सरदारी मौजूद रही। इस दौरान लोगों ने उनका स्वागत फूलों के हार एवं नोटों की माला पहनाकर किया। रविवार को जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने जिला पंचायत निधि से विकास खंड गोवर्धन के ग्राम पंचायत लोरिहापट्टी से नगला जीवन की ओर नवीन सडक निर्माण कार्य एवं ग्राम पंचायत सोंसा में बोरपा झाल से नगला रतू की ओर ईट खड़ंजा और विकास खंड राया के ग्राम धनिया गढी में राजकुमार के मकान से ओमप्रकाश बाबू के मकान की ओर सीसी निर्माण कार्यो का लोकार्पण नारियल फोड़कर किया। ये विकास कार्य लगभग 1 करोड़ 15 लाख की लागत से कराये गए। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि लम्बे समय से चली आ रही लोगों की दिक्कत के मद्देनजर इसका निर्माण किया है। जिला पंचायत के द्वारा पूरे जनपद में तेजी से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। ग्रामीणों की ओर से जो भी विकास संबंधी प्रस्ताव आ रहे हैं। उन पर सहानुभूति पूर्वक विचार हो रहा है। जरूरी क्षेत्रों में प्राथमिकता के तौर पर कार्य हो रहे हैं। इसमें सड़क के अलावा नाले, नालिया, पुलिया व अन्य तमाम निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास में बजट की कोई कमी आने नहीं दी जाएगी। इस दौरान उनके साथ सदस्य जिला पंचायत सत्यपाल चौधरी एवं प्रदीप, पूर्व प्रमुख विनोद चौधरी, पूर्व चेयरमैन फरह के के पचौरी, बोरपा प्रधान हरदम, सींगापट्टी प्रधान वेद, नैनूपट्टी प्रधान देवेंद्र, सुभाष सोलंकी, बलराम पहलवान, पुष्पेन्द्र मास्टर फोंडर, पार्थ चौधरी, वेदपाल प्रधान आकाश भोहरे प्रधान अध्यक्ष देवेंद्र प्रधान, मेघ श्याम प्रधान, चौहल सिंह प्रधान ग्राम पंचायत सोसा प्रधान रविंद्र मुखिया गोवर्धन एवं सम्मानित सरदारी उपस्थित रहे।

## मस्जिद पक्ष की याचिका पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में टली

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट मस्जिद पक्ष की याचिका पर अब जनवरी 2025 में सुनवाई करेगा। दरअसल, शीर्ष अदालत में इलाहाबाद हाई कोर्ट की सिंगल बेंच द्वारा मथुरा शाही मस्जिद के अधिकार को लेकर दाखिल याचिकाओं को सुनवाई योग्य मानने के फैसले को चुनौती दी गई थी। सुनवाई के दौरान हिन्दू पक्ष की तरफ से वकील विष्णु शंकर जैन ने इस याचिका को हाई कोर्ट की डबल बेंच मे सुनवाई के लिए भेजे जाने की मांग की। विष्णु शंकर जैन ने कहा कि सिविल मामले मे सिंगल बेंच के आदेश को डबल बेंच मे चुनौती दी जानी चाहिए और डबल बेंच का आदेश सुप्रीम कोर्ट के सामने चुनौती दी जानी चाहिए। बता दें बीते 1 अगस्त 2024 को इलाहाबाद हाई कोर्ट की सिंगल बेंच ने मथुरा शाही मस्जिद के अधिकार को लेकर दाखिल सभी 15 याचिकाओं को सुनवाई योग्य (मेंटेनेबल) माना था। जानकारी के अनुसार मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर और शाही ईदगाह मस्जिद के बीच विवाद है। ये विवाद करीब 13.37 एकड़ जमीन को लेकर है। बता दें यहां करीब 11 एकड़ पर मंदिर है और 2.37 एकड़ जमीन पर मस्जिद है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस मस्जिद का निर्माण औरंगजेब ने 1669-70 में करवाया था। इस मामले की सुनवाई जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच में हुई।

# सट्टे का कारोबार: किसके संरक्षण में चल रहा है गोविंद नगर क्षेत्र में अवैध कारोबार

अवधनामा संवाददाता

■ सट्टे के कारोबारी और पुलिस के बीच नाजायज रिश्ता, सटोरीये धड़ल्ले से दे रहे हैं रिसीविं

**मथुरा।** सट्टे का कारोबार भले ही गैरकानूनी है लेकिन पुलिस के लिए दुधारू गाय है यह अलग बात है इस अवैध कारोबार से हजारों परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। सट्टे के अवैध कारोबार में गरीब मजदूर किसान और मेहनत कश बुरी तरह से फंस चुके हैं उन्हें उम्मीद है एक का सौ आज नहीं तो कल जरूर मिलेगा सत्यता यह है अवैध सट्टे के नंबर का कारोबार करने वाले इन्हें बेवकूफ बनाकर दिनों दिन लखपति और करोड़पति होते जा रहे हैं और आज नहीं तो कल हमारा भी नंबर आएगा ऐसे लोग दिनों दिन कंगाल हो रहे हैं यह अवैध कारोबार किसी एक क्षेत्र या चौकी थाना क्षेत्र की समस्या नहीं है यह राष्ट्रव्यापी समस्या है इस अवैध कारोबार को करने वालों को इलाका पुलिस का भरपूर संरक्षण प्राप्त है सट्टे का कारोबार करने वाला व्यक्ति पुलिस थाने और पुलिस चौकियों पर सम्मान प्राप्त कर रहे हैं यह कानून और व्यवस्था के लिए बेहद शर्मनाक बात है। जानकारी के अनुसार सट्टे का अवैध और गैरकानूनी होने के साथ-साथ एक सामाजिक बुराई भी है जिसकी वजह से तमाम परिवार कंगाली और भुखमरी के कगार पर पहुंच चुके हैं इस कारोबार से जुड़े लोग निर्भय होकर पुलिस का संरक्षण प्राप्त कर धड़ल्ले से सटे के अवैध कारोबार को संचालित किए हुए हैं वैसे तो यह समस्या नगर और देहात सभी जगह पर खूब फल फूल रही है लेकिन थाना गोविंद नगर क्षेत्र सटोरियाओं का अभ्यारण बनाया बना हुआ है यहां सटोरियों को पुलिस का भय किंचित मात्र को नहीं है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी डीग गेट क्षेत्र में अर्जुनपुर मोहल्ला जहां पर एक मुस्लिम द्वारा सट्टे के काम को खुलेआम किया जाता है इस सटोरिया के यहां से सट्टा लगाने वाले को तारीख लगी मोहर वाली पर्ची यह कहना गलत नहीं है की रिसीविंग दी जाती है। इसके अलावा थाना गोविंद नगर क्षेत्र में मटिया गेट ,नई बस्ती, ठेक नारनौल ,बिरला मंदिर के पास लक्ष्मी नगर, बंगाली कॉलोनी ,गऊ घाट, वृंदावन गेट, राधेश्याम कॉलोनी और सरस्वती कुंड का क्षेत्र सट्टे के कारोबार का पुलिस के संरक्षण के चलते सुरक्षित और संरक्षित स्थान बना हुआ है यहां पर सट्टे का कारोबार खुले आम डंके की चोट पर होता है इसके अलावा ठीक नारनौल और वृंदावन गेट पर हरियाणा की शराब भी शराब तस्करों के द्वारा सुबह से लेकर देर रात तक बेची जाती है राधेश्याम कॉलोनी में प्रतिबंधित भैंस का गोश्त पर्ची के माध्यम से बेचने का अवैध कारोबार खुलेआम चल रहा है इन अवैध कारोबार में लिप्त लोगों को इलाका पुलिस के साथ मटरगश्ती करते हुए भी देखा जा सकता है देखना यह है नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक इन गैर कानूनी कार्यो को रोक पाते हैं यह प्रश्न भविष्य के गर्त में है।

# आयुर्वेदिक दवाईयों के लिए लोगों को किया गया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** स्थानीय होटल में एस्क्लेपियस वेलनेस के द्वारा अयोजित स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम मथुरा जिलेभर के ग्रामीण अंचलो केग्रामीण लोगो को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पार्थ संजय शर्मा (पूर्व सैन्य अधिकारी) और श्रीमती प्रज्ञा किरण शर्मा ने संयुक्त रूप ग्रामीणों आयुर्वेदिक दबाइयों के प्रति जागरूक किया गया। सभी ने आयुर्वेदिक कंपनी एस्क्लेपियस वेलनेस को घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि इस आयुर्वेदिक दबाई से बहुत लोगों की बीमारी ठीक हो रही है और यहां एक अच्छी आय का स्रोत भी हैं। यह सब संभव हो पा रहा है हमारे महान एमडी एवं सीईओ डॉ. संजीव कुमार जी अच्छी सोच की वजह से साथ में उपस्थित रहें श्री दयाराम, श्रीमती रेखा, सूबेदार जगबीर सिंह, श्रीमती प्रीति शर्मा, राकेश शर्मा, मिसेज नीरज, मिस्टर शेर सिंह और मिसेज उज्जवला कुरकुटे मुंबई की टीम ने हिसा लिया और सभी पार्थ मथुरा फाइटर्स ने बढ़चद कर हिसा लिया। हम सभी को बताया जाता है कि आयुर्वेद के जीवन बदलने वाले प्रभाव होते हैं और हमारी कंपनी के मामले में यह सचमुच सच है। हम न केवल अपनी कंपनी से जुड़े सभी लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उत्पादों के साथ मदद कर रहे हैं, बल्कि उन्हें हमारे प्रत्यक्ष बिक्री कार्यक्रम के साथ अपने जीवन में समृद्धि लाने का विकल्प भी दे रहे हैं,÷ श्री संजीव कुमार, एक पूर्व-सेना अधिकारी और एस्क्लेपियस वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ और एमडी कहते हैं। संजीव कुमार द्वारा 2014 में स्थापित, एस्क्लेपियस वेलनेस एक ऐसी कंपनी है जो विश्व स्तरीय आयुर्वेदिक वेलनेस और खाद्य पूरक उत्पादों के उत्पादन और प्रत्यक्ष विपणन विधियों के माध्यम से ऐसे उत्पादों के वितरण में लगी हुई है। एस्क्लेपियस का व्यवसाय मॉडल उन सिद्धांतों पर आधारित है जो लोगों को अपनी शर्तों पर आर्थिक स्वतंत्रता का जीवन जीने में मदद करने की ओर उन्मुख हैं।

# राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुये लेखपालों ने कार्यमुक्त करने की उठायी मांग

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** करीब डेढ़ माह पहले शासन स्तर से प्रदेश भर में लेखपालों को पदोन्नत करते हुये राजस्व निरीक्षक बनाया गया था। पदोन्नति के बाद ललितपुर जिले के सत्ताईस लेखपालों को भी पदोन्नत किया गया। लेकिन जिले से बाहर पदोन्नत होकर स्थानान्तरित हुये राजस्व निरीक्षकों को लेखपाल पद से कार्यमुक्त न करने का आरोप लगाते हुये सोमवार को लेखपालों ने नई तहसील परिसर में ही क्रमिक अनशन शुरू कर दिया। इस दौरान राजस्व निरीक्षकों ने दबी जुबान में एक बड़े अधिकारी का नाम बताते हुये कहा कि तानाशाही पूर्ण तरीके से उन्हें लेखपाल पद से कार्यमुक्त नहीं किया जा रहा है। जानकारी देते हुये लेखपाल संघ के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह बुन्देला ने बताया कि जिले में बीती 28 अक्टूबर 2024 को शासन के आदेश पर ललितपुर के 27 लेखपालों को राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। बताया कि पदोन्नति के बाद 9 राजस्व निरीक्षकों को ललितपुर में ही पदोन्नत किया गया है, जबकि 14 राजस्व निरीक्षकों को झांसी और 4 राजस्व निरीक्षकों को जालौन स्थानान्तरित किया गया है। बावजूद इसके आलाधिकारियों द्वारा लेखपाल पद से कार्यमुक्त नहीं किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि तालबेहट क्षेत्र के लेखपाल से राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुये एहसान खान के सेवानिवृत्त होने की तारीख 30 दिसम्बर भी निकट आ रही है। ऐसी स्थिति में यदि उन्हें लेखपाल पद से कार्यमुक्त कर पदोन्नति से राजस्व निरीक्षक पद पर आसीन किया जाना चाहिए। पदोन्नत हुये राजस्व निरीक्षकों ने जिला प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप करते हुये लेखपाल पद से कार्यमुक्त कर नवीन पदोन्नति सौंपे जाने की मांग उठायी है। इस दौरान ज्ञानेन्द्र सिंह बुन्देला, रामकुमार तिवारी, बृजकिशोर गुप्ता, संतोष सेन, अनिल कुशवाहा, अरविन्द ताम्रकार, मुकेश जैन, विनोद चतुर्वेदी, मेवालाल कुशवाहा, मनोहर दुबे, कुंवर बहादुर, भरत दुबे, भरत श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# ड्रग्स की जगह घास, शराब के स्थान पर शरबत रखना नहीं होगा संभव




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 3 दिसंबर को चंडीगढ़ स्थित पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज (पेक) में आयोजित समारोह में तीन नए कानूनों की समीक्षा की थी। उन्होंने तीन परिवर्तनकारी, नए आपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का सफल कार्यान्वयन, राष्ट्र को समर्पित किया था। चंडीगढ़ प्रशासन ने तीन नए कानूनों को सफलतापूर्वक लागू किया है। तीन नए कानूनों के प्रावधानों के तहत, अब पुलिस थानों या घटना स्थल पर सबूतों के साथ छेड़छाड़ नहीं हो सकेगी। थानों में जब्त माल, जैसे ड्रग्स के स्थान पर घास का चूरा या शराब की जगह कोई दूसरा पदार्थ, नहीं रखा जा सकेगा। जितना माल जब्त हुआ है, उसकी तय मात्रा या संख्या को कम दिखाना, आदि, ये सब काम भी अब बंद हो जाएंगे। वजह, क्राइम सीन या जब्ती वाले स्थान से लेकर थाने के मालखाने और वहां से फोरेंसिक लैब तक, हर गतिविधि का वीडियो बनेगा। जिम्मेदार लोगों के पास इसका एक्सेस रहेगा। कोई चाह कर भी जब्त माल के साथ छेड़छाड़ नहीं कर सकेगा। जब्त किए गए माल पर क्यूआर कोड लगेगा। थाने में माल जमा कराने वाले का नाम और बेल्ट नंबर, सब कुछ डिजिटल तरीके से नोट होगा। इस जानकारी का भी मिलाना होगा। घटना स्थल से लेकर थाने में माल जमा करने तक, उक्त सभी गतिविधियां, न्याय सेतु एप के माध्यम से थाने में बैठकर देखी जा सकती हैं।

# दूसरे मुल्कों में छिपने वाले अपराधी अब नहीं बच सकेंगे, भारत लौटते ही सीधे पहुंचेंगे जेल

**अपराधी**

**संभव है कि कई सारे मामलों में उद्घोषित अपराधी, भारत लौटते ही सीधे सलाखों के पीछे पहुंच जाएं।**



**नई दिल्ली।** चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरजीत कौर ने बताया, पुराने कानूनों में यह व्यवस्था थी कि बिना आरोपी के ट्रायल शुरु नहीं हो पाता था। इससे मामला बहुत लंबा खिंच जाता था। आरोपी के पकड़े जाने पर ही ट्रायल प्रारंभ किए जाने का प्रावधान था। कई आरोपी, इसका भरपूर फायदा उठाते थे। देश में पहली जुलाई से लागू हुए तीन परिवर्तनकारी, नए आपराधिक कानून- भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सख्त प्रावधानों से अब उद्घोषित अपराधी बच नहीं सकेंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय के तत्वावधान में चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा तीनों नए कानूनों के सफल क्रियान्वयन को लेकर आयोजित एक लाइव प्रदर्शनी में डीजीपी एसएस यादव ने बताया, उद्घोषित अपराधी, कानूनी प्रक्रिया में अपनी अनुपस्थिति का फायदा नहीं उठा सकेंगे। आतंकवादी हो, गैंगस्टर हो या कोई आर्थिक अपराध का आरोपी, जो दूसरे मुल्कों में जाकर छिप गए हैं, वे लंबे समय तक कानून के शिकंजे से बच नहीं सकेंगे। उनकी गैर मौजूदगी में ही ट्रायल चलेगा। जब कभी वे भारत आएंगे तो उनके मामले में फैसला सुना दिया जाएगा। दोष सिद्ध होने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। संभव है कि कई सारे मामलों में उद्घोषित अपराधी, भारत लौटते ही सीधे सलाखों के पीछे पहुंच जाएं। चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरजीत कौर ने बताया, पुराने कानूनों में यह व्यवस्था थी कि बिना आरोपी के ट्रायल शुरु नहीं हो पाता था। इससे मामला बहुत लंबा खिंच जाता था। आरोपी के पकड़े जाने पर ही ट्रायल प्रारंभ किए जाने का प्रावधान था। कई आरोपी, इसका भरपूर फायदा उठाते थे। वर्षों तक केस ठंडे बस्ते में पड़ा रहता था। अब ऐसा नहीं होगा। नए कानूनों के तहत जब कभी आरोपी पकड़ा जाएगा, तो उसे केवल सजा सुनाई जाएगी, क्यों उसके केस का ट्रायल तो पहले हो चुका है। हालांकि उसके पास अपील करने का अधिकार रहेगा। एसएसपी कंवरजीत कौर के मुताबिक, चंडीगढ़ में 30 कोर्ट हैं। अभी दो अदालतों को पूर्ण तरीके से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग न्याय श्रुति सुविधा से युक्त बनाया गया है। यानी इन अदालतों में पूरी कार्यवाही डिजिटल तरीके से संपन्न हो रही है। अदालत के ई प्लेटफार्म पर जांच अधिकारी, वकील, डॉक्टर, फोरेंसिक लैब एक्सपर्ट और गवाह भी जुड़ सकते हैं। केस के निपटारे में ज्यादा समय न लगे, इसके लिए प्रावधान किया गया है कि वकील, एक दिन में दो से ज्यादा एडजर्नमेंट न लें। डीजीपी यादव के मुताबिक, गंभीर अपराधों के फरार आरोपी को उद्घोषित अपराधी बनाया जाएगा। आरोपी की अनुपस्थिति में भी गवाहों व साक्ष्यों का परीक्षण होगा। उसकी गैर मौजूदगी में ही निर्णय की घोषणा कर दी जाएगी। सार्वजनिक नोटिस और अखबारों के माध्यम से सूचना देने का प्रावधान रहेगा।

# जॉर्ज सोरोस, अदाणी मुद्दे पर संसद में हंगामा; कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित



**नई दिल्ली।** संसद में सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध बरकरार है। लोकसभा में पहले अदाणी, संभल जैसे मुद्दे और फिर भाजपा के राहुल गांधी पर गंभीर आरोपों को लेकर हंगामा हुआ। ऐसे ही राज्यसभा की कार्यवाही नोटों की गड्डी मिलने को लेकर हंगामेदार रही। आज भी दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। शीतकालीन सत्र के पल-पल के अपडेट्स के लिए जुड़े रहिए अमर उजाला के साथ... सदन में भारी हंगामे के चलते राज्यसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई है। पहले राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर तीन बजे तक स्थगित की गई थी, लेकिन अब इसे लेकर तक के लिए ही स्थगित कर दिया गया है। भारी हंगामे के बीच राज्यसभा की कार्यवाही तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले सभापति धनखड़ ने सदन के नेता और विपक्ष के नेता को अपने चैंबर में बुलाया, ताकि इस गतिरोध का समाधान निकाला सके। इससे पहले लोकसभा की कार्यवाही भी तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। उन्होंने हंगामा कर रहे सत्ता पक्ष के सदस्यों से इस प्रस्ताव की अवहेलना करने का आरोप लगाया। इस पर सभापति ने कहा कि उन्हें यह बात उस समय क्यों नहीं याद आई जब उनकी नजरों के सामने सत्र के पहले सप्ताह हंगामा होता रहा और कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि अक्सर हंगामा करने और आसन के सामने आ जाने वाले संजय सिंह की ओर से ऐसी बातें शोभा नहीं देती।

# तकनीकी खराबी के कारण कोच्चि जाने वाले विमान की आपातकालीन लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित



**चेन्नई।** अधिकारियों के अनुसार, चेन्नई से 117 यात्रियों को लेकर फ्लाइट कोच्चि के लिए रवाना हुई। बाद में तकनीकी गड़बड़ी का पता लगने के बाद पायलट ने विमान को वापस चेन्नई की तरफ मोड़ दिया और आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी।

कोच्चि जाने वाले एक निजी विमान में तकनीकी खराबी का पता चलने के बाद सोमवार को चेन्नई एयरपोर्ट पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। विमान में 100 से अधिक यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं।

अधिकारियों के अनुसार, चेन्नई से 117 यात्रियों को लेकर विमान कोच्चि के लिए रवाना हुआ। बाद में तकनीकी गड़बड़ी का पता लगने के बाद पायलट ने विमान को वापस चेन्नई की तरफ मोड़ दिया और आपातकालीन लैंडिंग कराई गई।

स्पाइसजेट ने बताया कि तकनीकी खराबी का पता लगने के बाद विमान वापस लौट आया। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, ÷नौ दिसंबर को चेन्नई से कोच्चि जाने वाले विमान में तकनीकी खराबी का पता लगने के बाद उसे वापस लाया गया।÷ विमान की आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। यात्रियों को भी सुरक्षित विमान से बाहर निकाला गया।

## हर चीज को राजनीतिक चश्मे से नहीं देखना चाहिए, सोनिया-सोरोस में सांठगांठ के आरोपों पर रिजिजू का वार

**नई दिल्ली।** किरेन रिजिजू ने कहा कि देश के सामने कुछ मुद्दे हैं, जिन्हें राजनीतिक चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। जॉर्ज सोरोस और उनके संबंध जो सामने आए हैं, हम इसे कांग्रेस पार्टी, राहुल गांधी से संबंधित मुद्दे के रूप में नहीं देखते हैं। संसद के अंदर और बाहर अदाणी मुद्दे और जॉर्ज सोरोस के साथ कांग्रेस पार्टी के रिश्तों पर लगातार हंगामा जारी है। जहां सोमवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत विपक्षी सांसदों ने अदाणी मामले को लेकर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। वहीं भारत के खिलाफ भ्रामक प्रचार करने वाले जॉर्ज सोरोस के साथ कांग्रेस पार्टी के रिश्तों को लेकर भाजपा लगातार हमलवार है। इस बीच, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इस मुद्दे को लेकर जोरदार हमला बोला।

## परिक्रमा से लेकर द शेमलेस तक, कोलकाता फिल्म समारोह में खूब बटोरीं तालियां



**कोलकाता।** कोलकाता अंरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में कोलकाता के आईएफएफ में गौतम घोष निर्देशित फिल्म परिक्रमा की विशेष स्क्रीनिंग की गई। इसी तरह से नंदन में भी सिनेमा इंटरनेशनल कैटेगरी में चर्चित फिल्म द शेमलेस का शो हुआ। फिल्म निर्देशक कॉन्सटेनटिन बोजानव द्वारा निर्देशित व मोहन नाडार द्वारा प्रोड्यूस की गई इस फिल्म को देखने के लिए काफी भीड़ देखी गई। दोनों ही फिल्मों ने दर्शकों को खूब तालियां बटोरीं। उल्लेखनीय है कि कोलकाता फिल्म फेस्टिवल में 29 देशों की 175 फिल्में, 20 विभिन्न जगह दिखाईं जा रही हैं। यह फेस्टिवल 11 दिसंबर तक चलेगा। फिल्म स्क्रीनिंग के बाद गौतम घोष ने कहा, एक तरफ इटली, दूसरी तरफ मध्य प्रदेश। एक तरफ कोरोना महामारी, दूसरी तरफ लोगों में दहशत. स्क्रीन पर इन परिस्थितियों को जीवंत करते हुए फिल्म परिक्रमा तैयार की गई। फिल्म में चित्रांगदा सिंह, आर्यन बडकुल और कई अन्य कलाकार माको लियोनार्डी के साथ स्क्रीन साझा कर रहे हैं। वहां नर्मदा बचाओ आंदोलन के साथ मातृहीन किशोर लाला का जीवन दुखद माहौल से गुजरा, इसको बखूबी फिल्म में दिखाया गया है। गौतम कहते हैं कि उपन्यास पढ़ने के बाद फिल्म बनाने का फैसला किया, लेकिन वह तैयारी 2019 से शुरू हुई। पहला भाग इटली में शूट किया गया था।

# पुणे में कार हादसे में दो प्रशिक्षु पायलटों की मौत, दो घायल; चिखली इलाके के स्क्रैप गोदाम में आग

**विभाग**

**खाद्य और औषधि प्रशासन विभाग ने अंबाजोगाई में स्वामी रामानंद तीर्थ अस्पताल में जांच की। पुणे में एक कार के पेड़ से टकराने से दो लोगों की मौत हो गई।**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बीड जिले के एक अस्पताल में नकली दवाओं की आपूर्ति करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। खाद्य और औषधि प्रशासन विभाग ने अंबाजोगाई में स्वामी रामानंद तीर्थ अस्पताल में जांच की। पुणे में एक कार के पेड़ से टकराने से दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान प्रशिक्षु पायलट के तौर पर की गई है। यह घटना सुबह करीब साढ़े तीन बजे बारामती-भिगवान रोड पर घटी। नशे में गाड़ी चलाने से पहले पीड़ितों ने छोटी सी पार्टी की थी। दोनों की पहचान तक्षु शर्मा और आदित्य कनासे के तौर पर हुई है। वाहन चला रहे कृष्ण सिंह और चेष्टा बिश्नोई घायल हो गए और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। नवी मुंबई के ठाणे में एक 60 वर्षीय व्यक्ति को शेयरों में निवेश करने का लालच देकर साइबर जालसाजों ने 58 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। पुलिस ने सोमवार को घटना की जानकारी दी। शिकायत के आधार पर साइबर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। एक अधिकारी ने कहा कि पीड़ित ने बताया आरोपी ने अक्तूबर में उससे संपर्क किया था और निवेश में आकर्षक रिटर्न की पेशकश की। आरोपी ने उस व्यक्ति को ऑनलाइन लिंक भेजा और पैसे जमा करने के लिए इस लिंक का इस्तेमाल करने को कहा। हालांकि, बाद में जब उन्होंने अपने पैसे और रिटर्न के बारे में पूछा तो आरोपी ने उचित जवाब नहीं दिया। अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता ने 16 अक्तूबर और 28 नवंबर के बीच 58 लाख रुपये खो दिए। महाराष्ट्र के बीड जिले के एक अस्पताल में नकली दवाओं की आपूर्ति करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। खाद्य और औषधि प्रशासन विभाग ने अंबाजोगाई में स्वामी रामानंद तीर्थ अस्पताल में जांच की, इसके बाद पांच दिसंबर को मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान एजिथ्रोमाइसिन की नकली गोलियां पाई गईं।

एक अधिकारी ने बताया कि जांच से मालूम चला कि महाराष्ट्र और गुजरात स्थित चार आपूर्तिकर्ताओं से 50 लाख से अधिक गोलियां खरीदी गईं। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# नस्लभेदी टिप्पणी करने वाली महिला पर केस करेगा भारतीय-अमेरिकी परिवार

**वॉशिंगटन।** अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ बस में मैक्सिको से लॉस एंजेलिस जा रहे फोटोग्राफर परवेज तौफीक पर एक महिला ने आपत्तिजनक और नस्लभेदी टिप्पणियां की थीं। इस मामले में



भारतीय-अमेरिकी परिवार ने अब कानूनी कार्रवाई का फैसला किया है। अमेरिका में एक भारतीय-अमेरिकी परिवार ने अपने ऊपर नस्लभेदी टिप्पणी करने वाली महिला के खिलाफ केस करने का निर्णय लिया है। बताया गया है कि पिछले महीने फोटोग्राफर परवेज तौफीक (50) अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ मैक्सिको से लॉस एंजेलिस जाने के लिए शटल बस में बैठकर विमान तक जा रहे थे। इस दौरान साथ सफर कर रही एक महिला यात्री ने परिवार के खिलाफ अभद्र आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। इसी मामले में अब फोटोग्राफर के परिवार ने नफरती भाषण के खिलाफ मामला दायर करने का फैसला किया है। तौफीक ने महिला की अभद्रता का पूरा वीडियो ऑनलाइन भी डाला था। उस महिला ने परिवार को गंदे इशारे किए और कई आपत्तिजनक और नस्लभेदी टिप्पणियां कीं। उसने एक मौके पर यहां तक कह दिया कि तुम्हारा परिवार भारत से है, तुम्हारे पास कोई सम्मान नहीं, कोई नियम नहीं। इसके बाद जब तौफीक ने उन्हें बताया कि वे अमेरिकी नागरिक हैं तो महिला ने कहा कि तुम अमेरिकी नहीं, भारतीय हो। इस घटना पर तौफीक ने केस दायर करने की जानकारी देते हुए कहा, हमारी सोच है कि अदालत में कानून के तहत उस महिला की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस मामले में जिस यूनाइटेड एयरलाइंस की बस में वह सफर कर रहे थे, उस कंपनी ने किसी भी तरह से मदद नहीं की। उन्होंने कहा कि महिला की तरफ से इस घटना पर कोई जवाबदेही का भाव नहीं था। हम इस मामले को कानूनी तौर पर आगे ले जाना चाहते हैं और इसे एक रात की घटना बताकर खत्म नहीं करेंगे।

## खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों के अभियानों में मारे गए 22 आतंकवादी, छह सैनिकों की भी मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए तीन अलग-अलग अभियानों में 22 आतंकवादी मारे गए। इस दौरान दौरान छह सैनिकों की जान भी चली गई। यह अभियान 6-7 दिसंबत तक चलाए गए। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विभाग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने शनिवार को यह जानकारी दी। इन खुफिया आधारित अभियानों को खैबर पख्तूनख्वा के टैंक, उत्तरी वजीरिस्तान और थल जिलों में चलाया गया। टैंक जिले के गुल इमाम क्षेत्र में सेना ने नौ आतंकवादी मार गिराए और छह घायल हो गए। वहीं, उत्तरी वजीरिस्तान में दस आतंकवादी मारे गए। जबकि थल जिले में सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों की चेक पोस्ट हमला करने की कोशिश को नाकाम कर दिया, जिसमें तीन आतंकवादी मारे गए।

# विदेश सचिव मिस्री ने बांग्लादेश के विदेश सलाहकार से की मुलाकात, द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

**मुलाकात**

**विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहिद हुसैन से मुलाकात की।**



**ढाका।** विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को अपने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के विदेश सलाहकार मोहम्मद तौहिद हुसैन से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों देशों के संबंधों पर चर्चा की गई और विचारों का आदान-प्रदान किया गया। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहिद हुसैन से मुलाकात की। अगस्त में शेख हसीना सरकार की सरकार के तख्ता पलट के बाद यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है, जब दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। बैठक के बाद मिस्री ने मीडिया से बातचीत में कहा, बांग्लादेश में इस साल अगस्त में राजनीतिक बदलाव के बाद निश्चित रूप से हमारे नेतृत्व के बीच संपर्क बना रहा है। प्रधानमंत्री पहले ऐसे वैश्विक नेता थे, जिन्होंने बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार को उनके पदभार संभालने पर बधाई दी। इसके बाद दोनों के बीच एक बहुत ही सौहार्दपूर्ण टेलीफोन बातचीत हुई। इसके बाद मुख्य सलाहकार ने प्रधानमंत्री के निमंत्रण को स्वीकार करते हुए वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ सम्मेलन में भाग लिया। उसके बाद विदेश मंत्री और विदेश सलाहकार के बीच भी संपर्क बना रहा। वे इस साल सितंबर में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर मिले थे। उन्होंने आगे कहा, मेरा यह दौरा उन संपर्कों के बाद हो रहा है और यह दोनों देशों के बीच उन घटनाक्रमों के बाद विदेश सचिव स्तर की बातचीत का पहला अवसर है। विदेश सचिव ने कहा, आज की चर्चा ने हम दोनों को अपने संबंधों का मूल्यांकन करने का अवसर दिया है और मुझे आज यह अवसर मिलने पर खुशी है कि मैंने अपने सभी वार्ताकारों के साथ ईमानदार, स्पष्ट और रचनात्मक तरीके से विचारों का आदान-प्रदान किया। मिस्री भारतीय वायु सेना के विमान से आज सुबह ढाका पहुंचे। ढाका पहुंचने के बाद उन्होंने बांग्लादेश के विदेश सचिव मोहम्मद जशीम उद्दीन से निजी तौर पर मुलाकात की। इसके बाद दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों की औपचारिक बैठक हुई। शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद यह किसी भारतीय अधिकारी का पहला उच्च स्तरीय बांग्लादेश दौरा है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, यह मुलाकात हमारे विदेश सचिव जशीम उद्दीन और विक्रम मिस्री के बीच तय समय पर हो रही है।

# असद ने ईरान की जगह रूस में ही क्यों ली शरण, महाशक्तियों की सीरिया में दिलचस्पी की वजह क्या?

**शरण**

**इस बीच रूस ने इन सभी अफवाहों पर लगाम लगाते हुए साफ किया कि असद और उनके परिवार को उसने शरण दी है।**




**नई दिल्ली।** आखिर रूस ने गुपचुप तरीके से असद को कैसे निकाला सीरियाई राष्ट्रपति ने सत्ता छोड़ने से पहले रूस को ही क्यों चुना सीरिया में आखिर पश्चिमी देशों की क्या दिलचस्पी है रूस और ईरान के लिए बशर अल-असद के सीरिया की सत्ता से हटने के क्या मायने हैं आइये जानते हैं... सीरिया में 20 साल तक शासन करने वाले बशर अल-असद का शासन खत्म हो चुका है। 13 दिन के अंदर विद्रोही बलों ने अलेप्पो से लेकर हमा तक एक के बाद एक शहरों पर कब्जा किया और फिर राजधानी दमिश्क पर धावा बोल दिया। विद्रोहियों का यह अभियान कितना बड़ा था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शनिवार-रविवार के बीच दमिश्क घेरने के बाद उसने दोपहर तक राजधानी पर कब्जा भी कर लिया। इसके बाद सीरियाई सेना के पास नेतृत्व की भारी कमी दिखी और उसके कई सैनिक बॉर्डर पार कर पड़ोसी देशों में शरण के लिए पहुंचने लगे। इस तरह विद्रोही बलों ने असद परिवार की 50 साल की सत्ता छीन ली। विद्रोही संगठन हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के नेतृत्व में विद्रोही संगठनों के दमिश्क पहुंचने के बाद सबकी जुबान पर एक ही सवाल रहा- आखिर बशर अल-असद हैं कहां रविवार सुबह रूस की तरफ से बयान जारी कर कहा गया कि असर किसी सुरक्षित ठिकाने की तरफ जा चुके हैं। हालांकि, सोशल मीडिया पर उनके विमान पर हमले की खबरें भी तेजी से वायरल हुईं। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया कि उनका प्लेन क्रैश हो गया और असद की मौत से जुड़ी चर्चाएं भी सामने आईं। इस बीच रूस ने इन सभी अफवाहों पर लगाम लगाते हुए साफ किया कि असद और उनके परिवार को उसने शरण दी है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर रूस ने गुपचुप तरीके से असद को कैसे निकाला सीरियाई राष्ट्रपति ने सत्ता छोड़ने से पहले रूस को ही क्यों चुना सीरिया में आखिर पश्चिमी देशों की क्या दिलचस्पी है रूस और ईरान के लिए बशर अल-असद के सीरिया की सत्ता से हटने के क्या मायने हैं। आइये जानते हैं...

## सीरिया में संदिग्ध रासायनिक हथियारों से जुड़े ठिकानों को बनाया निशाना, रॉकेट भी किए तबाह



**यरुशलम।** इस्राइल ने सोमवार को कहा है कि उसने सीरिया में संदिग्ध रासायनिक हथियारों से जुड़े एक ठिकाने को निशाना बनाया है। इतना ही नहीं इस्राइली सेना ने उन ठिकानों को भी निशाना बनाया है, जहां सीरिया के लंबी दूरी तक मार करने वाले रॉकेट रखे थे। गौरतलब है कि सीरिया से बशर अल-असद के भागने और वहां विद्रोही गुटों के कब्जे के बाद सीरियाई सेना के हथियारों के गलत हाथों में पड़ने का खतरा पैदा हो गया था। इस्राइल ने अपने ऊपर दिख रहे इसी खतरे के मद्देनजर सीरिया में यह हमले बोले। इस्राइल के विदेश मंत्री गिडियोन सार ने कहा, ÷हमारा इकलौता हित इस्राइल और उसके नागरिकों की सुरक्षा है। इसलिए हमने सीरिया में कूटनीतिक हथियारों की प्रणालियों, बचे हुए रासायनिक हथियार और लंबी दूर तक मार करने वाली मिसाइल और रॉकेट वाले ठिकानों पर हमला कर दिया। सीरिया में बशर अल-असद की सरकार के पतन के बाद इस्राइल ने विद्रोही गुटों को लेकर प्रतिक्रिया दी थी। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि यह पश्चिम एशिया के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। असद शासन का पतन और दमिश्क में तानाशाही का खत्म होना एक बड़ा मौका है, लेकिन इसके साथ ही कड़े बड़े खतरे भी हो सकते हैं। नेतन्याहू ने कहा कि वह इस्राइल की तरफ से सीरिया के उन द्रूज, कुर्द, ईसाई और मुस्लिम समुदायों के साथ शांति का हाथ बढ़ाना चाहते हैं, जो इस्राइल के साथ शांति से रहना चाहते हैं।

# हिंदुओं पर हो रहे हमले के बीच भारतीय विदेश सचिव पहुंचे ढाका; विदेश मंत्री उद्दीन के साथ की बैठक

**ढाका।** शेख हसीना के देश छोड़ने के साथ ही बांग्लादेश में हिंदुओं का उत्पीड़न शुरू हो गया। लोगों के घर जलाए गए, हत्याएं हुईं और मंदिरों को भी निशाना बनाया गया। इन्हीं सब चिंताओं के बीच भारत के विदेश सचिव बांग्लादेश पहुंचे हैं। बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। यहां हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। इस बीच भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ढाका के दौरे पर हैं। वह भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करने के लिए सोमवार सुबह यहां पहुंचे। ये दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब इस साल अगस्त में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। अगस्त में शेख हसीना के बांग्लादेश छोड़कर भारत आने के साथ ही नई कार्यवाहक सरकार और उसके प्रमुख मो. यूनुस ने भारत को निशाने पर लेना शुरू कर दिया। शेख हसीना के देश छोड़ने के साथ ही बांग्लादेश में



हिंदुओं का उत्पीड़न शुरू हो गया। लोगों के घर जलाए गए, हत्याएं हुईं और मंदिरों को भी निशाना बनाया गया। इस बीच इस्कॉन भी बांग्लादेश के निशाने पर आ गया। कुछ संगठनों ने इस्कॉन को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग कर डाली। यहां तक कि कुछ दिनों पहले हिंदुओं के जाने-माने नेता चिन्मय कृष्ण दास को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद से यहां लगातार तनाव जारी है। अब इन सब चिंताजनक हालातों के बीच भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ढाका पहुंचे हैं। दोनों देशों के विदेश सचिवों के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल द्वारा दोनों देशों के बीच स्थापित विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) तंत्र में भाग लेकर द्विपक्षीय संबंधों के सभी मुद्दों पर चर्चा किए जाने की उम्मीद है।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने चार दिसंबर को बताया था कि दोनों देशों के विदेश सचिव आपसी हितों के मुद्दों पर बातचीत करेंगे। इस साल सितंबर में, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के विदेश सलाहकार (मंत्री) मोहम्मद तौहीद हुसैन ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के मौके पर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की थी।

# सिरकोनी के परिषदीय विद्यालयों के खिलाड़ियों को ज्ञानप्रकाश सिंह द्वारा दिया गया 100 ट्रैक शूट

- पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय वार्षिकोत्सव एवं खेल रैली में दिखाया छात्रों ने दमखम



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** शासन के निर्देश के क्रम में पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय नाथूपुर विकासक्षेत्र सिरकोनी में वार्षिकोत्सव एवं खेलकूद का दो दिवसीय आयोजन का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर डॉ गोरखनाथ पटेल ने दीप प्रज्वलित कर और गुब्बारे उड़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से मनुष्य का सर्वांगीण एवं पूर्ण विकास होता है इसलिए सदैव पढ़ाई के साथ खेल को खेलते रहना चाहिए। मुख्य अतिथि के द्वारा सिरकोनी विकास क्षेत्र के परिषदीय खिलाड़ियों को भाजपा नेता एवं समाज सेवी ज्ञान प्रकाश सिंह द्वारा प्रदत्त 100 ट्रैक शूट भी वितरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सिरकोनी अमरेश कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राएं बेहद प्रतिभाशाली और सौभाग्यशाली हैं जिन्हें यह अवसर मिला है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और खेल के माध्यम से अनुशासन, प्रतिस्पर्धा और टीम भावना जैसे गुण विकसित होते हैं।

खेल प्रतियोगिता की अध्यक्षता कर रही ग्राम प्रधान सुचिता सिंह ने कहा कि विजयी होने के बाद अभिमान नहीं करना चाहिए और हारने पर अपने प्रतिद्वंद्वी के प्रति ईर्ष्या का भाव भी नहीं रखना चाहिए। इससे पूर्व अतिथियों के द्वारा फीता काटकर एवं झंडी दिखाकर दौड़ के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। खेल प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा-

100 मीटर बालक वर्ग दौड़ में धीरज चौहान
200 मीटर बालक वर्ग में शिवम प्रथम स्थान
600 मीटर में शिवम यादव प्रथम स्थान
बालिका वर्ग 200 मीटर में प्रथम स्थान
200 मी बालिका वर्ग में काजल प्रथम स्थान
डिसकस बालक वर्ग में शिवम को प्रथम स्थान तथा धीरज को द्वितीय स्थान

गोला फेक में शिवम यादव को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। बालिका वर्ग में डिसकस थ्रो में काजल यादव प्रथम स्थान पर रही तथा गोला फेक में कोमल यादव प्रथम स्थान पर रही। खो खो एवं कबड्डी प्रतियोगिताएं भी संपन्न हुई।

खेल प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में जिला व्यायाम शिक्षिका प्रियंका सिंह तथा ब्लॉक व्यायाम शिक्षक संजय सिंह की देखरेख में प्रतियोगिता संपन्न हुई। खेल प्रतियोगिता में विद्यालय के प्रतियोगी छात्र छात्राओं के साथ साथ लालसहब यादव, राजेश बहादुर सिंह, लक्ष्मीकांत सिंह,राकेश पांडे, साजेश सिंह,पंकज सिंह, राधेश्याम यादव, मनोज यादव , विक्रमप्रकाश यादव, ऊषा यादव, छाया सिंह, निरुपमा सिंह, कुमुदिनी अस्थाना, मालविका सिंह, साधना चतुर्वेदी,ओमप्रकाश, संजय सिंह, पवन सिंह ,अतुल कुमार सिंह, अनिल कुमार कनौजिया, भारती सिंह ,जगदीश चौहान सहित विद्यालय स्टाफ एवं अन्य शिक्षकों सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान सुचिता सिंह एवं संचालन राम मिलन ने किया।

## 33 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होगा केंद्रीय विद्यालयः गिरीश

**जौनपुर।** जिले को बहुप्रतीक्षित केंद्रीय विद्यालय की सौगात मिला है, यह स्कूल करंजाकला ब्लाक के आईटीआई स्कूल के पास बनेगा।यह जानकारी सूबे के मंत्री व विधायक गिरीश चंद्र यादव ने पत्रकारवार्ता में दी। उ0प्र0 सरकार के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री एवं नगर विधायक गिरीश चन्द्र यादव ने नगर स्थित अपने कार्यालय पर प्रेस वार्ता के दौरान यह बताया है कि उनके द्वारा पिछले तीन वर्षों से लगातार प्रयास के बाद बीते 6 दिसम्बर दिन शुक्रवार को केन्द्र सरकार की आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया, उसमे पूरे देश में 85 नये केन्द्रीय विद्यालय खोलने के निर्माण की संस्तुति दी है। इन 85 विद्यालयों में अपने उ0प्र0 में 05 विद्यालय खुलने की सस्तुति हुई है, जिसमें अपने जनपद जौनपुर को भी सौगात मिली है और पयागीपुर जो जौनपुर शाहगंज रोड पर है वहां आई0टी0आई0 परिसर में केन्द्रीय विद्यालय हेतु भूमि आवंटित हो गई है। पिछले 03 वर्षो से इस विद्यालय को खुलवाने हेतु हर स्तर पर जो भी प्रयास रहता था उसको मैंने पूरा किया और जितनी बांधा थी, उनको एक-एक करके दूर करने का प्रयास किया। आज मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, उ0प्र0 के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उ0प्र0 सरकार के शिक्षा मंत्री के आशीर्वाद से जनपद जौनपुर के विकास में एक नया अध्याय लिखा गया है।

# महाकुम्भ में पहली बार फायर फाइटिंग बोट्स बनेंगी संगम की प्रहरी



- सीएम योगी की मंशा के अनुरूप अग्निशमन एवं आपात सेवा ने सुरक्षित महाकुम्भ के लिए की वृहद तैयारियां
- संगम क्षेत्र समेत समूचे प्रयागराज के तटों पर अग्नि जनित दुर्घटनाओं को रोकने में सहायक सिद्ध होंगी फायरबोट

**अवधनामा संवाददाता**

**महाकुम्भ नगर।** उत्तर प्रदेश में महाकुम्भ-2025 को लेकर तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। इसी क्रम में, उत्तर प्रदेश अग्निशमन व आपात सेवा विभाग भी मेला क्षेत्र को अग्नि दुर्घटना मुक्त क्षेत्र बनाने के प्रयासों में तेजी से कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में देश में और कुम्भ के इतिहास में पहली बार महाकुम्भ-2025 में 6 फायरबोट्स के संचालन की तैयारी पूरी कर ली गई है। इन फायर बोट्स को मेला क्षेत्र के घाटों किनारे मुस्तैद रखा जाएगा। यह फायर फाइटिंग बोट्स न केवल नदियों किनारे घाटों पर होने वाली अग्नि जनित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए क्विक रिस्पॉन्स प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में सहायक होंगी, बल्कि जोखिम से भरे फायर ऑपरेशंस को अंजाम देने के साथ ही अग्निरक्षकों की सुरक्षा के लिए भी कवच के तौर पर कार्य करेंगे।

महाकुम्भ को अग्नि दुर्घटना रहित क्षेत्र बनाने के लिए विभाग को 66.75 करोड़ का बजट आवंटित हुआ है, जबकि विभागीय बजट 64.73 करोड़ है। इस प्रकार, कुल 131.48 करोड़ रुपए की लागत से वाहन व उपकरणों को महाकुम्भ मेला में अग्नि जनित दुर्घटनाओं से सुरक्षा के लिए डिप्लॉय किया जा रहा है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी और महाकुम्भ के नोडल अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि इन 6 फायर फाइटिंग बोट्स के लिए विभाग 1.38 करोड़ रुपए खर्च कर है। दिसंबर के अंतिम सप्ताह में इनको संगम समेत अन्य तटों पर डिप्लॉय कर दिया जाएगा।

### फायर फाइटिंग रोबोट भी होता है बोट पर तैनात

फायर फाइटिंग बोट्स को अपने क्विक रिस्पॉन्स, नदियों में तेजी से नेविगेशन की क्षमता व अग्निशमन की प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा करने के लिए जाना जाता है। खासतौर पर नदियों किनारे घाटों पर अग्निशमन व रेस्क्यू ऑपरेशंस को तेजी से पूरा करने में फायरबोट काफी कारगर है। इसकी एक खासियत यह भी है कि इसमें फायर फाइटिंग रोबोट्स को भी तैनात किया जाता है जो बोट की वॉटर कैनन रेंज से दूर घटनास्थल पर रिमोट कंट्रोल्ड एक्सेस के जरिए पहुंच कर फायर फाइटिंग ऑपरेशंस को अंजाम देने में सक्षम है।

# सनातन हिन्दू विश्व का शिलान्यास है प्रयागराज का महाकुम्भ

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** सनातन हिन्दू विश्व का शिलान्यास है प्रयागराज का 2025 ई. का महाकुंभ मेला। सनातन हिन्दू विश्व में वह सभी धर्म व संस्कृतियां सम्मिलित हैं जो सृष्टि के समय से ही अस्तित्व में है भले ही समयचक्र के विस्तार के साथ उनका विकसित स्वरूप एवं नाम कुछ भी रहा हो या हो गया हो। यही कारण है कि आज भारत देश के बाहर की वर्तमान भौतिक सीमा (देशों) में भी विभिन्न देवी-देवताओं के मंदिर व उनकी प्रतिमाएं मिल रही हैं। शास्त्र, संत व सत्ता के एकीकरण के समीकरण से आज पूरे विश्व में 'सनातन' और हिन्दू शब्दनाम की एकीकृत धर्म-संस्कृति की गूंज (ध्वनि) गुंजायमान है। सभी धर्मो की मूल विचारधारा व उसके अनुयायियों की जीवन पद्धति सनातन धर्म संस्कृति के अनुरूप ही है। अब सम्पूर्ण विश्व इस सूत्र को लगभग स्वीकार करके इसी मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। श्रीमज्ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती जी ने भगवान आदिशंकराचार्य मंदिर, ब्रह्मनिवास अलोपीबाग में आयोजित हो रहे नौ दिवसीय आराधना महोत्सव में अपने आशीर्वचन में उक्त बातें कहा। स्वामी जी ने आगे बताया कि मंगलवार 10 दिसम्बर को श्री ब्रह्मनिवास भगवान आदिशंकराचार्य मंदिर अलोपीबाग में पूर्वान्ह 10:30 बजे से श्रीमज्ज्योतिष्पीठोद्धारक जगद्गुरू शंकरचार्य, ब्रह्मलीन स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती जी महाराज का पूजा-पाटोत्सव कार्यक्रम होगा। आराधना महोत्सव के शेष सभी कार्यक्रम पूर्ववत चलते रहेंगे। आराधना महोत्व में दण्डी संन्यासी स्वामी विनोदानंद Jeff महाराज, दण्डी स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती, दण्डी संन्यासी ब्रह्मपुरी जी, ज्योतिष्पीठ संस्कृत महाविद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य पं. शिवार्चन उपाध्याय, आचार्य पं. अभिषेक मिश्रा, आचार्य पं. विपिनदेवानंद, आचार्य पं. मनीष मिश्रा, सीताराम शर्मा, अनुराग, दीप कुमार पाण्डेय आदि विशेष रूप से सम्मिलित रहे।

# सरकार चंद उद्योग पतियों के फायदे का काम कर रही है : डॉ. अमित यादव

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** समाजवादी मजदूर सभा की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट के सामने अर्जुन भवन में आयोजित किया गया। इस अवसर तमाम पदाधिकारी मौजूद रहकर समाज में दबे कुचले वर्ग व मजदूरों की समस्याओं पर अपने अपने विचार रखें। इस मौके पर मुख्य अतिथि समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय महासचिव डा. अमित यादव ने अपने विचार ब्यक्त करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। अमित यादव ने मौजूदा सरकार की नीतियों का विश्लेषण करते हुए कहा कि ये सरकार चंद उद्योग पतियों के फायदे का काम कर रही है।

मजदूर, किसानों तथा युवाओं के तकलीफों के बारे में जरा भी चिंतित नहीं है। तमाम बैकेन्सी खाली पड़ी है। मगर सरकार नियुक्ति पर ध्यान नही दे रही है। अमित यादव ने आगे कहा कि योगी सरकार फायर ब्रिगेड में तमाम संसाधन अत्याधुनिक गाड़ियां एवं अन्य महंगे अग्नि शमन यंत्र कमीशन के लिए खरीद लेती हैं मगर उसको चलाने वाले ड्राइवर एवं अन्य विशेषज्ञों की नियुक्ति नहीं करती। अग्नि शमन विभाग में निदेशक और संयुक्त निदेशकों की सभी पद रिक्त हैं। आगे उन्होंने कहा कि अगर कहीं आगजनी की कोई बड़ी घटना हो गई तो उससे निपटने में दिक्कत आयेगी और उस दुर्घटना से होने वाली जान माल के नुकसान की जिम्मेदारी भाजपा सरकार की होगी। जिला अध्यक्ष ने सभी विधानसभा अध्यक्षों से अनुरोध किया कि जल्द से जल्द विधानसभा कार्यकारिणी घोषित करें तथा हर महीने की 5 तारीख को विधानसभा की मासिक बैठक करें। मासिक बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा ने किया। प्रदीप यादव मनीष शर्मा अजय यादव बीरेंद्र अहमद कासिम मो अजीम जे के निषाद इंद्रेज मेंहदी लाल अरविंद यादव अमरनाथ सेठ अनीस खान आदि मौजूद रहे। संचालन जिला महासचिव मंजय कन्नौजिया ने किया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिया गया।

## डॉ. अम्बेडकर सामाजिक और राजनैतिक आन्दोलन के पुरोधा थे : आईपी रामबृज



**प्रयागराज।** डा. अम्बेडकर वेलफेयर नेटवर्क (डान) के तत्वावधान में यमुनापार की तहसील बारा स्थित बहुजन बाहुल्य बस्तियों में चलाई जा रही संविधान जागरुकता कार्यक्रम के तहत सोमवार को जसरा गांव में बहुजन समाज पार्टी के पूर्व मण्डल सेक्टर प्रभारी उच्च न्यायालय के अधिवक्ता डान संस्थापक आईपी रामबृज ने ज्ञान के प्रतीक राष्ट्रनायक बोधिसत्व डा. बाबासाहेब भीमराव रामजी अम्बेडकर के स्वरूप पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये कहा कि डा. अम्बेडकर का मानना था कि जीवन की तरह विचार भी नश्वर है यदि विचारों का प्रचार-प्रसार नहीं होगा तो वह भी ठीक उसी तरह नष्ट हो जाएंगे जिस तरह बिना उचित देखरेख के पेड़-पौधे सूख जाते हैं। यह विचार उस महान मनीषी के है जिसे संसार ने तरह-तरह की उपाधियों से विभूषित किया। किसी ने उन्हें विश्वरत्न की उपाधि दी तो किसी ने बोधिसत्व की। राष्ट्रनायक बहुजनों के मुक्तिदाता परम पूज्य डा. बाबासाहेब भीमराव रामजी आम्बेडकर केवल ज्ञान के प्रतीक ही नहीं है बल्कि वह भारतीय सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक आंदोलन के ऐसे पुरोधा है जिनका संपूर्ण जीवन दर्शन भारतवर्ष को एक राष्ट्र बनाने के लिये समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की सामाजिक स्वतंत्रता ही सर्वोपरि है। बाबासाहेब ने विभिन्न देशों के संविधानों के अध्ययन के उपरांत भारतीय संविधान का निर्माण किया जिसे आज भी विश्व में सर्वपरिता हासिल है क्योंकि भारतीय संविधान में विश्व के श्रेष्ठतम संविधानों के गुण समाहित है। संविधान की सीमाओं में रहकर आज हम सभी अपना अपना विकास कर रहे है।

# संक्षिप्त समाचार

## कांग्रेसजनों ने रक्तदान कर मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन



**प्रयागराज।** कांग्रेस की चेयरपर्सन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्मदिवस को सद्भावना दिवस के रूप में महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर आज अनवर मार्केट झूंसी प्रयागराज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कई लोगों ने रक्तदान कर भारत की एकता और अखंडता को मजबूत करने वाली भावना की मिसाल पेश किया तथा भाजपा के बटोगे तो कटोगे के नारे का मुंहतोड़ जवाब दिया गया। रक्तदान शिविर में जिलाध्यक्ष यमुनापार अरुण तिवारी, विनय दूबे, दिवाकर भारतीय, इस्तियाक अहमद, विनय पांडेय, प्रवीण सिंह भोले, राम मनोरथ सरोज, सौरभ श्रीवास्तव, राम छबीले मिश्र, अहमदुल्ला, सादाब अहमद, नागेश पाण्डेय, मुस्ताक बाबा, वसीम शेख, फोटो देवी, नगीना वर्मा, दिनेश सोनी, राम लखन यादव, गुलशेर अहमद आदि बहुत से लोग उपस्थित रहे।

## रामानंद के शतक गंगा डिग्री कॉलेज जीता



**प्रयागराज।** रामानंद यादव के शतक (111 रन, 88 गेंद, 12 चौके, चार छक्के) के दम पर गंगा डिग्री कॉलेज ने टीएसए क्लब को 29 रन से हराकर देव स्पोर्ट्स अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। देव स्पोर्ट्स मैदान गोहरी न्यू शांतिपुरम में सोमवार को खेले गए मैच में गंगा डिग्री कॉलेज ने 30 ओवर में 6 विकेट पर 110 रन (रामानंद यादव 111, आयुष यादव 29 नाबाद, दिलीप कुमार 29, प्रियांशु 3/37, आयुष यादव 2/41) बनाये। जवाब में टीसीए क्लब की टीम 30 ओवर में 5 विकेट पर 181 रन (प्रियांशु 66, अभि 39, दीप पांडेय 25 नाबाद, अंशु पटेल 2/24) ही बना सकी। रामानंद यादव को मैन ऑफ दि मैच चुना गया।

## रवींद्र मिश्र 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रदेशीय हैंडबॉल टीम के प्रबंधक नियुक्त



**प्रयागराज।** महानगर के एंग्लो बंगाली इंटरमीडिएट कॉलेज के शारीरिक शिक्षा अध्यापक रवींद्र मिश्र को 68वीं प्रदेशीय विद्यालयीय अंडर-19 हैंडबॉल टीम का टीम प्रबंधक नियुक्त किया गया। उनके चयन से शिक्षकों में खुशी है। शारीरिक शिक्षा अध्यापक रवींद्र मिश्र ने बताया कि प्रदेश की अंडर - 19 हैंडबॉल टीम 11 से 17 दिसंबर तक लुधियाना पंजाब में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक पी.एन.सिंह, प्रधानाचार्य स्वास्तिक बोस, खेल सचिव बृजेश श्रीवास्तव, रंजना सिंह, डॉ. भास्कर शुक्ला, हस्बीन अहमद, कौशल दीक्षित, डी. के. मिश्रा, अनूप श्रीवास्तव, मुकेश सिंह, अरविंद गौतम, वीरेन्द्र सिंह,आलोक विश्वकर्मा और समस्त खेल शिक्षको ने उनके चयन पर खुशी जताई एवं बधाई दी।

## आयकर कर्मचारियों ने दी कामरेड कुट्टी को भावभीनी श्रद्धांजलि



**प्रयागराज।** आयकर कर्मचारी महासंघ के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव, कर्मचारी महासंघों के विभिन्न पदों को सुशोभित करने वाले एवं कर्मचारी संघटनों को मजबूत नेतृत्व प्रदान करने वाले स्व0 कामरेड के0के0एन0 कुटटी की द्वितीय पुण्य तिथि पर आज आयकर भवन में आयकर कर्मचारी महासंघ के नेतृत्व में एक सभा आयोजित की गयी, जिसमें आयकर कर्मचारी महासंघ के जोनल सचिव योगेश्वर राय ने स्व0 के0के0एन0 कुटटी जी के जीवन परिचय एवं उनके द्वारा कर्मचारी हित में किए गए योगदान से अपने साथियों को अवगत कराया तत्पश्चात कुटटी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष रविन्द्र कुमार गौर , उपाध्यक्ष बृजेश कुमार , सचिव भावेश कुमार, कोषाध्यक्ष विजय कुमार, वरिष्ठ सहयोगी नन्हूलाल पाण्डेय, ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, अजमत हुसैन, नागेन्द्र सिहं यादव , श्रेयांक आनन्द, प्रेम चन्द ,पुरुषोत्तम लाल शर्मा, नीलम मौर्य एवं शुभम सहित तमाम कर्मचारियों ने कुटटी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया तथा सम्मान व्यक्त किया।

## कांग्रेसियों ने मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन

**प्रयागराज।** कांग्रेस संसदीय की प्रमुख व पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन आनंद भवन पर कांग्रेसियों ने केक काटकर उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया। सोमवार को नेहरू गांधी परिवार के पैतृक आवास आनंद भवन पर ढोल नगाड़े एवं आतिशबाजी कर कांग्रेसियों ने उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की। वहीं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान कहा की सोनिया गांधी महिला सशक्तिकरण, त्याग, बलिदान और सुचिता की प्रतिमूर्ति है। मनरेगा, सूचना का अधिकार, किसानों की कर्ज माफी व खाद्यान्न सुरक्षा बिल आदि योजनाएं देशहित में लागू करायी।

# भाजपा तपस्या पर खड़ा हुआ संगठन हैः स्वतंत्र देव सिंह

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** 13 दिसंबर को होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा को सफल बनाने के लिए भाजपा संगठन की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। 7 दिसंबर को सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा संगठन के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक और पीएम की के कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वाहन करने के बाद सोमवार को कार्यकर्ताओं के साथ बतौर मुख्य अतिथि बैठक करने प्रयागराज पहुंचे प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि पीएम मोदी की जनसभा को सफल बनाने हेतु कार्यकता कमर कस लें। सिविल लाइन स्थित पार्टी कार्यालय में प्रयागराज महानगर के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, तथा सभी 15 मंडलों के मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रभारियों तथा पार्षदों के साथ आहुत हुई बैठक में स्वतंत्र देव सिंह ने बारी बारी से सभी से जनसभा में पहुंचने वाली अपेक्षित संख्या एवं वाहन इत्यादि की व्यवस्था को लेकर जानकारी ली। बैठक के दौरान स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि भाजपा तपस्या के बल पर खड़ा हुआ संगठन है। पार्टी कार्यकर्ता अनुशासित तरीके से पीएम के कार्यक्रम को सफल बनाने में लग जाएं। सपा सरकार में दिन के 12 बजे निकलना मुश्किल था आज भाजपा सरकार में रात 12 बजे भी एक महिला बेटी निर्भय होकर निकलती हैं। जब तक हम एक हैं तभी तक विरोधी चुप हैं। बैठक में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि पीएम की जनसभा को हम सभी को सफल बनाना है। महानगर प्रभारी महेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री की जनसभा में हर वर्ग को लेकर चलना है। महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कहा कि महानगर के कार्यकर्ताओं ने अब तक अपनी अथक मेहनत से संगठन के हर कार्यक्रम को सफल बनाया है। बैठक का संचालन महामंत्री कुंज बिहारी मिश्रा ने किया। इस अवसर पर डॉ नरेंद्र कुमार सिंह गौर, देवेश सिंह, मृत्यंजय तिवारी, रमेश पासी, किरन जायसवाल, राजेश केसरवानी, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, राजन शुक्ला, राजू पाठक, अजय हेला, राजेश गोंड, नवाब खान, आनंद दुबे, संजय, शिखा रस्तोगी, आभा सिंह, देवेंद्र मिश्र, सुमित वैश्य, भोला सिंह, गौरव गुप्ता, अवनीश तिवारी, मनोज कुशवाहा, दीप द्विवेदी, प्रशांत शुक्ला, राकेश भारती, भरत निषाद, दीपिका पटेल, अनुज कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# पीयू विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय सुविधा के लिए प्रतिबद्धः प्रो. वंदना

- छात्रों को इंडस्ट्रियल इक्स्पोजर दिया जाना चाहिएः नवल किशोर
- विश्वविद्यालय इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग एक्सपर्ट को भी जोड़ेः विनीत सिंह
- अलुमिनी सेल को स्ट्रेंगथन करने पर जोर दे विविः डॉ. क्षितिज शर्मा
- शोध की गुणवत्ता, रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने समेत 37 निर्णय लिए गए



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में सोमवार को आई.क्यू.ए.सी. (आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ) की बैठक कुलपति प्रो. वंदना सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में आयोजित हुई। बैठक में विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम और शोध की गुणवत्ता में सुधार और छात्रों को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने के लिए कुल 37 निर्णय लिए गए। इसमें औद्योगिक और शैक्षणिक विशेषज्ञों ने भाग लिया। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस क्रम में शैक्षिक सुधार के साथ- साथ विश्वविद्यालय शोध और रोजगार के अवसर प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैठक में लिए गए निर्णय विश्वविद्यालय में शोध और शिक्षण की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे। बैठक में ए.वी.पी. सोडेक्सो अदानी अकाउंट्स के एसोसिएट एडिशनल डायरेक्टर नवल किशोर पांडेय ने कहा कि विश्वविद्यालय में संसाधनों की कमी नहीं है। विश्वविद्यालय के छात्रों की इंडस्ट्रियल एक्स्पोजर दिया जाना चाहिए जिससे की शिक्षा को रोजगारपरक बनाया जा सके, साथ ही वह अपने संस्था में विश्वविद्यालय के छात्रों हेतु इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने पर भी सहयोग करेंगे। विनीत सिंह एंड एसोसिएट, गुरुग्राम के एम.डी. एवं चेयरमैन विनीत सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय को पुस्तकालय में छात्रों हेतु इन्डस्ट्रियल मैगज़ीन की सुविधा भी प्रदान की जानी चाहिए जिससे छात्रों मे रुचि बढ़े, साथ ही साथ विश्वविद्यालय को विभिन्न क्षेत्रों के इन्डस्ट्रियल ट्रेनिंग एक्सपर्ट को भी जोड़ना चाहिए। चिकित्सक डॉ. क्षितिज शर्मा ने कहा कि अलुमिनी सेल को स्ट्रेंगथन करने पर विशेष जोर दिया जाना चाहिए। बैठक में अन्य कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें शोध की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए उच्च प्रभावकारी पत्रिकाओं में शोध कार्य प्रकाशित करने पर प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की नीति को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग को प्रोत्साहन देने के लिए कार्ययोजना तैयार करने हेतु एक समिति गठित करने का निर्णय लिया गया।बैठक में महाविद्यालयों के शोध छात्रों को विश्वविद्यालय की प्रयोगशालाओं में शॉर्ट टर्म विजिट की अनुमति देने का निर्णय हुआ। पेटेंट के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने और SWAYAM पोर्टल के पाठ्यक्रमों को क्रेडिट आधारित प्रणाली में शामिल करने की योजना को भी स्वीकृति मिली। इसके अतिरिक्त, छात्रों के लिए नियमित बस सेवा, योग को पाठ्यक्रम में शामिल करने, पीएच.डी. थीसिस के ऑनलाइन और समयबद्ध मूल्यांकन और राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग संस्थानों में भागीदारी बढ़ाने के लिए निदेशक रैंकिंग्स को नामित करने का निर्णय भी लिया गया। बाह्य विशेषज्ञों की टीम ने कुलपति के साथ रज़्जू भइया संस्थान, इंजीनियरिंग संस्थान और प्रबंध अध्ययन संस्थान का विज़िट किया। समन्वयक, आई.क्यू.ए.सी. प्रो. गिरिधर मिश्र ने बैठक की शुरुआत में सभी सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में प्रो. सौरभ पाल, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रमोद कुमार यादव, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. रजनीश भास्कर, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. संजीव गंगवार, कुलसचिव महेंद्र कुमार समेत समिति सदस्य उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन आई.क्यू.ए.सी. सह समन्वयक डॉ. धीरेन्द्र चौधरी ने किया।

## सूचना

मैं शपथी सय्यद मो. बाक़र (syed mohd Baqar) पुत्र जर्रार हुसैन (Jarrar Hussain) आयु लगभग 18 साल, निवासी-म0नं0-451/26/3 जाफररिया कॉलोनी, मुफ्तीगंज, लखनऊ -226003, शपथपूर्वक यह बयान करता हूं कि मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट में नाम सय्यद मो. बाक़र (syed mohd Baqar) लिखा है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम एस.एम. बाक़र (S.M. Baqar) लिखा है। अतः मुझे सही नाम सय्यद मो. बाक़र के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**शपथी**
**सय्यद मो. बाक़र**

## सूचना

मैं, नवाज खान, सूचित करता हूँ कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ से पर्यावरण माइक्रोबायोलॉजी में मेरे एम.एससी. प्रथम सेमेस्टर की मूल मार्कशीट, जिसका रोल नंबरः 19090, नामांकन संख्याः 375/15 है, खो गई है। यह अब मेरे पास नहीं है। अगर मिल जाए, तो कृपया मुझे +919795604513 पर संपर्क करें। किसी भी तरह के दुरुपयोग की जिम्मेदारी मेरी नहीं होगी।

अवधनामा


लखनऊ, मंगलवार, 10 दिसम्बर 2024



# 11वें नंबर पर पहुंचने में लगे 7 दशक, सिर्फ 10 साल में 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारतः पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जयपुर में राइजिंग राजस्थान समिट 2024 का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में अर्थव्यवस्था से लेकर सरकार के सुधारों तक कई मुद्दों पर बातें की। उन्होंने कहा कि भारत को दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में आजादी के बाद 7 दशक का समय लग गया, जबकि पिछले एक दशक में देश छलांग लगाकर दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

राइजिंग राजस्थान समिट 2024 का आयोजन राजस्थान की राज्य सरकार प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने के लिए कर रही है। यह समिट आज सोमवार 9 दिसंबर से राजस्थान की राजधानी जयपुर में शुरू हुआ है और 11 दिसंबर तक चलने वाला है। इस समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा कई जाने-माने उद्योगपति हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल, आदित्य बिड़ला



समूह के कुमार मंगलम बिड़ला, महिंद्रा समूह के आनंद महिंद्रा, अदाणी समूह के करण अदाणी आदि शामिल हैं। यह राजस्थान में बनी नई सरकार के तहत समिट का पहला आयोजन है।

पीएम मोदी ने उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में कहा- भारत ने सुधार रिफॉर्म, प्रदर्शन परफॉर्म और बदलाव ट्रांसफॉर्म के मंत्र को अपनाकर जो विकास किया है, उसे सभी क्षेत्रों में देखा जा सकता है। रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की विचारधारा के साथ सभी क्षेत्रों में हो रहा विकास दुनिया को दिख रहा है। उन्होंने इस दौरान भारत की आर्थिक तरक्की का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जिस भारत को दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में आजादी के बाद 7 दशक लग गए, उस भारत ने पिछले एक दशक में 11वें स्थान से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने तक का सफर तय किया है।

पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के बाद की सरकारों ने न तो विकास पर ध्यान दिया, न ही विरासत पर। इसके चलते राजस्थान को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। अब हमारी सरकार 'विकास भी, विरासत भी' का मंत्र लेकर आगे बढ़ रही है। राजस्थान अब आगे बढ़ रहा है। राजस्थान समय के साथ परिष्कृत हो रहा है।

इससे पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में बताया कि इस समिट के दौरान पहले ही 30 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के समझौतों पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं।

# संजय मल्होत्रा होंगे भारतीय रिजर्व बैंक के 26वें गवर्नर

**नई दिल्ली।** मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 1990 बैच के आईएएस अधिकारी और वर्तमान में राजस्व विभाग के सचिव के रूप में कार्यरत संजय मल्होत्रा को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। उनका कार्यकाल तीन वर्षों का होगा। वे शक्तिकांत दास का स्थान लेंगे। आइए नए आरबीआई गवर्नर के बारे में जानें।

राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा भारतीय रिजर्व बैंक के नए गवर्नर होंगे। वे वर्तमान गवर्नर शक्तिकांत दास की जगह लेंगे। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 1990 बैच के आईएएस अधिकारी और वर्तमान में राजस्व विभाग के सचिव के रूप में कार्यरत संजय मल्होत्रा को गवर्नर के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। उनका कार्यकाल तीन वर्षों का होगा। यह कार्यकाल 11 दिसंबर, 2024 से प्रभावी होगा। वह शक्तिकांत दास का स्थान लेंगे, जिन्होंने आरबीआई गवर्नर के रूप में दो कार्यकाल पूरे कर लिए हैं।

आईएएस अधिकारी संजय मल्होत्रा के पास वित्त, कराधान, बिजली, सूचना प्रौद्योगिकी और खनन सहित प्रमुख क्षेत्रों में 33 वर्षों से अधिक का अनुभव है। अनुभवी नौकरशाह मल्होत्रा शीर्ष बैंक के 26वें गवर्नर होंगे, जो दास का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल मंगलवार को समाप्त होने वाला है। दिसंबर 2018 में आरबीआई गवर्नर के रूप में नियुक्त किए गए दास ने हाल के दशकों में मानक पांच साल के कार्यकाल को पार कर लिया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने एक अधिसूचना में कहा कि 1990 बैच के राजस्थान कैडर के आईएएस अधिकारी मल्होत्रा 11 दिसंबर, 2024 को तीन साल की अवधि के लिए पदभार ग्रहण करेंगे।

मल्होत्रा की नियुक्ति ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर हुई है, जब आरबीआई मुद्रास्फीति नियंत्रण और आर्थिक विकास में मंदी जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। मल्होत्रा वर्तमान में वित्त मंत्रालय में सचिव (राजस्व) के रूप में कार्यरत हैं। इससे पहले, उन्होंने वित्तीय सेवा विभाग में भी सचिव का पद संभाला था।



भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर से कंप्यूटर विज्ञान में इंजीनियरिंग स्नातक, मल्होत्रा ने प्रिंसटन विश्वविद्यालय, अमेरिका से सार्वजनिक नीति में मास्टर डिग्री भी प्राप्त की है। उनका करियर राज्य और केंद्र दोनों सरकारों में महत्वपूर्ण भूमिकाओं में रहा है, जहां उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में नीतियों को आकार दिया है।

दिसंबर 2022 से राजस्व सचिव के रूप में, मल्होत्रा ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों दोनों के लिए कर नीतियों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व ने कर संग्रह को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो भारत के राजकोषीय स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है। मल्होत्रा ने जीएसटी परिषद के पदेन सचिव के रूप में भी काम किया, यह परिषद् भारत में वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) ढांचे के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार निकाय है।

25वें आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की बात करें तो उनका कार्यकाल 10 दिसंबर 2024 को समाप्त हो रहा है। दास रिजर्व बैंक में नियुक्ति से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रशासन में एक प्रमुख अधिकारी थे। उन्होंने सरकार और केंद्रीय बैंक के बीच तनावपूर्ण संबंधों के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

आरबीआई गवर्नर बनने से पहले, शक्तिकांत दास 15वें वित्त आयोग के सदस्य और भारत के त्व20 शेरपा के रूप में भी कार्यरत थे।

ह्यशासन में चार दशकों से अधिक के अनुभव के साथ, उन्होंने वित्त, कराधान, उद्योग और बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करते हुए केंद्र और राज्य दोनों सरकारों में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं।

वित्त मंत्रालय में अपने कार्यकाल के दौरान, दास आठ केंद्रीय बजट तैयार करने में सक्रिय रूप से शामिल रहे, जिससे राजकोषीय नीति में उनकी गहरी विशेषज्ञता का

# आईकू 13 भारत का सबसे तेज़ स्मार्टफोन, 11 दिसंबर से बिक्री के लिए होगा उपलब्ध

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे तेज और हाई परफॉरमेंस वाला स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने अपने नए वैरिएंट आईकू 13 के लॉन्च के साथ मोबाइल इंडस्ट्रीज के स्टैंडर्ड्स को हाई रखा हुआ है। यह फ्लैगशिप डिवाइस उन लोगों के लिए जबरदस्त परफॉरमेंस, कटिंग-एज फीचर, प्रीमियम डिज़ाइन के साथ आती है, जिन्हें सिर्फ अच्छे ब्रांड चाहिए 7 आईकू 13 की कीमत 12GB+256GB वैरिएंट के लिए 54,999 रुपये (इफेक्टिव प्राइज 51,999 रुपये) और 16GB+512GB वैरिएंट के लिए 59,999 रुपये (इफेक्टिव कीमत 56,999 रुपये) है, जो दो खूबसूरत कलर ऑप्शंस लीजेंड और नार्डो ग्रे में उपलब्ध होगा। कस्टमर्स लॉन्च ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं, जिसमें एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट/डेबिट कार्ड पर 3,000 रुपये का फ्लैट डिस्काउंट शामिल है। उपयोगकर्ता नॉन- वीवो/ आईकू डिवाइस के लिए 3,000 रुपये और वीवो/ आईकू डिवाइस के लिए 5,000 रुपये का एक्सचेंज बोनस भी प्राप्त कर सकते हैं। इसके



अलावा, 9 महीने तक के लिए नो-कॉस्ट ईएमआई भी उपलब्ध हैं।

आईकू 13 वीवो एक्सक्लूसिव स्टोर्स, आईकू ई-स्टोर और Amazon.in पर उपलब्ध होगा। वीवो एक्सक्लूसिव स्टोर्स और अन्य मेनलाइन स्टोर्स पर इसकी उपलब्धता के साथ, यह एक्सपेंशन आईकू डिवाइस को सीधे अनुभव करने और खरीदने की सुविधा सुनिश्चित करता है।

आईकू 13 अत्याधुनिक क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 8 एलीट चिपसेट से लैस है, जो 3 मिलियन से अधिक का प्रभावशाली AnTuTu स्कोर प्रदान करता है। इसकी पावरफुल परफॉरमेंस को बढ़ाने के लिए आईकू का प्रोप्राइटरी सुपरकंप्यूटिंग चिप Q2 है, जो 2K सुपर रिज़ॉल्यूशन और 144 एफपीएस गेम फ्रेम इंटरपोलेशन के साथ आता है ताकि हाई क्वालिटी विज़ुअलके लिए नए मानक स्थापित किए जा सकें। इसमें दुनिया का पहला Q10 2K 144H5अल्ट्रा आईकेयर डिस्प्ले है, जो एक आकर्षक मॉन्स्टर हेलो डिज़ाइन के साथ है। डिवाइस में 120W अल्ट्रा-फास्ट चार्जिंग के साथ एक मजबूत 6000mAhकी बैटरी है, जिसे केवल 30 मिनट में पूरा चार्ज करके लो बैटरी की चिंताओं को दूर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

डिवाइस में ट्रिपल कैमरा सेटअप है 50MP Son4 IMX 921+50MP Son4 IMX 816 टेलीफ़ोटो+50MP अल्ट्रा-वाइड लेंस और VCS ट्रू-कलर प्राइमरी कैमरा लेंस है। वीवो के एडवांस्ड इमेजिंग एल्गोरिदम का लाभ उठाते हुए, आईकू 13 एक प्रीमियम फ़ोटोग्राफ़ी एक्सपीरियंस देता है। एंड्रॉयड 15 पर आधारित लेटेस्ट फनटच ओएस 15 पर चलने वाला आईकू 13 एक सिंपल और बेहतर यूज़र्सएक्सपीरियंस देता है। यह ब्रांड के लिए एक माइलस्टोन जैसा है, जो इंडस्ट्री लीडिंग 4 साल के एंड्रॉयड अपडेट और 5 साल के सेफ्टी अपडेट प्रदान करता है, जो लॉन्गटर्म सॉफ़्टवेयर सपोर्ट भी सुनिश्चित करता है।

## लगातार दूसरे दिन लाल निशान पर बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 200 अंक फिसला, निफ्टी 24650 से नीचे

**नई दिल्ली।** कारोबारी लिहाज से बीते छह महीने के सबसे अच्छे हफ्ते के बाद सोमवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन लाल निशान पर बंद हुए। बाजार में यह गिरावट एफएमसीजी शेयरों में गिरावट के कारण दिखी। गिरावट का मुख्य कारण गोदरेज कंज्यूमर्स की ओर से घटती मांग की आशंका के कारण तीसरी तिमाही के लिए पूर्वानुमानों में कटौती करना रहा। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सेंसेक्स 200.66 (0.24त्न) अंकों की गिरावट के बाद 81,508.46 पर बंद हुआ। दिनभर यह 81,783.28 के उच्च और 81,411.55 के निम्न स्तर के बीच घूमता रहा। जबकि निफ्टी 58.80 (0.24त्न) अंक टूटकर 24,619.00 पर बंद हुआ।

30 शेयरों वाले शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, आईटीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक और भारतीय स्टेट बैंक पिछड़ गए। दूसरी ओर, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचडीएफसी बैंक, अडानी पोर्ट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल और पावरग्रिड लाभ में रहे।

मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे के अनुसार, पिछले सप्ताह की तेजी के बाद निवेशकों के उत्साह में कमी के कारण बाजार में सीमित दायरे में कारोबार हुआ और ज्यादातर समय यह नकारात्मक दायरे में रहा।

एशियाई बाजारों में सियोल और शंघाई में गिरावट रही, जबकि टोक्यो और हांगकांग में बढ़त रही। यूरोपीय बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.89 प्रतिशत बढ़कर 71.75 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पिछले तीन सत्रों से लगातार शुद्ध खरीदार बने रहने के बाद शुक्रवार को बिकवाल बन गए। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, उन्होंने 1,830.31 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## एनएचसी फूड्स लिमिटेड का रु. 47.42 करोड़ का राइट्स इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए 5 दिसंबर, 2024 से खुला

वलसाड. गुजरात.मसाला, अनाज, तेलबीज, सूखा मेवा और अन्य कृषि उत्पाद के निर्यात व्यापार से जुड़ी गुजरात स्थित नेशनल हेल्थ कॉरपोरेशन फूड्स लिमिटेड ( ब्ररूश्व -517554) का 47.42 करोड़ का राइट्स इश्यू 5 दिसम्बर, 2024 से सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन हुआ है।6 दिसम्बर,2024 को प्रति शेयर 2.76 की मौजूदा बाजार कीमत के सामने कंपनी प्रति शेयर 1 रुपए की आकर्षक कीमत पर राइट्स इश्यू ऑफर कर रही है। राइट्स इश्यू 18 दिसम्बर, 2024 को बंद होगा। निवेशक कंपनी के राइट्स इश्यू में 1 रुपए की कीमत पर लेने / सब्सक्राइब करने के लिए राइट्स एनटाईटलमेंट्स भी खरीद सकते हैं। राइट्स अधिकारों के ऑन मार्केट त्याग की अंतिम तिथि 12 दिसंबर, 2024 है। सूचित राइट्स इश्यू का राइट एंटाईटलमेंट्स 4:1 रेश्यो है (रेकॉर्ड तारीख 26 नवंबर, 2024 को इक्विटी शेयर धारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 1 फुल्ली पैड इक्विटी शेयर के सामने प्रत्येक 1 रुपए की फेस वैल्यू के 4 राइट्स इक्विटी शेयर ) कंपनी प्रत्येक 1 की कीमत प्रति शेयर 1 रुपए की फेस वैल्यू के 47.42 करोड़ फुल्ली पेड अप इक्विटी शेयर्स इश्यू करेगी जिसका मूल्य 47.42 करोड़ है।

वित्तीय वर्ष 2025 पहली अर्धवार्षिक अवधि के लिए कंपनी का मुनाफा बढ़कर 4.05 करोड़ हुआ था जिसके मुकाबले वित्तीय वर्ष 2024 का पूर्ण मुनाफा 2.35 करोड़ था। वित्तीय वर्ष 2024 के पूरे वर्ष की आय 211.30 करोड़ के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2025 के पहले अर्ध वार्षिक अवधि के लिए आय 140.67 करोड़ थी। राइट्स इश्यू के जरिए एकत्रित किए गए फंड्स को कंपनी की कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पहुंचने के लिए सिक्योर्ड ऋण चुकाने और आम कॉरपोरेट हेतुओं के लिए किया जाएगा। 47.42 करोड़ रुपए के इश्यू से मिलने वाली राशि में से कंपनी ने 25 करोड़ कार्यशील पूंजी की जरूरतों के लिए, 15 करोड़ सिक्योर्ड ऋण के पेमेंट के लिए और 7 करोड़ आम कॉरपोरेट हेतुओं के लिए उपयोग में लेने की योजना बनाई है।

## एअर इंडिया फ्रांस की एयरबस से खरीदेगा 100 नए विमान, पिछले साल दिया था 470 विमानों का ऑर्डर

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया ने फ्रांस की विमान निर्माता कंपनी एयरबस को 100 नए विमान खरीदने का ऑर्डर दिया है। इन विमानों में 10 वाइडबॉडी ए350 और 90 नैरोबॉडी ए320 फैमिली विमान ए321 नियो भी शामिल है। 100 नए विमानों का यह ऑर्डर 470 विमानों के उस ऑर्डर से अलग हैं जो एअर इंडिया ने पिछले साल एयरबस और बोइंग को मिलाकर दिए थे। नए ऑर्डर के बाद एअर इंडिया की ओर से एयरबस को ऑर्डर किए गए विमानों की कुल संख्या 350 हो गई है। पिछले साल विमानन कंपनी ने एयरबस को 250 विामनों के ऑर्डर दिए दिए थे, जिनमें 40 ए350 और 210 ए320 फैमिली विमान शामिल थे। एअर इंडिया ने यह भी घोषणा की कि उसने अपने बढ़ते ए350 बेड़े की रखरखाव से जुड़ी जरूरतों का समर्थन करने के लिए एयरबस के फ्लाइट ऑवर सर्विसेज-कंपोनेंट (एफएचएस-सी) का चयन किया है। टाटा संस और एअर इंडिया के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने कहा, भारत में यात्रियों की संख्या बाकी दुनिया से ज्यादा है, इसके बुनियादी ढांचे में काफ़ी सुधार हो रहा है और युवा आबादी तेजी से वैश्विक हो रही है, ऐसे में हमें लगता है कि एअर इंडिया की ओर से पिछले साल दिए गए 470 विमानों के पक्के ऑर्डर से आगे अपने भविष्य के बेड़े का विस्तार करने की एक स्पष्ट जरूरत है। उन्होंने कहा, ये 100 अतिरिक्त एयरबस विमान एअर इंडिया को विकास के रास्ते पर ले जाने में मदद करेंगे और एयर इंडिया को एक विश्वस्तरीय एयरलाइन बनाने के हमारे मिशन में योगदान देंगे जो भारत को दुनिया के हर कोने से जोड़ेगी।

एयरबस के सीईओ गिलौम फौरी ने कहा, हाल के महीनों में भारतीय विमानन क्षेत्र की जबरदस्त वृद्धि को व्यक्तिगत रूप से देखने के बाद, मुझे यह देखकर खुशी हुई कि एअर इंडिया ने हमारे ए320 परिवार और ए350 विमानों के लिए इस अतिरिक्त ऑर्डर के साथ एयरबस पर अपना भरोसा फिर से हासिल किया है।

# ड्यूरोप्लाई ने उन्नत निर्माण प्रक्रियाओं से अपने उत्पादों को बनाया और पेश किया अनोखा मूल्य प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी और भरोसेमंद प्लाईवुड निर्माताओं में से एक ड्यूरोप्लाई ने अपने वुड प्रोडक्ट्स जैसे प्लाईवुड, वीनियर, दरवाजे और ब्लैकबोर्ड पर दीमक और कीड़ों के संक्रमण से जीवनभर के लिए सुरक्षा की गारंटी पेश की है। ड्यूरोप्लाई ने 2016सेही यह अनूठी गारंटी देकर इंडस्ट्री में नई मिसाल कायम की थी।यह कंपनी अपने ग्राहकों की जरूरतों को समझते हुए ऐसे प्रोडक्ट बनाती है, जो सिर्फ मजबूत और टिकाऊ ही नहीं, बल्कि पीढ़ियों तक भरोसेमंद बने रहते हैं। यह लाइफटाइम गारंटी ड्यूरोप्लाई के उत्पादों की उच्च गुणवत्ता और स्थायित्व को सुनिश्चित करती है। साथ ही, यह घर के मालिकों, वास्तुकारों और इंटीरियर डिजाइनरों के बीच ड्यूरोप्लाई को एक भरोसेमंद ब्रांड के रूप में और अधिक मजबूती से स्थापित करती है।


ड्यूरोप्लाई के एमडी और सीईओ, श्री अखिलेश चितलंगिया ने कहा,÷हमने हमेशा अपने ग्राहकों के लिए ऐसी गुणवत्ता पेश करने पर जोर




दिया है जो हर बार बेहतर हो। ड्यूरोप्लाई इंडस्ट्री में पहली ऐसी कंपनी है जिसने दीमक और कीट प्रूफ प्लाईवुड पर लाइफटाइम गारंटी देने का कदम उठाया। यह न केवल हमारी गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है,बल्कि ग्राहकों को स्थायित्व और भरोसे का अनुभव भी देता है। छह दशकों सेअधिककेअनुभव के साथ, हम लगातार ऐसे उत्पाद और तकनीक लेकर आते हैं जो उद्योग के लिए बेंचमार्क बन जाते हैं।÷

ड्यूरोप्लाई अपने उत्पादों को दीमक और कीटों से सुरक्षित बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करता है। कंपनी कोर ट्रीटमेंट और5एचटी टेक्नोलॉजीकेसाथग्लूलाइनट्रीटमेंटके जरिए अपने प्लाईवुड में सुरक्षा की अतिरिक्त परतें जोड़ती है। खास रसायनों से कोर ट्रीटमेंट न केवल सतह पर, बल्कि प्लाईवुड की हर परत के अंदर तक लागू होता है, जिससे दीमक या कीड़े अंदर प्रवेश नहीं कर पाते।ग्लू लाइन ट्रीटमेंट के साथ, यह प्रक्रिया और भी मजबूत हो जाती है। इसमें एडवांस चिपकने वाले पदार्थों का उपयोग किया जाता है, जो विभिन्न परतों को कीटों के हमलों से बचाने में मदद करते हैं। यहां तक कि अगर प्लाईवुड को आकार देने के लिए काटा जाए, तब भी यह सुरक्षा बनी रहती है।इसके अलावा, ड्यूरोप्लाई के सभी प्रोडक्ट्स 5हीट ट्रीटमेंट (5एचटी)प्रक्रिया से गुजरते हैं। इस प्रक्रिया से लकड़ी में कीड़ों को भगाने वाले रसायन गहराई तक समा जाते हैं। ये उन्नत तकनीकें सुनिश्चित करती हैं कि ड्यूरोप्लाई का हर उत्पाद दीमक और कीड़ों से लंबे समय तक सुरक्षित रहे, चाहे उसका इस्तेमाल किसी भी प्रकार के प्रोजेक्ट में किया जाए।

## सोना 190 रुपए फिसलकर 78960 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंचा, चांदी 350 रुपए मजबूत हुई



**नई दिल्ली।** सोमवार को देश की राजधानी दिल्ली में सोने का भाव 190 रुपये घटकर 78,960 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। हालांकि, चांदी की कीमतों में इजाफा दिखा और यह 350 रुपये चढ़कर 93,850 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर पहुंच गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, सोमवार को देश की राजधानी दिल्ली में सोने का भाव 190 रुपये घटकर 78,960 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 79,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, सोमवार को चांदी की कीमतों में इजाफा दिखा और यह 350 रुपये चढ़कर 93,850 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 190 रुपये टूटकर 78,560 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। शुक्रवार को यह पीली धातु 78,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में फरवरी डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध की कीमत 410 रुपये अथवा 0.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 77,029 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मार्च डिलीवरी वाले चांदी अनुबंध की कीमत 738 रुपये या 0.8 प्रतिशत की तेजी के साथ 93,186 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। विदेशी बाजारों में कॉमेक्स सोना वायदा 14.10 डॉलर प्रति औंस या 0.53 प्रतिशत बढ़कर 2,673.70 डॉलर प्रति औंस हो गई।

### तनिष्क प्रस्तुत कर रहा है रिवाह X तरुण तहिलियानी का दूसरा एडिशन

# दुल्हन के शानदार आभूषणों का जश्न

सहयोग के शुभारंभ को मिली भारी सफलता के बाद, तनिष्क के एक्सक्लूसिव वेडिंग सब-ब्रांड रिवाह ने मशहूर डिज़ाइनर तरुण तहिलियानी के साथ विशेष सहयोग में रिवाह ङ्ग तरुण तहिलियानी के दूसरे एडिशन की घोषणा की है। यह नया कलेक्शन आधुनिक भारतीय दुल्हनों यानी पारंपरिक मूल्यों को आधुनिकता में जोड़ने वाली सूत्रधार की पसंद के अनुरूप बनाया गया है। यह डिज़ाइन न केवल नयी पसंद और प्राथमिकताओं के अनुरूप हैं, बल्कि प्रगतिशील भारतीय दुल्हन की कालातीत खूबसूरती और अनोखेपन का भी सम्मान करते हैं।

तनिष्क की नाजुक कारीगरी और तरुण तहिलियानी के कला-कौशल ने इस साल के कलेक्शन में विरासत और आधुनिकता का मेल किया है। खूबसूरती, समृद्धि और पवित्र शुरूआत का प्रतीक फूलचादर और फेमिनिटी, सांस्कृतिक शान का प्रतीक ड्रेप स्टोरी इन दो थीम से प्रेरित होकर इस कलेक्शन में सोने पर नाजुक कलाकारी की गयी है। कलियों से पूरे खिले हुए फूल तक के खूबसूरत फ्लोरल मोटिव और तरुण तहिलियानी के ड्रेप्स को फ्लूइड पैटर्न में नए ढंग से रचा गया है। इससे बना है यह शानदार कलेक्शन, जिसमें आधुनिक सिल्हट और पारंपरिक कला का मिलाप है, जो हर वेडिंग सीज़न के लिए आधुनिक दुल्हनों को कालातीत शान प्रदान करता है।

इन आभूषणों में एक दुल्हन के सफर की नाजुक सुंदरता को बहुत ही शानदार तरीके से कैप्चर किया गया है। हर आभूषण आधुनिक सूत्रधार दुल्हन की वैयक्तिकता को दर्शाता है। इसमें कई विकल्प बनाए गए हैं, यह शानदार कलेक्शन कलात्मक निपुणता और कालातीत डिज़ाइन का फ्यूजन है, जिसे ग्लास कुंदन और सोने में बहुत ही कौशल के साथ बनाया गया है। भारतीय शादियों के सम्मान में प्रस्तुत किया गया यह कलेक्शन आधुनिक भारतीय दुल्हन की पसंद दर्शाता है, यह दुल्हन में आत्मविश्वास है, साथ ही वह अपनी परंपरा से जुडी हुई है, कम्फर्ट और स्टाइल को एक साथ जोड़ती है। हर आभूषण को हर प्रसंग को शानदार और यादगार बनाने के लिए बनाया गया है। ग्रैंड सेलिब्रेशन हो या हल्दी, मेहंदी, संगीत, कॉकटेल जैसे फंक्शन हो, यह कलेक्शन शादी के लिए बेहतरीन है। तरुण तहिलियानी के प्रभाव ने इस कलेक्शन में एम्ब्रॉयडरी का जश्न मनाया है। विशेषता और सांस्कृतिक गहराई चाहने वाली दुल्हनों के लिए यह लक्ज़रीयस फिर भी शानदार विकल्प है। गुलुबंद, हैरम, पेंडंट, हाथफूल, रिंग्स, मांग टिका ऐसे कई प्रकार के आभूषणों के 80 से ज़्यादा डिज़ाइन यहां हैं। किसी भी लूक को पूरा करने वाले आश्चर्यजनक आभूषण इस कलेक्शन में हैं।

# अपोलोमेडिक्स अस्पताल ने हासिल की बड़ी सर्जिकल सफलता, मरीज के लिवर से निकाला फुटबॉल के आकार का ट्यूमर

**लखनऊ।** अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने एक जटिल सर्जरी में बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। अस्पताल के डॉक्टरों ने मरीज के लिवर से फुटबॉल के आकार का करीब 3 किलोग्राम का न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर सफलतापूर्वक निकाल दिया। डॉ. आशीष मिश्रा, सीनियर कंसल्टेंट, लिवर ट्रांसप्लांट एवं एचपीबी सर्जन, की अगुवाई में एक लंबी और कठिन सर्जरी के दौरान मरीज के शरीर से चार ट्यूमर हटाए गए।

डॉ आशीष मिश्रा ने बताया, जटिल और दुर्लभ सर्जरी के जरिए निकाले गए ट्यूमर्स में यह ट्यूमर देश और प्रदेश में सबसे बड़े ट्यूमर्स में से एक है। यह न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर्स में से भी सबसे बड़ा ट्यूमर माना जाता है। इस ट्यूमर का आकार इतना बड़ा होने का कारण यह है कि ऐसे ट्यूमर्स में लक्षण बहुत देर से दिखते हैं। इस मरीज़ में लक्षण दिखने के बाद भी वह लंबे समय तक विभिन्न अस्पतालों में इलाज के लिए जाता रहा। मरीज़ की जान को इस ट्यूमर से बड़ा खतरा था, क्योंकि अगर और इंतजार किया जाता तो ट्यूमर और फैल सकता था, जिससे ऑपरेशन असंभव हो जाता।

रोगी पिछले दो सालों से विभिन्न अस्पतालों का दौरा कर चुके थे, लेकिन ट्यूमर के आकार और जटिलता के कारण उन्हें इलाज नहीं मिल पाया था। पहले, रोगी को रेक्टम में 2 सेंटीमीटर का न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर था, जो बाद में लिवर में फैल गया, जिसके परिणामस्वरूप तीन बड़े ट्यूमर बन गए। इनमें से एक ट्यूमर का आकार 27-28 सेंटीमीटर था।

न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर बेहद दुर्लभ हैं। ये ट्यूमर शरीर के हार्मोन बनाने वाली कोशिकाओं में विकसित होते हैं और इन्हें पहचानना मुश्किल होता



है। आमतौर पर, हजार लोगों में से केवल एक या दो लोगों को ही यह बीमारी होती है।

वैसे तो, यह किसी भी उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं, लेकिन यह 40-50 साल से अधिक उम्र के लोगों में होने की संभावना अधिक होती है। इस मामले में खास बात यह भी थी कि रोगी का शराब, धूम्रपान या तंबाकू का सेवन जैसे कोई भी सामान्य कैंसर जोखिम कारक इतिहास नहीं था।

इतना बड़ा ट्यूमर होने के कारण यह आसपास के अंगों जैसे किडनी, पेट और अंतड़ियों पर दबाव डाल रहा था। इससे मरीज़ को खाने में बहुत दिक्कत हो रही थी, पेट में दर्द रहता था और पेट में फुटबॉल के आकार जैसा ट्यूमर महसूस हो रहा था। इस ट्यूमर के बड़ा होने की मुख्य वजह इसका रेक्टम में होना था, जो फैलकर धीरे-धीरे बड़ा होता जा रहा था और लिवर में पहुंच गया था। यदि यह ट्यूमर बढ़ता रहता, तो पूरे लिवर में फैल सकता था, जिससे लिवर फेल होने का खतरा बढ़ जाता और इसके इलाज के लिए लिवर ट्रांसप्लांट की आवश्यकता होती। इतना बड़ा ट्यूमर होने के कारण आसपास के अंगों को भी नुकसान हुआ था। इसके बारे में इतनी देर से पता चला क्योंकि इस ट्यूमर के लक्षण बहुत बड़े आकार में होने पर ही दिखते हैं।

डॉ. आशीष मिश्रा की टीम ने एक ही सर्जरी में सभी चार ट्यूमर हटा दिए, जो इस प्रकार के मामलों में आमतौर पर दो अलग-अलग सर्जरी की आवश्यकता होती है। इस सफलता को अपोलोमेडिक्स के लिए एक बड़ा मील का पत्थर माना जा रहा है, जो अब उन्नत चिकित्सा देखभाल के क्षेत्र में अग्रणी बन चुका है।

# डीएम के निरीक्षण में 5 अधिकारी व 15 कर्मचारी मिले अनुपस्थित, रोका वेतन

अवधनामा ब्यूरो


विकास भवन में सीडीओ के साथ उपस्थित पंजिका देखते डीएम


उप निबंधक कार्यालय में उपस्थित पंजिका देखते

- अनुपस्थित में तहसीलदार पडरौना, नायब तहसीलदार, डीडीओ व अधिशाषी अभियंता शामिल

**कुशीनगर।** जनपदीय कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की हकीकत जानने के लिए जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने सोमवार को प्रात सवा दस बजे विकास भवन, सदर तहसील पडरौना व उप निबंधक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 5 अधिकारी व 15 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। जिनके विरुद्ध जिलाधिकारी ने वेतन रोकने के साथ ही स्पष्टीकरण मांगा है। डीएम ने सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी समय से कार्यालय में पहुंचकर दैनिक कार्यों को निपटाएं। लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सबसे पहले उप निबंधक कार्यालय सदर, तहसील सदर (पडरौना) तथा विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका, विभिन्न पटलों, अभिलेखों के रख रखाव का उचित प्रबन्धन, परिसर एवं कार्यालयों की सफाई व्यवस्था, अग्निशमन तथा अग्नि सुरक्षा के दृष्टिगत व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उपनिबंधक कार्यालय सदर पडरौना में उप निबंधक अजय कुमार सिंह समेत निबंधक सहायक राकेश कुमार पांडेय, अमर्त्य श्रीवास्तव अनुपस्थित एवं सदानंद चौबे उपस्थित मिले, साथ ही 4 ऑपरेटर भी उपस्थित मिले। जिलाधिकारी ने समस्त कार्यालयों में फायर सेफ्टी नॉर्म्स का अनुपालन करने, अभिलेखों का समुचित रख रखाव करने, निष्प्रयोज्य वस्तुओं को हटाने, खराब पड़े प्रिंटर को ठीक कराने, उत्तम साफ सफाई व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा समस्त पटलों के निरीक्षण के उपरांत कार्यालयों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नियमित अंतराल पर सभी पटलों का निरीक्षण करें एवं किसी भी पटल पर कोई पत्रावली समयावधि के उपरांत लंबित न रहें। साथ ही समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी अपने अपने कार्यालयों में समय से पहले उपस्थित रहकर दैनिक कार्यों को संपादित करें।

**डीडीओ व तहसीलदार समेत 20 अनुपस्थित मिले-** तहसील कार्यालय सदर के निरीक्षण के क्रम में तहसीलदार पूर्णिमा सिंह, नायब तहसीलदार अंजू यादव सहित नायब नाजिर शिवनाथ प्रसाद, ए.डब्लू.बी.एन. अशोक कुमार भारती, आर.के. राजेंद्र चौबे, अरविंद यादव, राज कुमार सिंह (आर के दफ्तर) अनुपस्थित तथा नायब तहसीलदार विशाल दत्त त्रिपाठी, डब्लू.बी.एन. देवेंद्र प्रताप उपस्थित मिलें। विकास भवन के निरीक्षण में जिला विकास अधिकारी तथा अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग तथा विभिन्न कार्यालयों से प्रधान सहायक, वरिष्ठ सहायक, कनिष्ठ सहायक यथा मारकंडेय मल्ल, आनंद पांडे, सुनीता रानी चौहान, शिव शंकर गुप्ता, रत्नेश कुमार, वंदना श्रीवास्तव, मु. नूरुल हसन एवं किरण सिंह अनुपस्थित मिले एवं डीसी मनरेगा, परियोजना निदेशक, डीपीआरओ, एआर कॉपरेटिव, जिला कार्यक्रम अधिकारी, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित मिलें। निरीक्षण के दौरान गैरहाजिर 5 अधिकारियों एवं 15 कर्मचारियों का स्पष्टीकरण जारी करने तथा स्पष्टीकरण प्राप्त होने तक वेतन रोकने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया।

## नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की....



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के कसारा गांव में अभयराज मिश्र के यहां चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन सोमवार को कथा व्यास आचार्य देवव्रत महाराज ने श्रीमद् भागवत महापुराण के अनेक मार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया। जिसमें जड़ भरत चरित्र का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए श्रोताओं को मानव जीवन सुंदर बनाने के संदेश दिए।भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जब जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ता है तब तब ईश्वर धरा पर अवतरित होकर धर्म की स्थापना करते हैं। उन्होने कहा जब मथुरा के आतताई राजा कंस के अत्याचारों से चारों ओर त्राहि-त्राहि मची थी। कंस ने देवकी के सात बच्चों की नृशंस हत्या कर दी। तब अपने भक्तों की करुण पुकार सुनकर ईश्वर ने देवकी के आठवीं संतान के रूप में अवतार लिया। उनके अवतरित होते ही पहरेदार सो गए कारागार के द्वार और वसुदेव देवकी की बेड़ियां स्वत खुल गई। वसुदेव भगवान को लेकर नंद बाबा के घर पहुंचे वहां यशोदा के पास अपने पुत्र को छोड़कर उनके घर जन्मी कन्या को लेकर कारागार पहुंचे। आठवीं संतान के जन्म की सूचना पाकर कंस कारागार पहुंचा और जैसे ही कन्या को वह मारना चाहा कन्या कंस के हाथ से छूट आकाश मार्ग चली गई और भविष्यवाणी हुई।ऐ कंस तुझे मारने वाला पैदा हो चुका है। इधर गोकुल में नंद बाबा के घर पुत्र जन्म का समाचार मिलते ही गोकुल में हर्ष का माहौल छा गया। कथा व्यास ने नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी नंद घर जन्मे कन्हैया घर-घर बजी बधाइयां आदि भजन और गीतों के माध्यम से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

## कुशीनगर में राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह का दो दिवसीय भ्रमण आज से

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उप्र दिनेश प्रताप सिंह का जनपद कुशीनगर में भ्रमण एवं निरीक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित है। मंत्री द्वारा कुशीनगर महोत्सव का उद्घाटन राज्य स्तरीय कुश्ती व वॉलीबॉल खेल समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात उद्यान विभाग एवं मण्डी परिषद के कार्यों का निरीक्षण/ शिलान्यास/ उद्घाटन स्थान- कृषि विज्ञान केन्द्र, सरगटिया, कुशीनगर तथा जनपद में रू. 50 लाख एवं उससे अधिक लागत की संचालित परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे।

भ्रमण के दूसरे दिन बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन के साथ जनपद में यातायात समस्या एवं सड़क सुरक्षा के उपायों के संबंध में समीक्षा। कानून व सुरक्षा संबंधी एवं राजस्व विभाग से जुड़े हुए विषयों जैसे वारासत, पैमाईश, नामांतरण, लैंड यूज सहित आई.जी.आर.एस. सी.एम. हेल्पलाइन आदि समीक्षा कर मेरिट के आधार पर निस्तारण। इसके साथ ही अकांक्षात्मक विकास खण्डों की समीक्षा बैठक। जनपद में नए विश्वविद्यालय/मेडिकल कालेज के संचालन की स्थिति के संबंध में समीक्षा। स्थानीय पर्यटन विकास की संभावनाओं की तलाशकर प्रचार-प्रसार पर चर्चा, जन शिकायतों का मेरिट के आधार पर निस्तारण। जिले से जुड़ी हुई विभिन्न समस्याओं के समाधान के संबंध में जिलाधिकारी और पुलिस आयुक्त/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक के साथ मेरिट के आधार पर समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान हेतु विचार विमर्श किया जाएगा।

## बकाया कर जमा कराने को ई-रिक्शा डीलर्स व वित्तपोषको के साथ बैठक

**अमेठी।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ने बताया कि सोमवार को जनपद के उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय में एकमुश्त शास्ति समाधान योजना के तहत अधिकाधिक बकाया कर जमा कराने के उद्देश्य से ई-रिक्शा डीलर्स तथा वित्तपोषकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त बैठक में एकमुश्त शास्ति समाधान योजना पर विस्तृत चर्चा की गयी एवं सम्बन्धित अधिकारियों को अधिक से अधिक वाहन स्वामियों को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया तथा उपस्थित डीलर्स द्वारा विक्रीत बकाये कर के ई-रिक्शा स्वामियों को अपने स्तर से सम्पर्क स्थापित करते हुये बकाया कर जमा कराने हेतु निर्देशित किया गया। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि वित्तपोषकों को निर्देशित किया गया कि उनके द्वारा वित्तपोषित व लोन किस्त न जमा करने के कारण जिन वाहनों को उनके द्वारा अपने कब्जे में लिया गया है।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला आयुष समिति की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला आयुष समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम उपलब्ध धनराशि एवं व्यय धनराशि की समीक्षा की। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने आयुष विभाग के निर्माणाधीन आयुष चिकित्सालयों चिकित्सालयों के उच्चीकरण तथा इंफ्रास्ट्रक्चर की भौतिक प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोर प्रतिष्ठानो पर छापेमारी कर सैंपल एकत्रित कर जांच करने के निर्देश दिए एवं रजिस्टर लाइसेंस की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्त चिकित्सालयों में मरीज हेतु समस्त मूलभूत सुविधाएं एवं आवश्यक दवावों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही जो भी चिकित्सालयों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है उनको समिति के समक्ष प्रस्तुत कर उनको हैंडोवर कराया जाए जिससे कि आमजन को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जा सके। जिलाधिकारी ने जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि वह स्वयं निगरानी करते हुए टीम गठित कर छापेमारी मूलभूत सुविधाओं इत्यादि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने बताया कि जनपद में योग वेलनेस सेंटर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय शारदन राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय बड़गांव तथा राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय 25 शैय्या अमेठी में संचलित हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में योग एवं आयुष विद्या को आधिकाधिक जनसुलभ बनाने हेतु नगरीय क्षेत्र में पार्कों में आवास विकास एवं नगर विकास विभाग के सहयोग से योग सत्र का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 18 आयुर्वेद चिकित्सालय तथा 9 यूनानी चिकित्सालय संचालित हैं।

## सोनिया गांधी के जन्मदिन पर हुए विविध कार्यक्रम



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के 78वें जन्मदिन पर जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल की अगुवाई मे केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज के राजीव गाँधी सभागार के सामने केक काटकर सोनिया गांधी के दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। कांग्रेसियों ने एक दूसरे को केक व लड्डू खिलाया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर सोनिया गाँधी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर इस दिन को सामाजिक सदभावना दिवस के रुप में मनाने का निश्चय किया गया था। सोमवार को संजय गाँधी अस्पताल मुंशीगंज में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने दर्जनों साथियो के साथ रक्तदान किया। जिसमे अनिल सिंह अर्जुन पासी शुभम सिंह रामबरन कश्यप आशीष यादव राघवराम मिश्र दीपक आर्य इस्माइल अशोक शुक्ला डा देवमणि तिवारी आदि ने रक्तदान किया।

## वांछित अभियुक्त पर गुंडा एक्ट में कार्रवाई

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** पडरौना कोतवाली क्षेत्र के मोहन पट्टी निवासी कृष्णा उर्फ पवन पुत्र बशिष्ठ पर आधा दर्जन से अधिक मुकदमे के वांक्षित को लेकर पुलिस द्वारा गुंडा एक्ट के तहत पुलिस रिपोर्ट डीएम को भेजा था जिसको संज्ञान में लेते हुए डीएम ने वांक्षित अभियुक्त कृष्णा उर्फ पवन को गुण्डा एक्ट के तहत नोटिस जारी कर 16 दिसंबर को अपने न्यायालय में उपस्थित रहने का आदेश दिया है। बता दें कि उक्त ग्राम सभा निवासी कृष्णा उर्फ पवन पर पडरौना कोतवाली व विशुनपुरा थाना में 420 व पास्को सहित अन्य मुकदमे में अभियोग पंजीकृत हैं जिससे वांक्षित अभियुक्त के द्वारा क्षेत्र में भय लोगों में व्याप्त है जिसको लेकर पडरौना कोतवाली पुलिस ने जिला प्रशासन से अभियुक्त के खिलाफ गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई की सिफारिश किया था जिसको लेकर डीएम ने अभियुक्त को नोटिस जारी कर न्यायालय में उपस्थित रहने का आदेश दिया है। उक्त आदेश का तामिला पडरौना कोतवाली पुलिस के द्वारा करा दिया गया है।

## खलिहान की जमीन पर नगर पंचायत द्वारा निर्माण कराने का आरोप

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** नगर पंचायत सुकरौली के वार्ड संख्या 11 आजाद नगर की सभासद प्रियंका यादव सभासद प्रतिनिधि ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर नगर पंचायत सुकरौली के वार्ड संख्या 14 महाराणा प्रताप नगर के डकही टोले पर खलिहान की जमीन पर नगर पंचायत द्वारा पार्क का निर्माण कराने का आरोप लगाया है। शिकायती पत्र में कहा है कि 1208 खलिहान की जमीन है जहां गांव के लोग कृषि कार्य में उपयोग करते आ रहे हैं। खलिहान की जमीन पर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी द्वारा अवैध निर्माण कराया जा रहा है। सभासद ने अवैध निर्माण को रोकवाने व कार्रवाई की मांग किया है।

## नेत्रहीन बुजुर्ग को नहीं मिला आवास, लगाई फटकार

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिले में एक नेत्रहीन दलित बुजुर्ग को आवास योजना के तहत लाभ नहीं मिलने पर सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। बुजुर्ग ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बताया कि वह झुग्गी-झोपड़ी में रहने को मजबूर है और आवास योजना के लिए फॉर्म भरने के बावजूद उसका नाम हटा दिया गया। बुजुर्ग व्यक्ति ने विधायक के पास पहुंचकर बताया, मैं दलित और नेत्रहीन हूं। मेरे पास रहने को कोई स्थायी जगह नहीं है। झुग्गी-झोपड़ी में जैसे-तैसे जीवन यापन कर रहा हूं। मैंने आवास योजना के लिए आवेदन किया था, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने मेरा नाम काट दिया। अब आप ही बताइए, मैं कहां जाऊं? बुजुर्ग की समस्या सुनने के बाद विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने तुरंत संबंधित विभागीय अधिकारियों से फोन पर बात की। फोन पर उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा तुम लोग गरीबों का मकान साइन करके छीन लेते हो। तुम्हें शर्म आनी चाहिए।

# कसया पुलिस का कारनामा : वारंटी को पकड़ा, फोटो सोशल मीडिया पर किया पोस्ट, फिर छोड़ दिया

अवधनामा ब्यूरो


पुलिस गिरफ्त में वांछित अभियुक्त जिसे पुलिस ने छोड़ा

**कुशीनगर।** जिले में वांछित व वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को कसया पुलिस ने विभिन्न धाराओं में निरुद्ध किए गए वांछित अभियुक्त मनीष श्रीवास्तव को गिरफ्तार करने के कुछ ही देर बाद छोड़ दिया गया। कहना न होगा कि सत्तादल से ताल्लुक रखने वाले मनीष श्रीवास्तव के गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने सोशल मीडिया सेल पर वांछित की फोटो के साथ बकायदे खबर पोस्ट की थी किन्तु कुछ देर बाद ही फोटो व खबर डिलीट कर पुलिस मामले से पल्ला झाड़ने लगी। इसके बाद पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

पुलिस प्रशासन द्वारा कुशीनगर मीडिया × पुलिस व्हाट्सएप ग्रुप में किए गए पोस्ट के मुताबिक वांछित व वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में 8 दिसम्बर 2024 रविवार को कसया पुलिस द्वारा मुकदमा अपराध संख्या-852/2023 धारा 419, 420, 406, 504, 506, 467, 468, 471 भारतीय दंड विधान में वांछित अभियुक्त मनीष श्रीवास्तव पुत्र गोपालकृष्ण श्रीवास्तव निवासी वार्ड संख्या-13 श्रीराम जानकी नगर थाना कसया जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। मीडिया सेल ग्रुप में वांछित अभियुक्त की फोटो के साथ उप निरीक्षक कुलदीप मौर्य व कांस्टेबल महेन्द्र कुमार द्वारा मनीष श्रीवास्तव की गिरफ्तारी दिखाई गई लेकिन कुछ ही देर बाद 7 बजकर 11 मिनट पर डिलीट कर दिया गया। सूत्र बताते है कि अन्य ग्रुप में मीडिया सेल की फारवर्ड किए गए इस खबर को पुलिस व्यक्तिगत लोगों के पास फोन करके डिलीट करा दिया।

**पुलिस के कार्यप्रणाली पर उठ रहे है सवाल-** मीडिया सेल द्वारा कुशीनगर मीडिया × पुलिस व्हाट्सएप ग्रुप में धोखाधड़ी के आरोप में तमाम धाराओं मे निरुद्ध मनीष श्रीवास्तव की गिरफ्तारी की फोटो सहित जानकारी पोस्ट करने के पश्चात डिलीट किए जाने पर न सिर्फ तरह तरह की चर्चाएं की जा रही है बल्कि पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल भी खडे किए जा रहे है। मनीष श्रीवास्तव को गिरफ्तार करने वाले कसया थाने के उपनिरीक्षक कुलदीप मौर्य से जब इस संबंध में जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि विज्ञप्ति लिखने वाले की गलती से खबर ग्रुप में पोस्ट हो गई। मनीष श्रीवास्तव की गिरफ्तारी नही की गई थी उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया था। उप निरीक्षक मौर्य से जब यह पूछा गया कि अगर वांछित को पूछताछ के लिए बुलाया गया था तो फिर पुलिस के साथ अभियुक्त की फोटो ग्रुप में पोस्ट कर क्यो डिलीट किया गया। इस पर श्री मौर्य चुप्पी साध लिए। अभियुक्त की सत्तादल से ताल्लुक होने के कारण तो नही छोड़ दिया गया पूछे जाने पर श्री मौर्य ने कोई जवाब नही दिया। इस संबंध में मनीष श्रीवास्तव से उनका पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि मुझे गिरफ्तार नही किया गया था बल्कि विवेचना में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। मीडिया सेल द्वारा उनकी पुलिस के साथ फोटो समहित गिरफ्तारी की खबर पोस्ट किए जाने के संबंध में पूछने पर मनीष ने कहा कि इसकी उन्हें कोई जानकारी नही है। उन्होंने कहा कि मेरा परिवार यहां का जमीदार रहा है मेरी जमीन हड़पने के नीयत से मुझे फंसाया गया है।

## दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** आज बीआरसी बरहज में दिव्यांग बच्चों के लिए सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम लिमिटेड (एलिम्को), कानपुर के सहयोग से आयोजित हुआ। इस शिविर में 90 दिव्यांग बच्चों को उनकी जरूरतों के अनुसार कुल 125 सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें 11 ट्राई साइकिल, 14 व्हील चेयर, 19 कैलीपर, 12 रोलेटर, 4 वॉकिंग स्टिक, 10 सीपी चेयर, 5 स्मार्ट केन, 5 ब्रेल किट, 23 एमआर किट और 22 श्रवण यंत्र शामिल हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष बरहज, श्रीमती श्वेता जायसवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विभाग की इस योजना से दिव्यांग बच्चों को बड़ी राहत मिलेगी। इससे न केवल उनकी विद्यालय आने-जाने की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि वे आत्मनिर्भर भी बनेंगे। कार्यक्रम के दौरान एलिम्को की टीम ने बच्चों का मूल्यांकन कर उपकरणों का वितरण सुनिश्चित किया। शिविर में उपस्थित जिला समन्वयक ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि जनपद में कुल 4505 दिव्यांग बच्चों को चिन्हित किया गया है, जिनमें से 4498 बच्चे परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत हैं। इन बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए जिले में 52 विशेष शिक्षक और एक फिजियोथेरेपिस्ट कार्यरत हैं, जो नियमित रूप से शैक्षिक और शारीरिक सहायता प्रदान कर रहे हैं। शिविर का उद्देश्य उन बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराना है, जिन्हें विद्यालय आने-जाने, देखने या सुनने में कठिनाई हो रही थी।

# कुरआन मुकम्मल करने पर दानिश की हुई दस्तारबंदी

अवधनामा ब्यूरो


कुरान मुकम्मल करने पर दानिश का दस्तारबंदी

- सात घंटे 55 मिनट में मुकम्मल कुरआन सुनाकर तोड़ा रिकॉर्ड
- सेवरही के मदरसा दारूल इशाअत से हासिल की कुरआन की तालीम

**कुशीनगर।** तमकुहीराज तहसील के सेवरही कस्बे में स्थित मदरसा दारूल इशाअत के छात्र हाफिज मोहम्मद दानिश राजा ने रोजे की हालात में रहकर सात घंटे पचपन मिनट में कुरआन की तिलावत पूरी की। यह एक अद्वितीय रिकॉर्ड है, जिसमें उन्होंने 16 हाफिजों के पहले के रिकॉर्ड को तोड़ा दिया। पिछला रिकॉर्ड आठ घंटे दस मिनट का था। लोगों ने हाफिज मोहम्मद दानिश की इस सफलता पर इत्रदान और गुलपोशी कर उनकी हौसला अफजाई की। जामा मस्जिद में आयोजित कार्यक्रम में हाफिज मोहम्मद दानिश को दस्तारबंदी की गई और उन्हें बधाई दी गई। बाद नमाज जोहर राजा जामा मस्जिद में फातेहा ख्वानी और महफिलें मिलाद का आयोजन किया गया, जिसमें लोग हाफिज मोहम्मद दानिश के लिए बेहतर जिंदगी की दुआएं की। मदरसा दारूल ईशाअत के छात्रों के लिए हाफिज मोहम्मद दानिश की सफलता का प्रेरणा है। 17 वर्षीय हाफिज मोहम्मद दानिश ने मदरसा से शिक्षा प्राप्त की और कड़ी मेहनत के बाद कुरआन मुकम्मल किया। उनकी इस उपलब्धि में उनके परिवार, विशेषकर उनके चाचा अलाउद्दीन खान, भाई आसिफ खान, फैज खान, अयान खान, और फहद खान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस अवसर पर मुबारकबाद देने में ईमाम हाफिज व कारी मोहम्मद ज़िक्रूलाह साहब, प्रिंसिपल मोहम्मद शमीम, अरशद खान, कयामुद्दीन खान तमाम लोगों ने मुबारकबाद दिया।

# देवरिया में आबकारी और पुलिस विभाग की दबिश, तीन महिलाओं समेत चार गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** देवरिया में कच्ची शराब के कारोबारियों पर नकेल कसने के लिए आबकारी विभाग और पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान कच्ची शराब के चार कारोबारियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से बड़ी मात्रा में कच्ची शराब और लहन बरामद हुआ।

जिले के तरकुलवा थाना क्षेत्र में कच्ची शराब के निर्माण की सूचना पर आबकारी सर्किल वन के इंस्पेक्टर सुधीर सिंह की टीम और तरकुलवा पुलिस की संयुक्त तरकुलवा थाना क्षेत्र के कोन्हवालिया गांव में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान तीन अलग-अलग स्थानों से तीन महिलाएं कच्ची शराब बेचते हुए पकड़ी गई। पकड़ी गई महिलाओं के पास से कुल 25 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। मौके पर तलाशी के दौरान 450 किलोग्राम लहन बरामद हुआ । जिसे आबकारी टीम ने विनष्ट कराया। गिरफ्तार महिलाओं में अशरफी देवी पत्नी धर्मदेव निषाद, समदेईया पत्नी शंकर निषाद और फुलझरी पत्नी मनोज निषाद शामिल हैं। आबकारी टीम ने इनके विरुद्ध उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में तरकुलवा थाना में अभियोग दर्ज कराया।इसके बाद आबकारी टीम को मुखबिर से एक व्यक्ति द्वारा कच्ची शराब बेचे जाने की लीड मिली। टीम ने तरकुलवा थाना के वृन्दावन गांव में सड़क किनारे दीपचन्द्र पासवान पुत्र स्व चतुरी पासवान निवासी विनवलिया थाना लकोटिया, जिला पश्चिमी चम्पारन (बिहार) को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। इसके विरुद्ध तरकुलवा थाना में 60 आबकारी अधिनियम में एफआईआर दर्ज की गई। आबकारी निरीक्षक सुधीर सिंह ने बताया कि अवैध शराब बिक्री में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से कच्ची शराब और लहन भारी मात्रा में मिला। जिसे नष्ट कराया गया। इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## रक्तदान कर कांग्रेसियों ने मनाया सोनिया का जन्मदिन

**देवरिया।** कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, संप्रग की नेता रही सोनिया गांधी का जन्मदिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में रक्तदान करने के बाद टाउन हॉल स्थित कार्यालय पर निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष आनंद देव गिरि के नेतृत्व में केक काटकर मनाया। इस दौरान सम्बोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष गिरि ने कहा कि राष्ट्र के विकास में सोनिया गांधी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आज हम सभी धर्मों के कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर देश के लोगों को यह बताने का काम किया की हम एकजुट हैं, जाति व धर्म के नाम पर नफरत फैलाने वाले लोग कभी भी राष्ट्र का हित नही चाहते हैं। सोनिया गांधी ने संप्रग सरकार में कई नए कार्यक्रमों को लागू कराकर आम जनता के खुशहाल जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त किया। प्रधानमंत्री पद को ठुकराकर इन्होंने देश मे त्याग का नया मिसाल कायम किया। रक्तदान शहर कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष मधु शर्मा व युवा कांग्रेस के अंकुर भारती ने किया।

# फार्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति संतोषजनक न होने पर जिलाधिकारी ने जतायी नाराजगी

**एक सप्ताह में सुधार न होने पर दंडित होगें जिम्मेदार अधिकारी**



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में एग्रीस्टैक (डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर) के अन्तर्गत पीएम-किसान के लाभार्थियों सहित जनपद के समस्त भूमिधर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने सम्बंधी कार्यों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने संतोष जनक प्रगति न पाये जाने पर राजस्व विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए एक सप्ताह के अन्दर अपेक्षित सुधार लाये जाने के निर्देश दिये। बैठक में जिले के समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व लेखपाल तथा राजस्व निरीक्षकों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने में रूचि न लेने के कारण अत्यन्त कम प्रगति पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उप कृषि निदेशक टी.पी. शाही ने जिलाधिकारी को बताया कि फार्मर रजिस्ट्री एप में कतिपय तकनीकी कमियों के कारण कुछ किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। डीएम ने कहा कि जिन किसानों के डाटा में मिसमैप होने के कारण फार्मर रजिस्ट्री नहीं तैयार हो रही है ऐसे किसानों का विवरण पोर्टल पर सही कराने का प्रयास किया जाय तथा जिन किसानों का डाटा सही है उन्हें शत प्रतिशत समय सीमा के अन्दर आच्छादित किया जाय। डीएम मोनिका रानी ने उपस्थित राजस्व लेखपाल तथा कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि 31 दिसम्बर 2024 तक शत प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करें। अन्यथा सबका उत्तरदायित्व निर्धारित कर प्रशासनिक कार्यवाही की जायेगी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि फार्मर रजिस्ट्री योजना की गूगल सीट तैयार कर एक-एक कार्मिकों के प्रगति की समीक्षा करें जो कार्मिक अपेक्षित प्रगति नहीं करता है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर अवगत कराये। डीएम ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गौरव रंजन श्रीवास्तव को निर्देश दिया कि सप्ताह में कम से कम दो दिन मंगलवार एवं शुक्रवार को सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों तथा राजस्व निरीक्षकों/राजस्व लेखपालों के साथ समीक्षा बैठक करें। प्रगति कम पाये जाने पर उप जिलाधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही का प्रस्ताव प्रस्तावित करें। किसी भी दशा में निर्धारित समय सीमा के अन्दर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार उप निदेशक कृषि श्री शाही को निर्देश दिया कि कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों के साथ सप्ताह में दो दिवस मंगलवार का शुक्रवार को गूगल मीट के माध्यम से बैठक आयोजित कर समीक्षा करें। कार्य संतोषजनक न करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही कर अवगत कराये। बैठक में उपस्थित मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल ने सभी राजस्व लेखपाल राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार एवं उप जिलाधिकारियों को समयबद्ध फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के निर्देश दिये।

# अवैध असलाह एवं मादक पदार्थों की बिक्री निरन्तर जारी

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जनपद में पुलिस द्वारा आए दिन मादक पदार्थ एवं असलाहों से सम्बन्धित आरोपियों की पकड़ में आने से ऐसा प्रतीत होता है कि जनपद में अवैध असलाहों, कारतूसों एवं अवैध मादक पदार्थों की बिक्री रूकने का नाम नहीं ले रही है। शायद ही जनपद पुलिस का ऐसा कोई थाना क्षेत्र होगा जहां से आए दिन अवैध मादक पदार्थों के साथ अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं हो रही हैं और यह सिलसिला निरन्तर जारी है। आखिर ऐसी क्या वजह है कि पुलिस ऐसे अवैध धन्धे चलाने वालों के सरगनाओं तक नहीं पहुंचपा रही है। क्योंकि अरांव थाना पुलिस ने फिर एक अभियुक्त को अवैध असलहा सहित गिरफ्तारी कर लिया है। उक्त के सम्बन्ध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अवैध शस्त्रों के विरूद्ध जनपद में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के नेतृत्व में थाना अराँव पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर 01 शातिर अभियुक्त को बम्बा पुलिया ग्राम बामई की तरफ थाना क्षेत्र अरांव से गिरफ्तार कर लिया गया। जिसने अपना नाम 22 वर्षीय रूपेश कुमार पुत्र महेशचन्द्र निवासी ग्राम नगला बीसा थाना अरांव जनपद फिरोजाबाद बताया। पकड़े गए अभियुक्त के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा नाजायज कारतूस बरामद किया गया है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0स0 243/24 धारा 3/25 थाना अरांव जिला फिरोजाबाद में कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 ऋषि कुमार, उ0नि0 जाविद खाँ, उ0नि0 सुशील कुमार, का0 1349 अनुज कुमार फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 10 दिसम्बर को

**बहराइच।** सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 10 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने बताया कि जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बन्दी की समीक्षा, सिंचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यो पर चर्चा की जायेगी। सदस्य सचिव ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

### संस्थाओं द्वारा समय से बायोमेट्रिक आथेन्टिकेशन का कार्य पूर्ण नहीं कराया पात्र छात्र-छात्रा छात्रवृत्ति से वंचित रह जायेंगे

**मैनपुरी।** जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार ने जनपद में संचालित समस्त शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य, प्रधानाचार्य, छात्रवृत्ति नोडल अधिकारियों को सूचित किया है कि शैक्षिक सत्र 2024-25 में आई.एन.ओ./एच.ओ.आई. का बायोमेट्रिक आथेन्टिकेशन पूर्ण कराने के उपरांत छात्रवृत्ति से सम्बन्धित समस्त प्रक्रियात्मक कार्यवाही पूर्ण की जा सकेगी, किन्तु अभी तक 41 महाविद्यालय, 167 इंटरमीडिएट तथा 262 पूर्वदशम (09-10) संस्थाओं के द्वारा बायोमेट्रिक आथेन्टिकेशन की कार्यवाही पूर्ण नहीं की गयी है, जो अत्यन्त खेदजनक है। उन्होने बताया कि यदि संस्थाओं के द्वारा समय से बायोमेट्रिक आथेन्टिकेशन का कार्य पूर्ण नहीं कराया जाता है तो पात्र छात्र-छात्रा छात्रवृत्ति से वंचित रह जायेंगे, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित शिक्षण संस्थान का होगा, जिन शिक्षण संस्थाओं के द्वारा अभी तक बायोमेट्रिक आथेन्टिकेशन की कार्यवाही पूर्ण नहीं की गयी है, वह तत्काल अपने लॉगिन से ई.के.वाई.सी. कराते हुए कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी में उपस्थित होना सुनिश्चित करें जिससे कि बायोमेट्रिक आथेन्टिकेशन की कार्यवाही पूर्ण की जा सके।

### सैनिक बन्धु की बैठक दि. 12 दिसम्बर को

**मैनपुरी।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने जनपद के पूर्व सैनिकों, पूर्व सैनिकों की विधवाओं एवं आश्रितों को सूचित किया है कि सैनिक बन्धु की बैठक दि. 12 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय सभागार कक्ष में आयोजित होगी। उन्होने पूर्व सैनिकों, पूर्व सैनिकों की विधवाओं एवं वीर नारियों से बैठक में समय से प्रतिभाग करने तथा बैठक से पूर्व अपनी समस्याओं के प्रार्थना पत्र सैनिक कल्याण कार्यालय में उपलब्ध कराने को कहा है ताकि प्राप्त समस्याओं के निवारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों से सम्पर्क किया जा सके।

### वार्षिकोउत्सव भव्यता के साथ संपन्न



**टूंडला।** शशि इंटरनेशनल स्कूल हाईवे फिरोजाबाद रोड में स्कूल का वार्षिकोउत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए नाटक एवं देश भक्ति गीत, नृत्य कर मुकाम प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। जिसका शुभारंभ विधायक टूंडला प्रेमपाल सिंह धनगर एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष भंवर सिंह ने भाग लिया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विधायक टूंडला प्रेमपाल सिंह धनगर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने सामूहिक नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत किये। देश भक्ति नाटक पर भारत माता की जय घोषों से समूचा पंडाल गुंजायमान हो गया। मुख्य अतिथि प्रेमपाल धनगर ने स्कूल के वातावरण एवं अनुशासन तथा शिक्षा प्रणाली की प्रशंसा की उन्होंने कहा कि वहीं संस्था एवं उसके बच्चे ऊंचाइयां छूते हैं जिसमें अनुशासन भरपूर झलकता है।

# मीटिंग में व्यापार मंडल ने सदस्यता अभियान पर दिया जोर

**व्यापारी अपनी समस्याओं को व्यापार मंडल तक पहुंचाएं**

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के तत्वाधान में जिला फिरोजाबाद कमेटी की संगठन की एक बैठक नारायणी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में संपन्न हुई। जिसमें व्यापारियों को व्यापार मंडल से जुड़ने का आह्वान किया गया। इस दौरान उन्होंने सदस्यता अभियान चलाने तथा व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराने का आह्वान किया।

बैठक की अध्यक्षता व्यापार मंडल के संरक्षक संजीव शाह ने की और मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष रविंद्र लाल तिवारी रहे। उन्होंने कहा कि वे संगठन को मजबूत करने के लिए सभी से आवाहन करते हैं। हर छोटे बड़े व्यापारी को व्यापार मंडल से जुड़ना चाहिए और व्यापार मंडल की टीम को उनकी समस्याओं को सुनकर स्थानीय स्तर या प्रांतीय स्तर पर पर हल कराने के लिए भेजनी चाहिए। सदस्यता अभियान चलाकर शीघ्र बाजार कमेटियों का गठन करके उसकी सूची प्रांतीय अध्यक्ष को भेजा जाए। नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने जिला अध्यक्ष को आश्वासन दिया कि नगर की सभी बाजार समिति व अन्य सूची जल्द ही आपको दे दी जाएगी। चार्टर्ड अकाउंटेंट राजीव शाह ने तकनीकी बिंदुओं पर अपने विचार रखें। बैठक में प्रमुख रूप से सिरसागंज से सीताराम शर्मा, जसराना से रजनीश कुमार जैन, एका से पुष्पेंद्र चौहान, फिरोजाबाद से महानगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, भरत तिवारी, राजेश कुमार अग्रवाल, शिकोहाबाद महामंत्री मुकेश गौड़, कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, गोविंद प्रसाद अग्रवाल, मनोज शर्मा, धर्मवीर, सुभाष चंद्र, ऋषि कुलश्रेष्ठ, संजीव शर्मा, बृजेंद्र सिंह राना, विकास वीर यादव, भोला यादव, चंद्रकांत यादव, धीरेन्द्र कुमार, अनुज गुप्ता उपस्थित रहे। संचालन जिला महामंत्री कौशल किशोर उपाध्याय और शिकोहाबाद महामंत्री मुकेश गौड़ ने संयुक्त रूप से किया। नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत व आभार प्रकट किया गया।

# बीएसपी के पूर्व प्रत्याशी के भाई पर दबंगों ने किया हमला

**सुल्तानपुर।** अमेठी बीएसपी के पूर्व विधान सभा प्रत्याशी रहे दिवंगत राहुल मौर्य के भाई पर देर शाम दबंगो ने हमला बोल दिया।नगर कोतवाली के शास्त्री नगर चौकी के निकट अभिषेक ने घर पर गाड़ी खड़ी करके बाहर निकले, तैसे ही इलाकाई दबंग एक स्वीट्स संचालक के साथ हमला बोल दिया।लोगों के गुहार पर दबंग जानमाल की धमकी देते हुए भाग निकले। इस हमले में घायल को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। रविवार की देर शाम 10 बजे घटी इस घटना में अभिषेक मौर्य के भतीजे अंकित ने कोतवाली में तहरीर देकर गोला सिंह नामक इलाकाई दबंग समेत कई अज्ञात को नामजद किया है।इस हमले से आहत परिवार दहशतजदा है। ज्ञात हो कि अभिषेक के दिवंगत भाई राहुल मौर्य चन्द वर्ष पूर्व अमेठी बीएसपी से विधान सभा प्रत्याशी रहे हैं। घायल अभिषेक पर शास्त्री नगर चौकी के करीब स्थित आवास के पास यह घटना हुई है। घटना के सूचना पर नगर कोतवाल नारद मुनि सिंह ने मौके पर पुलिस बल भेजा कर घटना की जानकारी ली।

# रक्तदान कर कांग्रेसियों ने मनाया सोनिया गाँधी का जन्मदिन

**काटे गए केक बांटे गए फल, ब्लाक कार्यालयों पर भी हुआ कार्यक्रम**



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** यूपीए की चेयरपर्सन कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्यसभा सांसद सोनिया गाँधी का 78 वां जन्मदिन कांग्रेसियों ने रक्तदान करते हुए विविध कार्यक्रमों के साथ मनाया यहां जिला कांग्रेस कमेटी, वरिष्ठ नेता संदीप तिवारी पिंटू के कैंप कार्यालय कुड़वार जयसिंहपुर लंभुआ चॉदा समेत ब्लॉकों के कैंप कार्यालय पर केक काटने व फल वितरित करने का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

जिला कांग्रेस कमेटी में जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा राहुल त्रिपाठी शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ओपी चौधरी हरीश त्रिपाठी की मौजूदगी में केक काटा गया वहीं संदीप तिवारी पिंटू के कैंप कार्यालय पर सीनियर नेता हौसला प्रसाद भीम सुब्रत सिंह सनी मोहम्मद कमर खान पवन मिश्रा कटावा पवन मिश्रा नन्हे अतहर नवाब अरुण कुमार तिवारी विजयपाल प्रमुख डॉ देवेंद्र तिवारी राहुल मिश्रा ओपी शर्मा रविंद्र करी मानसिंह यादव नफीस फारुकी नि वर्तमान सभासद राजदेव शुक्ल उमाकांत तिवारी संजू कैप्टन आवेश अहमद अरबाज खान ममनून आलम राजेश श्रीवास्तव शीतला प्रसाद साहू आदि नेताओं की मौजूदगी में केक काटा गया सभी कांग्रेसियों ने वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनकी लंबी उम्र की कामना की।वरिष्ठ नेता संदीप तिवारी पिंटू ने कहा कि सोनिया गांधी महिला सशक्तिकरण , त्याग, तपस्या बलिदान और सुचिता की प्रतिमूर्ति है ऐसे नेता की लंबी उम्र के लिए आज हम कांग्रेस के लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी की लंबी उम्र के लिए कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा शहर अध्यक्ष शकील अंसारी वरिष्ठ नेता संदीप तिवारी पिंटू अरुण त्रिपाठी मनीष तिवारी मोहम्मद आरिफ विकास मिश्रा सुब्रत सिंह सनी अतहर नवाब राहुल त्रिपाठी बलराम तिवारी आदि लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मोहिसिन सलीम मीनू यादव हामिद राईन नंदलाल मोर्य बलराम तिवारी मनीष तिवारी अमित कुमार तिवारी शीतला प्रसाद साहू रविंद्र कोरी मानसिंह यादव ओम प्रकाश शर्मा अतिउल्लाह अंसारी आदि मौजूद रहे।

# तो क्यों डरें भ्रष्टाचारी, गबन के आरोपी पंचायत सचिव को एडीओ की कुर्सी सौंपने की तैयारी

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जिले में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना और भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाही करवाना आसान नहीं है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरों टॉलरेंस की नीति अफसरों की मनमानी से झूठी साबित हो रही है। जिन अधिकारियों कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी आरोप लगता है, पता नहीं ऐसी कौन सी खुशबु आती कि जिम्मेदार कार्यवाही के बजाय आरोपियों पर मेहरबान हो जाते हैं। जाँच पड़ताल और दंडित करने के बजाय दागी को ऊँची कुर्सी सौंप कर और बड़ा घोटाला करने वालों को उसी पद पर,उसी जगह नियुक्त कर शिकायतकर्ता का मनोबल तोड़ रहे हैं। ऐसा ही एक हैरान करने वाला मामला दुबेपुर ब्लॉक के एक चर्चित पंचायत सचिव की तैनाती से जुड़ा है। सचिव पर बहलोलपुर गांव में बिना कार्य कराये लाखों रुपए के गबन का आरोप है। प्रकरण की शिकायत डीएम के यहाँ सशपथ की गयी है। पिछले माह फैजाबाद मंडल की टीम सहित डिप्टी डायरेक्ट द्वारा लौहर दक्षिण गांव में लाखों का घोटाला पकड़ा था। यहाँ भी उक्त सचिव का कारनामा उजागर हुआ। जिस पर अभी कार्यवाही चल ही रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, दागी सचिव को दंडित करने के बजाय उन्हें एडीओ पंचायत की कुर्सी सौंपने की तैयारी है। दागी कर्मचारी अपने को दूबेपुर ब्लॉक का एडीओ पंचायत प्रभार पाने का दावा करने के साथ ही ब्लॉक में मौजूद अन्य कर्मचारी को धमका रहा है।

बता दे कि विवादों की वजह से पिछले साल सचिव को एडीओ पंचायत दूबेपुर के चार्ज से हटाया गया था। अब फिर से ताजपोशी की तैयारी से सवाल उठने लगे हैं कि आखिर इतना मेहरबान क्यों हैं डीपीआरओ सुल्तानपुर?उक्त सम्बन्ध में जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ला से बात करने का प्रयास किया गया तो तीन चार बार प्रयास करने के बाद भी उन्होंने अपना फोन रिसीव नहीं किया।

# अवैध शराब बनाने वालों पर कठोर कार्यवाही होगी : गिरिराज



**सुल्तानपुर।** उपजिलाधिकारी कादीपुर के नेतृत्व में आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कादीपुर खुर्द के जंगलिया में दबिश की कार्रवाई की गई। जिसके बाद ईट भट्ठों पर सघन जांच भी की गई। कादीपुर खुर्द के जंगल क्षेत्र में लगभग 80 लीटर शराब अवैध व 600 किलोग्राम लहन बरामद कर मौके पर नष्ट किया गया। अवैध कच्ची शराब को मौके पर सिल कर संरक्षित किया गया है। आबकारी निरीक्षक गिरिराज सिंह ने बताया कि जनपद में अवैध शराब बनाने का दुस्साहस करने वाले को चिन्हित कर उन्हें किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और अवैध शराब बनाने वालों पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त टीम में उपजिलाधिकारी उत्तम कुमार तिवारी, आबकारी निरीक्षक गिरिराज सिंह, सिपाही विकास सिंह, सूबेदार यादव, विजय बहादुर सरोज व वाहन चालक कलीम अंसारी शामिल थे।

# 20वें दिन जारी रहा वकीलों का विरोध प्रदर्शन

**चुने हुये जनप्रतिनिधियों ने किसानों की इस समस्या से किया किनारा**



अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** नसीरपुर में पुरानी सस्ती सर्किल रेट पर की जा रही जमीन अधिग्रहण मे शिकोहाबाद के वकील विनोद कुमार यादव व उनके परिवार की लगभग 50 वीघा जमीन अधिग्रहित हो रही है। नसीरपुर में जमीन की बाजारू कीमत प्रचलित सर्किल रेट से कई लाख गुना अधिक है लेकिन सरकार पुरानी सस्ती सर्किल रेट पर जमीन अधिग्रहित कर रही है इससे किसानों का आर्थिक शोषण हो रहा है। इसके विरोध में शिकोहाबाद रेवेन्यू वार हडताल पर है। सोमवार को 20 वें दिन अधिवक्ताओं का हरिओम यादव वार अध्यक्ष के नेतृत्व में विरोध-प्रदर्शन जारी रहा। वक्ताओं ने कहा कि चुने जनप्रतिनिधि इस समय अद्रश्य हो गये है। उनका कोई अता-पता नही है जनप्रतिनिधियों ने किसानों की समस्याओं से किनारा कर लिया है। हमें जनपद की तहसीलों से समर्थन मिल रहा है। हमारी माँग है कि जिला प्रशासन सर्किल रेट वृद्धि में सकारात्मक पहल शासन को करे ताकि सर्किल रेट में वृद्धि हो सके। इस मौके पर उम्मेद बाबू महासचिव, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, के0पी0 सिंह, कपिल श्रीवास्तव, विनोद कुमार यादव, कमलेश राजपूत, राजेश यादव, सर्वेश, राजीव यादव, अनुज, रंजीव कुमार, अनिल शर्मा, हरिकान्त, जुगेन्द्र, अखिलेश, अशोक यादव बी0 एस0 चौहान सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# 66 मतों से गिरजा दत्त के सिर बंधा जीत का सेहरा

**कुड़वार,सुल्तानपुर।** कुड़वार विकासखंड के बहमरपुर ग्राम पंचायत में सरकारी दुकान के चयन के लिए खुली बैठक में आखिरकार भाजपा नेता चिरंजीवी उर्फ मोंटी मिश्रा ने बाजी मार ली। उनके चाचा गिरिजा दत्त मिश्रा ने 66 मतों के समर्थन से जीत दर्ज कर ली है। गिरिजा को 629 जबकि प्रतिद्वंद्वी रहे साकिब हसनैन को 563 मत प्राप्त हुए हैं। यह मत हाथ उठाकर समर्थन मिला। जीत के बाद कुड़वार अलीगंज रोड पर पटाखे छुड़ाकर ग्रामीणों ने खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर मोंटी मिश्रा जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए। नोडल अधिकारी एडीओ पंचायत सतीश चंद्र पाल व अवर अभियंता लघु सिंचाई राजेश प्रताप, सचिव इंद्रदेव शुक्ला समेत कुड़वार थाना प्रभारी चंद्रभान वर्मा समेत पंचायत विभाग और पुलिस विभाग की मौजूदगी में कोटा चयन हेतु खुली बैठक का आयोजन किया गया था। इस मौके पर प्रधान राम कुमार कश्यप, संदीप प्रजापति, अमरदीप प्रजापति, बीडीसी मोतीलाल, पवन कुमार सिंह, रोहित सिंह, राम बहादुर प्रजापति, अनंत कुमार यादव, बबलू खान, इरशाद मौजूद रहे।

# पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना का लाभ उठायें कृषक

**बटाईदार व किराये पर खेती करने वाले कृषक भी होंगे लाभान्वित**

**रबी मौसम में हरी मटर की फसल है अधिसूचित**

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजनान्तर्गत रबी मौसम में हरी मटर की फसल अधिसूचित है। रबी मौसम 2024-25 में अधिसूचित हरी मटर फसल हेतु प्रामियम की दर 05 प्रतिशत, प्रीमियम की धनराशि प्रति बीघा रू. 283.50, प्रति एकड़ रू. 1417.50 तथा प्रति हेक्टेयर रू. 3500.00 निर्धारित है। योजनान्तर्गत रबी 2024-25 मौसम में हरी मटर उगाने वाले सभी कृषक (बटाईदार व किराये पर खेती करने वाले कृषकों सहित) रबी 2024 मौसम में दिनांक 31 दिसम्बर, 2024 तक योजना में सम्मिलित होकर फसल बीमा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

श्री चौधरी ने बताया कि जनपद में अधिसूचित फसलों को उगाने वाले समस्त कृषक गैर ऋणी कृषक के रूप में स्वैच्छिक आधार पर अपने आधार एवं खतौनी तथा बैंक के विवरण तथा मोबाइल नम्बर के साथ निकटतम बैंक शाखा/बीमा कम्पनी एजेण्ट/जन सेवा केन्द्र/सीधे फसल बीमा पोर्टल पर आनलाइन बीमा करा सकेंगे। गैर ऋणी कृषकों को बीमा कराते समय अपने आधार के विवरण के साथ-साथ अपने बैंक खाते का विवरण एवं मोबाइल नम्बर तथा उगाई गयी अधिसूचित फसल का विवरण भी उपलब्ध कराना होगा। फसल बीमा योजना में सम्मिलित होने वाले समस्त गैर ऋणी कृषकों हेतु आधार अनिवार्य होगा।

जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि व्यावसायिक/ग्रामीण/सहकारी बैंक/पैक्स द्वारा अधिसूचित फसल के सापेक्ष मौसमी कृषि प्रचालन ऋण/केसीसी ऋण की स्वीकृत सीमा को सम्बन्धित संस्था द्वारा कवर किया जायेगा अर्थात ऋणी कृषकों का बीमा समबन्धित बैंक द्वारा किया जायेगा। ऋणी किसानों को अपने बैंक शाखा स्तर पर बीमा कराने की अन्तिम तिथि के 07 दिन पहले अर्थात 24 दिसम्बर 2024 तक योजनान्तर्गत प्रतिभाग नहीं करने की दशा में केसीसी ऋण वाले बैंक शाखा को लिखित रूप में अवगत कराना पड़ेगा अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित बैंक द्वारा ऋणी कृषक का बीमा स्वतः कर दिया जायेगा।

श्री चौधरी ने बताया कि शासन द्वारा पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके परिपालन में रबी 2024-25 मौसम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

**कार्यालय-डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, 145 रीडगंज, अयोध्या मण्डल, अयोध्या।**

पत्रांक : 4221 (I)/एफ-15904/अयोध्या/ दिनांक :- 07/12/2024

**लोक सूचना**

श्री लुकमान अहमद खान,
पुत्र श्री मकसूद अली,
नाजिरपुरा दक्षिणी, जिला-बहराइच।

मदरसा जामिया रिजविया बरकातुल उलूम, ग्राम बनकटवा तेलियनपुरवा पोस्ट तुरहनी रज्जब तहसील व जिला-बहराइच नामक संस्था के सम्बन्ध में प्राप्त आपत्ति शिकायत के क्रम में उत्पन्न विवाद की सुनवाई हेतु दिनांक-17.01.2024, 31.01.2024, 15.02.2024, 01.03.2024, 20.03.2024, 09.04.2024, 26.04.2024, 14.05.2024, 29.05.2024, 13.06.2024, 26.06.2024, 10.07.2024, 30.07.2024, 30.08.2024, 03.10.2024, 18.10.2024, 19.11.2024 06.12.2024 की तिथियॉ सुनवाई हेतु तिथियॉ नियत की गयी। किसी भी नियत तिथि पर आप स्वयं अथवा आप द्वारा अधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किये।

अतः इस लोक सूचना के माध्यम से अन्तिम अवसर प्रदान करते हुये सुनवाई की अन्तिम तिथि 24.12.2024 नियत करते हुये आपको न्यायहित में निर्देशित किया जाता है कि उक्त नियत तिथि तक यदि आपको प्रश्नगत प्रकरण में कुछ कहना है तो मय साक्ष्य/प्रमाण/अभिलेख अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत कर दें अन्यथा की स्थिति में यह मान लिया जायेगा कि आपको अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं करना है । तत्पश्चात् पत्रावली पर प्राप्त प्रपत्रों के आधार पर अग्रेत्तर कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

**(लक्ष्मी कान्त)**
**डिप्टी रजिस्ट्रार**
**अयोध्या मण्डल, अयोध्या।**

# फाईनल में हरियाणा ने दिल्ली को 10 रनों से हरा कर ट्राफी पर किया कब्जा

- अमन सिंह मैन ऑफ दी मैच एवं राहुल यादव मैन ऑफ दी टूर्नामेंट चुने गये




अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** मौदहा के कपसा रोड स्थित रहमानिया स्पोर्ट्स ग्राउंड में चल रहे मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय खेल महोत्सव के पहले फेज में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का शनिवार को फाइनल मुकाबला दिल्ली और हरियाणा के मध्य खेला गया। जिसमें हरियाणा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में कुल 173 रन बनाकर आल आउट हो गई। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की टीम ने अपने शुरुआती छणों में अच्छा खेली लेकिन मध्य के ओवरों में पांच विकेट गिरने से टीम लड़खड़ा गई और अंतिम 25वें ओवर में 163 रनों पर आल आउट हो गई। इसी तरह हरियाणा ने 10 रनो से दिल्ली को रोमांचक मुकाबले में हराकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। वहीं हरियाणा की ओर से सर्वाधिक 4 विकेट लेने वाले अमन सिंह मैन आफ दी मैच रहे। जबकि फाइनल मुकाबले में बेस्ट बालर दिल्ली के आदित्य, बेस्ट बल्लेबाज हरियाणा के पियूष गुप्ता एवं पूरे टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन बनाने वाले हरियाणा के राहुल यादव मैन आफ दी सीरीज रहे। मुख्य अतिथि ने विजेता रही हरियाणा की टीम को 75000 रूपए एवं उपविजेता रही दिल्ली की टीम को 50000 रूपए नकद राशि सहित अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया। खेल के मध्य समय में चेयरमैन द्वारा खेल ग्राउंड में जाने वाली लिंक सड़क तथा निजामी फीडर से विद्युत कनेक्शन कराकर मैदान में लगवाई गई लाइटों का लोकार्पण किया। वहीं खेल के उपरांत कस्बे के पूर्व दिवंगत क्रिकेटर खालिद जमाल को निजामी स्पोर्ट्स के द्वारा लाइफटाइम एचीवमेंट अवार्ड उनके पुत्र शहबाज खालिद को देकर सम्मानित किया।

## बच्चों ने कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए जुटाई 21,000 रुपए की सहायता

**इटावा।** ग्लोबल कैंसर कंसर्न दिल्ली द्वारा कैंसर पीड़ित बच्चों के इलाज के लिए समाज से सहायता की अपील पर पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 21,000 रुपए की धनराशि जुटाकर अपनी संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया।यह राशि ग्लोबल कैंसर कंसर्न के प्रतिनिधि असलम पासा को सौंपी गई।इस अवसर पर असलम पासा ने बच्चों को प्रेरित करने वाली अध्यापिका संगीता मालिक और सहयोग करने वाले बच्चों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र यादव की सराहना करते हुए कहा कि कैलाश यादव एक सामाजिक व्यक्तित्व हैं,जो सभी के दुख-दर्द को समझते हैं और हर जरूरत में मदद के लिए तत्पर रहते हैं। प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र यादव ने बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा, जो दूसरों के दुख-दर्द को समझते हैं,वे ही सच्चे इंसान हैं।

# पल्लवन काव्य पाठ प्रतियोगिता व साहित्य संभाषण का आयोजन

**प्रदर्शनी पंडाल**

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी के ऐतिहासिक पंडाल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आग़ाज़ सोमवार को पल्लवन काव्य पाठ प्रतियोगिता तथा साहित्य संभाषण कार्यशाला के भव्य आयोजन से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ प्रेमपाल सिंह प्राचार्य डाइट एवं विशिष्ट अतिथि डॉ दीपक सक्सेना प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज के साथ अध्यक्ष के रूप में मैनपुरी से पधारे वरिष्ठ गीतकार तथा उत्तर प्रदेश साहित्य संस्था के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलराम श्रीवास्तव उपस्थित रहे। पल्लवन गतिविधि में कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थी बड़ी संख्या में प्रतिभागिता करते रहे हैं। हिंदी पखवाड़ा से प्रारंभ होकर कई चरणों में होने वाली इस प्रतियोगिता के अंतिम चरण में चयनित प्रतिभागियों की प्रस्तुति प्रदर्शनी पंडाल में होती है। प्रतियोगिता तीन वर्गों में संपन्न हुई कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान कंपोजिट विद्यालय नया नगला की साक्षी, दूसरा स्थान प्राथमिक विद्यालय चकवा खुर्द की शिवानी और तीसरा स्थान प्राथमिक विद्यालय जातीय की अलशिफा ने प्राप्त किया। मध्यम वर्ग में प्रथम स्थान संयुक्त रूप से दो छात्राओं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सैफई की संतोषी और पी एम श्री राजकीय बालिका इण्टर कालेज इटावा की प्रियांशी शर्मा ने प्राप्त किया वहीं द्वितीय स्थान भी संयुक्त रूप से संत विवेकानंद सी से पब्लिक स्कूल की प्राची तथा यूपीएस कंपोजिट विद्यालय चितवन की शालिनी राठौर ने प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर उच्च प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर बसरिहार की लक्ष्मी रही। प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में के गर्ल्स इंटर कॉलेज लखनऊ महेवा की रौनक तिवारी ने प्रथम स्थान जन सहयोगी बालिका इंटर कॉलेज बसरिहर की पायल ने दूसरा स्थान तथा जन सहयोगी इंटर कॉलेज पृथ्वीपुर की मोहिनी और शिवनारायण इंटर कॉलेज इटावा के कृष्णा राठौड़ ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले समस्त विद्यार्थियों को मेडल पहना कर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, साथ ही प्रतिभागी विद्यार्थियों के मार्गदर्शक शिक्षक और शिक्षिकाओं को सक्रिय सहयोग के लिए प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान करने वाली शख्सियतों को पल्लवन सम्मान से सम्मानित किया गया। पान कुंवर इंटर कॉलेज के निदेशक प्रधानाचार्य डॉ कैलाश यादव, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सैफई की प्रधानाचार्य श्रीमती रूबी, शीतल प्रसाद शोरावाल बाल इं कॉलेज की प्रधानाचार्य श्रीमती सुमन यादव, के आर गर्ल्स इंटर कॉलेज लखना की प्रधानाचार्य डॉ चंद्र लता, जोधा सिंह इंटर कॉलेज हरकुपुर के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार, डायट की वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ गायत्री, जिला समन्वयक मनोज कुमार सिंह सामुदायिक सहभागिता समग्र शिक्षा, एस ए वी इंटर कॉलेज भरथना के प्रधानाचार्य शैलेंद्र कुमार, जीसी जीनियस पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील अवस्थी, अर्चना मेमोरियल इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य असरा अहमद, ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य श्रीमती रितु यादव, बेसिक शिक्षा विभाग की एस आर जी मीनाक्षी पांडे और एच एन पब्लिक स्कूल के निदेशक पवन यादव को पल्लवन सम्मान से सम्मानित किया गया। निर्णायक की भूमिका में शिकोहाबाद से वरिष्ठ शायर आलोक भदौरिया अर्श, पटना विवि के रीडर रहे डॉ बाल मुकुंद और वरिष्ठ शिक्षाविद् नीलिमा चौधरी रहीं। पल्लवन के सूत्रधार डॉ राजीव राज ने समस्त आगंतुक अतिथियों, शिक्षकों-शिक्षिकाओं, अभिभावकों के साथ पहल के अध्यक्ष अनुराग असफल, महासचिव रौनक इटावी, रोहित चौधरी, संजीव कुमार यादव, हरिओम सिंह विमल, राज़दा ख़ातून, नूतन अवस्थी, भगवान दास शर्मा, प्रवीण कुमार, सौरभ कुमार, रजनीश त्रिपाठी, डॉ शम्सुद्दीन, विशुन सिंह, तिलक सिंह, रेनू बाथम सहित साहित्य सभा और पहल के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# डीएम घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट में की जनसुनवाई



अवधनामा संवाददाता

- जनसुनवाई में आए हुए फरियादियों को डीएम ने बांटे कंबल

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट में आए हुए फरियादियों को जिलाधिकारी ने ठंड से बचाव के दृष्टिगत कंबल वितरित किए। जनसुनवाई में लगभग 102 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## सुहासिनी शिशु मंदिर के छात्रों को किया गया स्वेटर का वितरण

**सोनभद्र/ विंध्यनगर।** एनटीपीसी -विंध्याचल सीएसआर द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत परियोजना के आस-पास के विकास मे अपने दायित्व का निर्वहन करते रहते है। इसी कड़ी मे एनटीपीसी विंध्याचल ने अपने कॉर्पोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी पहलों के तहत एक दिल छूने वाली पहल की। प्रगति संस्था के सहयोग से, एनटीपीसी विंध्याचल ने गहिलगढ़ स्थित सुहासिनी शिशु मंदिर स्कूल के छात्रों को स्वेटर वितरित किए। यह पहल बच्चों को सर्दी से राहत देने और उन्हें आरामदायक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी, जो एनटीपीसी विंध्याचल की समुदाय कल्याण और बाल शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह स्कूल पूरी तरह से एनटीपीसी विंध्याचल के सीएसआर विभाग द्वारा ई-वाइस एनजीओ प्रगति संस्था के माध्यम से संचालित किया जाता है, जिससे छात्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित किया जाता है। इस कार्यक्रम में प्रगति संस्था के सदस्य डी.सी. गुप्ता (उपाध्यक्ष), तनुज कुमार (सामान्य सचिव), धीरज मिश्रा और बी एल शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# चलो इटावा नुमाइश... फिर से नुमाइश आई है...



- डीएम अवनीश राय ने किया इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन

वहाज अली निहाल

**जनपद के आला अधिकारी, नुमाइश के सदस्यगण आदि काफी संख्या में लोग रहे मौजूद**

इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी के भव्य उद्घाटन अवसर पर एस एस पी संजय कुमार, ए डी एम अभिनव रंजन श्रीवास्तव, सीडीओ अजय कुमार गौतम, एस डी एम सदर जनरल सेक्रेटरी विक्रम सिंह राघव, नुमाइश कमेटी के सदस्यगण, जनपद के आला अधिकारियों सहित काफी संख्या में लोगों की मौजूदगी में हुआ इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ।

**इटावा।** इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन समारोह रविवार शाम प्रदर्शनी के मुख्य गेट पर आयोजित किया गया। इटावा महोत्सव के इस भव्य उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदर्शनी समिति के अध्यक्ष व डीएम अवनीश राय ने विधिवत विधि विधान से वेदी पूजन कर व शहीद स्तम्भ पर पुष्प चक्र अर्पित के किया। मुख्य द्वार का फीता काटकर उन्होंने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। विकास प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा सजाए गए स्टॉल का भी डीएम ने फीता काटकर शुभारंभ किया। साथ ही उनका अवलोकन किया। एक माह तक चलने वालें महोत्सव में की गई बिजली की साज सज्जा का भी शुभारंभ डीएम ने देर शाम बटन दबाकर किया। इसके बाद पूरे शहर में गूंजने वाले रेडियो व प्रचार संसाधनों के लिए भी डीएम ने स्टॉल का उद्घाटन किया। महोत्सव की विधिवत शुभारंभ के साथ ही महोत्सव पंडाल में स्वागत सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया जिसका संचालन कुश चतुर्वेदी ने किया।

## सवा दो किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**मौदहा हमीरपुर।** इस समय कस्बे सहित क्षेत्र में मादक पदार्थो की तस्करी जोरों पर हो रही है हालांकि कभी कभार पुलिस कुछ छोटे तस्करों को पकड़ कर अपना गुडवर्क पेश कर देती है जबकि बड़े तस्करों द्वारा कुशलता पूर्वक तस्करी के काम को अंजाम दिया जाता रहता है।ऐसे ही एक युवक को कोतवाली पुलिस ने सवा दो किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

कोतवाली पुलिस ने कस्बे के बाहर से निकलने वाली रेलवे लाईन पर बने अण्डरपासिंग ब्रिज के निकट से मुखबिर की सूचना पर पूर्वी तरौस निवासी इमरानुददीन उर्फ आशू पुत्र इमामुद्दीन उर्फ पप्पू को दो किलो तीन सौ ग्राम सूखे गांजा के साथ गिरफ्तार किया है पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है। बताते चलें कि इन दिनों कस्बे में उड़ीसा, झारखंड, तेलंगाना सहित अन्य राज्यों से कानपुर दुर्ग बेतवा एक्सप्रेस के माध्यम से जमकर गांजा तस्करी की जा रही है और तस्करी के इस काम में युवतियां और शादी शुदा महिलाएं भी शामिल हैं जो अपने मासूम बच्चों को लेकर तस्करी के काम को अंजाम दे रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मिट्टी का अवैध खनन करनें वालों पर हुयी कारवाई



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना के निर्देश के अनुपालन में दिनांक- 09.12.2024 को रात्रि 12.30 बजे राजस्व विभाग, खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम कस्बा खेड़ा तहसील राठ जनपद हमीरपुर में 06 ट्रैक्टर ट्राली व 03 जे0सी0बी0 मशीन द्वारा मिट्टी का अवैध खनन करते पाये जाने पर उक्त वाहनों को सम्बन्धित थानें की अभिरक्षित में सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त वाहनों से लगभग 10.50 लाख की राजस्व प्राप्ति होगी। उक्त के अतिरिक्त अवैध खनन / परिवहन करने वाले उपखनिज बालू/मौरम, गिट्टी, बोल्डर के 07 वाहनों पर कार्यवाही कार्यवाही की गयी, जिससे लगभग रु-3.50 लाख की राजस्व प्राप्ति होगी। इस प्रकार उक्त कार्यवाहियों से लगभग कुल 14 लाख रुपए की राजस्व प्राप्ति होगी।

### नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने वाले अभियुक्त को चार वर्ष का कठोर कारावास

**हमीरपुर।** थाना राठ में धारा 363,366 भारतीय दंड संहिता व 08 पॉक्सो एक्ट में अभियुक्त कृष्णा उर्फ भूरी यादव पुत्र दयाराम यादव निवासी मलहौवा हालपता छोटी जुलेहटी कस्बा व थाना राठ के विरुद्ध अभियोग 26 जून 2016 को पंजीकृत किया गया।जनपद के आपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अभियोग मे अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किये जाने के फलस्वरुप न्यायालय विशेष पोक्सो एक्ट कोर्ट द्वारा अभियुक्त कृष्णा उर्फ भूरी यादव उपरोक्त को धारा-363 भारतीय दंड संहिता के अन्तर्गत दोषसिद्ध करते हुए चार वर्ष के कठोर कारावास एवं पच्चीस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियुक्त द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को बहलाफुसलाकर भगा ले जाना जैसा कार्य किया गया था।

### किसान यूनियन ने उठाया जंगली गायों का मुद्दा

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांवों की बड़ी समस्या बन चुका जंगली गायों का मुद्दा उठाते हुए भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष राम औतार कुशवाहा ने लगभग एक दर्जन किसानों और अधिवक्ताओं के साथ उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जिसमें क्षेत्र के सिजवाही, खण्डेह, फत्तेपुरवा,गुसयारी,गुरदहा सहित अन्य गांवों में जंगली गायों की समस्या से किसानों को छुटकारा दिलाने की मांग की इसके साथ ही किसानों को बीस घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति, नहरों के आखिरी छोर तक पानी पहुंचाने के साथ ही किसानों को खाद दिलाने की मांग को प्रमुखता से उठाया गया था।इस दौरान कृष्ण गोपाल, अनिल कुमार,अकरम खान, रज्जू कुशवाहा, भूषण,होरीलाल सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

### गाली गलौज के मामले में दो नामजद

**मौदहा हमीरपुर।** कमरे में सो रही महिला के साथ गांव के दबंग ने घर में घुसकर छेड़छाड़ और अश्लीलता की जबकि शिकायत करने पर आरोपी के पिता ने भी पीड़ित परिवार के साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी जिसपर पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिंवार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते सात दिसंबर की रात वह अपने कमरे में सो रही थी तभी गांव का बबलू पुत्र बल्ला कुशवाहा खिड़की के रास्ते से घुस आया और उसके साथ अश्लीलता करने लगा जब उसने शोर मचाया तो घर के अन्य लोगों के आने पर उक्त आरोपी भाग गया।इतना ही नहीं पीड़िता ने बताया कि जब उसके ससुर उक्त मामले को लेकर आरोपी के घर शिकायत करने गए तो आरोपी के पिता ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की सम्पन्न

**एन.एच.एम. की धनराशि व्यय करने में शिथिलता बरतने में डी.पी.एम. चीफ फॉर्मासिस्ट, ए.सी.एम.ओ. को जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण जारी करने के दिये निर्देश**

- स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को निर्धारित समयान्तर्गत किया जाये पूर्णः जिलाधिकारी

अवधनामा ब्यूरो




**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी.एन. सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एन.एच.एम. योजना के अन्तर्गत धनराशि व्यय की समीक्षा की तो व्यय धनराशि की प्रगति धीमी पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने डिस्ट्रीक प्रोग्राम मैनेजर, चीफ फार्मास्टि, ए.सी.एम.ओ. स्टोर को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये जिलाधिकारी ने कहा कि कार्य प्रद्धति में सुधार न होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्य सुनिश्चित की जायेगी, इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत भुगतान एवं टीकारण के प्रगति के समीक्षा की तो चोपन, म्योरपुर, नगवा समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भुगतान की प्रगति धीमी पायी गयी। जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित सी.एच.सी. प्रभारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने निजी चिकित्सालयों के निरीक्षण कार्यो की भी समीक्षा की समीक्षा के दौरान निजी चिकित्सालयों के नोडल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राइवेट चिकित्सालयों का रोस्टर बनाकर निरीक्षण किया जाये और उसकी मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये जिन अस्पतालों में मौके पर डाक्टर उपलब्ध न हो उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस दौरान उन्होने कहा कि विद्यालयो में आयरन एलबेन्डाजाल की दवाओं का वितरण समय से किया जाये और उसकी मासिक रिपोर्ट मुख्य चिकित्साधिकारी को उपलब्ध करायी जाये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जिला चिकित्सालय समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्दों पर मरीजो को दवा अस्पताल परिसर से उपलब्ध करायी जाये बाहर की दवा मरीजों को न लिखी जायें, उन्होने कहा कि जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र से सम्बन्धित रिपोर्ट अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत और जिला पंचायत राज अधिकारी समय से जारी कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने सुरक्षित मातृ वन्दना योजना, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, फैमिली प्लानिंग, नियमित टीकाकरण के प्रगति की गहन समीक्षा की, इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आर.बी.एस.के. टीम के भ्रमण की मानीटरिंग नियमित रूप से की जाये, सी.एच.सी. व पी.एच.सी. पर रैण्डम आधार पर निरीक्षण किया जाये, समीक्षा के उपरान्त जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि आम जनमानस को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने हेतु केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जो भी योजनाएं हैं, उनका क्रियान्वयन निर्धारित समय के अन्तर्गत पूर्ण किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही कदापि न बरती जाये।

# जनसुनवाई पर 27 मामलों को निस्तारण को दिए निर्देश

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** सोमवार को उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में रूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र एवं विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 8, नगर पंचायत घोरावल में 1, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 3, नगर पंचायत चोपन में 4, नगर पंचायत ओबरा में 1, नगर पंचायत रेनुकूट में 2, नगर पंचायत पिपरी में 2, नगर पंचायत दुद्धी में 3, नगर पंचायत डाला बाजार में 1. नगर पंचायत अनपरा में 2, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 27 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी / नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है।

# प्रतिबंधित मशीनों द्वारा अवैध खनन जोरों पर

अवधनामा ब्यूरो

- मुख्यमंत्री को भेजा शिकायती पत्र

**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र के ओबरा तहसील अंतर्गत सोन नदी के ग्राम अगोरी, बरहमोरी तथा भगवा में हो रहे अवैध बालू खनन को लेकर जन अधिकार पार्टी के निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष भागीरथी सिंह मौर्य ने सोमवार को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को शिकायती पत्र भेज अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाए जाने की मांग किया, साथ ही शिकायती पत्र की प्रतिलिपि भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशक उत्तर प्रदेश सरकार, मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल, जिलाधिकारी सोनभद्र एवं खनिज अधिकारी सोनभद्र को भी भेजा। जन अधिकार पार्टी के निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष भागीरथी सिंह मौर्य ने बताया कि जनपद सोनभद्र के ओबरा तहसील अंतर्गत ग्राम अगोरी, बरहमोरी तथा भगवा में संचालित बालू साइडों पर पट्टाधारकों द्वारा निर्धारित क्षेत्रफल से काफी आगे बढ़कर सोन नदी में बेखौफ अवैध खनन किये जाने को लेकर जन अधिकार पार्टी ने दिनांक 28 नवम्बर 2024 को जिला क्वैरी (खनन) अधिकारी सोनभद्र को सौप कार्यवाही की मांग किया था जिसकी खबर विभिन्न अखबारों में प्रकाशित हुई थी साथ ही अन्य लोगो ने भी शिकायते की थी, जिसको संज्ञान में लेकर एनजीटी की टीम का जनपद में आना हुआ जिससे बालू खननकर्ताओं/ पट्टाधारकों में इस कदर हड़कंप मचा गया की प्रतिबंधित मशीने सोन नदी से बाहर कर दी गयी परन्तु एनजीटी टीम को वापस जाते ही प्रतिबंधित मशीने सोन नदी में प्रवेश कर गयी और खननकर्ताओं/ लीजधारकों द्वारा बेखौफ अवैध खनन सुरु कर दिया गया जिससे यह प्रतीत होता है कि जिला क्वैरी ( खनन ) अधिकारी द्वारा बालू लीज धारकों/ पट्टा धारकों को सोन नदी में अवैध खनन के लिए खुली छूट दे दी गयी है। सोन नदी की जलधारा को बांध पुल बनाकर लिफ्टिंग मशीनों ( नाव मशीनों) व पोकलेन मशीनों द्वारा बालू का खनन किया जा रहा है, जबकि एन0 जी0 टी0 एवं उत्तर प्रदेश सरकार के आदेशानुसार बालू खनन के लिए किसी भी दशा में नदी की जलधारा को मोड़ा / प्रभावित नहीं किया जा सकता है एवं लिफ्टिंग मशीन (नाव मशीन) व पोकलेन मशीन का प्रयोग भी प्रतिबंधित है। इसके बावजूद भी बालू खननकर्ताओ द्वारा नदी की जलधारा को बांधकर लिफ्टिंग मशीन (नाव मशीन) व पोकलेन मशीन के द्वारा बालू खनन का कार्य किया जा रहा है जिससे नदी के मूल स्वरूप तथा अस्तित्व पर गंभीर खतरा मड़रा रहा है वहीं दूसरी तरफ प्रतिदिन घंडियाल, मगरमच्छ और कछुआ सहित असंख्य विविध जलीय जीव जंतुओं का जीवन समाप्त हो रहा है, जो सीधे पर्यावरण के लिए खतरा है जिसका असर मानव जीवन पर भी पड़ेगा।

## सोनचंपा को उमरेड फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ एजुकेशनल फिल्म का मिला अवार्ड

**इटावा।** जनपद में बालिका शिक्षा और स्वास्थ्य पर बनी फिल्म सोनचंपा को महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित उमरेड फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ एजुकेशनल फिल्म का अवार्ड मिला। समारोह में फिल्म के निर्देशक राम जनम सिंह को मराठी फिल्मो के निर्देशक उत्तम चव्हाण द्वारा सम्मानित करते हुए पुरस्कार प्रदान किया गया। इस फिल्म में किशोरियों के मासिक धर्म से जुड़ी परेशानियों, भ्रांतियों और अंधविश्वासों के मुद्दे को उठाते हुए उसके समाधान की बात कही गई है। फिल्म समारोह की आयोजिका मराठी फिल्मों की निर्मात्री वैशाली ने कहा कि फिल्म सोनचम्पा सभी को पसंद आई है। मराठी फिल्म निर्देशक बबन जोशी ने फिल्म में सोनचम्पा की केंद्रीय भूमिका निभाने वाली स्कंदा राठौर की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने फिल्म में बेहतरीन अभिनय किया है।

# रक्तदान कर किया सोनिया गांधी के लंबी उम्र की कामना

- सामाजिक ,सदभाव, रक्तदान शिविर कर किया लंबी उम्र की कामना
- कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के महासचिव रहे उपस्थित
- कांग्रेसियों ने बढ़ चढ़कर कर लिया हिस्सा



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी सोनभद्र द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पूर्व-राष्ट्रीय अध्यक्ष/ राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस द्वारा जिला अस्पताल पर सामाजिक, सदभाव, रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेसियों ने बढ़कर हिस्सा लिया उक्त मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव/प्रभारी सोनभद्र रहे देवेंद्र प्रताप सिंह मौजूद थे उन्होंने कहा कि सामाजिक ,समानता ,सौहार्द बनाए रखने के लिए और उनकी लंबी उम्र की कामना करते हुए रक्त दान शिविर का आयोजन रखा गया है और इसमें समस्त कांग्रेस जन ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यह कहना कत्तई गलत नहीं होगा कि त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति रही सोनिया गांधी जी ने कांग्रेस पार्टी को जिस प्रकार से संजोकर रखा है जिस प्रकार से उनका आशीर्वाद हम सभी पर है हम उनकी लंबी उम्र की कामना करते हैं। निवर्तमान जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोड़ ने कहा कि रक्तदान शिविर में कांग्रेस जनों ने रक्तदान कर यह साबित किया है कि पार्टी की नीतियों के साथ हमेशा खड़े हैं और आगे भी खड़े रहेंगे । उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य रहे आशुतोष कुमार दुबे (आशु) ने रक्तदान कर कहा कि देश का नौजवान ,बेरोजगार सब कांग्रेस पार्टी के साथ है और उसकी उम्मीद भी कांग्रेस से ही है, हम सभी सोनिया गांधी की लंबी उम्र की कामना करते हैं और यह उम्मीद करते हैं कि उनका आशीर्वाद हम सभी हमेशा बना रहेगा । रक्तदान शिविर में मुख्य रूप से 25 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया और खबर लिखे जाने तक राजेश द्विवेदी, कार्यवाहक अध्यक्ष रहे फरीद अहमद, जिला उपाध्यक्ष रहे विनोद तिवारी, सहर उपाध्यक्ष रही बेबी सिंह रक्त दान कर चुकी थी, रजिस्ट्रेशन करने में मुख्य रूप से देवेंद्र गुप्ता ,राजीव त्रिपाठी, राजबली पांडेय, इसरन यादव, जगदीश मिश्रा, बाबूलाल पानिका, अंशु गुप्ता, सूरज वर्मा श्रीकांत मिश्रा, शशांक मिश्रा, लल्लू राम पांडे, जितेंद्र पांडेय, रत्नेश सोनकर ,प्रांजल श्रीवास्तव ,प्रदीप चौबे, रहे।

# मुख्यमंत्री ने बुजुर्गों को आयुष्मान वय वन्दना कार्ड का किया वितरण

**प्रधानमंत्री ने 70 वर्ष से ऊपर के प्रत्येक व्यक्ति के लिए आयुष्मान वय वंदना योजना की शुरुआत की, इन्हें 05 लाख रु0 के मुफ्त इलाज की सुविधा प्राप्त होगी : मुख्यमंत्री**

- मुख्यमंत्री ने आयुष्मान कैम्प का शुभारम्भ, बच्चों का अन्नप्राशन तथा महिलाओं की गोदभराई की
- गोरखपुर में 8,300 से ज्यादा बुजुर्गों को इस योजना से जोड़ा गया



- प्रदेश में 05 करोड़ 25 लाख लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बने, यह संख्या देश में सर्वाधिक, प्रदेश में लाभार्थियों की संख्या 09 करोड़ से अधिक



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद गोरखपुर में महन्त दिग्विजय नाथ पार्क, रामगढ़ताल में 70 वर्ष आयु के बुजुर्गों को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत-जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत आयुष्मान वय वन्दना कार्ड का वितरण किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के 06 लाभार्थियों से वार्ता की, जिनमें आयुष्मान कार्ड की लाभार्थी इसावती देवी, शारदा देवी, दीन दयाल उपाध्याय कैशलेस योजना की लाभार्थी सन्ध्या राय, आशुतोष शर्मा तथा मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से सहायता प्राप्त करने वाले सुधीर कुमार सिंह तथा भूरी देवी शामिल हैं। इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये गये आयुष्मान कैम्प का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदर्शनी का अवलोकन, बच्चों का अन्नप्राशन तथा महिलाओं की गोदभराई की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन बुजुर्गों के लिए, जो एक उम्र के बाद असहाय हो जाते हैं तथा महंगी चिकित्सा वहन करने में असमर्थ होते हैं, उन सभी का ख्याल रखते हुए 70 वर्ष से ऊपर के प्रत्येक व्यक्ति के लिए आयुष्मान वय वंदना योजना की शुरुआत की है। यह योजना किसी भी जाति, क्षेत्र तथा धर्म से जुड़े सभी लोगों के लिए है। आज इस योजना के अन्तर्गत अकेले उत्तर प्रदेश में लाखों लोगों ने लाभ लेकर इसे सफलता की नई उंचाइयों पर पहुंचाया है। जनपद गोरखपुर में 70 वर्ष से ऊपर के 8,300 से ज्यादा बुजुर्गों को योजना से जोड़ा गया है, जिन्हें 05 लाख रुपये के मुफ्त इलाज की सुविधा प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आयुष्मान भारत योजना सितम्बर, 2018 में लागू की थी। यह दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। इसके अन्तर्गत हर वर्ष परिवार के लोग 05 लाख रुपये की मुफ्त स्वास्थ्य सुविधा जनपद, प्रदेश या देश के किसी भी सम्बद्ध हॉस्पिटलों में प्राप्त कर सकते हैं। जनपद गोरखपुर में 280 चिकित्सालय इस योजना से आच्छादित हैं, जिसमें 191 सरकारी और शेष निजी क्षेत्र के अस्पताल हैं। इनमें इलाज की सुविधा का लाभ लाभार्थी ले सकता है। बुजुर्गों के लिए यह योजना लाभकारी हो, इसके प्रति जन जागरूकता हेतु जनपद गोरखपुर में यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। इन बुजुर्गों के श्रम व साधना पर आज हम सभी आगे बढ़ रहे हैं। हम इन बुजुर्गों के त्याग से ही खुशहाल भी हैं। हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि इनकी देखभाल करें। इसीलिए प्रदेश सरकार ने बुजुर्गों को इस योजना से जोड़ने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक प्रदेश में 05 करोड़ 25 लाख लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बने हैं। यह संख्या देश में सर्वाधिक है। प्रदेश में लाभार्थियों की संख्या 09 करोड़ से अधिक है। यह आयुष्मान कार्ड से माध्यम से प्रतिवर्ष 05 लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। वह जरूरतमन्द, किन्हीं कारणों से जिनका नाम आयुष्मान भारत योजना की सूची में नहीं आ पाया है, इसके लिए सरकार ने व्यापक परिवर्तन किये हैं। उन्हें मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत जोड़ने का काम सरकार कर रही है।

# पर्यटन पर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्मों का प्रदर्शन 16 से

- संस्कृति और पर्यटन के विभिन्न पहलुओं को उजागर करेगा फिल्मोत्सवः



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** संस्कृति और पर्यटन की लघु फिल्मों का अंतरराष्ट्रीय समारोह (आईएफएफसी) प्रयागराज में आयोजित होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा प्रायोजित 03 दिवसीय समारोह की शुरुआत 16 दिसंबर से होगी। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के सभागार में आयोजित समारोह में पर्यटन पर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। यह विश्व का एकमात्र फिल्म समारोह है जो संस्कृति और पर्यटन के लिए समर्पित है।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रयागराज में 16 से 18 दिसंबर तक आयोजित आईएफएफसी में सिने जगत की कई नामी हस्तियां शामिल हो रही हैं, जिनमें बोनी कपूर (फिल्म निर्माता और निर्देशक), सुनील दर्शन (प्रसिद्ध निर्माता-निर्देशक), कुणाल कोहली (फिल्म निर्देशक-निर्माता, लेखक और अभिनेता), अभिनय देव (फिल्म निर्देशक), मनोज जोशी (फिल्म, टीवी और थिएटर अभिनेता), प्रीति सप्रू (अभिनेत्री, निर्माता और निर्देशक), गुरमीत चौधरी (फिल्म और टीवी अभिनेता), राजेश पुरी (अभिनेता), मंजरी फडनीस (अभिनेत्री), इंदिरा कृष्णा (फिल्म और टीवी अभिनेत्री), सुभाष सहगल (फिल्म संपादक) की प्रमुख उपस्थिति रहेगी।

# आर्थिक रूप से पिछड़ी ग्रामीण महिलाएं बनेंगी लखपति दीदी

- ग्रामीण महिलाओं को सशक्त और व स्वावलंबी बनाने हेतु उठाये गये महत्वपूर्ण कदम




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश राज्य आजीविका मिशन, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा प्रदेश में दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़ी ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूह एवं अन्य सामुदायिक संस्थाओं के माध्यम से संगठित करते हुए उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न प्रकार की कृषि एवं गैर-कृषि आधारित आजीविका से जोड़ते हुए उन्हें लखपति महिला बनाने हेतु युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है एवं विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जोड़ा जा रहा है, ताकि वे सालाना कम से कम एक लाख या उससे अधिक की आय अर्जित कर सकें।

ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है, पशुपालन विभाग एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए संयुक्त रूप से कार्य किया जाएगा, जिसके अंतर्गत पशुपालन विभाग द्वारा पशुधन विकास,पशु स्वास्थ्य एवं उद्यमशीलता प्रोत्साहन संबंधी संचालित योजनाओं में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार जोड़े जाने का निर्णय लिया गया है।

## तीन दिवसीय समारोह की शुरुआत 16 दिसम्बर से

**लखनऊ।** संस्कृति और पर्यटन की लघु फिल्मों का अंतरराष्ट्रीय समारोह प्रयागराज में आयोजित होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से प्रायोजित तीन दिवसीय समारोह की शुरुआत 16 दिसम्बर से होगी। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के सभागार में आयोजित समारोह में पर्यटन पर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों का प्रदर्शन किया जायेगा।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रयागराज में 16 से 18 दिसम्बर तक आयोजित आईएफएफसी में सिने जगत की कई नामी हस्तियां शामिल हो रही हैं। जिनमें बोनी कपूर सुनील दर्शन, कुणाल कोहली, अभिनय देव, मनोज जोशी, प्रीति सप्रू, गुरमीत चौधरी, राजेश पुरी, मंजरी फडनीस, इंदिरा कृष्णा और सुभाष सहगल उपस्थित रहेंगे। महाकुम्भ से पहले प्रयागराज में यह आयोजन फिल्म प्रेमियों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। इस तीन दिवसीय फिल्मोत्सव में देश विदेश की कई प्रतिष्ठित फिल्में प्रदर्शित की जायेंगी। समारोह में फिल्मों के निर्माता, निर्देशक और कलाकार अपनी फिल्मों के निर्माण प्रक्रिया तथा अनुभव भी साझा करेंगे। समारोह में फिल्मों की प्रविष्टियों और दर्शकों के प्रवेश को निशुल्क रखा गया है।

# एलटीटी गोरखपुर एक्सप्रेस का बदला मार्ग

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन ने समय पालन में सुधार को लेकर ट्रेन नम्बर 15022 व 15021 गोरखपुर शालीमार गोरखपुर तथा ट्रेन नम्बर 11082 व 11081 गोरखपुर एलटीटी गोरखपुर एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन किया है। वाराणसी वाराणसी सिटी औड़िहार के बजाय परिवर्तित मार्ग वाराणसी, जौनपुर व औड़िहार के रास्ते चलाया जायेगा। जिसके चलते ट्रेनों के स्टेशनों पर दिये गये आगमन एवं प्रस्थान समय में परिवर्तन किया गया है।

9 दिसम्बर को गोरखपुर से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 15022 गोरखपुर शालीमार एक्सप्रेस का परिवर्तित समयानुसार गोरखपुर जंक्शन से समय 11 बजे प्रस्थान करेगी तथा देवरिया सदर 12 बजे पहुंचकर 12:05 बजे, भटनी 12:28 बजे पहुंचकर 12:30 बजे, सलेमपुर जंक्शन 12:45 बजे पहुंचकर 12:47 बजे, बेल्थरा रोड 1:06 बजे पहुंचकर 1:08 बजे, मऊ 1:45 बजे पहुंचकर 1:50 बजे, औड़िहार जंक्शन 3 बजे पहुंचकर 3:02 बजे तथा जौनपुर 4:10 बजे पहुंचकर 4:15 बजे प्रस्थान करेगी।

13 दिसम्बर को गोरखपुर जंक्शन से प्रस्थान करने वाली 11082 गोरखपुर लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का परिवर्तित समयानुसार गोरखपुर जंक्शन से समय 2:25 बजे प्रस्थान करेगी। देवरिया सदर 3:22 बजे पहुंचकर 3:27 बजे, भटनी 3:46 बजे पहुंचकर 3:48 बजे, बेल्थरा रोड 4:23 बजे पहुंचकर 4:25 बजे, मऊ 5:15 बजे पहुंचकर 5:20 बजे, औड़िहार जंक्शन 6:20 बजे पहुंचकर 6:22 बजे, जौनपुर 7:40 बजे पहुंचकर 7:45 बजे तथा वाराणसी 9:10 बजे पहुंचकर 9:20 बजे छूटेगी।



10 दिसम्बर को शालीमार स्टेशन से प्रस्थान करने वाली 15021 शालीमार गोरखपुर एक्सप्रेस अपने नये परिवर्तित मार्ग से चलते हुए औड़िहार 2:46 बजे पहुंचकर 2:48 बजे, मऊ 3:55 बजे पहुंचकर 4 बजे, बेल्थरा रोड 4:40 बजे पहुंचकर 4:42 बजे, सलेमपुर जंक्शन 5 बजे पहुंचकर 5:02 बजे, भटनी 5:23 बजे पहुंचकर 5:25 बजे तथा देवरिया सदर से 5:50 बजे पहुंचकर 5:55 बजे प्रस्थान करके गोरखपुर जंक्शन पर 7:45 बजे पहुंचेगी। 11 दिसम्बर को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 11081 लोकमान्य तिलक टर्मिनस.गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित समयानुसार जौनपुर स्टेशन पर 11:20 बजे पहुंचकर 11:30 बजे प्रस्थान करेगी। अगले दिन औड़िहार 12:20 बजे पहुंचकर 12:22 बजे, मऊ 1:30 बजे पहुंचकर 1:35 बजे, बेल्थरा रोड 2 बजे पहुंचकर 2:02 बजे, भटनी 3:10 बजे पहुंचकर 3:12 बजे तथा देवरिया सदर से 3:35 बजे पहुंचकर 3:40 बजे छूटेगी तथा गोरखपुर जंक्शन पर प्रातः 5:45 बजे पहुंचेगी।

## खोया बैग दद्दन मिश्रा को सौंपा

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के गोण्डा बहराइच खण्ड पर बीते 27 नवम्बर को गाड़ी संख्या 05373 गोण्डा बहराइच डेमू से यात्रा कर रहे रेल यात्री श्री दद्दन मिश्रा विशेश्वर गंज स्टेशन जा रहे थे। स्टेशन पर उतरने के बाद उनका एक बैग जिसमे 86 हजार रूपये सहित अन्य सामान रखा था जो ट्रेन में ही छूट गया। यात्री ने अविलम्ब इसकी सूचना स्टेशन मास्टर विशेश्वर गंज नागेश्वर सिंह को दी। तत्काल ही उन्होंने अगले रेलवे स्टेशन चिलवरिया के स्टेशन अधीक्षक विशाल कुमार को सूचित किया। सूचना प्राप्त होते ही विशाल कुमार ने गाड़ी को चिलवरिया स्टेशन पहुंचने पर तत्परता दिखाते हुए कोच में जाकर बैग रिकवर किया। इसके बाद उन्होंने स्टाफ व अन्य कर्मचारियो के सामने श्री दद्दन मिश्रा को बैग सौंप दिया। बैग मिलने के बाद यात्री दद्दन मिश्रा द्वारा पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल प्रशासन एवं रेलकर्मियों को धन्यवाद दिया गया। उनकी सजगता एवं कार्य कुशलता से प्रसन्न होकर वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ ने नागेश्वर सिंह एवं विशाल कुमार को उनका उत्साहवर्धन करते हुए नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

## कोऑर्डिनेटर पद से आलोक श्रीवास्तव को हटाया गया

**लखनऊ।** उर्दू अकादमी में मीडिया सेंटर के कोऑर्डिनेटर आलोक श्रीवास्तव को वित्तीय अनियमितता और अपने परिवार के लोगों को अनुचित लाभ पहुंचाने के आरोपों के बाद कोऑर्डिनेटर पद से हटा दिया गया है। शासन के कड़ा रुख अपनाने के बाद अकादमी सचिव की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए आलोक श्रीवास्तव को हटाकर शासन को सूचित कर दिया गया है। उनके स्थान पर रंगमंच कलाकार डॉ. सीमा मोदी को उर्दू अकादमी मीडिया सेंटर का नया कोआर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। सीमा मोदी पिछले 15 वर्षों से रंगमंच पर सक्रिय भूमिका अदा कर रही हैं। उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. सीमा मोदी महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में भी सराहनीय कार्य कर चुकी हैं। अकादमी सचिव शौकत अली ने आज उन्हें कार्यभार ग्रहण कर दिया है। सीमा मोदी ने कहा है कि वह अपने अनुभव से उर्दू मीडिया सेंटर के उद्देश्यों को हासिल करने की दिशा में हर मुमकिन कोशिश करेंगी।

## परिवहन निगम के नियमित कर्मचारियों का मंहगाई भत्ता 8 प्रतिशत बढ़ा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के नियमित कर्मचारियों का मंहगाई भत्ता 8 प्रतिशत बढ़ा दिया गया है। अभी तक उनकों 38 प्रतिशत मंहगाई भत्ता मिलता था। अब उन्हें 46 प्रतिशत मंहगाई भत्ता मिलेगा।

परिवहन मंत्री ने यह जानकारी देते हुए बताया कि परिवहन निगम में कार्यरत 15843 नियमित कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। नये साल के पहले उनको प्रदेश सरकार की तरफ से एक बेहतरीन तोहफा दिया गया है। 8 प्रतिशत मंहगाई भत्ता बढने् से परिवहन निगम पर 5 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार आयेगा। परिवहन मंत्री ने कहा कि 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ते का अनुमोदन निदेशक मण्डल द्वारा प्रदान किया जा चुका है। यह शासन स्तर पर विचाराधीन है। मंहगाई भत्ता 46 से 50 प्रतिशत होने पर रिटायर होने वाले कर्मचारियों को ग्रच्युटी 20 लाख रुपये अधिकतम सीमा के स्थान पर 25 लाख रुपये तक मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि मंहगाई भत्ते बढने् से अब कर्मचारी नये जोश और उत्साह के साथ काम करेंगे, जिसका लाभ परिवहन निगम को मिलेगा।

## डॉ. दोआ नकवी को मिली नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी



**लखनऊ।** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अन्तर्गत Academic Collaboration से सम्बन्धित कार्यों के निर्वहन हेतु डॉ0 दोआ नकवी, सहायक आचार्य को अग्रिम आदेशों तक के लिए एकेडमिक कोलैबोरेशन का नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

## प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर बनाने में राज्य कर विभाग का होगा महत्वपूर्ण स्थान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्य कर विभाग के प्रशिक्षण संस्थान का नाम 'वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान' से परिवर्तित करते हुए 'उत्तर प्रदेश राज्य कर प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान' किये जाने की राज्यपाल महोदय ने सहर्ष स्वीकृति प्रदान कर दी है। अब यह संस्थान उत्तर प्रदेश राज्य कर प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान के नाम से जाना जायेगा।

यह जानकारी देते हुए प्रमुख सचिव, राज्य कर एम0 देवराज ने बताया कि प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों से परस्पर संवाद कर उनके प्रशिक्षण को और अधिक उन्नत बनाने, करापवंचन को रोकने तथा राजस्व प्राप्ति के नये स्रोतों को खोजने हेतु संस्थान में शोध किये जाने संबंधी प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिये गये थे। जिसके क्रम में आयुक्त, राज्य कर द्वारा प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया, जिस पर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।

# महाकुम्भ भारतीय संस्कृति व विरासत का संगम

**उत्तर प्रदेश के मंत्री अरविंद कुमार शर्मा और कपिल देव अग्रवाल ने महाकुम्भ में प्रतिभाग करने के लिए गुजरात में रोड शो एवं संवाद कार्यक्रम के माध्यम से किया प्रचार**



- मंत्रीगण महाकुंभ 2025 के भव्य आयोजन की हो रही तैयारियों, विशेषताओं, सुविधाओं और सुरक्षा के विशेष इंतजामों की गुजरातवासियों को दी जानकारी
- मंत्रीगण अहमदाबाद में मीडिया बन्धुओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, उद्यमियों, गणमान्य जनों से संवाद कर गुजरातवासियों को महाकुम्भ में आने का दिया आमंत्रण

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी, 2025 तक आयोजित होने वाले महाकुंभ को दिव्य और भव्य बनाने के लिए प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में सोमवार को अहमदाबाद में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा और व्यावसायिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस, रोड शो एवं संवाद कार्यक्रम के माध्यम से गुजरातवासियों को महाकुंभ में आने का आमंत्रण दिया।

मंत्रीगण गुजरात के अहमदाबाद में स्थित हयात होटल में मीडिया बंधुओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, उद्यमियों, गणमान्य जनों से संवाद एवं रोड शो कर उन्हें महाकुम्भ- 2025 के भव्य आयोजन की हो रही तैयारियों, विशेषताओं और सुरक्षा के विशेष इंतजामों की जानकारी देते हुए उन्हें महाकुम्भ में आने का आमंत्रण दिया।

आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दोनों मंत्रियों ने गुजरातवासियों से महाकुंभ में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने महाकुम्भ को भारतीय संस्कृति, विरासत, अध्यात्म, सनातन परंपराओं, आधुनिकता और विकास का अनोखा और अद्वितीय संगम बताते हुए इसके आयोजन की तैयारियों की जानकारी दी।

## परिवहन निगम ने निजी कम्पनियों व संस्थाओं से मदद मांगी

**लखनऊ।** महाकुम्भ मेला में श्रद्धालुओं को अस्थायी बस स्टेशनों पर सुविधाएं दिलाने के लिए परिवहन निगम ने निजी कम्पनियों व संस्थाओं से मदद मांगी है। एमडी मासूम अली सरवर ने इन कम्पनियों को अपने सीएसआर फंड से इसके लिए व्यवस्था करने का प्रस्ताव भेजा है। इस फंड के मिलने पर वाटर एटीएम, थीमैटिक प्रवेश द्वार, पूछताछ डिस्प्ले, बेंच, मेगाफोन, डस्टबिन, कम्बल, गद्दे, साइनेज और गमले की व्यवस्था की जायेगी। एमडी ने स्टेट बैंक, एचडीएफसी, इंडियन बैंक, पीएनबी, कोटक महिंद्रा, इंडियन ऑयल, सेन्ट्रल बैंक को पत्र लिखकर श्रद्धालुओं के लिए इन व्यवस्थाओं को करने के लिए मदद करने को कहा है। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ के दौरान प्रयागराज में 10 स्थानों पर बेलाकछार, बेलीकछार, नेहरू पार्क, झूसी मेला, दुर्जनपुर, सरस्वती गेट, लेप्रोसी चौराहा, नैनी, सरस्वती हाईटेक सिटी पर अस्थायी बस स्टेशन बनाये गये हैं।

# सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल ने बड़े धूमधाम से मनाया 9वां स्थापना दिवस

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल, लखनऊ का 9वां स्थापना दिवस शैक्षणिक प्रतिभा, रचनात्मकता और नैतिक मूल्यों का एक जीवंत उत्सव था। कार्यक्रम की शुरुआत औपचारिक दीप प्रज्वलन और भावपूर्ण गणेश वंदना के साथ हुई, जिसने श्रद्धा और सकारात्मकता का माहौल स्थापित किया। समारोह में जैपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष शिशिर जैपुरिया, उपाध्यक्ष सुनीता जैपुरिया, स्कूल और आईटी निदेशक हरीश संदुजा और लखनऊ के डीएम सूर्यपाल गंगवार उपस्थित थे। स्कूल की प्रिंसिपल, पूनम कोचिट्टी ने एक व्यापक वार्षिक रिपोर्ट साझा की, जिसमें स्कूल की शैक्षणिक और पाठ्येतर उपलब्धियों को दर्शाया गया और कार्यक्रम की थीम ÷नैतिकता के साथ उत्कृष्टता÷ पर भी प्रकाश डाला गया। शाम के मुख्य आकर्षण में मुख्य अतिथि निवेश राज, एक सामाजिक उद्यमी और एक युवा नेता का प्रेरक संबोधन शामिल था। सम्मानित अतिथि और प्रतिभावान बालक स्टीवन सैमुअल डेवेसी, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपार प्रशंसा अर्जित की है, ने ड्रम पर अपने प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पुरस्कार वितरण समारोह में शिक्षाविदों, विशेषकर बोर्ड रिजल्ट टॉपर्स, खेल और प्रदर्शन कला में छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धियों का जश्न मनाया गया। सांस्कृतिक उत्सव में गतिशील प्रदर्शनों का मिश्रण शामिल था, जिसमें नैतिकता पर एक हिंदी नाटक, शेक्सपियर के द मर्चेंट ऑफ वेनिस पर एक और, एक वैश्विक गरबा नृत्य और संगीत प्रदर्शन शामिल थे। ड्रीमस÷ नामक गीत इस बात पर केंद्रित है कि यदि वर्तमान पीढ़ी बड़े सपने देखें तो वे क्या हासिल कर सकते हैं। एक अत्याधुनिक आईटी डिस्प्ले ने प्रौद्योगिकी में छात्रों की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया। शाम का समापन एक रंगारंग ग्रैंड फिनाले में त्रुटिहीन लेज़ियम प्रदर्शन के साथ हुआ। यह आयोजन छात्रों के बीच उत्कृष्टता और नैतिक नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए जैपुरिया स्कूल की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण था।

# लखनऊ को वाटर प्लस मानक हासिल करने में सहयोग कर रहा है सुएज़

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** वन सिटी वन ऑपरेटर के अंतर्गत सुएज़ सीवर प्रबंधन और स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी, लखनऊ नगर निगम और जल कल विभाग के मार्गदर्शन में शहर को वाटर प्लस मानक हासिल करने में मदद कर रहा है। सुएज़ ने इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी आवश्यक मानकों और अनुपालनों को पूरा करने का संकल्प लिया है। नगर आयुक्त के मार्गदर्शन में, स्र्वं की टीम लखनऊ में स्वच्छता और जल प्रबंधन की प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। इस सहयोग में शहरी सीवरेज प्रणाली के संचालन, रखरखाव और आधुनिक तकनीकों का उपयोग शामिल है, जिससे लखनऊ के निवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण प्रदान किया जा सके। सुएज़ का उद्देश्य न केवल लखनऊ को वाटर प्लस मान्यता दिलाना है, बल्कि जल और पर्यावरण संरक्षण के उच्च मानकों को भी स्थापित करना है। हमारी प्रतिबद्धता यह सुनिश्चित करना है कि शहर में सीवरेज से संबंधित समस्याओं का समाधान तेजी से और प्रभावी तरीके से हो। हमारा विश्वास है कि जल प्लस मानक को हासिल करने से लखनऊ देश के स्वच्छ और टिकाऊ शहरों की सूची में अग्रणी स्थान पर होगा। स्र्वं, लखनऊ नगर निगम और जल कल विभाग के मार्गदर्शन में इस लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। राजेश मठपाल, परियोजना निदेशक ने कहा। सुएज़ एक वैश्विक कंपनी है जो सीवर प्रबंधन, स्वच्छता और पर्यावरण समाधान के क्षेत्र में अग्रणी है। लखनऊ में, कंपनी वन सिटी वन ऑपरेटर योजना के तहत सीवरेज सिस्टम के प्रबंधन की जिम्मेदारी निभा रही है।

# तीन दिवसीय उडमा-2024 का उत्सव समारोह बड़े धूमधाम साथ संपन्न

आसिफ शाहिद



**लखनऊ।** लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में तीन दिवसीय उडमा दिवस-2024 का आयोजन किया गया। समापन सत्र में देश के अलग-अलग राज्यों से बड़ी संख्या में यूनानी चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञों और छात्रों के अलावा मकामी लोग शामिल हुए। समारोह की औपचारिक शुरुआत हकीम खुबैब बक़ाई की तिलावत-ए-क़ुरान से हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष हामिद अहमद की अध्यक्षीयता में हुए इस प्रोग्राम में उडमा के महासचिव हकीम मोहसिन देहलवी ने सभी उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए संगठन के लक्ष्य और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। बाद में तकनीकी सत्र के तहत डॉ. फारूकुल इस्लाम, डॉ. मुहम्मद तनवीर आलम, डॉ. डी. सी कटोच ने अपने भाषण में यूनानी चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए वर्तमान परिस्थितियों और समय की आवश्यकताओं को देखते हुए क्रांतिकारी व्यावहारिक प्रगति पर जोर दिया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि देश के यूनानी मेडिकल कॉलेजों में साइंटिफिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ-साथ यूनानी चिकित्सा के संबंध में लेखन और प्रकाशन को नीति का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। उडमा की ओर से मंच पर आये अतिथियों को प्लांटर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वैज्ञानिक एवं तकनीकी सत्र में वक्ताओं ने महत्वपूर्ण विषयों पर भाषण दिये। इस महत्वपूर्ण सत्र की अध्यक्ष डॉ. सहर, डॉ. मुहम्मद साकिब, डॉ. शमीम इरशाद आज़मी और डॉ. मतिउल्लाह मजीद जो निज़ामत का कर्तव्य भी निभा रहे थे। कार्यक्रम में निजी और सरकारी मेडिकल कॉलेजों के उत्कृष्ट और विशिष्ट अंकों के साथ सफल हुए चार छात्रों डॉ. सबा अली (कश्मीर), डॉ. शबनम अली खान (हैदराबाद), डॉ. खान जावरिया शमश अल हादी (मुंबई) और डॉ. ज़ेबा बख्तियार (दिल्ली) को पदक, प्रमाण पत्र और रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। इस मौके पर लगाए गए आयुष हेल्थ मेले में हज़ारों लोग शामिल हुए। मुहम्मद आरिफ, मुहम्मद नबील अनवर, मुहम्मद जलीस, डॉ. सलमान खालिद, हकीम मुदस्सर जमाल बख्शी, मुहम्मद नौशाद, हकीम यासमानिल उस्मानी, डॉ. मुतीउल्लाह मजीद, हकीम मुहम्मद खुबैब बकाई, हकीम मुहम्मद उज़ैर बकाई, हकीम मुहम्मद काशिफ जकाई, परवेज अहमद खान, डॉ. इंतेखाब आलम, हकीम एजाज अहमद एजाज़ी और उडमा के अन्य सदस्य कार्यक्रम में सक्रिय रहे।